वायु का समाश्रय लेकर ही समस्त प्राणियों का जीवन सम्भव है। इस मनोवैज्ञानिक तथा परमव्यावहारिक तथ्य का समर्थन मुक्तकण्ठ से धर्मशास्त्र में किया गया है।[१९]

सम्पूर्ण वायु मण्डल का शोधन करके प्राणवायु का सञ्चार विविध वृक्षों-वनस्पतियों तथा लता-गुल्मों से ही सम्भव है इसीलिए अधोलिखित रूपों में औषधियों, वनस्पतियों की स्तुति की गयी है-

- ❖ औषधीरिति मातरस्तद्वो देवीरूपठुवे।[२०]
- ❖ औषध्यास्ते मूलं मा हिंसिषम् "[२१]
- ❖ वायुगोपा वै वनस्पतयः [२२]
- ❖ अतस्त्वं देव वनस्पते शतवल्शो विरोह सहस्रवल्शा विवयं रुहेम [२३]

सम्भवतः इसीलिए रुद्रहृदयोपनिषद् में रुद्रो वृक्ष उमा वल्ली तस्मै तस्यै नमो नमः इत्यादि रूप में बहुशः वृक्षलता आदि की प्रशंसा की गयी है।

मनुस्मृति में प्रोक्त चतुर्विध सृष्टि क्रम में उद्भिद के जिन भेदों की चर्चा की गयी है उसके अतिरिक्त भी उनके भेद-प्रभेद होते हैं जैसा कि शार्ङ्गधरसंहिता में प्रोक्त है-

दिव्यौषधीनां बहव प्रभेदाः वृन्दारकाणामिव विस्फुरन्ति ।
ज्ञात्वेति सन्देहमात्रस्य धीरैः सम्भावनीया विविधप्रभावाः ।।[२४]

वृक्षादि के इसी बहुविध अवदान को दृष्टि में रखकर धर्मशास्त्र में एक वृक्ष को दश पुत्रों के समान बताकर लिखा है-

दशकूपसमा वापी दशवापीसमो ह्रदः ।
दशह्रदः समः पुत्रो दशपुत्रसमो द्रुमः ।[२५]

चाणक्यनीति में भी एक ही सद्वृक्ष की स्थापना से सत्पुत्र द्वारा कुल-साफल्य की भाँति महत्त्व का प्रतिपादन किया गया है-

एकेनाऽपि सुवृक्षेण पुष्पितेन सुगन्धिना ।
वासितं तद्वनं सर्वं सुपुत्रेण कुलं यथा।।[२६]

इसलिए धर्मशास्त्र में धर्मार्थरहित बहुत से पुत्रों की अपेक्षा मार्ग में आरोपित एक वृक्ष को भी श्रेष्ठ बताया है-

बहुभिर्वत किं जातैः पुत्रैर्धर्मार्थवर्जितैः।
वरमेकः पथितरुर्यत्र विश्रमते जनः ।।[२७]

वृहद्वास्तुमाला में वृक्षारोपण की प्रेरणा देते हुए अनेकधा प्रोक्त है-

सदा सावित्री भविता सदा दानं प्रयच्छति।
सदा जन स पूज्येत यो रोपयति पादपम्।
फलदा पुष्पदा चैव पापं संहरते ध्रुवम् ।
यदि करोति घनच्छायः पादपः पथि रोपितः।
न तत् करोत्यग्निहोत्रं न पुत्रा योषितोद्भवाः।
अतः सर्वगुणोपेतान् वृक्षानारोपयेत् सुधीः ।।[२८]

बृहत्संहिता में तो वृक्षारोपण करने वाले को सर्वविध सुख-शान्ति से समन्वित होकर स्वर्ग-फल प्राप्ति तक का निरूपण किया गया है-

यो वाटिकां राजपथः समीपे स्विष्टां तथा कूपसमन्विताञ्च
स्वर्गे च वासं लभते मनुष्यश्चतुर्युगं सर्वसुखैरुपेतः ।।[२९]

इसी तरह एक स्थल पर प्रोक्त है कि पीपल, नीम तथा बरगद का एक-एक वृक्ष, इमली के दश वृक्ष, कैथा, बेल तथा आंवला के तीन-तीन वृक्ष तथा आम के पाँच वृक्षों का रोपण करने वाला कभी भी नरक को प्राप्त नहीं करता है-

अश्वत्थमेकं पिचुमन्दमेकं न्यग्रोधमेकं दशचिञ्चिणीनाम् ।
कपित्थविल्वामलकत्रयं च पञ्चाम्ररोपी नरकं न पश्यति ।।[३०]

मनुस्मृति में देश की सीमाओं की सुरक्षा तथा संरक्षण की दृष्टि से जिन वृक्षों के आरोपण का विधान मिलता है वे सर्वथा अत्युपयोगी हैं-

सीमावृक्षांश्च कुर्वीत न्यग्रोधाश्वत्थकिंशुकान् ।
शाल्मलीन् सालतालाश्च क्षीरिणश्चैव पादपान् ।
गुल्मान् वेणूंश्च विविधान् शमीवल्लीस्थलानि च।
शरान् कुब्जकगुल्मांश्च तथा सीमा न नंश्यति।।[३१]

वृहद्वास्तुमाला में आरोपणीय वृक्षों का कथन करके अश्वत्थ न्यग्रोधादि के फल का प्रवचन इस प्रकार किया-

अरिंष्टाशोक पुन्नागशिरीषाः सप्रियङ्गवः।
माङ्गल्याः पूर्वमारामे रोपणीया गृहेषु वा।[३२]
यत्राश्वत्था न्यग्रोधाः महावृक्षाः शिखण्डिनः ।
तत् परेताप्सरसः प्रतिवुद्धा अभूतन् ।।[३२क]

इन वृक्ष वनस्पति आदि की इसी बहुविध उपयोगिता को दृष्टि में रखकर ही विविध प्रकार के फलों-पुष्पों तथा धान्यों के साथ ताम्बूल, पञ्चपल्लव, श्रीफल तथा सर्वोषधि का विधान धर्मशास्त्र में प्रोक्त है-

यवधान्यतिलाकङ्गुः मुद्गचणकश्यामकाः।
एतानि सप्त धान्यानि सर्वकार्येषु योजयेत।।
मुरामांसी वचा कुष्ठं शैलेयं रजनीद्वयम् ।
सठी चम्पक मुस्ता च सर्वोषधिगणः स्मृतः।।
अश्स्वत्थोम्बर प्लक्षचूतन्यग्रोधपल्लवाः।
पञ्चपल्लवमित्युक्तं सर्वकर्मसुशोभनम् ।।[३३]

जिन वृक्षों को स्थापित करने की भूरिशः व्यवस्था प्राप्त होती है उनमें बरगद, गूलर, पीपल, आम तथा पाकड़ का ग्रहण पञ्चपल्लवों में होता है।

याज्ञवल्क्यस्मृति में तो नवग्रहों का उल्लेख करके तत्तद्देवों हेतु विहित विशिष्ट समिधाओं का भी वर्णन प्राप्त होता है-

अर्कः पलाशः खदिर अपामार्गोऽथपिप्पलः।
उदुम्बरः शमी दूर्वा कुशाश्च समिधाः क्रमात् ।।[३४]

और अधिक क्या कहा जाये धर्मशास्त्र में तो उन्माद तथा अतिमोह के विनाश-हेतु भी विशिष्ट समिधाओं का विधान प्राप्त होता है-

क्षीर वृक्ष समिद्धोमादुन्मादोऽपि विनश्यति ।
औदुम्बरसमिद्धोमादतिमोहः क्षयं व्रजेत ।।
अश्वत्थो दर्भो वीरुधां सोमो राजामृतं हविः।
व्रीहिर्यवश्च भेषजो दिवस्पुत्रावमर्त्यौ।।[३५]

इसी क्रम में तुलसी-विल्व-शमी-पीपल-आदि वृक्षों का धर्मशास्त्रीय महत्त्व पर्यावरण विज्ञान का पोषक प्रतीत होता है। भारतीय धर्मशास्त्र तुलसी की वायु प्रदूषणरोधी अचूक शक्ति-सम्पदा से परिचित है इसीलिए तो प्रोक्त है-

तुलसीगन्धमादाय यत्र गच्छति मारुतः।
दिशो दश पुनत्याशु भूतग्रामांश्चतुर्विधान् ।।[३६]

और अधिक क्या कहा जाये प्राण-विध्वंसक महाप्रलयङ्कारी विकराल-काल यमराज के गण भी उस घर पर नहीं आते जहाँ तुलसी-पादपों का वर्चस्व होता है तो भला अन्य अपघातक शक्तियों की क्या गति होगी-

तुलसी काननं चैव गृहे यस्यावतिष्ठते।
तं गृहं तीर्थभूतं हि नायान्ति यमकिङ्कराः ।।[३७]

इसीलिए जगत्पोषक हरि के सहित विविध पूजाक्रमों में तुलसी की विशिष्ट महत्ता बतायी गयी है-

अभिन्नपत्रां हरितां हृद्यमञ्जरिसंयुतम् ।
क्षीरोदार्णवसम्भूतां तुलसीं दापयेद्धरिम् ।।
निषिद्धे दिवसे प्राप्ते गृह्णीयाद् गलितं दलम् ।
तेनैव पूजां कुर्वीत न पूजा तुलसीं विना।।[३८]

तुलसी को एक देवी के रूप में प्रतिष्ठित करके उसके पूजन का विधान भी इसके इसी महत्त्व का पोषक है-

तुलसी श्रीर्महालक्ष्मीर्विद्याऽविद्यायशस्विनी।
धर्म्या धर्मानना देवी देवीदेवमनः प्रिया।।
तुलस्यहं नमामि त्वां त्वं सदा केशवप्रिया।[३९]

भवमोक्षप्रदा कहकर तुलसी के पर्यावरण-पोषकत्व की पराकाष्ठा भी तदर्पण मन्त्र में द्रष्टव्य है-

तुलसीं हेमरूपां च रत्नरूपां च मञ्जरीम्।
भवमोक्षप्रदां रम्यामर्पयामि हरिप्रियाम् ।।[४०]

इसी तरह भारतीय धर्मशास्त्र विल्व वृक्ष की सर्वतापहरी त्रिजन्मपापसंहारक अमृत शक्ति से परिचित है इसीलिए तो लोक कल्याण-कारक साक्षात् शिवस्वरूप भगवान् शङ्कर के लिए विल्वपत्रार्पण करते समय पठित मन्त्र है-

त्रिदलं त्रिगुणाकारं त्रिनेत्रं च त्रिधा युतम् ।
त्रिजन्मपापसंहारं विल्पपत्रं शिवार्पणम् ।।[४१]

विल्व-वृक्ष की महत्ता का मूल इसके श्रीवृक्षत्व के प्रमाण में निहित माना जा सकता है-

आदित्यवर्णे तपसोऽधिजातो वनस्पतिस्तव वृक्षोऽथविल्वः।
तस्या फलानि तपसानुदन्तु याऽन्तरायाश्च बाह्या अलक्ष्मी।।[४२]

ऐसे ही शमी शमयते पापं शमी शत्रु-विनाशिनी कहकर मानो शमी वृक्ष को पर्यावरण-विध्वंसक घटकों का विनाश करने वाला बताकर समस्त प्रकार के अमङ्गल तथा दुष्कृत्यों एवं दुःस्वप्नों का प्रशमन करने वाला बताया गया है-

अमङ्गलानां शमनीं शमनीं दुष्कृतस्य च ।
दुःस्वप्ननाशिनीं धन्यामर्पयेऽहं शमीं शुभम् ।।[४३]

अहर्निश आक्सीजन का उत्सर्जन करने वाले पीपल के वृक्ष को परम तपसाधनोपयोगी बताते हुए नारद- स्मृति का वचन है-

अश्वत्थमूलमाश्रित्य जपहोमसुरार्चनात् ।
अक्षयं फलमाप्नोति ब्राह्मणो वचनं यथा।।[४४]

इसीलिए तो स्कन्दपुराण में अश्वत्थ वृक्ष में कण-कण में व्याप्त रहने वाले जगदाधार विष्णु की अनेकशः प्रतिष्ठा बतायी गयी है-

मूले विष्णुः स्थितो नित्यं स्कन्थे केशव एव च।
नारायणस्तु शाखासु पत्रेषु भगवान् हरिः।
फलेऽच्युतो न सन्देहः सर्वदैवैः समन्वितः ।।[४५]

सर्वरोग हरा निम्बा कहकर जिस नीम के वृक्ष को देवी के निवास के रूप में पूजने की परम्परा समाज में प्रचलित है उसका कीटनाशकत्व, शैत्यप्रधान स्वरूप तथा तापापहारक वर्चस्व सर्वविदित है तभी तो चरकसंहिता में प्रोक्त है-

व्यायामोद्वर्तनं धूमं कवलगृहं मज्जनम् ।
सुखाम्बुना शौचविधिं शीलयेत कुसुमागमन् ।।[४६]

वाटिका-वन-उपवन आदि की प्रतिष्ठा सर्वथा अरिष्ट नाश के लिए ही होती है इसीलिए तो वाटिका के संरक्षण हेतु सचेत होकर बाह्य प्रदेश में बाँस का रोपण करके शमी-खदिर वकुल आदि के रोपण का निर्देश प्राप्त होता है-

वाटिकायाः बहिः पूर्वे रोपयेद् वंशवृक्षकम् ।
उत्तरे च शमी बाह्ये पश्चिमे खदिरो बहिः।
दक्षिणो बकुलो बाहोऽरिष्टनाशाय केवलम् ।।[४७]

वृक्षादि के पर्यावरण-पोषक होने के कारण ही उनके प्रतिदिन सेवन सेवा तथा सूश्रषा हेतु स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं-

सायं प्रातश्च धर्मतौ शीतकाले दिनान्तरे।
वर्षासु च भुवः शोषे सेक्तव्या रोपिता द्रुमाः ।।[४८]

ठण्डक-गर्मी तथा वर्षा से वृक्षों को विविध प्रकार के रोग तथा विकार आ जाते हैं उनकी इन विकारों तथा रोगों से रक्षा के अनेक उपाय भी प्रोक्त हैं-

शीतवातातपैः रोगो जायते पाण्डुपात्रता।

अवृद्धिश्च प्रवालानां शाखाशोषो रससुतिः।
चिकित्सतमथैतेषां शस्त्रेणादौ विरोधनम्
विडङ्ग घृतपङ्क्तान् सेचयेत् क्षीरवारिणा।।[४९]

पर्यावरण संरक्षण के लिए कृतसंकल्प धर्मशास्त्र में वानस्पतिक पर्यावरण-चेतना का इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है कि वृक्षादि को किसी प्रकार की भी क्षति पहुँचाने का प्रयत्न करने पर प्रबल दण्डों तथा प्रायश्चित्तो का विधान किया गया है-

फलितं पुष्पितं वाऽपि वनं छिन्द्यात् तु यो नरः।
तडागं सेतुं यो भिद्यात् तं शूले जानु रोहयेत्।।[५०]

याज्ञवल्क्य स्मृति में वृक्ष की शाखा-तना या सम्पूर्ण वृक्ष को काटने पर क्रमशः दुगुना दण्ड बताया गया है-

प्ररोहि शाखिनां शाखा स्कन्दसर्वविदारणे।
उपजीव्यतुमाणां च विंशतेर्द्विगुणो दमः ।।[५१]
चैत्यश्मशानसीमासु पुण्यस्थाने सुरालये।
जातद्रुमाणां द्विगुणो दमो वृक्षे च विश्रुते।।
गुल्मगुच्छ क्षुपलताप्रतानौषधिवीरुधाम् ।
पूर्वस्मृतार्द्धदण्डः स्थानेषूक्तेषु कर्तने।।[५२]

मनुस्मृति में तो वृक्षों तथा उनके अङ्गोपाङ्गों की उपयोगिता की दृष्टि से क्रमशः उत्तरोत्तर क्रम में दण्डों का प्राविधान किया गया है-

वनस्पतीनां सर्वेषामुपयोगं यथा यथा।
तथा तथा दमः कार्यो हिंसायामिति धारणा।।[५३]

उपर्युक्त विविध-विध दण्डों के साथ ही वृक्षादि को क्षति पहुँचाने पर जीव हिंसा का पाप स्वीकार करते हुए उस पाप से मुक्ति हेतु धर्मशास्त्र में विविध प्रकार के प्रायश्चित्तों का विधान भी किया गया है जैसा कि याज्ञवल्क्य का मत है-

वृक्षगुल्मलतावीरुधच्छेदने जप्यमृक्शतम् ।
स्यादौषधि वृथाच्छेदे क्षीराशी गोऽनुगो दिनम् ।।[५४]

याज्ञवल्क्य स्मृति की भाँति ही मनुस्मृति में भी प्रोक्त है-

फलदानां तु वृक्षाणां क्षेदने जप्यमृक्शतम् ।
गुल्मवल्ली लतानां च पुष्पितानां च वीरुधाम् ।
कृषिजानामौषधीनां जातानां च स्वयं वने।
वृथालम्भेऽनुगच्छेद्गां दिनमेकः पयोव्रतः ।।[५५]

अतः निश्चप्रचमेव अन्तश्चेतना से युक्त ये वृक्ष लता-गुल्म आदि वानस्पतिक सम्पदाएँ तथा वन-प्रदेश न केवल अमूर्त रूप में विश्वपर्यावरण की रक्षा करते हैं अपितु मूर्तरूप में भी ये विविध वन्य जीवों का

प्रश्रय बनकर पर्यावरण-सन्तुलन का मार्ग प्रशस्त करते हैं इसीलिए तो महाभारत में वन तथा वन्य जीवों के पारस्परिक अन्योऽन्याश्रत्व तथा उपकार भाव का प्रतिपादन करते हुए प्रोक्त है-

निर्वनो वध्यते व्याघ्रो निर्व्याघ्रं छिद्यते वनम् ।
वनं हि रक्ष्यते व्याघ्रैः व्याघ्रान् रक्षति काननम् ।।[५६]

अतः **'परस्परं भावयन्तो हि श्रेयः परमवाप्स्यथ'**[५७] की उक्ति को चरितार्थ करते हुए विश्व की वन- वानस्पतिक सम्पदा दृष्टि-सम्पादन, वायु-प्रशोधन, जल-प्रदूषण-मुक्ति, पर्वत भू-संरक्षण तथा प्राणवायूत्संर्जन, सर्वजीव-प्रश्रयण आदि के रूप में पर्यावरण विज्ञान का महत्त्वपूर्ण आयाम सिद्ध होती है जिसकी भूरिशः प्रबल प्रतिष्ठा धर्मशास्त्रों में की गयी है।

सन्दर्भाः -

१. अथर्ववेद ८/२/२५
२. श्रीमद्भगवद्गीता १३/११
३. वेदो धर्ममूलम् गौतमधर्मसूत्र १/१/२
४. मनुस्मृति २/१०
५. आपस्तम्बधर्मसूत्र भूमिका
६. आपस्तम्बधर्मसूत्र भूमिका पृ. १०
७. मनुस्मृति ४/१२
८. कर्मकौमुदी पृ. १ पर उद्धृत
९. वामनपुराण १४/२७
१०. कलौ पाराशरः स्मृतः। पाराशरस्मृति १/२४
११. तदेव १/६-७
१२. मनुस्मृति १/४९
१३. वृहदारण्यकोपनिषद् ३/१/३
१४. मनुस्मृति १/४६-४८
१५. चरकसंहिता १/६५/४१ तथा १/७३/४२
१६. ऋग्वेद १०/१३७/१
१७. तदेव १०/१८६/३
१८. तदेव १/१८६/१
१९. मनुस्मृति ३/१७
२०. अथर्ववेद १२/१/२७
२१. यजुर्वेद १/२५
२२. मैत्रायणी संहिता ३/९/४
२३. यजुर्वेद ५/३९
२४. शार्ङ्गधरसंहिता १/४/४
२५. अग्निपुराण
२६. चाणक्यनीति ३/१४
२७. तत्रैव-टिप्पणी
२८. वृहद्वास्तुमाला पृ. ११७
२९. तदेव पृ. ११७
३०. तत्रैव
३१. मनुस्मृति ८/२४६-४७
३२. वृहदवास्तुमाला पृ. १५३
३२. क संस्कृतवाङ्मय में पर्यावरण पृ. ४११ पर उद्धृत
३३. अग्निपुराण १७७/१७, कर्मठगुरु पृ. १४१
३४. याज्ञवल्क्यस्मृति आचाराध्याय ३०२
३५. संस्कृतवाङ्मय में पर्यावरण पृ. ४११ पर उद्धृत
३६. संस्कृतवाङ्मय में पर्यावरण पृ. ४११ पर उद्धृत
३७. तत्रैव
३८. नित्यकर्मपूजाप्रकाश पृ. १०८-१०९
३९. कर्मठगुरु पृ. ४७
४०. नित्यकर्मपूजाप्रकाश पृ. १२७
४१. नित्यकर्मपूजाप्रकाश पृ. १३५
४२. श्रीसूक्त-६
४३. नित्यकर्मपूजाप्रकाश पृ. १३५
४४. संस्कृतवाङ्मय में पर्यावरण पृ. ४११ पर उधृत नारदस्मृतिवचन
४५. स्कन्दपुराण
४६. चरकसंहिता
४७. वृहद्वास्तुमाला पृ. ११६
४८. तदेव पृ. १५५
४९. तदेव पृ. १५६
५०. संस्कृतवाङ्मय में पर्यावरण पृ. ४०८ पर उद्धृत
५१. याज्ञवल्क्यस्मृति व्यवहाराध्याय २०/१२७
५२. तत्रैव २२८
५३. मनुस्मृति ८/२८५
५४. याज्ञवल्क्यस्मृति व्यवहाराध्याय २०/२७६
५५. मनुस्मृति ११/१४२ तथा १४४
५६. महाभारत-उद्योगपर्व
५७. श्रीमद्भगवद्गीता १३/११

ब्रह्मानन्द सहोदरः

• डॉ० अभिमन्यु सिंह*

शोधसार - कवि इस संसार में रहकर एक आलौकिक जीव सा होता है। उसकी आलौकिकता का मूल कारण उसकी प्रतिभा है। प्रतिभा के बल से वह अनेक रचनाएँ करता है जिससे युग का निर्माता बन जाता है। ऐसे कवि द्वारा रचित काव्य को जो लोग दृश्य और श्रव्य के भेद मानते हैं, वे और जो काव्य और नाट्य को अलग-अलग विवेचित करते हैं उनकी दृष्टि से भी आनन्द तत्वमीमांसा में काव्यादि का प्रयोग हुआ। लेकिन आनन्द की रीति से दृश्य और श्रव्य का कोई भेद नहीं रहता। वास्तव में रूपकों (दृश्यकाव्य) एवं महाकाव्यों (श्रव्यकाव्यों) के अनुशीलन में रसात्मक बोध सहज आनन्दप्रद रहता है। इसीलिए मम्मट ने कविदृष्टि को नवरसरूचिरा कहा है। रसानुभूति के अवसर पर सत्य का प्राबल्य हो जाता है। रसानुभूति एक अखण्ड स्वयं प्रकाश आनन्दमय संवेदन है- जिसकी तुलना मात्र 'ब्रह्मास्वाद' से की जा सकती है। ब्रह्मानन्द के अनुभव में जिस प्रकार ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेय का भेदलुप्त होकर मात्र अखण्ड आनन्दरूप चैतन्यज्योति ही अनुभूत होती है। उसी प्रकार रसानुभूति में भी सहृदयों के हृदय ज्ञाता, ज्ञात और ज्ञेय की त्रिपुटी से ऊपर उठकर उसी आलौकिक आनन्द का अनुभव करते हैं। अतः काव्यादिगत आनन्द वस्तुतः ब्रह्मानन्द सहोदर ही है।

बीजशब्दाः ब्रह्मानन्द, सहोदर, रसास्वाद संयोग, सहृदय, वासना, अणुपरिमाण, रमणीयता भेदलुप्त, ज्ञेय ज्योति।

जो लोग दृश्य और श्रव्य के भेद से काव्य को मानते हैं, वे और जो काव्य और नाट्य को अलग-अलग विवेचित करते हैं उनकी दृष्टि से भी आनन्द तत्त्वमीमांसा में यहाँ 'काव्यादि' का प्रयोग हुआ है। वस्तुतः रसात्मक आनन्द की रीति से दृश्य और श्रव्य का कोई भेद नहीं रहता। अस्तु यहाँ 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' तथा 'उत्तररामचरितम्' आदि रूपकों (दृश्यकाव्य) एवम् कुमारसम्भवम् तथा 'नैषधीयचरितम्' प्रभृति महाकाव्यों (श्रव्यकाव्यों) के अनुशीलन में रसात्मक बोध सहज आनन्दप्रद रहता है।

* समन्वयक, संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

काव्यादिगत आनन्द का अत्यन्त युक्तिसंगत व्यवहार करते हुये मम्मट ने कविदृष्टि को 'नवरसरूचिरा' कहा है।[1] इसी की वृत्ति में उल्लेख है-

''षड् सा न च हृद्यैव तैः तादृशी ब्रह्मणो निर्मितिर्निर्माणम्।
एतद्विलक्षणा तु कविवाङ्निर्मितिः।''[2]

इस उल्लेख में आचार्य मम्मट काव्यगत नौ रसों और सभी की आनन्दप्रदता का विवेचन करते हैंऔर इसी कारण ब्रह्मा की सृष्टि की तुलना में वे कवि की रचना को उत्कृष्ट मानते हैं। यह कथन मूलतः भरत की उक्ति से अनुप्राणित है- **''न हि रसादृते कश्चिदर्थः प्रवर्तते।''[3]**

इसके अनन्तर रससूत्र का उल्लेख है जिसकी व्याख्या में अभिनवगुप्त के टीका अंश उदाहृत है। **''यतश्च रसं प्रत्यादृते रसनात्मकप्रतीत्येकघनविश्रान्ते सामाजिकलोकेऽन्यो भावादिरर्थः प्रविभागेन बुद्धौ न वर्तते।''** एवम् **''एक एव तावत्परमार्थतो रसः सूत्रस्थानीयत्वेन रूप के प्रतिभाति। तस्यैव पुनर्भागदृशा विभागः।''[4]**

अभिनवगुप्त के विवेचन का निष्कर्ष यही है कि रूपकों में जो विभावादि के माध्यम से विषय प्रस्तावना रहती है, वही अपने समग्र बोध के रूप में रसात्मक आनन्द की वाहिका है।

उक्त उल्लेखों से स्पष्ट होता है कि काव्य व नाट्य में रहने वाला रसाभिनिवेश पाठक अथवा दर्शक की दृष्टि से अभिन्न ही है। इसी अभेदात्मक बोध की रसप्रवणता को समझने के लिये काव्यप्रकाशकार की दो कारिकायें उद्धृत है।

कारणान्यथ कार्याणि सहकारीणि यानि च।
रत्यादेः स्थायिनो लोके तानि चेन्नाट्यकाव्ययोः।।
विभावा अनुभावास्तत् कथ्यन्ते व्यभिचारिणः।
व्यक्तः स तैर्विभावाद्यैः स्थायी भावो रसः स्मृतः।।[5]

लोक में रति आदिरूप स्थायी भाव के जो कारण, कार्य और सहकारी होते हैं, वे यदि नाटक या काव्य में प्रयुक्त होते हैं तो क्रमशः विभाव, अनुभाव और व्यभिचारी भाव कहलाते हैं और उन विभाव (आलम्बन या उद्दीपन) आदि रूप कारण, कार्य तथा सहकारियों के योग से व्यक्त वह रति आदि रूप स्थायी भाव 'रस' कहलाता है।[6]

साहित्यदर्पण में भी भरतमुनि प्रणीत-रस-निष्पत्ति को ही स्वीकार किया गया है। आचार्य विश्वनाथ के अनुसार रस की परिभाषा निम्न है-

विभावेनानुभावेन व्यक्तः संचारिणा तथा।
रसतामेति रत्यादिः स्थायीभावः सचेतसाम्।।[7]

जब सहृदयों के हृदय में स्थित रत्यादि स्थायीभाव, विभाव-अनुभाव और संचारी भावों के सहयोग से, अभिव्यक्त हो उठते हैं, तब वे स्थायी भाव आस्वादनीय अथवा आनन्दरूप हो जाते हैं, इसी को रस कहते हैं।

रस निष्पत्ति में एक तथ्य और ध्यातव्य है- स्थायी भावों की, विभावादि संयोग से जो अभिव्यक्ति है वह दुग्ध की दधि रूप में परिणति के समान है। पूर्वस्थित घट-पट के समान दीपक द्वारा अभिव्यक्ति नहीं होती है।

रस और रसास्वादन विचारणीय तथ्य है। विश्वनाथ कविराज ने इस रस और रसास्वादन की प्रक्रिया का विवेचन अत्यन्त मार्मिक ढंग से किया है-

सत्वोद्रेकादखण्डस्वप्रकाशानन्दचिन्मयः। वेद्यान्तरस्पर्शशून्यो ब्रह्मास्वादसहोदरः ।।

लोकोत्तरचमत्कारप्राणः कैश्चित् प्रमातृभिः। स्वाकारवदभिन्नत्वेनायमास्वाद्यते रसः ।।[8]

रसानुभूति के समय सत्त्व का प्राबल्य हो जाता है। रसानुभूति एक अखण्ड, स्वयं प्रकाश, आनन्दमय संवेदन है- जिसकी तुलना मात्र ''ब्रह्मास्वाद'' से ही की जा सकती है। ब्रह्मानन्द के अनुभव में जिस प्रकार ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेय का भेदलुप्त होकर मात्र अखण्ड आनन्दरूप चैतन्यज्योति ही अनुभूत होती है। उसी प्रकार रसानुभूति में भी सहृदयों के हृदय, ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेय की त्रिपुटी से ऊपर उठकर उसी अलौकिक आनन्द का अनुभव करते हैं। अतः ''रसास्वाद'' को ''ब्रह्मानन्द सहोदरः'' कहना अत्यन्त समीचीन है।

यह शास्त्रांश भरत के रससूत्र पर आश्रित है, जो इस प्रकार हैं-

''विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः''[9]

इस सूत्र में विभाव, अनुभाव और व्यभिचारियों के संयोग से रस की निष्पत्ति बताने में अनेक आचार्यों का मत अलग-अलग मिलता है। इनमें प्रमुख आचार्य चार हैं- भट्टलोल्लट (निष्पत्ति अर्थात् उत्पत्ति), श्रीशंकुक (निष्पत्ति अर्थात् विचित्र अनुभूति), भट्टनायक (निष्पत्ति अर्थात् भुक्ति) और अभिनवगुप्त (निष्पत्ति अर्थात् अभिव्यक्ति) विशेष उल्लेखनीय है।[10]परन्तु प्रायः रससूत्र-व्याख्यान में भट्टनायक का अभिमत परिपूर्ण तथा सर्वाधिक व्यावहारिक माना गया है। इनका अभिमत आनन्दविवेकार्थ द्रष्टव्य है-

न तावत्स्थ्येन नात्मगतत्वेन रसः प्रतीयते, नोत्पद्यते, नाभिव्यज्यते अपितु काव्ये नाट्ये चाभिधातो द्वितीयेन विभावादिसाधारणीकरणात्मना भावकत्वव्यापारेण भाव्यमानः स्थायी, सत्त्वोद्रेकप्रकाशानन्दमयसंविद्विश्रान्तिसतत्त्वेन भोगेन परं भुज्यते' इति भट्टनायकः[11]

न तटस्थरूप से रस की प्रतीति होती है और न उत्पत्ति होती है और न सामाजिकगतरूप से अभिव्यक्ति होती है। अपितु काव्य अथवा नाटक में अविधा से भिन्न विभावादि के साधारणीकरण स्वरूप भावकत्व नामक व्यापार से साधारणीकरण स्थायीभाव सत्व के उद्रेक से प्रकाश और आनन्दमय अनुभूति की स्थिति के सदृश्य भोग से आस्वादिक किया जाता है यह भट्टनायक का मत है। भट्टनायक का यह मत दशरूपककार धनञ्जय को स्वीकार है।

विभावैरनुभावैश्च सात्त्विकैर्व्यभिचारिभिः।

आनीयमानः स्वाद्यत्वं स्थायी भावो रसः स्मृतः।[12]

विभाव अनुभव सात्विकभाव और व्यभिचारीभावों के द्वारा आस्वादन के योग्य किया गया स्थायी भाव रस है, परन्तु इस विचार की पराकाष्ठा पण्डितराज जगन्नाथ की रसविवेचना में देखने को मिलता है। उनके इस विवेचन को पाँच भागों में विभक्त कर रसानन्द, जो वास्तव में काव्यादिगत परमविशिष्ट आस्वाद है, का परिचय मिलता है। खण्डशः विचारित पण्डितराज का रसबोधात्मक व्याख्यान प्रस्तुत है-

1. काव्यादि में अच्छी प्रकार और लालित्य के द्वारा समुचित रीति से वर्णित विषय सहृदय के हृदय में प्रविष्ट हो जाता है और उसकी सहृदयता का सहयोग पाकर भावना का विषय बनता है-

''समुचित-ललित-सन्निवेशचारुणा काव्येन समर्पितैः,
सहृदयहृदयं प्रविष्टैः, तदीय-सहृदयता-सहकृतेन, भावनाविशेषमहिम्ना-''[13]

2. भावना का वैशिष्ट्य रहने से दुष्यन्त और उसकी प्रियतमा से सम्बन्धित व्यक्तिगत विषय के स्थान पर यहाँ आलौकिक व्यापार से कारण, कार्य और सहकारी के स्थान पर विभावत्व, अनुभावत्व और व्यभिचारित्व का सामान्य व्यापार घटित होता है-

विगलितदुष्यन्तरमणीत्वादिभिर्लौकिकबिभावानुभावव्यभिचारिशब्दव्यपदेश्यैः,[14]

3. भावकत्त्व व्यापार के कारण शकुन्तला आदि आलम्बन, चन्द्रिका आदि उद्दीपन, अश्रुपात आदि कार्य तथा चिन्ता आदि सहकारी सामान्यीकरण में गतार्थ होते हैं-

''शकुन्तलादिभिरालम्बनकारणैः, चन्द्रिकादिभिरुद्दीपनकारणैः, अश्रुपातादिभिःकार्यैः,चिन्तादिभिः सहकारिभिश्च।''[15]

4. जब लौकिक कारणादि व्यक्तिनिष्ठ न रहकर काव्यादि में आलौकिकता से जुड़ जाते हैं, उस समय आनन्द में अर्न्तभूत हो जाने से वह विषय सीमित से असीमित की ओर चला जाता है तथा सार्वजनिक बोध कराता है-

''सम्भूय प्रादुर्भावितेनालौकिकेन व्यापारेण, तत्काल निवर्तितानन्दांशावरणाज्ञानेनात एव प्रमुष्टपरिमित-प्रमातृत्वादिनिज-धर्मेण प्रमात्रा।''[16]

5. यह सहृदय की दृष्टि से स्वप्रकाशरूप अपने आत्मा का आनन्द बनकर बोध का विषय होता है, जो सदा से ही मन में बैठे हुए रति आदि भावों के आस्वाद से रस (आनन्द) के रूप में घटित हो जाता है-

''स्वप्रकाशतया वास्तवेन, निजस्वरूपानन्देन सह गोचरीक्रियमाणः
प्राग्विनिविष्टवासनारूपो रत्यादिरेव रसः।''[17]

जिस प्रकार भट्टनायक का मत धनञ्जय और पण्डितराज के लिए प्रेरक हुआ ठीक उसी प्रकार महिमभट्ट भी इस विषय को आत्मसात् करते हैं-

''रत्यादिप्रतीतिरेव रसादिप्रतीतिरिति मुख्यवृत्त्यैव व्यंग्यव्यंजकभावाभ्युपगमः। तत्र प्रदीपघटादिवदुपपन्नो गम्यगमकभावः यत् स एवाह ''व्यञ्जकत्वमार्गे तु यदार्थोऽर्थान्तरं द्योतयति तदा स्वरूपं प्रकाशयन्नेवासावन्यस्य प्रकाशकः प्रतीयते प्रदीपवद्। यथा-

'लीलाकमलपत्राणि गणयामास पार्वती।'[18]

रति आदि की ही प्रतीति रस की प्रतीति है इसलिए मुख्यरूप से ही (उसमें) व्यंग्यव्यञ्जकभाव स्वीकार किया जाना चाहिए। गम्यगमकभाव वहाँ घटप्रदीपन्याय से लागू हो सकता है। जैसा कि स्वयं उन्हीं (ध्वनिवादी) ने कहा है- 'व्यञ्जकत्व मानने पर भी जबतक अर्थ दूसरे अर्थ की व्यंजना नहीं करता तब तक वह अपने आपको प्रकाशित करता हुआ ही दूसरे का प्रकाशक प्रतीत होता है, जैसे **'लीलाकमलपत्राणि गणयामास पार्वती में।'**[19]

यह सम्पूर्ण विषय ध्वनिवादी आचार्य आनन्दवर्धन को भी अभिप्रेत था, इसी भावना से ध्वन्यालोक, की प्रथम कारिका में उल्लेख करते हैं-

तेन ब्रूमः सहृदयमनः प्रीतये तत्स्वरूपम् ।।[20]

इसकी वृत्ति में आनदं तत्त्व का विशेष परिचय प्राप्त होता है-

''तस्य हि ध्वनेः स्वरूपं सकलसत्कविकाव्योपनिषद्भूतमतिरमणीयमणीयसीभिरपि चिरन्तनकाव्यलक्षणविधायिनां बुद्धिभिरनुन्मीलितपूर्वम्, अथ च रामायणमहाभारतप्रभृतिनि लक्ष्ये सर्वत्र प्रसिद्धव्यवहारं लक्ष्यतां सहृदयानामानन्दो मनसि लभतां प्रतिष्ठामिति प्रकाश्यते।''[21]

उस ध्वनि का स्वरूप जो सकल सत्कवियों के काव्यों का उपनिषद्भूत, अति रमणीय है, जो प्राचीन लक्षगकारों की अणुपरिमाण (सूक्ष्मतम) बुद्धि द्वारा भी उन्मीखिल नहीं हुआ है, और, जिसका रामायण, महाभारत प्रभृति लक्ष्य (ग्रन्थों) में व्यवहार प्रसिद्ध है, लक्षित करते हुए सहृदय जनों के मन में आनन्द प्रतिष्ठित हो इस उद्देश्य से उसे प्रकाशित करते हैं।

रस की आनन्दानुभूति उस समय होती है, जब सत्त्व का उद्रेक होता है और रजस, तमस् दब जाते हैं। रस वस्तुतः अनुभूति है, अनुभूति का विषय नहीं। अनुभूति ही ब्रह्म है, अतः रस ब्रह्म ही है। अनुभूति और कल्पना में अनुभूति ही अधिक महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि काव्य का संवेद्य वही है। कल्पना इस संवेदन का अनिवार्य साधन अवश्य है, परन्तु संवेद्य नहीं। 'रस' तो जीवन का चेतना प्राण है। काव्य के क्षेत्र में अन्यत्र उसको अपने पद से कौन च्युत् कर सकता है।

''रस-सहृदय की हृदयस्थित वासना की आनन्दमय परिणति है जो अर्थबोध से भिन्न है। अतएव उक्ति द्वारा रस का प्रत्यक्ष वाचन नहीं होता, अप्रत्यक्ष प्रतीति होती है। पारिभाषिक शब्दों में व्यञ्जना या ध्वनन होता है।'' इसी तथ्य को ध्वनिकार आनन्दबर्धन ने भी स्पष्ट किया है

सरस्वती स्वादु तदर्थवस्तु निःस्यन्दमाना महतां कवीनाम् ।
अलोकसामान्यमभिव्यनक्ति परिस्फुरन्तं प्रतिभाविशेषम् ।।[22]

मनोविज्ञान के अनुसार-कविता वह साधन है जिसके द्वारा कवि अपनी रागात्मक अनुभूति को सहृदय के प्रति संवेद्य बनाता है। संवेद्य बनाने का अर्थ यह है कि उसको इस प्रकार अभिव्यक्त करता है कि सहृदय को केवल उसका अर्थबोध ही नहीं होता वरन् उसके हृदय में, समान रागात्मक अनुभूति का संचार भी हो जाता है। इस रीति से कविसहृदय को अपने हदय-रस का बोध न

कराकर, संवेदन कराता है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि सहृदय की दृष्टि से रस संवेद्य है, बोधव्य अर्थात् वाच्य नहीं है।

वास्तव में रसात्मक काव्य ही सत्काव्य है। रसात्मक वाक्य से उत्तम काव्य का प्रादुर्भाव होता है। नीरस एवं अलङ्कार-प्रधान कविता में बहुत थोड़ी रमणीयता पायी जाती है। रमणीय वह है जिसमें चित्त रमण करे अर्थात् जो चित्त को अपने आप में लगा ले रमणीयता आनन्द की उत्पत्ति करती है, कविता की रमणीयता से जो आनन्द उत्पन्न होता है वह लोकोत्तर है। ''वस्तुतः इस लोकोत्तर आनन्द की अनुभूति ही रस है। भाषा की व्यञ्जना- शक्ति का परिज्ञान कवि को सामान्य से पृथक् करता है। इसी व्यञ्जना वृत्ति के प्रति संवेदनशीलता सहृदय की पहचान है। अतएव कर्त्ता में प्रेरक, और भोक्ता में ग्राहक गुण से वर्तमान, यही वह विशेष गुण है जिसे काव्य की आत्मा मानना चाहिए।''

आनन्दवर्धन के उल्लेख से काव्यादिगत आनन्दतत्त्व, जो कि 'रस' ही है, की लोकोत्तरता प्रमाणित होती है। श्रुति भी यही कहती है- ''रसो वै सः। रसं ह्येवायं लब्ध्वाऽऽनन्दीभवति।''[23]

वे परब्रह्म परमात्मा सचमुच रसस्वरूप (आनन्दमय) है। यह वास्तविक आनन्द है, क्योंकि अनादिकाल से जन्म-मृत्यु घोर दुःख का अनुभव करने वाला यह जीवात्मा इन रसमय परब्रह्म को पाकर ही आनन्दयुक्त होता है।

निष्कर्षतः- कहा जा सकता है कि काव्यादिगत आनन्द वस्तुतः ब्रह्मानन्द सहोदर ही है।

सन्दर्भाः -

1. काव्य प्रकाश 1/1
2. काव्य प्रकाश, पृ0 8
3. अभिनवभारती, पृ0 620
4. अभिनवभारती, पृ0 20-21
5. काव्यप्रकाश 4/27-28
6. काव्य प्रकाश, पृ0 95
7. काव्य प्रकाश, पृ0 100
8. साहित्यदर्पण 3/1
9. साहित्यदर्पण 3/2 एवं 3
10. काव्यप्रकाश, पृ0 101-115
11. काव्य प्रकाश, पृ0 106-107
12. दशरूपकम्, पृ0 257
13. रसगंगाधर, पृ0 87
14. वही, पृ0 87
15. रसगंगाधर, पृ0 87-88
16. रसगंगाधर, पृ0 88
17. रसगंगाधर, पृ0 88
18. व्यक्तिविवेकः, पृ0 66
19. व्यक्तिविवेक, पृ0 66
20. ध्वन्यालोक, 1/1
21. ध्वन्यालोक, पृ0 37
22. ध्वन्यालोक 1/6
23. तैत्तीयउपनिषद् 7/2

महाभाष्य में अर्थविज्ञान का स्वरूप

• डॉ० करुणा आर्या*

शोधसार- आचार्य पतञ्जलि ने तथा शब्दशास्त्र के उपासक आचार्यों ने भाषा के विविध पक्षों पर वैदुष्यपूर्ण ढंग से अपने-अपने मतों को अभिव्यक्त किया है। जिन मतों को आधुनिक भाषा विज्ञान भी स्वीकृत कर रहा है। साथ ही भाषा विषयक सिद्धान्तों के लिये पाणिनीय व्याकरण अनुसरण भी करता दिखाई देता है। महाभाष्यकार आचार्य पतञ्जलि तथा अन्य विद्वान् टीकाकारों ने भाषाविज्ञान के अत्यन्त महत्वपूर्ण पक्ष "अर्थ-विज्ञान" पर पूर्ण दार्शनिक एवं वैज्ञानिक पद्धति को आधार बनाकर बड़ी ही गम्भीरता से विचार विमर्श किया है। जिसका यत्किञ्चित् विवेचन यहाँ उपस्थापित किया जा रहा है।

बीजशब्द- अर्थविज्ञान, पाणिनीय व्याकरण, महाभाष्य, शब्दानुशासन, शब्द, अर्थतत्त्व, नित्यता, प्रवाहनित्यता।

व्याकरण की त्रिवेणी को सम्पूर्ण स्वरूप प्रदान करने वाली सबसे अन्तिम एवं महत्त्वपूर्ण शृङ्खला है- महाभाष्य। महाभाष्य के बिना व्याकरण के त्रिमुनित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। यह कहना भी अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं होगा कि महर्षि पतञ्जलि की प्रतिभा की पराकाष्ठा से जनित भाष्य ने पाणिनि-व्याकरण के स्वर्णिम प्रभात को मध्याह्न के क्षितिज पर स्थापित कर दिया। यही कारण है कि तीनों मुनियों में सर्वाधिक प्रामाणिक महर्षि पतञ्जलि को माना जाता है। व्याकरण के सन्दर्भ में यदि किसी निर्णय में समस्या अथवा सन्देह की स्थिति उत्पन्न होती है तो महर्षि पतञ्जलि के महाभाष्य की पङ्क्ति को ही अन्तिम प्रमाण के रूप में अङ्गीकृत किया जाता है। महर्षि पतञ्जलि ने व्याकरण से सम्बन्धित सभी पक्षों पर विशदतापूर्ण चर्चा की है। आज अर्थविज्ञान का जो स्वरूप उपलब्ध होता है उसका मूल भी हमें महाभाष्य में दृष्टिगत होता है।

भाष्यकार प्रारम्भ में ही व्याकरण के प्रयोजन शब्दानुशासन को प्रारम्भ करते हैं। प्रदीपकार आचार्य कैय्यट "शब्दानुशासन" को व्याकरण का साक्षात् प्रयोजन कहते हैं। साथ ही शब्द के वास्तविक स्वरूप, लौकिक तथा वैदिक शब्दों का विवेचन, और द्रव्य, गुण, क्रिया, जाति के माध्यम से शब्द विषयक भ्रान्तियों का निवारण, ध्वनि और शब्द की एकता, अर्थ एवं अर्थ की उपयोगिता,

*सहाचार्य, संस्कृतविभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

शब्द एवं अर्थ के मध्य का सम्बन्ध इत्यादि विषयों का व्याकरण तथा भाषाशास्त्रीय अध्ययन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण बिन्दुओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं।

महाभाष्य में अर्थतत्त्व के विषय में भी गम्भीर चर्चा प्राप्त होती है। जिन पर महाभाष्य के टीकाकारों यथा कैय्यट, उद्योत प्रभृति विद्वानों ने भी यथास्थान विषय के गूढ़ रहस्यों का सहजता और सरलता से प्रस्तुतीकरण किया है। वस्तुतः अर्थतत्त्व के वास्तविक बोध के अभाव में तत्त्वज्ञान असम्भव है। यही कारण है कि महर्षि पतञ्जलि अर्थज्ञान की उपयोगिता एवं अर्थविज्ञान के महत्त्व को महाभाष्य के प्रारम्भिक पाठ में इस प्रकार से उद्धृत करते हैं-

यदधीतमविज्ञातं निगदेनैव शब्द्यते। अनग्नाविव शुष्कैधो न तज्ज्वलति कर्हि चित्।।[1]

अर्थात् यदि हम बिना अर्थबोध के किसी विषय को जानते हैं, मात्र शब्द के माध्यम से हमें किसी विषय का ज्ञान है, तब वह ज्ञान निष्प्रयोजन है, जैसे अग्नि के अभाव में शुष्क ईंधन में निहित अग्नि प्रकाशित नहीं हो सकता है, वैसे ही अर्थावबोध के अभाव में शब्द ज्ञान विषय को प्रकाशित नहीं कर सकता है।

महाभाष्य के टीकाकार आचार्य नागेशभट्ट लिखते हैं कि- **"अर्थपरिज्ञानफला हि वाक्। सम्यक् ज्ञानं हि प्रकाशनमर्थस्य। अर्थो हि वाचः शरीरम्।"**[2] अर्थात् अर्थतत्त्व का ज्ञान ठीक प्रकार से हो जाए, यही वाक् तत्त्व का फल है। अर्थ का प्रकाशन ही ठीक प्रकार का ज्ञान है। शब्द का प्रयोग भी अर्थ का बोध करने के लिए ही किया जाता है, शब्द का सारा व्यापार एकमात्र अर्थ के लिए ही होता है ,यही शब्द की उपयोगिता भी है। इस सन्दर्भ में भाष्यकार पतञ्जलि का कथन प्रमाण है कि- **"अर्थगत्यर्थः शब्द प्रयोगः अर्थं संप्रत्ययिष्यामीति शब्दः प्रयुज्यते।"**[3]

महाभाष्यकार शब्द और अर्थ के जिस स्वरूप का वर्णन करते हैं, वह पृथक् नहीं है, अर्थात् अर्थ एवं शब्द दोनों की सत्ता पृथक् - पृथक् नहीं है। यह अर्थ एवं शब्द दोनों एक ही हैं। यही कारण है कि महर्षि पतञ्जलि **"तस्मिन्निति निर्दिष्टे पूर्वस्य"** सूत्र के भाष्य में शब्द को शब्द से ही बहिर्भूत एवं अर्थ को शब्द से अबहिर्भूत मानते हैं। कहने का आशय यह है कि 'शब्द' शब्दतत्त्व का बहिर्भूत अंग है, तथा अर्थ शब्दतत्त्व का अन्तरङ्ग अथवा अबहिर्भूत अङ्ग है। **"शब्दश्च शब्दाद् बहिर्भूतः। अर्थोऽबहिर्भूतः।**[4]

महर्षि पतञ्जलि दो प्रकार के अर्थों की विवेचना अपने भाष्य में करते हैं। प्रथम जो शब्द का वास्तविक स्वरूप होता है। तथा द्वितीय बाहर दिखने वाली वस्तुओं का वास्तविक स्वरूप। उदाहरण के लिए जब हम व्याकरण में "राम" की प्रातिपदिक संज्ञा करते हैं, तो वह राम शब्द भौतिक राम (किसी व्यक्ति विशेष) का बोध नहीं कराता अपितु "राम शब्द" मात्र का बोध करवाता है। परन्तु लोकव्यवहार में राम शब्द को प्रयोग करने से बाहर दिखने वाले 'राम' नाम के किसी व्यक्ति का बोध होता है। अतः राम शब्द से सर्वप्रथम राम रूपी आनुपूर्वी शब्द का बोध होता है, दूसरी स्थिति में है किसी व्यक्ति विशेष का बोध होता है। **"अस्त्यन्यद् रूपात् स्वं शब्दस्येति। किं पुनस्तत्? अर्थः। किमेतस्य ज्ञापने प्रयोजनम्? अर्थवद्ग्रहणे नानर्थकस्येत्येषा परिभाषा न कर्तव्या भवति। किमर्थं**

पुनरिदमुच्यते? शब्देनार्थावगतेः अर्थे कार्यस्यासम्भवात् तद्वाचिनः सञ्ज्ञाप्रतिषेधार्थं स्वं रूपवचनम्। शब्देनोच्चारितेनार्थो गम्यते। गामानय दध्यशानेति अर्थ आनीयते अर्थश्च भुज्यते। अर्थे कार्यस्यासम्भावात्।"[5]

अर्थ के सम्बन्ध में भाष्यकार अर्थ की नित्यता को स्वीकार करते हैं। यद्यपि अर्थ की नित्यता स्वीकार करने से भाषा विषयक कुछ नियमों का उल्लङ्घन हो सकता है, क्योंकि काल के प्रभाव से तथा अन्य कारणों से भी शब्दों के अर्थों के स्वरूप में समय के साथ अन्तर देखने को प्राप्त होता है। इन अर्थों का विस्तृतीकरण तथा उन में सङ्कोच एवं परिवर्तन इत्यादि प्रक्रियाएं निरन्तर होती रहती है। अतः अर्थ की नित्यता के सम्बन्ध में भाष्यकार को समझना अत्यन्त आवश्यक है।

नित्य उसे कहा जाता है, जिसके मूल तत्त्व का किसी भी काल में नाश सम्भव नहीं है। **"तदपि नित्यं यस्मिंस्तत्त्वं न विहन्यते।"** [6] जिस प्रकार स्वर्ण से विभिन्न प्रकार के आभूषण निर्मित किए जाते हैं, उन आभूषणों में भी अलग अलग आकृतियाँ होती हैं। उन आकृतियों में समय-समय पर परिवर्तन भी किया जाता है। स्वर्ण से निर्मित आभूषणों एवं आकृतियों में परिवर्तन होने के बाद भी स्वर्ण में परिवर्तन नहीं होता है अर्थात् स्वर्ण का तत्त्व नष्ट नहीं होता। अलग-अलग आकृतियों के नष्ट एवं बनने पर भी स्वर्ण प्रत्येक समय उपस्थित रहता ही है। आचार्य कैय्यट इसी नित्यता के सम्बन्ध में प्रवाहनित्यता को स्वीकार करते हैं अर्थात् शब्द का जो अर्थ है, वह अनादि काल से ही निरन्तर चला आ रहा है। उसमें प्रवाह के कारण अर्थ परिवर्तन की स्थिति होने पर भी वह अर्थ अपने वास्तविक स्वरूप का त्याग नहीं करता यही कारण है कि अर्थ नित्य है। **"बुद्धिप्रतिभासः शब्दार्थो यदा यदा शब्द उच्चारितस्तदा तदा तदाऽर्थाकारा बुद्धिरुपजायते इति प्रवाहनित्यत्वादर्थस्य नित्यत्वमित्यर्थः"**[7] आचार्य नागेश भट्ट भी इसी प्रकार अर्थ के विषय में प्रवाहनित्यता को स्वीकृत करते हैं। प्रवाहनित्यता को और अधिक स्पष्ट शब्दों में कहें तो इसका आशय है कि जब-जब हमारे मुख के अवयवों के द्वारा शब्द को उच्चरित किया जाएगा, तब-तब अर्थबोधरूप बुद्धि उत्पन्न होती है, अर्थात् शब्दों से अर्थ का बोध होना ही प्रवाहनित्यता है।

इस सन्दर्भ में आचार्य कैय्यट अर्थ के नित्यत्व को स्वीकृत करते हैं। क्योंकि शब्द से अर्थबोध का जो व्यवहार है वह अनादि काल से परम्परागत रूप से ही चला आ रहा है। अतः यह स्पष्ट है कि प्रवाहनित्यता के सन्दर्भ में तो आचार्य अर्थ के नित्यत्व को स्वीकृत करते हैं। परन्तु शब्दों के माध्यम से जो अलग-अलग प्रकार की अर्थों की अभिव्यक्ति होती है, उस सन्दर्भ में अर्थों के अनित्यत्व को भी स्वीकृत किया जाता है। क्योंकि यदि हम शब्द के एक ही अर्थ को निश्चित माने तो हमें किसी भी अवस्था में अर्थ से सम्बन्धित सन्देह उत्पन्न नहीं होना चाहिए। हम यह अवश्य देखते हैं की शब्द यथावत् रहते हैं किन्तु अनेक कारणों से उनके अर्थों में धीरे-धीरे परिवर्तन आता है। इसी की पुष्टि महाभाष्य के टीकाकार आचार्य कैय्यट इस प्रकार करते हैं- **"यद्येकः शब्द एकस्मिन्नर्थे नियतः स्यात्, तत एतद् युज्यते वक्तुम्। यतस्त्वनियमः, तत् प्रकृतेरेव सर्वे अर्थाः स्युः।"**[8] इसी प्रकार आचार्य नागेश भट्ट भी प्रकृति तथा प्रत्यय के अर्थ के विषय में अनित्यत्व का ही बोध करवाते हैं-

"प्रकृतिप्रत्ययोरर्थवत्ताया अनैयत्यं दर्शयति।"[9] इस प्रकार दोनों आचार्य अर्थ के अनित्यत्व के विषय में अपने-अपने मतों का स्पष्ट विवेचन महाभाष्य की टीका में करते हैं। लोक व्यवहार में भी हम अर्थ के परिवर्तन और अर्थ के परिवर्धन को स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। महाभाष्यकार अर्थ की इसी परिवर्तनशीलता पर कहते हैं कि जिस प्रकार समाज के लोग अपने कृषि क्षेत्रों की सिंचाई के लिए नहर का निर्माण करते हैं परन्तु कभी-कभी उस नहर से अन्य कार्य भी कर लेते हैं जैसे जल पीना इत्यादि। उसी प्रकार एक निश्चित अर्थ को प्रकट करने वाला शब्द भी कभी-कभी अन्य ही अर्थ का बोध करवाता है। इसीलिए आचार्य कैय्यट एवं आचार्य नागेश भट्ट अर्थ के वैचित्र्य को देखते हुए कहते हैं कि अर्थ की शक्ति विचित्र होती है तथा अर्थों में अनेकों प्रकार की शक्तियाँ होतीं हैं जिनके माध्यम से विभिन्न अर्थों का बोध होता है।

अर्थ बुद्धिस्थ है, अथवा अर्थ की बाह्य सत्ता स्वीकृत की जाए? इस विषय में आचार्य पतञ्जलि कहते हैं की शब्द के माध्यम से बाह्य अर्थ का बोध किया जाता है। जिस प्रकार हम व्यवहार में कहते हैं "ग्रन्थ का अध्ययन करना चाहिए" इस वाक्य में जिस ग्रन्थ की सत्ता बाहर उपस्थित है, उस अर्थ का बोध शब्द के माध्यम से हो रहा है। यद्यपि बाह्य अर्थ का बोध होता है, तथापि मुख्य रूप से अर्थ बुद्धिस्थ होता है।

"बुद्धौ कृत्वा सर्वाश्चेष्टाः कर्ता धीरस्तन्वन्नीतिः।
शब्देनार्थान् वाच्यान् दृष्ट्वा बुद्धौ कुर्यात् पौर्वापर्यम्।।"[10]

अर्थात् विद्वान् व्यक्ति बुद्धि में ही अपने उच्चारण स्थान से उच्चरित होने वाले शब्दों के द्वारा अर्थों को भी बुद्धि में ही देखकर वही से शब्दों का भी पौर्वापर्य करें। यद्यपि मुख्य रूप से अर्थ बुद्धिस्थ होता है, इसका तात्पर्य यह नहीं है कि महाभाष्यकार बाह्य अर्थ की सत्ता को स्वीकार नहीं करते हैं। वस्तुतः आचार्य दोनों ही प्रकार के अर्थों को स्वीकृत करते हैं।

अर्थों में परिवर्तन होता रहता है, कभी अर्थ में सङ्कोच, कभी अर्थ में विकास तथा कभी अन्यार्थबोध होता है। आचार्य पतञ्जलि अर्थ की इस अनित्यता को प्रकट करने के लिए भाष्य में लिखते हैं कि एक शब्द के अनेक प्रकार के अर्थ होते हैं। **"एकश्च शब्दो बह्वर्थः।"**[11] आचार्य कैय्यट लिखते हैं कि वस्तुतः शब्द की शक्तियाँ अनन्त हैं, फिर भी जब कोई शब्द एक विशिष्ट प्रकार के व्यवहार के लिए नियन्त्रित हो जाता है, तब वह उसी अर्थ का बोध कराता है अन्य अर्थों का नहीं। **"सर्वार्थाभिधानशक्तियुक्तः शब्दो यदा विशिष्टेऽर्थे संव्यवहाराय नियम्यते, तदा तत्रैव प्रतीतिं जनयति नान्यत्र।"**[12] कभी-कभी लोक प्रसिद्धि के आधार पर भी शब्द एक अर्थ में नियत हो जाते हैं। महाभाष्यकार पतञ्जलि महाभाष्य में इस मत को स्वीकृत करते हैं। **"युक्तं पुनर्नियतविषया नाम शब्दाः स्युः।"**[13] इस प्रकार शब्दों के अर्थों का सङ्कोच होता है, अर्थात् अनेक अर्थ की अभिव्यक्ति करने वाले शब्द किसी एक अर्थ में निश्चित हो जाते हैं।

अर्थपरिवर्तन के क्रम में जिस प्रकार अर्थों का सङ्कोच होता है उसी प्रकार अर्थ का विस्तार भी होता रहता है। जिस प्रकार प्रवीण शब्द का अर्थ है "प्रकृष्टो वीणायाम्" अर्थात् वीणा वादन में

अत्यन्त योग्य। परन्तु वर्तमान में इस शब्द के अर्थ का विस्तार हो चुका है। अब किसी भी प्रकार की कुशलता, निपुणता को प्रवीण शब्द से व्यवहृत किया जाता है। इसी को महाभाष्यकार ने भाष्य में कहा है कि- **"कौशलं त्वस्य प्रवृत्तिनिमित्तम्। तेन वीणायां प्रवीण इत्यपि भवति।"**[14]

इसी प्रकार कुशल शब्द का मुख्य अर्थ था कुश का छेदन करना, परन्तु आज कुशल शब्द का अर्थ यह नहीं है, अपितु निपुणता एवं चतुरता अर्थ में कुशल शब्द का अर्थ विस्तार हो चुका है। जिस प्रकार अर्थों में सङ्कोच होता है, विस्तार होता है, उसी प्रकार कभी-कभी अर्थ किसी अन्य अर्थ में ही रूपान्तरित हो जाते हैं। इसी विवेचन को कहा जाता है- अर्थादेश। जैसे "भोग" शब्द का अर्थ होता है "द्रव्य"। परन्तु धीरे-धीरे भोग शब्द का अर्थ सर्प के शरीर के लिए रूढ़ हो गया। परन्तु और आगे चलकर यह शब्द सर्प के फण के लिए भी प्रचलित हो गया। अतः हम देखते हैं कि किस प्रकार एक शब्द अपने अर्थ को छोड़कर अन्य ही अर्थ में प्रयुक्त हो रहा है। इसी सन्दर्भ में महाभाष्य के टीकाकार कैय्यट कहते हैं कि- **"अनन्तत्वात् प्रयोगविषयस्यावधारणस्य कर्तुमशक्यत्वात्।"**[15] महाभाष्य में अर्थज्ञान के साधन के रूप में लोकव्यवहार का वर्णन प्राप्त होता है- **"यदि तर्हि लोक एषु प्रमाणम्। किं शास्त्रेण क्रियते? लोकतोऽर्थप्रयुक्ते शब्दप्रयोगे शास्त्रेण धर्मनियमः।"**[16] अर्थात् शब्दों का प्रयोग करना एवं उन शब्दों के माध्यम से अर्थ का ज्ञान लोक व्यवहार के द्वारा होता है और व्याकरण शब्दों के प्रयोग में धर्म एवं अधर्म की व्यवस्था करता है। जैसा कि महाभाष्य में उल्लिखित है- साधु शब्दों के प्रयोग से धर्म होता है एवं असाधु शब्दों के प्रयोग से अधर्म होता है।

अर्थ के ज्ञान के विषय में विस्तार से चर्चा करने के साथ ही आचार्य पतञ्जलि इन अर्थों की अनुपलब्धि के कारणों पर भी विचार करते हैं। महाभाष्यकार के अनुसार विद्यमान होते हुए भी छः कारणों से अर्थ कि उपलब्धि नहीं हो पाती है।

- अतिसन्निकर्ष= अत्यन्त समीपता के कारण अर्थ उपलब्ध नहीं हो पाता है, जैसे अपनी ही आँखों में काजल लगाने से, काजल अत्यन्त समीप होने के कारण उपलब्ध होते हुए भी चक्षु इन्द्रिय से ग्रहण नहीं होता।
- अतिविप्रकर्ष= अत्यन्त दूरी के कारण भी हमें अर्थ का ग्रहण नहीं हो पाता है। जैसे दिल्ली में अवस्थित कोई व्यक्ति अपनी आँखों से मुम्बई में स्थित किसी वस्तु को साक्षात् नहीं देख सकता है।
- मूर्त्यन्तरव्यवधानात्= जब किसी वस्तु के बीच में अन्य वस्तु का व्यवधान होता है, तब भी अर्थ की उपलब्धि नहीं हो पाती है। जैसे- कोई व्यक्ति एक कक्ष में बैठकर दूसरे कक्षों की वस्तुओं को नहीं देख सकता क्योंकि मध्य में भित्ति का व्यवधान है ।
- अन्धकार के कारण भी हमें वस्तुओं की उपलब्धि नहीं हो पाती है।

- इन्द्रिय दुर्बलता= यदि किसी व्यक्ति की इन्द्रिय दुर्बल है अथवा रोगग्रस्त है, उस अवस्था में भी अर्थ का ग्रहण नहीं हो पाता है। जैसे- कर्ण इन्द्रिय की दुर्बलता के कारण हमें शब्द सुनाई नहीं देते हैं।
- अतिप्रमाद= जब हमारा चित्त दूसरे ही विषयों में आसक्त होता है, ऐसी परिस्थिति में भी अर्थ की उपलब्धि नहीं होती है। जैसे कभी-कभी कोई व्यक्ति मन की अस्थिरता के कारण सुनते हुए भी नहीं सुनता है। अर्थ की अनुपलब्धि के इन छः कारणों की विवेचना आचार्य पतञ्जलि ने महाभाष्य में स्पष्ट की है।[17]

इसप्रकार अर्थविज्ञान की मौलिक अवधारणा के कतिपय बिन्दू हमें महाभाष्य में पदे-पदे दृष्टिगत हो जाते हैं। बुद्धिस्थ सम्प्रत्यय होते हुए भी अर्थ की भौतिक सत्ता का विषय हो अथवा अर्थ की प्रवाह नित्यता का, अर्थपरिवर्त्तन या अर्थविस्तार का, अर्थसङ्कोच या अर्थादेश का, अर्थ के नित्यत्व या अनित्यत्व अर्थविज्ञान सम्बन्धी किसी भी अवधारणीय विषय बिन्दू का उपस्थापन हमें महाभाष्य में प्राप्त हो ही जाता है।

सन्दर्भ -

---

[1] महाभाष्यम्, पस्पशाह्निकम्

[2] महाभष्यम्, उद्योतटीका

[3] महाभाष्यम् - ०१/०१/४३

[4] महाभाष्यम् - ०१/०१/६६

[5] महाभाष्यम् - ०१/०१/६८

[6] महाभाष्यम्, पस्पशाह्निकम्

[7] महाभाष्यम्, पस्पशाह्निकम्- प्रदीपटीका

[8] महाभाष्यम्, प्रदीपटीका-०१/०२/४५

[9] महाभाष्यम्, उद्योतटीका-०१/०२/४५

[10] महाभाष्यम्- ०१/०४/१०९

[11] महाभाष्यम्- ०१/०२/४५

[12] महाभाष्यम्, प्रदीपटीका-०१/०२/२२

[13] महाभाष्यम्- ०२/०२/२९

[14] महाभाष्यम्- ०५/०२/२९

[15] महाभाष्यम्, प्रदीपटीका-०५/०१/०९

[16] महाभाष्यम्, पस्पशाह्निकम्

[17] महाभाष्यम्- ०४/०१/०३

बांग्लादेशोदयम् में प्रयुक्त वर्णसङ्कर शब्दों का भाषावैज्ञानिक औचित्य

• डॉ. विनोद कुमार*

शोधसार - परिवर्तनशीलता चेतन का स्वभाव है और भाषा का सम्बन्ध चेतन मनुष्य से है। अतः किसी भी भाषा में निरन्तर परिवर्तन होते रहते हैं। यही कारण है कि संस्कृतभाषा के समक्ष पाणिनीय व्याकरण सदृश मानक व्याकरण के विद्यमान रहने पर भी संस्कृत साहित्य में भूरिशः अपाणिनीय प्रयोग दृष्टिगोचर होते हैं जो कि भाषावैज्ञानिक एवं व्याकरणिक दृष्टि से अनुसन्धान का विषय है। यद्यपि भाषा को सर्वथा, व्याकरण के नियमों में बांध देने से उसकी विकास यात्रा अवरुद्ध हो सकती है किन्तु अपाणिनीय या वर्णसङ्कर पदों के प्रयोगों की छूट होने से तो संस्कृत भाषा का संस्कृतत्व ही उच्छिन्न हो जाएगा। हमारा विद्वत्समाज भाषा विकास के नाम पर संस्कृत भाषा में अपाणिनीय प्रयोग की भी स्वतंत्रता नहीं प्रदान करता। अतः श्रीराम शर्मा कृत बांग्लादेशोदयम् नाटक में चूजात्रिक्शाणाम् अफसरान्, साइरनानाम् किरायादाराणाम्, सेविन्थफीटम् गद्दारी आदि पदों का प्रयोग चिन्त्य है।

बीजशब्द - संकेतग्रह, व्यक्तवाणी, वैदिक - लौकिक संस्कृत, वार्तिक, मूलभाषा, विभाषा, उपभाषा, बोली,मानक, मिश्रितभाषा, वर्णसङ्कर पद, भाषासांकर्य, व्युत्पत्तिनिमित्त, प्रवृत्तिनिमित्त, इत्याख्यम्, उच्छिन्न।

"भाषव्यक्तायांवाचि"[1] इस धातु से अङ्[2]एवं टाप्[3]प्रत्यय करने के उपरान्त भाषा शब्द निष्पन्न होता है जो कि व्यक्तवाणी को द्योतित करता है। वैयाकरणों के अनुसार भाषा का उद्देश्य मात्र पदार्थों में संकेतग्रह ही नहीं है अपितु धर्मप्राप्ति भी है[4]। अतएव व्याकरण को साधुत्व एवं असाधुत्व का ज्ञान कराने वाली स्मृति या शास्त्र कहा जाता है[5]। जबकि भाषाविज्ञान, भाषा का उद्देश्य मात्र पदार्थों में संकेतग्रह मानता है। इसका सम्बन्ध इस आदर्श से नहीं है कि कहाँ कैसे प्रयोग होना चाहिए। वह तो केवल इस बात को जानना चाहता है कि कब कहाँ कैसा प्रयोग होता है[6]। परन्तु इस विषय में किसी का मतभेद नहीं कि भाषा चिरपरिवर्तनशील है। मूलभाषा, विभाषा, उपभाषा

*सह-आचार्य, संस्कृत-पालि-प्राकृत-प्राच्यभाषाविभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज

एवं बोली आदि भाषा के अवान्तर रूप इसकी परिवर्तनशीलता के ही परिणाम हैं। संस्कृतभाषा भी उक्त तथ्य का अपवाद नहीं है। वैदिक संस्कृत एवं लौकिक संस्कृत में पर्याप्त अन्तर दृष्टिगत होता है। लौकिक संस्कृत को पाणिनीय व्याकरण के द्वारा नियमबद्ध किये जाने के उपरान्त भी कात्यायन एवं महाभाष्यकार पतञ्जलि के वर्तिकों की आवश्यकता हुई। कालिदासादि महाकवियों के ग्रन्थों में भी अनेक अपाणिनीय प्रयोग देखने को मिल जाते हैं। कारण, चूंकि भाषा का सम्बन्ध चेतन मनुष्य से है और परिवर्तनशीलता चेतन का स्वभाव है अतःकिसी भी भाषा में निरन्तर परिवर्तन होते रहते हैं। वस्तुतः भाषा में परिवर्तन होना ही उसका विकास या विकार है। यही कारण है कि आज संस्कृत भाषा के समक्ष पाणिनीय व्याकरण के 'मानक' रूप में विद्यमान रहने पर भी आधुनिक संस्कृत साहित्य में भूरिशः अपाणिनीय प्रयोग हो रहे हैं[7]। किन्तु बिडम्बना तो यह है कि आजकल संस्कृत साहित्य में अपाणिनीय प्रयोगों के साथ-साथ आंग्ल एवं संस्कृत भाषा मिश्रित प्रयोगों का प्रचलन भी बढ रहा है जो कि संस्कृत के वैशिष्ट्य एवं अस्तित्व के लिये घातक है। प्रस्तुत लेख में इस प्रकार के प्रयोगों को ही वर्णसङ्कर कहा गया है। वर्णसङ्कर शब्दों के प्रयोग से अभिप्राय है कि "ऐसे शब्द जिनके अन्तर्गत प्रातिपदिक, धातु या प्रकृति अंग्रेजी आदि इतर भाषाओं की हो किन्तु प्रत्यय संस्कृत के लगे हों"। प्रस्तुत प्रसङ्ग में श्रीरामशर्माकृत बांग्लादेशोदयम् में प्रयुक्त 'चूजान्'[8] 'रिक्साणाम्'[9]अफ़सरान्'[10] 'साईरनानाम्[11]' 'किरायादाराणाम्'[12] 'चौकीषु'[13] 'सेविन्यफ़ीटम्'[14] 'गद्दारी'[15] 'ट्रांसिष्टरः'[16] आदि प्रयोग उल्लेखनीय हैं। इन शब्दों को अपाणिनीय तो नहीं कहा जा सकता किन्तु वर्णसङ्कर अवश्य हैं। यद्यपि भाषाविज्ञान में मिश्रित भाषा का तो उल्लेख प्राप्त होता है[17] किन्तु वर्णसङ्कर शब्द या भाषा का वर्णन कहीं नहीं है। वस्तुतः संस्कृत भाषा की संरचना के अद्भुत होने के कारण यहां भाषा में मिश्रण सम्भव ही नहीं अपितु यह शब्द सांकर्य या भाषा सांकर्य माना जायेगा जिसे वर्णसङ्कर कहना अधिक उचित होगा।

यह सत्य है कि भाषा समाज के साथ साथ चलती है इसलिये समाज में परिवर्तन के साथ-साथ भाषा में भी परिवर्तन होता है। जब भी समाज नयी वस्तुओं का प्रयोग प्रारम्भ करता है तो उनके नाम या उनसे सम्बद्ध शब्द भाषा के आवश्यक अंग बन जाते हैं। उदाहरणार्थ- मोबाइल, इन्टरनेट, पेट्रोल, डीजल, टेलीविजन, ट्रांसिष्टर, रेडियो आदि। ध्यातव्य है कि इस प्रकार के प्रयोग बोलचाल की भाषा में तो मान्य है परन्तु इनका साहित्यिक भाषा में प्रयोग करना गौरवपूर्ण नहीं माना जाता। वास्तव में बोलचाल की भाषा की तुलना में प्रायः साहित्यिक भाषा कुछ कम विकसित कुछ अलंकृत, कुछ कठिन तथा कुछ परम्परानुगामिनी होती है[18]। भाषाविज्ञान यह भी मानता है कि प्रत्येक भाषा की अपनी अलग संरचना होती है उनमें ध्वनि, शब्द, रूप, वाक्य या अर्थ आदि में किसी भी स्तर पर या एक से अधिक स्तरों पर संरचना या ढाँचे में अन्तर अवश्य होता है और यही अन्तर उनकी स्वतन्त्र सत्ता एवं वैशिष्ट्य का कारण बनता है[19]। वस्तुतः संस्कृत भाषा अपनी संरचना की दृष्टि से ही अद्वितीय है। इसके शब्दों में विद्यमान प्रकृति एवं प्रत्यय पदार्थ के स्वरूप या कार्य को स्वयं अभिव्यक्त कर देते हैं। परन्तु वर्णसङ्कर प्रयोगों में संस्कृत भाषा का उपर्युक्त वैशिष्ट्य ही समाप्त

हो जायेगा।

यद्यपि संस्कृत भाषा में दो प्रकार के शब्द माने गये हैं- व्युत्पत्तिनिमित्त एवं प्रवृत्तिनिमित्त। शब्दों की व्युत्पत्ति का निमित्त अन्य होता है और प्रवृत्ति का निमित्त अन्य[20]। यह आवश्यक नहीं कि जो व्युत्पत्ति का निमित्त है वही प्रवृत्ति का भी निमित्त हो। व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ में जो प्रकारतया भासित होता है वह व्युत्पत्तिनिमित्त कहाता है जैसे कुशल शब्द में कुशग्राहित्व। इसी प्रकार शक्तिज्ञान में जो प्रकारतया भासित होता है वह प्रवृत्तिनिमित्त कहाता है जैसे – गो शब्द में गोत्व। क्योंकि यदि गो को व्युत्पत्तिनिमित्त मानें तो गो शब्द का शयनकाल में प्रयोग अनुपपन्न है। उल्लेखनीय है कि आचार्य यास्क प्रकृति, प्रत्यय, अर्थ अथवा किसी भी वृत्ति के आधार पर संस्कृत शब्दों का निर्वचन आवश्यक मानते हैं[21]अत: आचार्य परम्परा को जीवित रखने एवं संस्कृत के संस्कृतत्व को सुरक्षित रखने हेतु संस्कृतभाषा में वर्णसङ्कर प्रयोगों को प्रश्रय देना उचित नहीं।

भाषाविज्ञान भी इस बात को स्वीकार करता है कि नये पदार्थों के प्रयोग होने पर नये शब्दों का प्रचलन होता है। अत: ऐसी स्थिति में शब्द, प्रकृति, प्रत्ययों, उपसर्गों एवं दो या अधिक शब्दों को मिलाकर बना लिये भी जाते हैं[22]। उल्लेख्य है कि कभी तो नये शब्द कहीं से भी ले लिये जाते हैं। हिन्दी ने कुछ शब्द संस्कृत से लिये हैं कुछ अपनी बोलियों से कुछ अन्य भारतीय भाषाओं से तथा पर्याप्त मात्रा में विदेशी भाषओं से। इस प्रकार संस्कृत भाषा में भी कुछ शब्द लिये जा सकते हैं परन्तु उनके साथ उसी रूप में संस्कृत प्रत्यय लगाकर प्रयोग करना उचित नहीं। ऐसे शब्दों के साथ 'इत्याख्यम्" शब्द लगाकर प्रयोग करना चाहिये यथा मोबाइल इत्याख्यम्, सेटेलाइट्इत्याख्येन, एलसीडी इत्याख्ये आदि। अंग्रेजी भाषा में हिन्दी भाषा के शब्दों को वाक्य के मध्य में होने पर बडे अक्षरों में लिखा जाता है जो कि अपना स्वतन्त्र अस्तित्व रखने के कारण मिश्रित होने पर भी अपने स्वरूप को विकृत किये विना शब्दों के मध्य बैठा रहता है किन्तु संस्कृत भाषा में यह स्थिति सम्भव नहीं। संस्कृत भाषा की संरचना ही इस प्रकार है कि यहाँ मिश्रित शब्द अविकृत एवं अप्रभावित होकर नहीं बैठ सकता क्योंकि वाक्य का अन्वय उपपन्न करने हेतु उस मिश्रित शब्द में कारक, विभक्ति या प्रत्यय को संयुक्त करना आवश्यक है[23]। जिसके कारण वह शब्द भाषा में मिश्रण न होकर संकरण बन जाता है। ऐसे वर्णसङ्कर प्रयोगों से संस्कृत भाषा का संस्कृतत्व उच्छिन्न हो सकता है। कल्पना करें यदि 'पठति' के लिये 'रीडति' या 'शिक्षते' के लिये 'लर्नति' आदि प्रयोग होने लगें तो 'बिन्दुं लगन्तं सस्कृतं बनन्तं' की तर्ज पर जो भाषा उभर कर आयेगी वह वर्णसङ्कर भाषा तो कहलायेगी ही साथ ही उपहासास्पद भी होगी। हमारा विद्वत्समाज भाषाविकास के नाम पर संस्कृत भाषा में अपाणिनीय प्रयोगों की भी स्वतन्त्रता नहीं प्रदान करता। इस प्रसङ्ग में डॉ जगन्नाथ पाठक की निम्नलिखित पंक्तियाँ द्रष्टव्य हैं-'समकालिक संस्कृत साहित्य के विकास की गति को तीव्र करते हुये हमें यह ध्यान रखना है कि संस्कृत का मानक व्याकरण पाणिनीय व्याकरण है। उसके नियमों की अवहेलना हमारे लिये ठीक नहीं है। यह ठीक है कि किसी भाषा के विकास की गति को व्याकरण के रूढ तथा जटिल नियम बाधित करते हैं तथापि संस्कृत के विषय में पाणिनीय नियमों

की सीमा में रहना आवश्यक भी है और उचित भी। (आधुनिक संस्कृत के लिये व्याकरण की सीमा पर समयानुसार, आवश्यकतानुसार विचारविमर्श भी होना चाहिये)। संस्कृत के लेखन में यदि इस प्रकार की शिथिलता को प्रश्रय दिया गया तो संस्कृत का संस्कृतत्व उच्छिन्न हो सकता है'[24]।

इस प्रकार निष्कर्ष रूप में यह कहा जा सकता है कि भाषा को व्याकरण के नियमों द्वारा बाँध कर भी नहीं रखा जा सकता जिससे भाषा का विकास ही अवरुद्ध हो जाये परन्तु प्रयोग करने में इतनी स्वच्छन्दता भी नहीं होनी चाहिये कि भाषा अपने वास्तविक रूप एवं वैशिष्ट्य को छोडकर विकृत या उपहासास्पद बन जाये। आधुनिक संस्कृत साहित्य में उपलब्ध 'सम्भालयति'[25] (सम्भालता है) भरति, भृत्वा, भर्तुम्[26] (भरता है) विदाय:[27] (विदाई) सोचनीया[28] (दयनीय) इत्यादि अनेक शब्द पाणिनीय धातुपाठ में निर्दिष्ट धातु के अर्थ से भिन्न अर्थ में प्रयुक्त हुये हैं जो कि भाषाविज्ञान के अनुसार अर्थपरिवर्तन का परिणाम है और संस्कृत भाषा के विकास को प्रदर्शित करता है। परन्तु बांग्लादेशोदयम् में उपलब्ध 'भडकति'[29] (भडकता है) लेहि[30] (लो) शब्दों का प्रयोग उचित नहीं क्योंकि पाणिनीय धातुपाठ के अन्तर्गत कोई 'भडक' धातु नही है 'क्रुध्यति''कुप्यति' आदि शब्द उक्त अर्थ को अभिव्यक्त कर देते हैं। इसी प्रकार 'लिह्' धातु पाणिनीय धातुपाठ के अन्तर्गत 'चाटने' के अर्थ में पठित है और अष्टाध्यायी के नियमानुसार 'होढ:[31]' 'ढो ढे लोप:[32]'सूत्रों की प्रवृत्ति होकर 'लेढि' शुद्ध रूप बनता है। इस प्रकार 'लेहि' शब्द अपाणिनीय भी है और प्रापणार्थ से भिन्न किसी विशेष अर्थ को भी अभिव्यक्त नहीं कर रहा अत: अनावश्यक इस प्रकार के अनुचित प्रयोगों को साहित्यिक भाषा में समाविष्ट करना प्रमाद है।

सन्दर्भ -

[1]पाणिनीय धातुपाठ, भ्वदिगण ४०७

[2]अष्टाध्यायी,३\३\१०३

[3]वही,४/१/४

[4]व्याकरण महाभाष्य, पस्पशाह्निक, पृ०४४

[5]वाक्यपदीय, ब्रह्मकाण्ड कारिका, १३३

[6]भाषाविज्ञान,आचार्य देवेन्द्रनाथ शर्मा, पृ०१८३

[7]स्वातन्त्र्योत्तर संस्कृत नाटकों में अपाणिनीय प्रयोग,लेखक का शोधप्रबन्ध

[8]बांग्लादेशोदयम्

[9]वही

[10]वही

[11]वही

[12]वही

[13]वही

[14]वही

[15]वही

[16]वही

[17]भाषाविज्ञान, देवेन्द्रनाथ शर्मा,पृ ५३

[18]भाषाविज्ञान, भोलानाथ तिवारी,पृ९०

[19]वही,पृ ५८

[20]अन्यद्भिशब्दानां व्युत्पत्तिनिमित्तम्, अन्यच्चप्रवृत्तिनिमित्तम्, सहित्यदर्पण, परिच्छेद २,पृ ३१

[21]अर्थनित्य: परीक्षेत केनचित् वृत्तिसामान्येन, निरुक्त २.१

[22]भाषाविज्ञान ,भोलानाथ तिवारी, पृ ७१

[23]न केवला प्रकृति: प्रयोक्तव्या न केवल: प्रत्यय:, व्याकरण महाभाष्य

[24]संस्कृत वाङ्मय का बृहद्इतिहास, आधुनिक नाटक खण्ड,भाग ७ भूमिका

[25]तं सम्भालयति स्वाञ्चलव्यजनेन वीजयति च, आदर्शौदार्यम्, पृ १३

[26]पाणिनीयनाटकम्, पृ ४८,६०

[27]अधुना विदायो याच्यते मया,कविकालिदाम्, पृ ३९,

[28]वेदनाव्यञ्जकम्,पृ ७०

[29]बांग्लादेशोदयम्,पृ ३१

[30]मूर्ख त्वमपि बुद्धिमुपासय,लेहि बुद्धिं मत्, वही, पृ २८

[31]अष्टाध्यायी,

[32]वही,

वाक्यार्थचिन्तन परम्परा में क्रियावाक्यार्थ

• डॉ. सत्यकेतु*

शोधसार- वाक्य की ही भाँति वाक्यार्थ भी प्राचीन काल से ही सभी प्रकार के दार्शनिक सम्प्रदायों के लिए प्रमुख विवेचनीय विषय रहा है। वो चाहे आस्तिक दर्शन हों अथवा नास्तिक सभी दर्शन प्रस्थानों एवं वैयाकरणों ने इस विषय पर अपना सूक्ष्म चिन्तन प्रस्तुत किया है। यह चिन्तन प्रक्रिया, अपने-अपने सिद्धान्तों को दूसरे सिद्धान्तों की अपेक्षा अधिक व्यापक सिद्ध करने हेतु प्रयासरत थीं। एतदर्थ विविध आलोचनात्मक आक्षेप-प्रत्याक्षेप, खण्डन-मण्डन और प्रश्न-प्रतिप्रश्न की परम्परा समृद्ध हुई। यहाँ यह अवधेय है कि ये वाक्यार्थविषयक सभी सिद्धान्त, इन दार्शनिक प्रस्थानों की अपनी-अपनी मान्यताओं के परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत किए गए थे। इन चिन्तनसरणियों में भिन्नता का यह एक मुख्य कारण है।

बीजशब्द- वाक्य, क्रियावाक्यार्थ, अखण्डवाक्य, अखण्डवाक्यार्थ, अन्विताभिधानवाद, शाब्दबोध, वाक्यार्थबोध।

वाक्यकाण्ड में वाक्यार्थसिद्धान्त का वर्णन किसी विशेष क्रम से नहीं हुआ है। वाक्य के अष्टविध विवेचन में प्रसङ्गप्राप्तविभन्नवाक्यार्थों का भी विवेचन कर दिया गया है। वाक्यार्थविषयक सिद्धान्तों के कितने प्रकार हैं इसकी भी कोई स्पष्ट सूचना आचार्य भर्तृहरि के द्वारा नहीं दी गयी है। इसके लिए वैयाकरणदार्शनिक सदैव पुण्यराज के ऋणी रहेंगे। उन्होंने अपनी टीका के माध्यम से सर्वप्रथम यह संकेत दिया कि आचार्य ने वाक्यार्थविषयक कितने मत उल्लिखित किए हैं और किन-किन कारिकाओं में उनका वर्णन किया है। इसके साथ-साथ पुण्यराज ने यह भी स्पष्ट किया है कि आठ वाक्यलक्षणों में से किस वाक्यलक्षण में कौन सा वाक्यार्थ घटित होता है।

वाक्यार्थ क्या है? इसको प्रतिपादित करने के लिए आचार्यों ने जिस प्रक्रिया का आश्रय लिया है उसे शाब्दबोध के नाम से अभिहित किया गया है। उच्चरित सार्थक शब्द समूह को वाक्य कहा जाता है। जिसे भली प्रकार सुनकर श्रोता को किसी विशिष्ट अर्थ की प्रतीति होती है जो उस वाक्य के अन्तर्गत आये घटक शब्दों के अर्थ से अतिरिक्त होती है। इसी प्रतीति (बोध) को 'शाब्दबोध'

*सहायक आचार्य, संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

अथवा 'वाक्यार्थबोध' के नाम से जाना जाता है। सैद्धान्तिक स्तर पर वैमत्य रखने वाले विद्वान् भी वाक्यार्थबोध की इस प्रक्रिया के विषय में एकमत हैं।[1] जगदीश तर्कालंकारशब्दशक्तिप्रकाशिका में इसी भाव को द्योतित करते हुए लिखते हैं –

वाक्यभावमवाप्तस्य सार्थकस्यावबोधतः। सम्पद्यते शाब्दबोधः।[2]

वैयाकरणों ने वाक्य एवं वाक्यार्थ के स्वरूप निर्धारण तथा विश्लेषण का कार्य अत्यन्त प्राचीन काल से ही प्रारम्भ कर दिया था। संग्रहकारव्याडि ने अपने ग्रन्थ में वाक्यार्थ को पदों के रूप एवं अर्थों के प्रति कारण कहा है।[3] निश्चय ही लुप्त संग्रह ग्रन्थ में वाक्यार्थविवेचन विस्तार से किया गया होगा। महाभाष्यकारपतञ्जलि ने भी वाक्यार्थविवेचन के लिए दो स्थलों पर अपना उपयोगी मत प्रस्तुत किया है- पहले स्थल पर आए मत के अनुसार पद पहले सामान्य अर्थ को व्यक्त करते हैं। पद की सामान्य से विशेषार्थ में अवस्थिति ही वाक्यार्थ है।[4] कैय्यट ने इसके अभिप्राय को स्पष्ट करते हुए कहा है कि वाक्यार्थपदार्थसंसर्गरूप है, वाक्य ही मुख्यशब्द है एवं वाक्यार्थमुख्यशब्दार्थ है[5] और दूसरे स्थल पर आये हुए कथन से स्पष्ट होता है कि वाक्य में पदों के उच्चरित होने पर प्रत्येक पदार्थ से अतिरिक्त जो कुछ भी आधिक्य रूप में प्राप्त होता है वही वाक्यार्थ है।[6]

कारण, स्वरूप एवं प्रक्रिया के त्रिकोण में वाक्यार्थसम्बन्धीचिन्तन का विकास हुआ है। आचार्यों के मध्य मत-वैभिन्य का एक बिन्दु वाक्यार्थ के कारण से सम्बन्धित है। वैयाकरण वाक्य को किसी भी प्रकार के अवयव से रहित होने के कारण अखण्ड मानते हैं। किन्तु उच्चारण दशा में क्रमवान् ध्वनियों से अभिव्यक्त होने के कारण यही अखण्ड अवयवरहित वाक्य क्रमयुक्त प्रतीत होता है। इस प्रकार के वाक्य के श्रवण होने पर श्रोता की बुद्धि में स्थित स्फोट जागृत होता है तथा वाक्यार्थ (शाब्दबोध) प्रतिभासित हो जाता है। इस रीति से अभिव्यक्त होने वाले वाक्यार्थ का कारण वाक्य को स्वीकार किया जाता है। अभिहितान्वयवाद के अनुसार उच्चारण के बाद सुने गए पद पहले अपने स्वतन्त्र अर्थ को प्रस्तुत करते हैं। तदनन्तर वे पदार्थ परस्पर अन्वित (सम्बद्ध) होकर वाक्यार्थ का अवबोध कराते हैं। अतः उनके अनुसार वाक्यार्थ का कारण पदार्थ ही है। अन्विताभिधानवादियों के अनुसार वाक्यगत पदों से सदैव परस्पर अन्वित अर्थ की ही प्राप्ति होती है। परस्पर विशिष्टपदार्थ ही वाक्यार्थ है। इस प्रकार इनके मत में वाक्यगत पद ही वाक्यार्थ का कारण हैं।

मतभेद का दूसरा बिन्दु वाक्यार्थ के स्वरूप के सम्बन्ध में है। वाक्यार्थ को स्वरूप की दृष्टि से दो प्रकार माना गया है- १. संसर्गात्मकवाक्यार्थ तथा २. भेदात्मकवाक्यार्थ।

इनमें से पहले पक्ष के अनुसार- वाक्यस्थ पद संसृष्ट होकर अर्थात् परस्पर सम्बन्धित होकर एक विशिष्ट अर्थ (वाक्यार्थ) को अभिव्यक्त करते हैं। इसके विपरीत भेदात्मकवाक्यार्थवादियों के अनुसार वाक्यगत पदार्थ परस्पर व्यावृत्त होकर (भिन्न होकर) वाक्यार्थ का अभिधान करते हैं। बौद्ध दार्शनिकों को छोडकर अन्य सभी वाक्यार्थवादीवाक्यार्थ को संसर्गात्मक मानते हैं। बौद्धों के मत में वाक्यस्थ प्रत्येक पद अपोहात्मक अर्थात् तद्भिन्न-भिन्न अर्थ देता हुआ अन्य पदों के अर्थों से अपना भेद

भी करता है।[7] इसी प्रकार प्राचीन आचार्य वाजप्यायन के द्वारा वाक्यार्थ को संसर्गात्मक एवं आचार्य व्याडि के द्वारा भेदात्मक माने जाने के प्रमाण उपलब्ध होते हैं।[8]

अन्विताभिधानवाद के प्रतिष्ठापक आचार्य श्री प्रभाकर मिश्र हैं। इनका अपर नाम गुरु है अतएव इस मत को गुरुमत के नाम से भी जाना जाता है। अन्विताभिधान में षष्ठीतत्पुरुषसमास है। **'अन्वितानाम् (पदार्थानाम्) अभिधानम्'** अर्थात् प्रत्येक पद केवल अपने पदार्थ का ही बोध नहीं कराता है, अपितु वे पहले से अन्वित पदार्थों का बोध कराते हैं। अन्विताभिधान के अनुसार, वाक्यस्थ अन्य शब्दों के अर्थ के साथ अन्वय किसी भी शब्द के अर्थ का अंग है, क्योंकि लोकव्यवहार में हमें कभी अनन्वित शब्दों के अर्थ का बोध नहीं होता। हमें उनका सदा अन्वित रूप में ही बोध होता है।[9] इन अन्वयसहित पदार्थों को ही वाक्यार्थ कहते हैं। काव्यप्रकाशकारमम्मट्ट ने भी अन्विताभिधान को परिभाषित किया है। उनका कहना है कि वाच्य ही वाक्यार्थ है अर्थात् वाक्यार्थ में पदार्थ के अतिरिक्त और कुछ विलक्षण नहीं होता है।[10]

इस मत की प्रस्तुति के अनुसार वाक्यार्थ का कारण पद ही है।[11] पदार्थ वाक्यार्थ का कारण नहीं हैं। क्योंकि इस मत में पदार्थ को ही वाक्यार्थ माना गया है। उनका मानना है कि पदार्थ वाक्यार्थ से भिन्न नहीं है अर्थात् पदार्थ और वाक्यार्थ एक ही है।[12] श्री प्रभाकर मिश्र ने पदों में द्विविध शक्तियों का वर्णन किया है[13]- स्मारिका शक्ति तथा आनुभाविकी शक्ति।

जहाँ स्मारिका शक्ति से पद के अन्वयरहित एवं सामान्य अर्थ का बोध होता है, वहीं आनुभाविकी शक्ति द्वारा पद के अन्वययुक्त (अन्वित) अर्थ का अवबोध कराया जाता है। इन शक्तियों की कल्पना के माध्यम से भर्तृहरिभाट्टमीमांसकों[14] के आक्षेपों को निराधार सिद्ध कर देते हैं कि इस मत में पदों से सामान्य (अनन्वित) अर्थ प्राप्त नहीं होता है। वाक्यार्थअवबोध की दशा में सबसे पहले हमें पद प्राप्त होते हैं। पदार्थों के बोध एवं वक्ता के तात्पर्य को जानने का साधन पद ही होते हैं।[15] परिणामस्वरूप वाक्यार्थ के बोध में हेतु भी इन्हीं को मानना चाहिए। पदों की शक्ति तो पदार्थ को ज्ञापित करके विरत हो जाती है। यदि पदार्थों में परस्पर अन्वय की शक्ति को, पदों में स्वीकार नहीं किया जायेगा, तब अन्वयार्थ एक और अन्य शक्ति (लक्षणा) को मानना पड़ेगा। जिससे यह प्रक्रिया अत्यन्त गौरवपूर्ण हो जायेगी। इसी लिए पदों में अन्वित अर्थ (स्वार्थ एवं वाक्यार्थ दोनों को) कहने वाली शक्ति स्वीकार करनी चाहिए।[16] जहाँ भाट्टमत[17] में शाब्दबोध के लिए- १. पदों की पदार्थाभिधान शक्ति, २. पदार्थों में वाक्यार्थबोध कराने वाली शक्ति, ३. वाक्यार्थ को पुनः पद से सम्बद्ध करने वाली शक्ति आदि तीन-तीन शक्तियों को मानना पडता है, वहीं प्रस्तुत मत में पदों के अन्वित अर्थ को बताने वाली एकमात्र शक्ति से कार्य सिद्ध हो जाता है।[18]

वाक्यकाण्ड के टीकाकार पुण्यराज के व्याख्यान से ज्ञात होता है कि भर्तृहरि ने अन्विताभिधान पक्ष में वाक्यार्थ के दो मतों को प्रस्तुत किया है। पहला संसृष्टार्थवाक्यार्थ एवं दूसरा क्रियावाक्यार्थ।[19]

वाक्यलक्षणों में से 'आख्यातशब्द' वाक्य को स्वीकार करने वाले आचार्यों के अनुसार वाक्यार्थ 'क्रिया' है। वाक्य का प्रयोग प्रवृत्ति या निवृत्ति प्रधान होता है। जिस समय वक्ता की विवक्षा श्रोता को किसी कार्यविशेष में व्यापृत करने की होती है, तब वह प्रवृत्त्यर्थक वाक्य का प्रयोग करता है और जब किसी कार्य से निवृत्ति की, तब निवृत्त्यर्थक वाक्य का। ध्यातव्य यह है कि चाहे प्रवृत्ति की बात हो या निवृत्ति की, दोनों ही स्थितियों में अभिव्यक्ति क्रिया के माध्यम से होगी। भाषा में व्यवहार वाक्य एवं वाक्यार्थ से सम्पन्न होता है क्योंकि वही सत्य हैं। इसीलिए अर्थ के अवबोध हेतु वाक्य का प्रयोग होता है। किन्तु क्रियावाक्यार्थवादी आचार्य महता कण्ठ से कहते हैं कि व्यवहार में कोई भी सत्य या असत्य ऐसा पदार्थ नहीं है, जिसमें क्रिया का समावेश ना हो। क्रिया के संसर्ग हुए बिना किसी पदार्थ की प्रतीति नहीं हो सकती है। अतः व्यवहार में क्रिया रहित पदार्थ नहीं हो सकता है।[20]

यदि हम 'सत्' पद का अर्थ आकांक्षारहित सत्ता का प्रतिपादन मान लें तो इसमें तो क्रिया का अभाव दृष्टिगोचर होता है। अतः यह पद क्रियाहीन माना जाये। इसका समाधान प्रस्तुत करते हुए आचार्य कहते हैं कि यहाँ 'वह था', 'है', 'नहीं था', 'नहीं है' आदि क्रियाओं में से किसी एक क्रिया का सम्बन्ध मानना आवश्यक है। अन्यथा वाक्यार्थ की समाप्ति नहीं होगी। 'है' आदि क्रियापद से रहित केवल पदमात्र की सार्थकता नहीं होती है।

वाक्य में साध्य (क्रिया) एवं साधन (कारक) परस्पर अविनाभाव सम्बन्ध से रहते हैं अर्थात एक के विना दूसरा नहीं रह सकता। जिस प्रकार साधन क्रिया के विना नहीं रह सकता है, अतः आकांक्षावशात् आक्षेपक (लाने वाला) कहा जाता है। इसी प्रकार क्रिया भी कारक के विना नहीं रह सकती है। जब तक क्रिया शब्द से वाच्य क्रिया अर्थ में कारक का कथन नहीं किया जाता है तब तक आकांक्षा बनी रहती है।[21]

क्रिया के ज्ञान से ही वाक्यार्थ का ज्ञान होता है। अतः वाक्य में क्रिया की प्रधानता है और यही कारण है कि वाक्य से अपोद्धार की दशा में सर्वप्रथम क्रिया का ही अपोद्धार किया जाता है, कारक का नहीं। क्रियारूपी साध्य की सिद्धि के लिए साधनरूपी कारक प्रयुक्त होते हैं। साधन अंग होते हैं और साध्य (क्रिया) प्रधान। अतः पहले अपोद्धार भी क्रिया का ही होता है।[22] इस प्रकार वाक्य में क्रियापद का अर्थ ही प्रधानता से प्रतीत होता है। भर्तृहरिक्रियार्थ को परिभाषित करते हुए कहते हैं कि एक क्रिया दूसरी क्रिया से भिन्न है। प्रत्येक क्रिया के आधार एवं साधन नियत होते हैं। वाक्य में क्रिया ही सर्वप्रथम वाक्यार्थ के रूप में प्रतिपत्ता (श्रोता) के द्वारा ग्रहण की जाती है, जिससे क्रियावाक्यार्थ का बोध होता है-

क्रियाक्रियान्तराद्भिन्ना नियताधारसाधना। प्रक्रान्ता प्रतिपत्तॄणां भेदाः सम्बोधहेतवः।[23]

शेष नामपदों के अर्थ गौण होने के कारण क्रियार्थ के विशेषण की भाँति अवभासित होते हैं। यद्यपि नामपदों से नियत सम्बन्ध होने से केवल क्रियापद भी सम्पूर्ण वाक्यार्थ को प्रतिपादित करने में

समर्थ है, पुनरपि क्रिया के अतिरिक्त जो अन्य पद प्रयुक्त होते हैं, वे क्रिया वाक्यार्थ के वास्तविक रूप को स्पष्ट करते हैं। वस्तुतः वे केवल वाक्यार्थ अवबोध के उपाय हैं।

भर्तृहरिअन्विताभिधानवाद का खण्डन करते हुए कहते हैं कि यदि एक ही पद से सभी विशेष अर्थों से युक्त वाक्य का अर्थ ज्ञात हो जाता है, तो उस वाक्य के अन्य पदों का उच्चारण करना व्यर्थ हो जायेगा। जिन पदों का अर्थ पहले ही ज्ञात हो चुका है, उन्हें व्यर्थ मानना ही पड़ेगा। इसके समाधानार्थ वादी द्विविध उपाय बता सकता है- प्रथम पद से ही ज्ञात हुए अर्थ की पुनरावृत्ति नियम करने के लिए हुई है या उसमें नियम था उसको मात्र स्पष्ट करने के लिए एवं अन्य पदों का उच्चारण ज्ञात हुए अर्थ का अनुवादमात्र है। ये दोनों ही उपाय समाधान करने में सक्षम नहीं है क्योंकि एक पद से सारे अर्थ की प्रतीति मान लेने पर अन्य पदों की निरर्थकता माननी ही पड़ेगी।[24] इसके साथ यह भी सत्य है कि एक ही पद से सम्पूर्ण वाक्य के अर्थ की प्रतीति सम्भव नहीं है, इसीलिए यह कहना कि अन्य पदों से व्यक्त अर्थ की ही अभिव्यक्ति होती है, उचित समाधान नहीं है। यह कैसे सम्भव है कि आप एक ओर एक पद से सारे वाक्यार्थ की अभिव्यक्ति मानें और दूसरी ओर अन्य पदों को उसी अभिव्यक्तार्थ का अभिव्यञ्जक।[25] यदि सभी पदों से सामूहिक रूप में वाक्यार्थ माना जाये तो अन्विताभिधान पक्ष सिद्ध ही नहीं होता है क्योंकि पहला पद उच्चरित होकर नष्ट हो चुका है, अतः उसकी सत्ता न होने से अन्य पदों से उसका अन्वय सम्भव नहीं है। जिसके अभाव में वाक्यार्थ का ज्ञान भी सम्भव नहीं है।

यद्यपि यह मत पद के स्वतन्त्र अर्थ को महत्त्व ना देते हुए वाक्यार्थ को एक इकाई के रूप में मानने के कारण, वैयाकरणदार्शनिकों की दृष्टि में अभिहितान्वयवाद की अपेक्षा कम दोषपूर्ण है। पुनरपि वाक्य एवं वाक्यार्थ को सखण्ड मानने वाला, ज्यादा हो अथवा कम, वह दोषी तो है ही। इस मत के अनुसार वक्ता पदों का अर्थ के साथ अन्वयपूर्वक अभिधान करता है, परन्तु श्रोता को वाक्य का बोध किस प्रक्रिया के माध्यम से होता है। इसका कहीं भी स्पष्ट वर्णन नहीं मिलता है। इससे इस सिद्धान्त का एकाङ्गित्व प्रकट होता है।

इस मत में क्रिया को वाक्यार्थ माना गया है। जो क्रिया स्वयं साकाङ्क्ष होती है[26] वह वाक्यार्थ के रूप में पूर्ण अखण्ड व निराकाङ्क्ष अर्थ कैसे प्रदान करेगी। क्रियावाक्यार्थ मानने पर पदों का शास्त्रसम्मतचतुर्विधविभाजन का भी खण्डन होता है।[27] प्रथम पद से वाक्यार्थबोध मानने पर 'सीता दृष्टा मया' जैसे वाक्यों में प्रत्येक पद वाक्य बन जाएगा। क्योंकि संस्कृत में वाक्य का प्रारम्भ तीनों पदों से सम्भव है। इस प्रकार मानने से अव्यवस्था उत्पन्न होगी।

इस मत के अनुसार पदार्थ ही वाक्यार्थ है। यह एक और दोष है चूँकि पहले पदों से कुछ अर्थ ज्ञात होता है तथा वाक्यसमाप्ति पर कुछ भिन्न ही अर्थ की प्रतीति होती है। जिसे वाक्यार्थ नहीं कहा जा सकता है। महाभाष्यकार इस विषय को सोदाहरण प्रस्तुत करते हैं। जैसे- **"अनड्वाहमुदहारि या त्वं हरसि शिरसा कुम्भं भगिनि साचीनमभिधावन्तमद्राक्षीरिति[28]"** इस वाक्य का पदार्थ पहले यह ज्ञात होता है कि 'हे बहन जो तुम बैल को शिर से ढो रही हो, क्या तुमने तिरछे दौड़ते हुए घड़े को

देखा है' यहाँ वाक्यस्थ पद यथास्थान न होने से उचित अर्थ का प्रतिपादन नहीं करते हैं। उनको यथास्थान रखने पर सही वाक्यार्थ- 'हे घडे को शिर से ले जाने वाली बहन! क्या तुमने, तिरछे दौडते हुए बैल को देखा है' यह होगा। भर्तृहरि का भी यही मानना है कि पदार्थ को वाक्यार्थ मानने पर वाक्य से सही वाक्यार्थ का ज्ञान सम्भव नहीं है, जिसका ज्ञान वाक्य की समाप्ति पर होता है।[29]

भर्तृहरि ने व्यङ्ग्यार्थ वाले वाक्यों को उदाहृत करते हुए अन्य दोषों का भी प्रदर्शन किया है। जिनका पदार्थ प्रशंसापरक है, किन्तु वाक्यार्थनिन्दापरक। इसके विपरीत कुछ ऐसे भी वाक्य हैं जिनका पदार्थ निन्दापरक है, किन्तु वाक्यार्थप्रशंसापरक। अतः ऐसे व्यङ्ग्यार्थ प्रधान वाक्यों में पदार्थ को वाक्यार्थ नहीं माना जा सकता है। इस प्रकार अन्विताभिधान पक्ष यहाँ भी दोषयुक्त तथा अपूर्ण है।[30]पुण्यराज और भी अनेक प्रकार के दोषों की उद्भावनायें प्रस्तुत करते हैं[31] जिनसे यह मत एकाङ्गी तथा अपूर्ण ही प्रतीत होता है।

इस प्रकार भर्तृहरि ने वाक्यपदीय के द्वितीय काण्ड (वाक्यकाण्ड) में वाक्य एवं वाक्यार्थ का विवेचन विस्तार से किया है। उन्होंने वाक्य एवं वाक्यार्थ को एक ही आन्तरतत्त्व (शब्दात्मा) के सम्बन्धी के रूप में प्रतिपादित किया है।[32]भर्तृहरि ने अपने समय के तथा अपने से पूर्व के प्रचलित वाक्यार्थसम्बन्धी अनेक मतों का वर्णन किया है। जहाँ अन्य मत वाक्यार्थविवेचन में कहीं ना कहीं पदार्थ की सत्ता स्वीकार करते हैं वहीं भर्तृहरि वाक्यार्थ की अखण्डसत्ता के पोषक हैं। भर्तृहरि पूर्वपक्ष के रूप में पदार्थवादियों का उल्लेख करते हुए अखण्डवाक्यार्थपक्ष की स्थापना करते हैं। उनका मानना है कि किसी विषय विशेष से सम्बन्धित विभिन्न सिद्धान्तों के प्रतिपादन पुरःसर अपने सिद्धान्त की स्थापना और अधिक महत्त्वाधायी हो जाती है।[33] वस्तुतः विकल्परहित (भेदविहीन-अखण्ड) वाक्यार्थ में, उसके प्रतिपादनार्थ निर्मित विकल्प (भेद) अपनी-अपनी भावना (मान्यता) से प्रेरित हैं।[34]

सन्दर्भ -

---

1 इह खलु पदकदम्बकश्रवणसमनन्तरमविवादं विदितसंगतीनां अनधिगतार्थविषयाधीरुदयमासादयति । तत्त्वबिन्दु वाचस्पतिमिश्र, पृ०४-५

2 शब्दशक्तिप्रकाशिका, १२

3 पदानां रूपमर्थो वा वाक्यार्थादेव जायते। स्वोपज्ञवृत्ति वा०प० १.२४

4 पदानां सामान्ये वर्त्तमानानां यद्विशेषेऽवस्थानं सः वाक्यार्थः । म०भा० १.२.४५

5 म०भा० १.२.४५

6 यदत्राधिक्यं वाक्यार्थः सः। म०भा० २.३.४५

7 Apoha & Pratibhaa – Masaaki Hattori, Paper edited in `Sanskrit and Indian studies, p. – 61-73

8 Relation of words in a sentence : Bheda or Samsarga – Indian Theories of Meaning, p. 191

9 वाक्य के विषय में भर्तृहरि- भर्तृहरि, के०ए०सुब्रह्मण्यम् अय्यर, पृ० १९८

10 वाच्य एव वाक्यार्थ इत्यन्विताभिधानवादिनः। का०प्र० सूत्र० ७

[11] पदेभ्य एव वाक्यार्थप्रत्ययो जायते। वाक्यार्थमातृका, श्लो० १

[12] पदार्थानेव वाक्यार्थ सङ्गिरन्ते विपश्चितः ॥ वाक्यार्थमातृका, श्लो० ३

[13] अन्विताभिधानाभिहितान्वयवादयोः स्वरूपम्, सुधाकर दीक्षित, सा० सु०- २०३९ में संकलित

[14] अभिहितान्वयवादी कुमारिल भट्ट आदि आचार्य

[15] प्राथम्यादभिधातृत्वात्तात्पर्योपगमादपि।
पदानामेव सा शक्तिर्वरमित्युपगम्यताम्॥ वाक्यार्थमातृका- ११

[16] पदैरेवान्वितस्वार्थमात्रोपक्षीणशक्तिभिः।
स्वार्थाश्चेद्बोधिता बुद्धौ वाक्यार्थोपि तथा सति॥ वाक्यार्थमातृका- १२

[17] अभिहितान्वयवाद में

[18] अन्वयार्थगृहीतत्वान्नान्यां शक्तिमपेक्षते। विस्तृत अध्ययन के लिए द्रष्टव्य- वाक्यार्थमातृका

[19] संसृष्टे क्रियायाञ्चान्विताभिधानम्। पु०रा०टी०, वा०प० २.१-२

[20] अस्तित्वेनानुषक्तो वा निवृत्त्यात्मनि वा स्थितः।
अर्थोऽभिधीयते यस्मादतो वाक्यं प्रयुज्यते॥
क्रियानुषङ्गेण विना न पदार्थः प्रतीयते।
सत्यो वा विपरीतो वा व्यवहारे न सोऽस्त्यतः॥ वा०प० २.४२३,४२४

[21] सदित्येव तु यद्वाक्यं तदभूदस्ति नेति वा।
क्रियाभिधानसम्बन्धमन्तरेण न मन्यते॥
आख्यातपदवाच्येऽर्थे साधनोपनिबन्धने।
विना सत्त्वाभिधानेन नाकांक्षा विनिवर्त्तते॥ वा०प० २.४२५,४२६

[22] प्राधान्यात्तु क्रिया पूर्वमर्थस्य प्रविभज्यते। साध्यप्रयुक्तान्यगांनि॥ वा०प० २.४२७

[23] वा०प० २.४१४

[24] क. आवृत्तिरनुवादो वा पदार्थव्यक्तिकल्पने।
प्रत्येकं तु समाप्तोऽर्थः सहभूतेषु वर्त्तते॥ वा०प० २.११५, द्र.- पु०रा० टी० इसी कारिका पर।
ख. अथाधारः स एवास्य नियमार्था श्रुतिर्भवेत्॥ वा०प० २.२४४,
ग. नियमद्योतनार्था वा अनुवादोऽथवा भवेत्॥ वा०प० २.२४५

[25] तेषां तु कृत्स्नो वाक्यार्थः प्रतिभेदं समाप्यते।
व्यक्तोपव्यञ्जना सिद्धिरर्थस्य प्रतिपत्तृषु॥ वा०प० २.१८

[26] स्वार्थमात्रं प्रकाश्यासौ साकाङ्क्षो विनिवर्त्तते। वा०प० २.३३५

[27] चत्वारि पदजातानि सर्वमेतद्विरुद्ध्यते । वा०प० २.११७

[28] म०भा० १.१.५७

[29] विरुद्धं चाभिसम्बन्धमुदहार्यादिभिः कृतम्।
वाक्ये समाप्ते वाक्यार्थमन्यथा प्रतिपद्यते॥ वा०प० २.२४६

[30] स्तुतिनिन्दाप्रधानेषु वाक्येष्वर्थो न तादृशः।
पदानां प्रविभागेन यादृशः परिकल्प्यते॥ वा०प० २.२४७

[31] पु०रा०टी०, वा०प० २.२८-२९

[32] एकस्यैवात्मनो भेदो शब्दार्थावपृथक् स्थितौ। वा०प०२.३१

[33] प्रज्ञाविवेकं लभते भिन्नैरागमदर्शनैः।
कियद्वा शक्यमुन्नेतुं स्वतर्कमनुधावता॥ वा०प० २.४८४

[34] अविकल्पेऽपि वाक्यार्थे विकल्पाः भावनाश्रयाः।वा०प० २.११६

शाङ्कर अद्वैतवाद एवं ईश्वराद्वयवाद का तुलनात्मक स्वरूप

• डॉ. गौरव सिंह*

शोधसार- शैवमत एक अद्भुत वाङ्मय से समृद्ध है।भारतीय दर्शन परम्परा में यह दर्शन की अद्वयपरम्परा परमशिव के साथ ही शक्ति का भी सर्वत्र प्रतिपादन करती है। चित् या ब्रह्म या प्रकाश अज्ञान मात्र है। चित् प्रकाश-विमर्शमय है। अतः ज्ञातृत्व और कर्तृत्व दोनो हैं उसमे पञ्चकृत्य होता रहता है। अद्वैतवाद में माया अनिर्वचनीय है एवं माया महेश्वर की शक्ति होने के कारण सत्य है। वेदान्त में श्रवण, मनन और निदिद्धयासन से विद्या प्राप्त और उसी से मुक्तिलाभ होता है। अद्वैतशैववाद के अनुसार अविद्या या अज्ञान केवल शक्तिपात या भगवदनुग्रह से ही होता है।

बीजशब्द - अद्वैतशैववाद, शाक्तदर्शन, शङ्कराचार्य, ब्रह्म, स्वातन्त्र, पंचकृत्य।

श्री शंकराचार्य के दर्शन को अद्वैतशैववाद मे प्रायः शान्तब्रह्मवाद अथवा केवलाद्वैतवाद या मायावेदान्तवाद कहते है। अद्वैतशैववाद के ईश्वराद्वयवाद, प्रत्यभिज्ञादर्शन, या त्रिकदर्शन ये नाम प्रसिद्ध है। प्रत्यभिज्ञादर्शन के विकास परम्परा में आचार्य क्षेमराज अभिनवगुप्त के शिष्यों में प्रथम थे।[1]वहीं दूसरे स्थान पर अभिनवगुप्त ने क्षेमराज को अपने भाईयों मे प्रथम एवं वामनगुप्त को उनका पिता माना है।[2]

अभिनवगुप्त कृत तंत्रालोक में क्षेम एवं क्षेमराज की कृति में भी क्षेमराज के रूप में संदर्भित किया गया है।

'क्षेमेणोद्धियते सारः संसारविषशान्तये'[3]

त्रिकदर्शन और शाक्तदर्शन दोनों अद्वैतवादी है। इसके अनुसार परमतत्व शिव है, जो अनन्तचेतानावान् और अबाधित स्वातन्त्र्य से युक्त हैं। अज्ञान,माया या जगत् आत्मा का स्वयं परिगृहीत रूप है। परमेश्वर नट के समान विविध रूप ग्रहण करता है किन्तु वह स्वयं को समेटने और प्रकट करने दोनों में समर्थ है। अज्ञान केवल उसका विजृम्भण है।

शिवसूत्र में कहा है- **चैतन्यमात्माऽज्ञानं बन्धः**[4] ।

स्पन्दकारिका में कहा है-

*सहायक आचार्य, अभिनव गुप्त संस्थान, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

यस्योन्मेषनिमेषाभ्यां जगतः प्रलयोद्भवौ ।
तं शक्तिचक्रविभवप्रभवं शंकरं स्तुमः ॥[5]

शंकराचार्य यह मानते हैं कि ब्रह्म निष्क्रिय है। अतः अद्वैतशैववाद शंकराचार्य के दर्शन को शान्तब्रह्मवाद कहता है। शान्तब्रह्मवाद और ईश्वराद्वयवाद का प्रथम मुख्य भेद यह है कि शान्तब्रह्मवाद के अनुसार चित् या ब्रह्म का वैशिष्ट्य है प्रकाश या ज्ञान, जब कि ईश्वराद्वयवाद के अनुसार चित् 'प्रकाश-विमर्श' स्वरूप है। दूसरे शब्दों में शंकर के अनुसार बह्म ज्ञान मात्र है, किन्तु ईश्वराद्वयवाद के अनुसार उसका वैशिष्ट्य ज्ञातृत्व और कर्तृत्व दोनों है। शंकराचार्य का कथन हैं कि क्रिया केवल जीव का धर्म है, ब्रह्म में क्रिया नहीं है। शंकर ने क्रिया शब्द को बहुत ही संकुचित अर्थ में लिया है। शैव दर्शन कर्तृत्व को बहुत व्यापक अर्थ में लेता है ;इसके अनुसार ज्ञान भी प्रभु की एक क्रिया है। कर्तृत्व के बिना चित् या परमेश्वर जड़ के समान हो जायगा और कुछ भी घटित नहीं कर सकता। परशिव या परमेश्वर स्वतंत्र है, इसी:लिए यह कर्ता है।

पाणिनि ने ठीक ही कहा है **'स्वतंत्र:कर्ता'** जो स्वतंत्र होता है, वही कर्ता होता है। स्वातंत्र्य और कर्तृत्व प्रायः एक ही अर्थ के बोधक हैं।

आचार्य अभिनवगुप्त **तन्त्रालोक** का प्रारम्भ इसी अज्ञान की धारणा के विवेचन से करते हैं। वह सबसे पहले समस्त शास्त्रों के मूल विवेच्य रूप में **अज्ञान व मोक्ष** की धारणाओं को प्रस्तुत करते हैं और बताते है कि इन सभी शास्त्रों की दृष्टि में अज्ञान ही संसृति का कारण है। संसृति है संसरणशील संसार। इस संसार में मोक्ष का कारण है **ज्ञान**।

इह तावत्समस्तेषु शास्त्रेषु परिगीयते।
अज्ञानं संसृतेर्हेतुर्ज्ञानं मोक्षैककारणम्।।[6]

मालिनीविजयोत्तरतंत्र मे अभिनवगुप्त ने कहा है कि अज्ञान के लिए मल संज्ञा का प्रयोग है।

मलमज्ञानमिच्छन्ति संसाराङ्कुरकारणम्।
इति प्रोक्तं तथा च श्रीमालिनीविजयोत्तरे।।[7]

शान्तबह्मवाद के अनुसार ब्रह्म बिल्कुल शान्त है, निष्क्रिय है।जब ब्रह्म अविद्या से उपहित हो जाता है, तब वह ईश्वर कहलाता है और तभी उसमें कर्तृत्व आता है। वास्तविक कर्तृत्व अविद्या का है। ईश्वर जब अविद्या से अनुपहित रहता है, तब उसमें कोई कर्तृत्व नहीं रहता। शङ्कर स्पष्ट रूप से कहते हैं-

"तदेवमविद्यात्मको पाधिपरिचछेदामेक्षमीश्वरस्येश्वरत्वं सर्वज्ञत्वं सर्वशक्तिमत्वं च,
न परमार्थतोविद्ययापास्तसर्वोपाधिस्वरूपे आत्मनीशित्रीशितव्यत्वादिव्यवहार उपपद्यते" ।[8]

अर्थात् ईश्वर का ईश्वरत्व, सर्वज्ञत्व और सर्वशक्तिमत्त्व उसकी अविद्या उपाधि-जन्य परिमितता पर अवलम्बित है।परमार्थ में जब विद्या के द्वारा आत्मा में से सभी उपाधियाँ निरस्त हो जाती हैं तब उसके लिए ईशितृ, ईशितव्य, सर्वज्ञत्व आदि व्यवहार उपयुक्त नहीं हो सकता।तो शंकर के अनुसार ईश्वर में जो कुछ कर्तृत्व है, वह अविद्या के कारण है।

इसके विपरीत, ईश्वराद्वयवाद के अनुसार ज्ञातृत्व और कर्तृत्व परमेश्वर का स्वरूप ही है।कर्तृत्व के बिना परमेश्वर की कल्पना ही नहीं की जा सकती। इस दर्शन में शांकर वेदान्त के समान कर्तृत्व ईश्वर की उपाधि नहीं है. प्रत्युत उसका स्वरूप ही है। संक्षेपतः उसके कर्तृत्व को हम उसके पंचकृत्य में संग्रहीत कर सकते हैं। वह पंचकृत्य है सृष्टि, स्थिति, संहार, विलय और अनुग्रह। उसका यह पंचकृत्य सदा चलता रहता है। जब वह जीव का रूप धारण करता है तब भी उसका उपर्युक्त पंचकृत्य बराबर चलता रहता है। ईश्वराद्वयवाद के अनुसार शिव सदा पंचकृत्यकारी है। शांकर वेदान्त के अनुसार ब्रह्म निष्क्रिय है। महेश्वरानन्द का कहना है कि निष्क्रिय ब्रह्म तो असत् के समान हो जायेगा।

"तथाहि परमेश्वरस्य ह्ययमेवासाधारणस्वभावो यत् सर्वदा सृष्ट्यादिपंच कृत्यकारित्वम्। एतदनंगीकाराद्धि मायावेदान्तादिनिर्णीतस्यात्मनः स्वस्फुरणामोदमान्यलक्षणमसत्कल्प- त्वमापतितम्" ।[9]

अर्थात् परमेश्वर का यही असाधारण स्वभाव है कि वह सदा मृष्टि इत्यादि पंचकृत्य करता रहता है। यदि यह स्वीकार न किया जाय तो मायावेदान्तादि द्वारा निर्णीत आत्मा अपने स्फुरण का पता न होने से असत् के समान हो जायगा।

ईश्वराद्वयवाद भी अविद्या और माया को मानता है, किन्तु उसके अनुसार अविद्या या माया कोई ऐसी वस्तु नहीं है जो ईश्वर को प्रस्त कर लेती है, प्रत्युत बह अपने स्वातंत्र्य द्वारा, अपनी ही शक्ति द्वारा, अपने ही द्वारा आरोपित आत्म-संकोच है। शंकर के अनुसार ब्रह्म सर्वथा निष्क्रिय है, जो कुछ कर्तृत्व है वह सब अविद्या अचवा तज्जन्य माया का है। ईश्वराद्वयवाद के अनुसार सब कर्तृत्व ईश्वर का है, माया भी उसी के कर्तृत्व का एक प्ररूप है।

स्वतंत्र स्वच्छात्मा स्फुरति सततं चेतसि शिवः।
पराशक्तिश्चेयं करणसरणिप्रान्तमुदिता।।
तदा भोगैकात्मा स्फुरति च समस्तं जगदिदम्।
न जाने कुत्रायं ध्वनिरनुपतेत् संमृतिरिति।।[10]

"स्वातंत्र्य से परिपूर्ण स्वच्छस्वरूप शिव ही मेरी चेतना में सदा स्फुरित होता रहता है। परा शक्ति ही मेरे इन्द्रियों के प्रान्त में क्रीडा करती रहती है तो फिर यह समस्त जगत् शुद्ध अहं-चेतना के चमत्कार से स्फुरित होता रहता है। न जाने कहां से संसृति (संसार) की ध्वनि मेरे कानों पर पड़ती है।"

शान्त ब्रह्मवाद के अनुसार माया अनिर्वचनीय है, किन्तु ईश्वराद्वयवाद के अनुसार माया शिव की शक्ति होने के कारण यथाएं है और नानात्व और भेद-दृष्टि उत्पन्न करती है। शान्तब्रह्मवाद के अनुसार जगत् मिथ्या है, किन्तु ईश्वराद्वयवाद के अनुसार जगत् सत्य है, वह ईश्वर की शक्ति का विलास है। यतः शक्ति यथार्थ है, अतःशक्ति द्वारा घटित विश्व भी यथार्थ है। शंकराचार्य माया को सत् और असत् दोनों से अनिर्वचनीय मानते हैं। (**सदसद्भ्यामनिर्वचनीया**), अतः उनका अतिवाद व्यावृत्ति मूलक (exclusive) है, अनुवृत्तिमूलक (allinclusive) नहीं है। ईश्वराद्वयवाद माया को

शिवमयी (शिव का ही प्ररूप) मानता है। अतः व अद्वैतवाद पूर्ण है, सर्वसंग्राही और अनुवृत्तिमूलक है। जैसा कि शंकर मानते हैं कि ब्रह्म सत्य है और माया अन्ततोगत्वा असत्य है, यदि यह शांकर वेदान्त का आधारभूत मत है तो उनके दर्शन में द्वैताभास अनिवार्य हो जायना।

शंकर के विवर्तवाद के अनुसार जगत् में जो कुछ है वह सब नामरूप है और वस्तुतः सत्य नहीं समझा जा सकता। ईश्वराद्वयवाद के अनुसार, आभास परमशिव को कल्पना या अनुभव होने के कारण सहप हैं। यद्यपि वे परमशिव में उसी रूप में नहीं रहते जिस रूप में परिमित प्रमाता या जीव उनका अनुभव करते है, तथापि वे परमशिव के अनुभव या कल्पना के रूप में उसमें विद्यमान रहते हैं। इसलिए वे बस्तुतः यथार्थ है। जो परमशिव का अनुभव या प्रत्ययन है वह असत्य नहीं हो सकता।

ईश्वराद्वयवाद के अनुसार जीव की अवस्था में भी शिव या आत्मा का पंचकृत्य चलता रहता है। शान्तब्रह्मवाद के अनुसार जीव में भी आत्मा निष्क्रिय रहता है, जो कुछ क्रिया होती है वह बुद्धि की होती है।

शंकर के अनुसार मुक्ति में जगत् निरस्त हो जाता है। शैवदर्शन के अनुसार मुक्ति में जगत् शिवचेतना के स्फुरण या आत्मचेतना के चमत्कार के रूप में प्रतीत होता है। विमर्श ही सारी सृष्टि-प्रकिया का मूल उद्गम स्थल है। शिव ही शुद्ध अहं-चेतना ही से निमेष अथवा तिरोभाव प्रारम्भ होता है। उन्मेष या आविर्भाव पुनः उसी शुद्ध अहं-चेतना की ओर पहुँचता है तब वह परमतत्व के हृदय में स्थित हो जाता है। अतएव विश्व सत्यशिवरूप है, यह महेश्वर का वैभव है। मोक्षावस्था में विश्व शिव चेतना के रूप मे प्रतीत होता है। आभास शिव की परिकल्पना है इसलिए वे असत्य नही हो सकते।

सन्दर्भ -

१.गुरुनाथपरामर्श-4
२.तंत्रालोक-37/67
३.प्रत्यभिज्ञाहृदय,जयदेव सिंह(2016)-पृ0.41
४.शिवसूत्र-1
५. स्पन्दकारिका-1
६. मालिनीविजयोत्तरतंत्र-1/22
७. मालिनीविजयोत्तरतंत्र-1/23
८. ब्रहमसूत्रशांकरभाष्य-2/1/14
९. महार्थमञ्जरी, महेश्वरानन्द ; पृ०52
१०.महार्थमञ्जरी, महेश्वरानन्द ; पृ०25

ज्योतिषशास्त्र का आधार ऋग्वेद - एक अध्ययन

• डॉ. ऋचा पाण्डेय*

शोधसार - ज्योतिष का अर्थ है- ज्योतिर्विज्ञान। सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र आदि आकाशीय पदार्थों की गणना ज्योतिर्मय पदार्थों में है। इनसे सम्बद्ध विज्ञान को ज्योतिष या ज्योतिर्विज्ञान (Astronomy) कहते हैं। लगध ने इसको 'ज्योतिषाम अयनम्' अर्थात् नक्षत्रों आदि की गति का विवेचन करने वाला शास्त्र कहा है। वेदांग ज्योतिष अद्यावधि उपलब्ध सिद्धान्त ग्रन्थों से प्राचीनतम है। ऋग्वेद ज्योतिषशास्त्र का मूल स्रोत है यह प्रस्तुत शोधपत्र का प्रतिपाद्य है।

कूट शब्द: वेदांग, ज्योतिष, यथार्थ, युग, संवत्सर,प्रातिशाख्य, धृतव्रत

वेदांग का अर्थ है वेद का अंग (वेदस्य अंगानि)। यहाँ पर अंग शब्द का अर्थ है वे उपकारक तत्व जिनसे वस्तु के स्वरूप का बोध होता है (अंग्यन्ते ज्ञायन्ते एभिरिति अंगानि)। वेद अपौरूषेय हैं। वेदों के मन्त्रों के अर्थ को समझने के लिए हमें उसमें निहित गूढ़ार्थ को जानना होगा। वेद के गूढ़ एवं वास्तविक अर्थों को जानने के लिए जिन सहायक तत्त्वों की आवश्यकता होती है, उन्हें वेदांग कहते हैं। वेदांगों का अध्ययन करने के पश्चात् ही हम वैदिक मन्त्रों का अर्थ, उनकी व्याख्या तथा यज्ञ में उनके विनियोग का सही अर्थ करने में समर्थ होते हैं। प्रारम्भमं वेदांग स्वतन्त्र विषय न होकर वेदाध्ययन के लिए विशिष्ट उपयोगी साधन थे। बाद में ये स्वतन्त्र विषयों के रूप में विकसित हुए।[1]

वैदिक मन्त्रोच्चारण के ज्ञान के लिए शुद्ध शब्द तथा अर्थ के लिए, विनियोग के लिए, काल निर्धारण के लिए तथा छन्द ज्ञान के लिए सहायक साहित्य की आवश्यकता प्रतीत हुई। उसी आवश्यकता की पूर्ति हेतु विभिन्न छः वेदांगों का प्रणयन हुआ। शब्दों का शुद्ध उच्चारण कैसे हो, कस प्रकार किया जाए इस विषय को ध्यान में रखते हुए शिक्षा-ग्रन्थों की सृष्टि हुई। शब्दों का व्युत्पत्ति-लभ्य अर्थ क्या है तथा उदात्त-अनुदात्त स्वरित इत्यादि स्वर क्या हैं, इनके ज्ञान के लिए व्याकरण और प्रातिशाख्य ग्रन्थों की रचना हुई। वेदों में प्रयुक्त छन्दों (गायती-अनुष्टुप-त्रिष्टुप-जगती आदि) की रचना एवं उच्चारण आदि विषय के लिए छन्दःशास्त्र का प्रणयन हुआ। शब्द किस प्रकार से बने हैं, उन मूल अर्थ, पारिभाषिक अर्थ इत्यादि के ज्ञान के लिए एक स्वतन्त्र निरुक्त शास्त्र या निर्वचन शास्त्र बना। यज्ञों से सम्बन्धित क्रियाओं जैसे- यज्ञ कब किया जाय, यज्ञ करने का शुभ

*असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय

मुहूर्त कब है, पूर्णिमा आदि दिन कब किस तिथि को पड़ रहे हैं इन विषयों के ज्ञान के लिए ज्योतिषशास्त्र बना। प्रत्येक यज्ञ की आदि से लेकर अन्त तक क विधि क्या होगी, यज्ञों में क्या आवश्यक वस्तुएँ चाहिए, कौन से मन्त्र पढ़े जाएँ, यज्ञ की वेदी का आकार-प्रकार कैसा हो इत्यादि का सूक्ष्मता से निर्देशन के लिए कल्प ग्रन्थों का प्रणयन हुआ।

पाणिनीय शिक्षा में वेद पुरुष का वर्णन करते हुए उसके छः अंगों के रूप में सभी वेदांग उल्लिखित हैं। तदनुसार छन्द वेद पुरुष का पैर, कल्प हाथ, ज्योतिष नेत्र निरुक्त कान, शिक्षा नासिका और व्याकरण मुख है।[2]

छन्दः पादौ तु वेदस्य, हस्तो कल्पोऽथपठ्यते।
ज्योतिषामयनं चक्षुर्निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते।।
शिक्षा घ्राणं तु वेदस्य, मुखं व्याकरणं स्मृतम्।
तस्मात् साङ्गमधीत्यैव ब्रह्मलोके महीयते।।

वेदांग ज्योतिष-शुभ मुहूर्त में यज्ञ-सम्पादन के लिए इस वेदांग के अध्ययन की आवश्यकता है। वैदिक यागों में तिथि, नक्षत्र, पक्ष, मास, ऋतु तथा सम्वत्सर का अत्यन्त सूक्ष्म विधान है। 'वेदांग ज्योतिष' नामक ग्रन्थ में कहा गया है-[3]

वेदा हि यज्ञार्थमभिप्रवृत्ताः कालाभिपूर्वा विहिताश्च यज्ञाः।
तस्मादिदं कालविधानशास्त्रं यो ज्योतिषं वेद स वेद यज्ञाम्।।

वेदांगों में ज्योतिष की प्रधानता बतलायी गयी है। आचार्यों ने वैदिक काल के ज्योतिष की उपयोगिता को समझकर 'वेदांग ज्योतिष' नामक ग्रन्थ का प्रणयन किया होगा। 'वेदांग ज्योतिष' आज प्राप्त सिद्धान्त ग्रन्थों से प्राचीनतम है। वैदिक मनीषी वेदों के समान ही इसे आप्त ग्रन्थ मानते हैं। 'वेदांग ज्योतिष' आज प्राप्त सिद्धान्त ग्रन्थों से प्राचीनतम है। वैदिक मनीषी वेदों के समान ही इसे आप्तग्रन्थ मानते हैं। 'वेदांग ज्योतिष' का मन्तव्य है कि जो व्यक्ति ज्योतिष को जानता है वही यज्ञ का यथार्थ ज्ञाता है।[4]

वेदांग ज्योतिष के रचयिता-'वेदांग ज्योतिष' में स्पष्ट रूप से बतलाया गया हे कि प्रस्तुत ज्योतिष में महात्मा लगध के काल-ज्ञान को ही कहा जा रहा है। 'ऋग्वेद ज्योतिष' के दूसरे श्लोक में कहा गया है-

प्रणम्य शिरसा ज्ञानमभिवाद्य सरस्वतीम्।
कालज्ञानं प्रवक्ष्यामि लगधस्य महात्मनः।।[5]

'वेदांग ज्योतिष' में जिन सिद्धान्तों का वर्णन है वह तो लगध आचार्य के हैं, परन्तु 'वेदांग ज्योतिष' के रचयिता (लेखक) कौन हैं, इस में परस्पर मत-वैभिन्यता देखने को मिलती है।

इह तावज्ज्योतिर्विदो लधाचार्यस्य शिष्यश्शुचिनमि
कश्चन ऋषिः प्रारिप्सितस्य ग्रन्थस्य.....।

इस प्रकार ग्रन्थ के लेखक शुचिनाम के कोई आचार्य हो सकते हैं। जैसे कि कहा गया है-

पञ्चसंवत्सरमययुगाध्यक्षं प्रजापतिम्।
दिनर्त्वयनमासान् प्रणम्य शिरसा शुचिः।।[6]

वैदिक ग्रन्थों में ज्योतिष का उद्भवन और प्राचीनता-वैदिक ग्रन्थों के अध्ययन से हमें यह पता चलता है कि वैदिक संहिताओं में ही ज्योतिष के सूक्ष्म बीज विद्यमान हैं। उन ग्रन्थों के अध्ययन से पता चलता है कि उस समाज में उस समय ज्योतिष का स्वरूप क्या रहा होगा, इसकी जानकारी हमें प्राप्त होती हैं तथा प्राचीन वैदिक ज्योतिष का ज्ञान प्राप्त होता है। संसार का प्राचीन ग्रन्थ ऋग्वेद माना जाता है, चारों वेदों में सबसे प्राचीन ऋग्वेद ही है। अतः ऋक्संहिता में हमें जो भी उल्लेख प्राप्त है उसकी प्राचीनता में हमें कोई संदिग्धता नहीं होनी चाहिए। अतः उसकी प्राचीनता असंदिग्ध मानी जा सकती है। ज्योतिष का विराट् ग्रह सूर्य ऋग्वेद में देवता रूप में प्रतिष्ठित है और उसे स्थावर-जङ्गम संसार की आत्मा कहा गया है-

चित्रं देवानामदगादनीकं चक्षुर्मित्रस्यं वरुणस्याग्नेः।
आप्रा द्यावापृथिवी अन्तरिक्षं सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च।।[7]

इसी प्रकार सूर्य पर आधारित ज्योतिष के कतिपय बिन्दु या बीज वैदिक साहित्य में देखे जा सकते हैं-

सूर्य्यो देवीमुषसं रोचमानां मर्य्यो न योषामभ्येति पश्चात्।
यत्रा नरो देवयन्तो युगानि वितन्वते प्रतिभद्राय भद्रम।।[8]

ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में एक सौ पन्द्रहवें सूक्त के तीसरे मन्त्र में उल्लिखित है कि मनुष्यों के योग्य है कि श्रेष्ठ, पढ़ाने वाले शास्त्रवेत्ता विद्वानों को प्राप्त हो, उनका सत्कार कर उनसे विद्या पढ़ गणित आदि क्रियाओं की चतुराई को ग्रहण कर सूर्य सम्बन्धित व्यवहारों का अनुष्ठान कर कार्यसिद्धि करें।

भ्रदा अश्वा हरितः सूर्य्यस्य चित्रा एतग्वा अनुमाद्यांसः।
नमस्यन्तो दिव आ पृष्ठमस्थुः परिद्यावापृथिवी यन्ति सद्यः।।[9]

ऋग्वेद में 'युग' शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में अनेक बार किया गया है। 'ऋग्वेद' में कहा गया है कि-

दीर्घतमा मामतेयो जुजुवन्दिशमे युगे।
अपामथै यतीनां ब्रह्मा भवति सारथिः।।[10]

इसमें 'युग' शब्द का अर्थ दस वर्ष से अधिक की अवधि नहीं है। इसमें कहा गया है कि ममता के पत्र दीघ्रतमा दश युगों में वृद्ध हुए। सम्भवतः युग पाँच संवत्सरों में व्यतीत होता था,[11] यही वेदांग ज्योतिष में बताया गया है-

पञ्चसंवत्सरमयं युगाध्यक्षं प्रजापतिम्।[12]

अर्थात् (वाणी-मन-शरीर से शुद्ध मैं क्रमशः पवित्र यज्ञज्ञ ब्राह्मणों के सम्मत यज्ञ, काल एवं यज्ञ के प्रयोजन की सिद्धि के लिए पञ्च संवत्सरात्मक युगाध्यक्ष दिन-ऋतु-मास-अयन अंग वाले प्रजापति को अवनतशिर प्रणाम कर सूर्य-चन्द्र-नक्षत्र के अयन को कहूँगा)।

ऋग्वेद के तृतीय मण्डल के अन्तर्गत एक मन्त्र में 'युगे-युगे' का वर्णन मिलता है। सायणाचार्य ने इस 'युग' का अर्थ प्रतिदिन किया है। ऋग्वेद के दशम मण्डल में 'त्रियुग' का उल्लेख प्राप्त होता है। वाजसनेयी संहिता में भी यही मन्त्र प्राप्त होता है। यहाँ त्रियुग का अर्थ सायणाचार्य कृतयुग, त्रेता और द्वापर करते हैं। आचार्य महीधर ने इसका अर्थ वसन्त, वर्षा और शरद् किया है। इस प्रकार हम देखते हैं कि युग शब्द का उल्लेख प्राप्त होने पर भी समय सीमा का सही अनुमान नहीं लगाया जा सकता। परन्तु यह निश्चित ही है कि 'युग' शब्द किसी समय की बड़ी इकाई का द्योतक रहा है। पंचसंवत्सरात्मक युग का उल्लेख 'वेदांग ज्योतिष' में होता है, किन्तु इनका नामोल्लेख वहाँ नहीं प्राप्त होता, ये पाँच संवत्सर- परिवत्सर, इदावत्सर, अनुवत्सर तथा इद्वत्सर हैं।[13]

ऋग्वेद के दशम मण्डल में संवत्सर शब्द का उल्लेख हमें प्राप्त होता है-

समुद्रादर्णवार्दा संवत्सरो अजायत।
अहोरात्राणि विदधद्विश्वस्य मिषतो वशी।।[14]

अर्थात् (अर्णवात् समुद्रात्) जल-पूर्ण समुद्र अअर्थात् परमाणु-पूर्ण अन्तरिक्ष से (संवत्सरः) समय कालगणना (अजायत) प्रकट हुई अर्थात् सूर्य बना (अहोरात्राणि) दिन और रात को (मिषतः विश्वस्य) प्राणवान विश्व को (वशी) वश में करने वाले ने (विदधत्) धारण किया। संसार अब प्राणवान गतिशील होने लगा और उसका धारणकर्ता ईश्वर था।

ऋग्वेद में संवत्सर और 'परिवत्सर' शब्दों का प्रयोग भी दृष्टिगोचर होता है-

संवत्सरं शशयाना ब्राह्मणा व्रतचारिणः।
वाचं पर्जन्यजिन्वितां प्र मण्डूका अवादिषु।।[15]
ब्रह्मणासो अतिरात्रे न सोमे सरो न पूर्णमभितो वदंतः।
संवत्सरस्य तदहः परिष्ठ यन्मंडूकाः प्रावृषीणं बभूव।।[16]
ब्राह्मणासः सोमिनो वाचमक्रत ब्रह्म कृण्वंतः परिवत्सरीणम्।
अध्वर्यवो घर्मिणः सिष्विदान आविर्भवंति गुह्या न केचित्।।[17]
देवहितिं जुगुपुर्द्वादशस्य ऋतुं नरो न प्र मिनंत्येते।
संवत्सरे प्रावृष्यागतायां तप्ता धर्मा अश्नुवते विसर्गम्।।[18]

वाजसनेयी संहिता के पुरुषमेध मन्त्र में भी इन शब्दों (संवत्सर, परिवत्सर, इदावत्सर....) का प्रयोग देखा जा सकता है-

"संवत्सराय पर्यायिणी परिवत्सरायाविजातामिदावत्सरायातीत्वरीमि- द्वत्सरायातिष्कद्दरीवत्सराय विर्जरां संवत्सराय पलिक्नीम्।"

अतः यहाँ स्पष्ट रूप से हम पाते हैं कि ऋग्वेद काल में लोगों को वर्ष या संवत्सर का ज्ञान था। तैत्तिरीय ब्राह्मण (1.4.10) में अग्नि को संवत्सर, आदित्य को परिवत्सर, चन्द्रमा को इदावत्सर और वायु को अनुवत्सर कहा गया है। वेदांग ज्योतिष के अनुसार एक वर्ष में 366 दिन माने गये हैं। यही तत्कालीन वर्ष का प्रमाण रहा होगा।[19]

'मास' शब्द का प्रयोग हमें ऋग्वेद में प्राप्त होता है।

वेद मासो धृतव्रतो द्वादश प्रजावतः।
वेदा या उपजायते।।[20]

(यः) जो (धृतव्रतः) सत्य नियम विद्या और बल को धारण करने वाला विद्वान् मनुष्य (प्रजावतः) जिनमें नाना प्रकार के संसारी पदार्थ उत्पन्न होते हैं। (द्वादश) बारह (मासः) महीनों और जो (उपजायते) उनसे अधिक मास अर्थात् तेरहवाँ मास उत्पन्न होता है उसको (वेद) जानता है। वह काल के सब अवयवों को जानकर उपकार करने वाला होता है। यहाँ बारह महीनों के अतिरिक्त किसी मास का कथन कदाचित् अधिमास (मलमास) से लिया जाता सकता है। वैदिक काल में मास चान्द्र ही थे क्योंकि तेहरवें मास की सिद्धि (मलमास) तभी हो सकता है जब चान्द्र गणना में मासों का प्रयोग किया जाये।[21]

वैदिक काल में मास पूर्णिमान्त तथा अमान्त दोनों हाते थे। तैत्तिरीय संहिता (7.5.6.15) में इसका वर्णन इस प्रकार दृष्टिगोचर होता है-

अमावास्यया मासान्सम्पाद्याहरूत्सृजन्ति
अमावास्यया हि मासान् सम्पश्यन्ति।
पौर्णमास्या मासान् सम्पाद्याहरूत्सृजन्ति
पौर्णमास्या हि मासान् सम्पश्यन्ति।।

जो पूर्णिमान्त मास मानने वाले होते थे उनके अनुसार मास का आरम्भ कृष्ण पक्ष से होता था तथा जो अमान्त मास को मानने वाले या स्वीकार करने वाले थे, उनके अनुसार मास का आरम्भ शुक्लपक्ष से होता था। वैदिक काल में सम्पन्न होने वाली दर्शपौर्णमास इष्टि यह सिद्ध करती है कि उस युग में अमावस्या और पूर्णिमा का ज्ञान था। वेदों में तिथियों का उल्लेख अमावस्या और पूर्णिमा के रूप में हुआ है। शतपथ ब्राह्मण में उल्लिखित है कि वसन्त, ग्रीष्म तथा वर्षा ये देवों की ऋतुएँ हैं, इनमें सूर्य उत्तर की ओर जाता है। शरद्, हेमन्त एवं शिशिर पितरों की ऋतुएँ हैं, इनमें सूर्य दक्षिणावर्त होता है।

"वसन्तो ग्रीष्मा वर्षाः। ते देवा ऋतवः शरद् हेमन्तः शिशिरस्ते पितरो.....स यत्रोदगावर्तते। देवेषु तर्हि भवति।.....यत्र दक्षिणावर्तते पितृषु तर्हि भवति।।"[22]

इससे स्पष्ट होता है कि वैदिक युग में मनुष्यों को उत्तरायण तथा दक्षिणायन का ज्ञान था।

ऋग्वेद में दिनमान के न्यूनाधिक होने का उल्लेख किया गया है-

इषिरेण ते मनसा सुतस्य भक्षीमहि पित्रस्येव रायः।

सोम राजन्म ण आयूँषि तारीरहानीव सूर्यो वासराणि।।[23]

इसको देख कर स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि वैदिक काल में दिनमान प्रचलित रहा होगा।

ग्रह-नक्षत्र - सूर्य, चन्द्रमा और बृहस्पति के विषय में ऋग्वेद में अनेक बार उल्लेख आया है। बृहस्पति सर्वप्रथम तिष्य (पुष्य) नक्षत्र के समीप उत्पन्न हुआ। तैत्तिरीय ब्राह्मण (3.1.1) में यह प्रसंग उल्लिखित है-

बृहस्पतिः प्रथमं जायमानो तिष्यं नक्षत्रमभिसम्बभूव।

शतपथ ब्राह्मण (10.5.45) में 27 नक्षत्रों तथा इतने ही उप-नक्षत्रों का वर्णन किया है।

अथर्ववेद, तैत्तिरीय संहिता तथा ब्राह्मण में अभिजित् नक्षत्र का भी उल्लेख प्राप्त है किन्तु यह स्पष्ट नहीं है कि नक्षत्र 27 हैं अथवा 28। वेदांग ज्योतिष (32.35) में केवल नक्षत्रों के देवताओं का उल्लेख प्राप्त है, जिसमें अभिजित् नक्षत्र के देवता का नहीं है।

उपर्युक्त उल्लेख के आधार पर हमें ज्ञात होता है कि ज्योतिष का अधार मूलतः ऋग्वेद है।

सन्दर्भ-

1. वैदिक साहित्य एवं संस्कृति, डॉ0 कपिलदेव द्विवेदी
2. पाणिनीय शिक्षा, 41-42
3. वेदांग ज्योतिष
4. वेदांग ज्योतिष, श्लोक 3
5. ऋग्वेद ज्योतिष, श्लोक 2
6. वेदांग ज्योतिष, श्लोक 1
7. ऋग्वेद, 1.115.1
8. ऋग्वेद, 1.115.2
9. ऋग्वेद, 1.115.3
10. ऋग्वेद, 1.158.61
11. संस्कृत वाङ्मय का बृहद् इतिहास, प्रधान सम्पादक आचार्य बलदेव उपाध्याय, सम्पादक-ओमपकाश पाण्डेय
12. वेदांग ज्योतिष, श्लोक 21
13. संस्कृत वाङ्मय का बृहद् इतिहास, प्रधान सम्पादक आचार्य बलदेव उपाध्याय, सम्पादक-ओमपकाश पाण्डेय, द्वितीय खण्ड-वेदांग
14. ऋग्वे'द, 10.190.2
15. ऋग्वेद, 7.103.1
16. ऋग्वेद, 7.103.7
17. ऋग्वेद, 7.103.8
18. ऋग्वेद, 7.103.9
19. संस्कृत वाङ्मय का बृहद् इतिहास,
20. ऋग्वेद, 1.25.8
21. संस्कृत वाङ्मय का बृहद् इतिहास,
22. शतपथ ब्राह्मण, 2/13
23. ऋग्वेद, 8.48.7

वैदिक स्वर-प्रक्रिया : एक विमर्श

• डॉ. रश्मि यादव*

शोधसार- शोधपत्र में वैदिक स्वरों की मूल अवधारणा को प्रतिपादित करते हुए वैदिक मंत्रों के शाब्दबोध में उन स्वरों की उपादेयता का अनुसंधान किया गया है। महर्षियों ने सहस्रों वर्षों की सुदीर्घ ज्ञानयात्रा में श्रुतपरंपरा से वेद को संरक्षित व संवर्धित करने का भागीरथ प्रयास किया है। तथापि आज वेदविदों के सम्मुख वैदिक मंत्रों के वास्तविक अर्थ का बोध जटिल प्रश्न के समकक्ष उपस्थित है क्योंकि 'वेद' में संकलित सहस्रों मंत्रों से आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक, इन तीन प्रकार का शाब्दबोध होता है। वैदिक मंत्रों के शाब्दबोध में *प्रातिशाख्य, वेदाङ्ग* (शिक्षा, कल्प, व्याकरण, ज्योतिष, छन्द और निरुक्त), स्वरशास्त्र और वेदभाष्य साक्षात् उपकारक हैं। इस शोधपत्र में स्वर की प्रक्रिया को व्याख्यायित करते हुए वेदार्थानुशीलन में उदात्तादि स्वरों की उपादेयता को दर्शाया गया है।

बीजशब्द- उदात्त, अनुदात्त, स्वरित, प्रचय, एकश्रुति, वाक्, खड़ी रेखा।, पड़ी रेखा _, उच्च-ध्वनि, निम्न ध्वनि, मध्य ध्वनि, स्वरानुक्रमणी, स्थूलपृषती, इन्द्रशत्रु, भ्रातृव्यस्य वधाय, हस्तचालन, भाषिक स्वर, छन्द इत्यादि।

प्रस्तावना- वेद सम्पूर्ण ज्ञानराशि के उत्स हैं। सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय विश्व की प्राचीनतम मेधाशक्ति की श्रेष्ठतम अभिव्यक्ति हैं, जो धर्म, दर्शन, कला, नैतिकमूल्य इत्यादि समग्र भारतीय संस्कृति व सभ्यता के आयामों की चिन्तन परम्परा का उद्गम स्थल है। वेदों में संचित ज्ञान-विज्ञान सम्पूर्ण मानवजाति के लिए कल्याणकारी व उपादेय है। वर्तमान में लोक कल्याणकारी सामाजिक व्यवस्था की स्थापना हेतु वेदों के निहितार्थ का बोध अनिवार्य है। वैदिक ग्रन्थों के प्रसिद्ध भाष्यकारों ने वैदिक मंत्रो के गूढार्थ के प्रस्फुटन में स्वरों को उपकारक माना है। वेङ्कटमाधव ने *ऋग्वेद* के *लघु और वृहद् दो भाष्यों* का प्रणयन किया है। इसमें लघु भाष्य के प्रथमाष्टक के आठ अध्यायों के आरम्भ में वैदिक विषयों को श्लोक रूप में प्रस्तुत करते हुए वैदिक स्वर की भी विशद् विवेचना की है जो डा० कुन्हनराज के द्वारा *"स्वरानुक्रमणी"* के नाम से प्रकाशित है। वेंकटमाधव ने *"अन्धकार में दीप की*

* सहायक आचार्य, संस्कृत, पालि, प्राकृत एवं प्राच्य भाषा विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज

सहायता से चलता हुआ व्यक्ति जिस प्रकार कहीं स्खलित नहीं होता उसी प्रकार स्वरों की सहायता से प्रस्फुटित अर्थ स्फुट अर्थात् स्पष्ट एवं संदेहरहित होता है," [1] इस प्रकार की उद्घोषणा करते हुए वेदार्थ में स्वरों की प्रयोजनीयता को स्पष्टतः स्वीकार किया है। पं० युधिष्ठिर मीमांसक ने वेङ्कटमाधव को "सर्वोत्कृष्ट स्वरशास्त्रज्ञ"[2] कहा है। इसके अतिरिक्त *तैत्तिरीय संहिता, तैत्तिरीय ब्राह्मण और तैत्तिरीय आरण्यक* के भाष्यकार भास्कर भट्ट ने पाणिनि के व्याकरण के आधार पर स्वर-प्रक्रिया का निर्देश किया है। सायण ने भी ऋग्वेदभाष्य में प्रायः प्रत्येक मंत्र पर स्वर प्रकिया का निर्देश करने का प्रयत्न किया है। इन भाष्यों के अनुशीलन से स्पष्ट है कि स्वरों का वैदिक मंत्रार्थों के साथ स्वाभाविक सम्बन्ध है। वेदों के निहितार्थ के अवबोध में स्वर-प्रक्रिया अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

विषय प्रवर्तन- *ऋग्वेद* में 'स्वर' शब्द का प्रयोग वाक् अर्थ में हुआ है[3]। सायण ने स्वर का अर्थ "स्वरों से युक्त शब्दात्मक वाक्" किया है।[4] स्वर शब्द *ताण्ड्य ब्राह्मण* में प्राण,[5] *गोपथ ब्राह्मण* में सूर्य,[6] सोम[7] एवं पशु[8], *षड्विंश ब्राह्मण* में प्रजापति[9] और *शतपथ ब्राह्मण* में श्री[10] अर्थ में भी प्रयुक्त हुआ है। तथापि *शतपथ ब्राह्मण, नारदीय शिक्षा, पाणिनीय शिक्षा, चान्द्र शिक्षा और आपिशल* इत्यादि वैदिक ग्रंथो में अनेकशः स्वर शब्द - उदात्त, अनुदात्त एवं स्वरित आदि के लिए व्यवहृत हुआ है।[11] *अष्टाध्यायी* के अनुसार स्वर शब्द "स्वृ शब्दोपतापयोः" धातु से करण अर्थ में "घ" प्रत्यय करके निष्पन्न हुआ है।[12] महाभाष्यकार पतञ्जलि, "जो स्वयं प्रकाशमान हो और बिना किसी की सहायता से उच्चरित हों" उसे स्वर कहते हैं।[13] इसी आधार पर *अमरकोश* में 'जिनसे अर्थ जाने जाय उसी को स्वर' माना गया है।[14] *पाणिनीय शिक्षा* में भी स्वतंत्र रूप से उच्चरित वर्ण को स्वर की संज्ञा दी गयी है।[15]

वैदिक संहिताओं यथा- *शाकल, माध्यान्दिन, काण्व, कौथुम तथा शौनक सहिताओं* के मंत्रपाठ में उदात्त, अनुदात्त और स्वरित, इन तीन स्वरों का उच्चारण होता है किन्तु कतिपय वैदिक विद्वान इन तीन स्वरों के साथ ही 'प्रचय' नामक चौथा स्वर भी मानते हैं।[16] यथा *तैत्तिरीय संहिता* में उदात्त, अनुदात्त, स्वरित और प्रचय- इन चार स्वरों का उच्चारण होता है। *नारद शिक्षा* में उदात्त, अनुदात्त, स्वरित, प्रचित अर्थात् प्रचय और निघात- इन पाँच स्वरों का उल्लेख किया गया है।[17] पतञ्जलि महाभाष्यकार ने इन स्वरों का विस्तार करते हुए स्वरों में उदात्त, उदात्ततर, अनुदात्त, अनुदात्ततर, स्वरित, विशिष्ट उदात्त (अन्य उदात्त से पृथक स्वरित के आरम्भ में विद्यमान उदात्त) और एकश्रुति- इन सात स्वरों की गणना की है।[18] अन्यत्र सामगानोपयोगी सात स्वरों- षडज, ऋषभ गान्धार, मध्यम, पञ्चम, धैवत और निषाद का वर्णन मिलता है।[19] इस प्रकार वैदिक ग्रंथों में स्वरों की संख्या विषयक अनेक पद्धतियां परिलक्षित होती है किन्तु वेदार्थानुशीलन की दृष्टि से उदात्त, अनुदात्त, स्वरित और प्रचय- ये चार स्वर ही प्रमुख हैं।

वैदिक ग्रंथों में स्वरों को अच् का धर्म माना गया है,अतः स्वरों के चिह्न शुद्ध अच् अथवा व्यञ्जनयुक्त अच् पर अंकित किया जाता है न कि अच् रहित व्यञ्जन पर। उदाहरणार्थ- अग्निमीळे

पुरोहितम् में म् स्वररहित है अतः उसपर स्वरांकन नहीं है। मंत्रों में स्वरों के प्रयोग एवं उनके अंकन के लिए विभिन्न प्रकार के चिह्न का प्रयोग दिखाई देता है-

उदात्त स्वर - एक पद में एक ही अच् उदात्त होता है जिसके लिए प्रायः कोई चिह्न प्रयुक्त नहीं होता है। यथा- अग्निमीळे। इसमें ग्नि अचिह्नित है अतः यह उदात्त स्वर है।

अनुदात्त स्वर-एक पद में उदात्त के अतिरिक्त शेष सभी अच् अनुदात्त होते हैं[20] और अनुदात्त स्वर के लिए वर्ण के नीचे पड़ी रेखा का चिन्ह दिखाई देता है। यथा- पूर्वोक्त उदाहरण में नीचे पड़ी रेखा से युक्त अ वर्ण अनुदात्त स्वर है।

स्वरित स्वर- उदात्त स्वर के पश्चात् स्थित अनुदात्त को स्वरित हो जाता है।[21] स्वरित स्वर वाले वर्ण के ऊपर खड़ी रेखा बनाकर के स्वरित का अंकन किया जाता है। यथा- पूर्वोक्त उदाहरण में उदात्त स्वर से युक्त ग्नि से परे अनुदात्त मी स्वरित है और मीं के ऊपर अंकित खड़ी रेखा के द्वारा स्वरित स्वर को प्रदर्शित किया गया है।

एकश्रुति अथवा प्रचय- स्वरित से परे सभी अनुदात्त स्वर एकश्रुति स्वर हो जाते हैं।[22] इस स्वर के लिए भी कोई भी चिन्ह प्रयुक्त नहीं होता है। यथा- पूर्वोक्त उदाहरण में ही ळे एकश्रुति स्वर से सम्पृक्त है।

इस प्रकार वैदिक स्वर पद्धति में उदात्त और एकश्रुति दोनों ही स्वर चिह्न रहित हैं, ऐसी स्थिति में स्वरित अथवा अनुदात्त स्वर से युक्त वर्ण से पश्चात् जो एक या दो वर्ण किसी भी प्रकार के चिह्न से रहित हो उन्हें उदात्त स्वर माना जाता है और स्वरित चिह्नयुक्त वर्ण के पश्चात् किसी भी प्रकार के चिह्न से रहित वर्ण को एकश्रुति स्वर से युक्त माना जाता है। उदाहरणार्थ- अनिंविशमानाः।[23] इस पद में निं स्वरित है अतः उसके पूर्व में स्थित चिह्न रहित अ उदात्त स्वर है और उसके बाद स्थित चिह्नरहित वि,श,मा और नाः ये चारों अनुदात्तों को एकश्रुति हो जाता है। उदात्तादि स्वरों के अङ्कन की यह सामान्य पद्धति है। वैदिक ग्रंथों में स्वरांकन में पर्याप्त भिन्नता भी दिखायी देती है। *शतपथ ब्राह्मण* में उदात्त के लिए नीचे पड़ी रेखा और *ऋग्वेद* के *काश्मीर पाठ* और *मैत्रायणी संहिता* में ऊपर खड़ी रेखा प्रयुक्त होती है।यथा-

1. *ऋग्वेद, यजुर्वेद* की *माध्यन्दिनी, काण्व* एवं *तैत्तिरीयशाखा* और *अथर्ववेद* में पद के नीचे पड़ी रेखा (-) अनुदात्त स्वर का चिह्न माना जाता है जबकि, शतपथ ब्राह्मण में (माध्व० एवं काण्व०) में नीचे की पड़ी रेखा (-) उदात्त स्वर का सूचक है। यथा-

इ॒षे त्वो॒र्जे त्वा॑[24] (॒ अनुदात्त)

इष॒े त्वोर्जे त्वे॒ति[25] (॒ उदात्त)

2. *ऋग्वेद, यजुर्वेद (माध्यन्दिनी, काण्व* एवं *तैत्तिरीय शाखा)* और *अथर्ववेद* में खड़ी रेखा स्वरित का अंकन है जबकि *ऋग्वेद* के *काश्मीर पाठ* और *मैत्रायणी संहिता* में यह खड़ी रेखा उदात्त स्वर का चिह्न है, यथा-

अ॒ग्निमीळे[26] (॑ स्वरित)

अग्निमीळे[27] (॑ उदात्त)
इ॒षे त्वो॒र्जे त्वा॑[28] (॒ स्वरित)
इ॒षे॑ त्वा सुभू॒ता॑य[29] (॑ उदात्त)

3. *सामवेद* में स्वरों के लिए १,२,३ संख्याओं और कहीं-कहीं क, र और उ अक्षर का प्रयोग किया गया है। स्वरों के विविध भेदों के इस वैषम्य को जानने वाले व्यक्ति को ही वेदार्थ का बोध हो सकता है।

उदात्त, अनुदात्त और स्वरित स्वरों के उच्चारण-विधि विषयक सिद्धांत की दृष्टि से प्रातिशाख्य, शिक्षाग्रंथ और वैयाकरण ग्रंथ अनुशीलनीय है। पाणिनीय व्याकरण के अनुसार उदात्त स्वर का उच्चारण उच्च स्वर,[30] अनुदात्त स्वर का उच्चारण निम्न स्वर[31] और स्वरित का उच्चारण मध्य स्वर[32] से किया जाता है।पाणिनीय व्याकरण के इस नियम को स्पष्ट करते हुए पतञ्जलि ने उदात्त का उच्च-ध्वनि अर्थात् उच्चारण स्थान के उच्च भाग से, अनुदात्त का निम्न ध्वनि अर्थात् उच्चारण स्थान के निम्न भाग से और स्वरित का मध्य ध्वनि अर्थात कण्ठादि उच्चारणस्थान के मध्य भाग से उच्चारण करने का निर्देश किया है।[33] चौथे स्वर- प्रचय को तान और एकश्रुति भी कहते हैं। काशिकाकार के अनुसार उदात्तादि स्वरों का अविभाग अथवा अभेद अथवा भेद का तिरोहित हो जाना एकश्रुति है।[34]

वेद अर्थबोध की दृष्टि से विश्व साहित्य के अद्भुत ग्रंथ हैं। वैदिक मंत्रों से आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भिन्न-भिन्न अर्थ ध्वनित होता है। वेदवाक्यों का स्पष्ट एवं प्रिय उच्चारण और वास्तविक अर्थ-प्रत्यायन स्वरों के आधार पर ही हो सकता है। वेंकटमाधव के अनुसार नाम और आख्यात का विभाग स्वर से ही बोधित होता है[35], यथा-स कर्ता॑ और स क॒र्ता। इस उदाहरण में प्रथम कर्ता पद तृन्नन्त हैं अतः "आद्युदात्तश्च"[36] से आद्युदात्त होने से नाम है और दूसरा कर्ता पद "धातोः"[37] सूत्र से अन्तोदात्त होने से तिङन्त है। महाभाष्यकार पतञ्जलि ने अनेक वैदिक पदों का अर्थ निर्धारण स्वरों के आधार पर ही किया है। *मैत्रायणीसंहिता* के "*पृषत्ती क्षुद्रपृषती स्थूलपृषती मैत्रावरुण्यः"*[38] पाठ में प्रयुक्त स्थूलपृषती के शब्दार्थ विषयक संदेह का निराकरण स्वर के आधार पर करते हुए पतञ्जलि ने कहा है- "यदि स्थूलपृषती का पूर्वपद प्रकृतिस्वर हो तो इस पद में बहुव्रीहि समास और यदि अन्तोदात्त हो तो तत्पुरुष समास होगा।"[39] अर्थात् यदि स्थूलपृषती में "*समासस्य*"[40] सूत्र से अन्तोदात्त हो तो "स्थूला चासौ पृषती च स्थू॒लपृ॒षती", ऐसा विग्रह होकर कर्मधारय तत्पुरुष समास होगा और सामानाधिकरण तत्पुरुष समास होने पर उत्तरपदप्रधानस्तत्पुरुषः के नियम से 'पृषती' (धब्बेवाली गाय) के अर्थ का प्राधान्य होगा। अतः स्थूल का सम्बन्ध पृषती (काले धब्बों वाली) अनड्वाही गौ से होगा, न कि पृषत् (काले धब्बों) के साथ। इस कारण अर्थ होगा-मोटी तथा काले धब्बोंवाली अनड्वाही। तात्पर्य यह है कि सामानाधिकरण तत्पुरुष होने पर स्थूल शब्द गौ की स्थूलता को बोधित करेगा। धब्बे छोटे हों या बड़े, इस की विवक्षा नहीं होगी। यदि अन्तोदात्त न होकर पूर्वपद प्रकृतिस्वर अर्थात् स्थू॒लपृ॑षती हो तो "*बहुव्रीहौ प्रकृत्या पूर्वपदम्*"[41] सूत्र से इस शब्द में बहुव्रीहि समास होकर "स्थूलानि पृषन्ति यस्याः सा" ऐसा विग्रह होने पर स्थूल

शब्द पृषत् अर्थात् धब्बों का विशेषण होगा और मोटे धब्बों वाली अनड्वाही अर्थ बोधित होगा। अनड्वाही कृश हो अथवा स्थूल, इसमें उसकी विवक्षा नहीं होगी। मैत्रायणीसंहिता में 'स्थूलपृषती' शब्द में पूर्वपद प्रकृतिस्वर है। अतः पूर्वपदप्रकृतिस्वर होने से यहां बहुव्रीहि समास है। इस प्रकार 'स्थूलपृषती' शब्द में स्वरभेद से समासभेद और समासभेद से अर्थभेद होता है।

वैदिक नियमानुसार यज्ञ के फलप्राप्ति के लिए यज्ञानुष्ठान में पूर्णतः शुद्ध मंत्रोच्चारण आवश्यक है। मंत्रपाठ में यदि स्वरोच्चारण में शिथिलता एवं अशुद्धता हो तो यज्ञ-फल बाधित हो जाता है और कभी-कभी तो विपरीत यज्ञ-फल भी प्राप्त हो जाता है। इन्द्रशत्रु आख्यायिका इसका प्रबल प्रमाण है। महाभाष्यकार और पाणिनीय शिक्षा के अनुसार जो शब्द अकारादि वर्णों और उदात्तादि स्वरों के नियम से विरुद्ध बोले जाते हैं वह मिथ्याप्रयुक्त होते हैं, क्योंकि जिस अर्थबोध के लिये उसका प्रयोग किया जाता है उस अर्थ को वह शब्द न प्रकट करके उससे विरुद्ध अर्थान्तर को कहता है। इसलिये उच्चरित ऐसा शब्द अभीष्ट अर्थ को नष्ट करने से वज्र के तुल्य वाणी होकर यजमान अर्थात् शब्दार्थ सम्बन्ध की सङ्गति करने वालें को ही उसी प्रकार नष्ट कर देता है जिस प्रकार स्वर दोष से युक्त इन्द्रशत्रु पद।[42] इस आख्यायिकानुसार त्वष्टा (असुर) ने अपने पुत्र वृत्र की वृद्धि हेतु जो यज्ञ किया, उसमें इन्द्र के द्वारा छद्म रूप में सम्मिलित ऋत्विजों ने अन्तोदात्त इन्द्रशत्रु पद के स्थान में आद्युदात्त इन्द्रशत्रु पद का प्रयोग कर दिया। "इन्द्रशत्रुः" शब्द का स्वरभेद से अर्थभेद हो जाता है। "इ॒न्द्र॒श॒त्रुः" पद का अन्तोदात्त उच्चारण होने पर इसमें तत्पुरुष समास होता है और इस पद का अर्थ होता है- इन्द्र का शत्रु वृत्र बढ़कर विजयी हो। किन्तु, जब "इन्द्रशत्रुः" का पूर्वपद प्रकृतिस्वर से आद्युदात्त स्वर उच्चारण होता है तब यहां बहुव्रीहि समास होता है और इसमें बहुव्रीहि होने से इन्द्र और शत्रु इन दोनों पदों के अतिरिक्त किसी अन्य पद के अर्थ का प्राधान्य होता है। *निरुक्त* के अनुसार शत्रु शब्द का अर्थ है- "*शान्त करने वा काटने वाला।*"[43] बहुव्रीहि समास में "इन्द्र जिसका शत्रु अर्थात् शान्त करने वा काटने वाला है ऐसा वृत्र" यह अन्य पदार्थ बोधित होता है। इस प्रकार अन्तोदात्त स्वर से उच्चारण करने से तत्पुरुष समास में इन्द्र का शत्रु अर्थात् वृत्र बढ़ता है और आद्युदात्त उच्चारण से बहुव्रीहि समास में "इन्द्र जिसका शत्रु अर्थात् मारने वाला है वह वृत्र" बढ़ता है। इस अर्थ का बोध होने से यज्ञफल रूप में इन्द्र जिसको मार देगा ऐसा वृत्र बढ़ने लगता है। अस्तु, स्वरहीन मंत्र के प्रयोग से त्वष्टा का नाश हो गया।

वेद शब्द भी स्वर की अपेक्षा से दो प्रकार का प्राप्त होता है- आद्युदात्त-वेद॒ और अन्तोदात्त वे॒द। "*वृषादीनां च*"[44] सूत्र से वृषादिगण में पठित वेद को आद्युदात्त अर्थात आदि वर्ण को उदात्त होता है। वृषादीगण आकृतिगण हैं। आद्युदात्त वेद शब्द ज्ञान का पर्याय है। यद्यपि सामान्य यौगिक अर्थ की अपेक्षा से "वेद" शब्द का प्रयोग ग्रन्थमात्र अर्थ में होना चाहिए। तथापि "पंकज" आदि शब्दों के समान श्रेष्ठतम आद्य ज्ञान के लिए आधारभूत ऋग्वेदादि कतिपय ग्रन्थों के लिए प्रायः वेद शब्द प्रयुक्त होता है, यह सर्वसम्मत सिद्धान्त हैं। दूसरा अन्तोदात्त वेद शब्द कुशाओं की मुष्टि (दर्भ मुष्टि) से निर्मित यज्ञीय उपकरण पदार्थ विशेष का वाचक है।अन्तोदात्त वेद शब्द "*उञ्छादीनां च*"[45]

सूत्र से उञ्छादीगण में स्थित है। उञ्छादी गणसूत्र में घञन्त करणवाची वेद शब्द को अन्तोदात्त कहा गया।

इसी प्रकार *माध्यन्दिनी संहिता* में उल्लिखित *"भ्रातृव्यस्य वधाय"*[46] में पठित भ्रातृव्यं पद अन्तस्वरित स्वर होने पर भतीजा और भ्रातृव्य आद्युदात्त होने पर शत्रु, इन दो भिन्न-भिन्न अर्थ का बोधक होता है। अन्त स्वरित भ्रातृव्यं शब्द "*भ्रातुर्व्यच्च*"[47] सूत्र से अपत्य अर्थ में व्यत् प्रत्यय होकर निष्पन्न होने पर भतीजा अर्थ का बोधक होता है। तित् प्रत्ययान्त होने से भ्रातृव्य पद का व्य "*तित् स्वरितम्*"[48] सूत्र से स्वरित हो जाता है। आद्युदात्त भ्रातृव्य पद "*व्यन्सपत्ने*"[49] सूत्र से भ्रातृ शब्द से सपत्ने(शत्रु) अर्थ में व्यन् प्रत्यय होने पर शत्रु अर्थ का बोधक होता है। "*ञ्नित्यादिर्नित्यम्*"[50] सूत्र से ञित् और नित् प्रत्ययान्त शब्द का आदि वर्ण नित्य ही उदात्त स्वर होता है। भ्रातृव्य नित् प्रत्ययान्त होने से आद्युदात्त होता है। माध्यन्दिन संहिता में उद्धृत भ्रातृव्य पद आद्युदात्त है अतः यहां भ्रातृव्य पद का अर्थ शत्रु है,न कि भतीजा। काण्व संहिता में इसके स्थान पर "*द्विषतः वधाय*"[51] पद प्रयुक्त हुआ है। इससे भी स्पष्ट है कि भ्रातृव्य पद शत्रु अर्थ में प्रयुक्त हुआ है।

वैदिक युग में यज्ञीय अनुष्ठानों में सम्पूर्ण मंत्रों का सस्वर पाठ किया जाता था। *शतपथ ब्राह्मण* में ऋषि सस्वर वाणी की कामना करते हुए कहते हैं- उस (उदात्तादि) स्वर से सम्पन्न वाणी वाला ऋत्विज ही यज्ञानुष्ठान का कर्म करें।[52] *नारदीय शिक्षा* के अनुसार यज्ञों में प्रयुक्त स्वरों और वर्णों से अशुद्ध मंत्र यजमान की आयु, प्रजा और पशु आदि को नष्ट कर देता है।[53] *वाक्यपदीयकार* आचार्य भर्तृहरि ने अनेकार्थक शब्दों के अर्थनियमन के हेतुओं में स्वर की भी गणना की है। उनके अनुसार अनेकार्थक शब्दों के विवक्षित अर्थबोध में स्वर भी उपादेय हैं।[54] *साहित्यदर्पणकार* आचार्य विश्वनाथ यद्यपि लौकिक संस्कृत साहित्य में स्वर को महत्वहीन मानते हैं किन्तु वेदार्थानुशीलन में स्वरों की उपयोगिता स्वीकार करते हैं।[55] इन उद्धरणों से स्पष्ट है कि वैदिक युग में यज्ञीयानुष्ठों में उदात्तादि स्वरों से युक्त ही मंत्रों का पाठ करना अभीष्ट था।

स्वरप्रयोग एवं स्वरपाठ की दृष्टि से वेद अद्वितीय ग्रंथ हैं। वर्तमान में भी वेदों में स्वरों का प्रयोग अविकृतावस्था में विद्यमान है। शाकल, माध्यन्दिन, काण्व और तैत्तिरीय संहिताओं से सम्बद्धित अनेक पाठ प्राप्त होते हैं किन्तु एक भी वास्तविक पाठान्तर उपलब्ध नहीं है। इस आधार पर, इन ग्रंथों के स्वरपाठ मूलस्वर पाठ स्वीकार किये जाते हैं, जिसमें कालान्तर में कोई विकार नहीं आया। न केवल, वैदिक ग्रंथों अपितु लौकिक संस्कृत के कतिपय ग्रंथों में भी स्वर का प्रयोग परिलक्षित होता है। पाणिनि ने *अष्टाध्यायी* में लौकिक शब्दों के स्वरों का नियम निर्धारित किया है। *निरुक्त*, *मनुस्मृति* और *पाणिनीय शिक्षा* में भी यत्र-तत्र स्वरचिह्न प्रयुक्त हुए हैं।

कालांतर में उदात्तादि वैदिक स्वरों का क्रमशः ह्रास होता गया। इसके लिए *अष्टाध्यायी* का पाणिनीय-क्रम के स्थान पर प्रक्रिया-क्रम से पठन-पाठन की प्रवृत्ति मुख्यरूप से उत्तरदायी है। पाणिनीय-क्रम से व्याकरण के अध्येता प्रकरणानुसार निर्दिष्ट स्वर की वैदिक प्रक्रिया के सूत्रों से स्वतः ही अवगत हो जाते थे किंतु उत्तरवर्ती वैयाकरणों ने स्वरशास्त्र को उपेक्षित करते हुए प्रक्रिया-ग्रंथों से

स्वरशास्त्र विषयक सूत्रों को प्रकरणों से हटा कर अन्त में संग्रहीत कर दिया। फलस्वरूप पाणिनीय व्याकरण में स्वरशास्त्र का पठन-पाठन क्षीण होता गया। इसके अतिरिक्त जीवनचर्या में परिवर्तन होने से सम्भवतः मनुष्य की वाक्इन्द्रिय अर्थात स्वरयंत्र काल के साथ विकृत होते गए होगें, जिसके कारण सूक्ष्मतम स्वरों के उच्चारण की शक्ति समाप्त होती गई। फलस्वरूप उदात्त, अनुदात्त और स्वरित- इन तीन मुख्य स्वरों का भी लोप हो गया और लौकिक संस्कृत में एकश्रुति स्वर ही शेष रहा। स्वरों का लोप वैदिक ग्रंथों में भी हुआ। वर्तमान में *ताण्ड्य ब्राह्मण* में स्वर चिह्न प्राप्त नहीं होते हैं। इसी कारण भाषिक सूत्र *शतपथ ब्राह्मण* के समान ही *ताण्ड्य* आदि में स्वर हो[56], इस नियम का निर्देश करते हैं। *शतपथ ब्राह्मण* में भाषिक स्वर होता है। इसमें लौकिक संस्कृत के समान उदात्त और अनुदात्त दो ही स्वर माने जाते है। उदात्तादि स्वर के उच्चारण का लोप वैदिक शाखाओं, श्रौत्रसूत्रों और प्रातिशाख्यों के प्रवचन काल के पूर्व ही हो गया था। इसी कारण यज्ञ में *शांखायान*, *आश्वलायन* और *कात्यायन* आदि श्रौत्रसूत्रों के कतिपय विशिष्ट मंत्रों को छोड़कर अन्य मंत्रों का एकश्रुति से उच्चारण करने का निर्देश किया गया है[57] क्योंकि उस काल तक मंत्रों के सस्वर पाठ करने की योग्यता वाले ऋत्विज नगण्य हो गए होंगे।अतः पाणिनि ने वेद मंत्रों के सामान्य उच्चारण करने में उदात्तादि स्वरों को विकल्प से एकश्रुति स्वर में उच्चारण करने का निर्देश किया है।[58] आचार्य कात्यायन ने भी उदात्तादि स्वरों को हस्त के संचालन द्वारा प्रदर्शित करने का निर्देश किया है।[59] *याज्ञवल्क्य शिक्षा* में हस्तचालन की सम्पूर्ण विधि प्रतिपादित की गई है। *नारद शिक्षा* में सामगान के सप्तस्वरों को गात्र-वीणा द्वारा प्रदर्शित का विधान किया गया है।[60] इन प्रमाणों से स्पष्ट है कि कालान्तर में क्रमशः सस्वर वैदिक मंत्रोच्चारण शिथिल होता गया।अतएव वैदिक मनीषी स्वर की रक्षा के लिए एकश्रुति एवं हस्तचालन द्वारा स्वरों के उच्चारण की परम्परा को अक्षुण्ण रखने में तत्पर रहें।

निष्कर्ष- वैदिक मंत्रों के वास्तविक अर्थ के अवबोध में व्याकरण और निरुक्त के समान ही स्वर की उपादेयता सर्वसिद्ध है। अनेकार्थक शब्दों के प्रकरणानुसार विवक्षित अर्थ को निर्धारित करने में स्वर की प्रयोजनीयता को अस्वीकार नहीं किया जा सकता है। "*स्वर ज्ञान के बिना न केवल मंत्र का वास्तविक अभिप्राय ही अज्ञात रहता है अपितु स्वरशास्त्र की उपेक्षा से अनेक स्थानों में अर्थ का अनर्थ हो जाता है।*"[61]यहउद्घोषणा वैदिक वाङ्मय में स्वर की उपादेयता को द्योतित करती है।अस्तु, वेदार्थानुशीलन के लिए स्वर का प्रक्रियागत ज्ञान अनिवार्य है।

सन्दर्भ-

[1]स्वरानुक्रमणी, 1.8 : अन्धकारे दीपिकाभिर्गच्छन्नस्खलित क्वचित्। एवं स्वरैः प्रणीतानां भवन्त्यर्थाः स्फुटा इति।।

[2] पं० युधिष्ठिर मीमांसक- वैदिक-स्वर-मीमांसा, पृ०सं०1

[3] ऋग्वेद,8.72.7 : अधिं स्वरे

[4] वही,सायण भाष्य : स्वरोपेते शब्दवति।

[5] ताण्ड्य ब्राह्मण, 7.1.10 एवं 17.12.2 : प्राणःस्वरः। वही, 24.11.9 : प्राणो वै स्वरः।

[6] गोपथ ब्राह्मण,1.5.14 : एष है वै सूर्यो भूत्वात्वऽ मुष्मिन् लोके स्वरति।

[7] वहीं, 1.5.14 : यदाह स्वरोऽसीति सोमं वा एतदाह।

[8] वही, 2.3.22 एवं 2.4.2 : पशवः स्वरः।

[9] षड्विंश ब्राह्मण, 3.7 : प्रजापतिः स्वरः।

[10] शतपथ ब्राह्मण, 11.4.2.10 : श्रीर्वै स्वरः।

[11] वही, 14.4.1.27 : तस्माद्यज्ञे स्वरवन्तं दिदृक्षन्त एव।

[12] अष्टाध्यायी, 3.3-118

[13] महाभाष्य, 1.2.29 : स्वयं राजन्तं इति स्वराः।

[14] अमरकोश, 1.6.4 : स्वर्यन्तेऽर्था एभिः।

[15] पाणिनीय शिक्षा, 3.8 : विवृतकरणः स्वराः।

[16] शाबर भाष्य, 9.3.30 : इह केचित् तैस्वर्येण समाम्नायन्ते, केचिच्चातुः स्वर्येण।

[17] नारद शिक्षा, 1.7.19 : उदात्तश्चानुदात्तश्च स्वरितप्रचिते तथा। निघातश्चेति विज्ञेयः स्वरभेदस्तु पञ्चमः।

[18] महाभाष्य, 1.2.33 : सप्त स्वरा भवन्ति - उदात्तः उदात्ततरः अनुदात्तः अनुदात्ततरः स्वरितः स्वरिते य उदात्तः सोऽन्येन विशिष्टः एकश्रुतिः सप्तमः।

[19] नारद शिक्षा, 1.2.4 : षड्जश्च ऋषभश्चैवः गान्धारो मध्यमस्तथा। पञ्चमो धैवतश्चैव निषादः सप्तमः स्वरः ।।

[20] अष्टाध्यायी, 6.1.158 : अनुदात्तं पदमेकवर्जम्।

[21] वही, 8.4.66 : उदात्तादनुदात्तस्य स्वरितः।

[22] वही, 1.2.29 : स्वरितात् संहितायामनुदात्तानाम्।

[23] ऋग्वेद, 7.49.1

[24] यजु०माध्यन्दिनी,1.1.1

[25] शतपथ ब्राह्मण,माध्य० 1.7.1.2

[26] ऋग्वेद, 1.1.1

[27] ऋग्वेद,1.1.1 का काश्मीर पाठ

[28] यजुर्वेद माध्यन्दिनी, 1.1.1

[29] मैत्रायणी संहिता, 1.1.1

[30] अष्टाध्यायी, 1.2.29, वाजसनेयी प्रातिशाख्य,1.108 एवं तैत्तिरीय प्रातिशाख्य, 1.38 : उच्चैरुदात्तः।

[31] अष्टाध्यायी, 1.2.30,वाजसनेयी प्रातिशाख्य,1.109, एवं तैत्तिरीय प्रातिशाख्य, 1.39 : नीचैरनुदात्तः।

[32]अष्टाध्यायी, 1.2.31,वाजसनेयी प्रातिशाख्य, 1.110, एवं तैत्तिरीय प्रातिशाख्य, 1.40 : समाहारः स्वरितः।

[33] महाभाष्य,1.2.29

[34] काशिका, 1.2.33 : स्वराणामुदात्तादीनामविभागोऽभेदस्तिरोधानमेकश्रुतिः।

[35] स्वरानुक्रमणी, उपोद्घात : नामाख्यातविभागश्च स्वरादेवावगम्यते।

[36] अष्टाध्यायी, 3.1.3

[37] वही, 6.1.157

[38] मैत्रायणीसंहिता, 3.13.3

[39] महाभाष्य पास्पह्निक : यदि पूर्वपदप्रकृतिस्वरत्वं ततो बहुव्रीहिः अथान्तोदात्तत्वं ततस्तत्पुरुषः इति।

[40] अष्टाध्यायी, 6.1.218

[41] वही, 6.2.1

[42] महाभाष्य,1.1.1 : दुष्टः शब्दः स्वरतो वर्णतो वा मिथ्या प्रयुक्तो न तमर्थमाह। स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात।। पाणिनीय शिक्षा, 52 : मंत्रो हीनः स्वरतो वर्णतो वा मिथ्या प्रयुक्तो न तमर्थमाह। स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात्।।

[43] निरुक्त, प्रथम अध्याय : इन्द्रोऽस्थ शमयिता वा शातयिता वा।

[44] अष्टाध्यायी, 6.1.197

[45] वही, 6.1.154

[46] माध्यन्दिनी संहिता,1.18

[47] अष्टाध्यायी, 1.1.144

[48] वही, 6.1.179

[49] वही, 4.1.115

[50] वही, 6.1.191

[51] काण्व संहिता, 1.29

[52] शतपथ ब्राह्मण,14.4.1.27 : वाचि स्वरमिच्छेत । तया स्वरसम्पन्नयाऽऽर्विज्यं कुर्यात्।

[53] नारद शिक्षा, 1.6 : प्रहीणः स्वरवर्णाभ्यां यो वै मन्त्रः प्रयुज्यते। यज्ञेषु यजमानस्य रुषत्यायुः प्रजां पशून्॥

[54] वाक्यपदीय, 2.315-16

[55] साहित्यदर्पण, तृतीय परिच्छेद : स्वरस्तु वेद एव विशेषप्रतीतिकृत्।

[56] भाषिक सूत्र, 3.15 : शतपथवत् ताण्डिभाल्लविनां स्वरः।

[57] शांखायान,1.1, आश्वलायन,1.2 और कात्यायन,1.8.19

[58] अष्टाध्यायी,1.2.36 : विभाषा छन्दसि।

[59] वाजसनेयी प्रातिशाख्य 1.121 : हस्तेन च।

[60] नारद शिक्षा, कण्डिका 6

[61] वैदिक स्वर मीमांसा - पं० युधिष्ठिर मीमांसक, पृष्ठ संख्या-04

कालिदास के साहित्य में संवेदना विमर्श

• डॉ. कुलदीपक शुक्ल*

शोधसार- किसी के सुख-दुख, कष्ट या हानि को देख कर मन में उत्पन्न भाव या सहानुभूति ही संवेदना है। संवेदना शब्द सम् उपसर्ग पूर्वक विद्ज्ञाने धातु से ल्युट् तथा टाप् प्रत्यय होकर निस्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ है 'तीव्र अनुभूति'। इसी अनुभूति के चितेरे कवि दीपशिखा उपाधि से अलंकृत महाकवि कालिदास का काव्य भी संवेदनाओं के शिखर पर आरुढ़ सा दिखाई देता है। वैसे तो महाकवि कालिदास प्रकृति चित्रण एवं उपमा के सिद्धहस्त कवि हैं, उनकी कृतियों में तप को भव्यता प्रदान की गई है। पुनरपि संवेदनाओं के चित्रण में भी वह श्रेष्ठ हैं,अग्रगण्य है। जिसकी प्रत्यक्ष अनुभूति हमें उनके काव्य में होती है। कवि का कर्म काव्य कहलाता है और वह काव्य ही क्या जो संवेदना का उत्स ना हो। कालिदास की कवि चेतना ने चिंतन की समग्र वैज्ञानिक परम्परा को आत्मसत् किया।

बीजशब्द - सम्वेदना- सहानुभूति/सहभावना, उत्स- श्रोत/उद्गमस्थल, दर्भ- कुश, आर्त-पीडित, त्राण- रक्षा, व्रण- घाव, पुत्रक्रतक- दत्तकपुत्र।

प्रकृति के साथ कालिदास का सम्बन्ध साक्षात् ही नहीं अपितु संवेदना पूर्ण भी था जिससे सम्पूर्ण विश्व को शिक्षा मिलती है कि सृष्टि रचना मात्र मनुष्य जाति के लिए नहीं अपितु विश्व के समस्त प्राणियों के लिए है। अतः हमें जीवन के समग्र रूपों के प्रति संवेदना विकसित करनी चाहिए। कालिदास ने अपनी कृतियों में सौंदर्य की पराकाष्ठा के साथ ही साथ सामान्य से लेकर विशिष्ट व्यक्तित्व में प्रेम- वासना, इच्छा-आकांक्षा, दुख-दर्द, स्वप्न-आशा, श्रद्धा-विश्वास, आदि को देखा और उसे समग्रता के साथ प्रस्तुत किया। आपकी रचनाओं में मानव मन की क्षणभंगुरमनःस्थितियों की विशेष प्रस्तुति है, वे सामंजस्य एवं शालीनता के उपासक हैं, सदाचार के आचार्य हैं। वे स्वाभाविक अत्यंत सहजभाव में ही किसी भी जाति के जीव के प्रति हमारी संवेदना जोड़ देते हैं। वह मानव के सभी प्रकार के दुखों, आकांक्षाओं, छोटी-छोटी खुशियों, और अनंत आशाओं को भलीभांति जानते हैं। आपके साहित्य महाकाव्य, खंडकाव्य, नाटक सर्वत्र संवेदना से

*सहायक आचार्य, संस्कृत एवं प्राकृत भाषा विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर उ0प्र0

तात्पर्य दूसरों की वेदना के अनुभूति के यथार्थ चित्रण से है। आप तो काव्य को अनुभूतियों से भरा हुआ मानते हैं। जिसके मूल में संवेदना का सार अंतर्निहित है। कवि वही है जिसका हृदय अंतर से संवेदना से प्लावित हो। इसीलिए कालिदास ने महर्षि वाल्मीकि को सर्वत्र कवि कहकर संबोधित किया। क्रीडारतक्रौंच युगल को निषाद द्वारा आहत देखकर वाल्मीकि का संवेदनायुक्त हृदय शोक संतप्त हो श्लोक में परिणत हो जाता है। और वही ऋषि जब भागीरथी के तट पर देवी सीता को कुररी के समान रोते हुए देखते हैं तो उनका चित्त वेदना से द्रवित हो उठता है। पास के पशु पक्षी वृक्ष लताएं भी उनके करुण क्रंदन को सुनकर शोकातुर हो व्याकुल सी दिखाई पड़ती है। क्योंकि मयूरों ने नाचना बंद कर दिया, वृक्ष कुसुम रूपी अश्रु गिराने लगे और हरिणियों ने मुंह से ग्रास उगल दिए –

नृत्यं मयूराः कुसुमानि वृक्षाः दर्भानुपात्तान्विजहुर्हरिण्यः।
तस्याः प्रपन्ने समदुःखभावमत्यन्तमासीद्रुदितं वने$पि।।[1]

वेदना का यह कैसा मर्म है? जो मर्मांतक कवि को पुनः अभिज्ञान शाकुंतलम् के चतुर्थ अंक में यह कहने के लिए विवश करता है–

उद्गीर्णदर्भकवलामृगी परित्यक्तनर्तनामयूरी।
अपसृतपाण्डुपत्रा मुञ्चन्ति अश्रु इव लताः।।[2]

शकुन्तला प्रकृति की कन्या है। जब उसे उसकी अमानुषी माँ मेनका ने त्याग दिया तो आकाशगामी पक्षियों ने उसे उठाया और तब उसका पालन-पोषण महर्षि कण्व ने किया। शकुन्तला ने पौधों को सींचा, उन्हें अपने साथ-साथ बढ़ते देखा और जब उनके ऊपर फल-फूल आए तो ऐसे अवसरों को उसने उत्सवों की भांति मनाया। शकुन्तला के विवाह के अवसर पर वृक्षों ने उपहार दिए, वनदेवियों ने पुष्प-वर्षा की, कोयलों ने प्रसन्नता के गीत गाए। शकुन्तला की विदाई के समय आश्रम दुःख से भर उठा। मृगों के मुख से चारा छूट कर गिर पड़ा, मयूरों का नृत्य रुक गया और लताओं ने अपने पत्रों के रूप में अश्रु गिराए। शाकुन्तलम् में तपस्वी राजा से कहता है : 'आपके शस्त्र त्रस्त और पीड़ितों की रक्षा के लिए हैं न कि निर्दोषों पर प्रहार के लिए-

आश्रम मृगोऽयम् न हन्तव्यो न हन्तव्यः
आर्तत्राणाय वः शस्त्रम् न प्रहर्तुमनागसि।।[3]

रघुवंश में अश्वमेध सभा में लव कुश रामचरित का गायन करते हैं तो उस स्वर को सुनकर जनसभा के नेत्रों से अश्रुधारा प्रवाहित होने लगती है। वह सभा तो चेतन मनुष्यों की थी किंतु महाकवि कालिदास द्वारा लिखे गए अज विलाप को सुनकर तो अचेतन वस्तुएं भी अश्रुपूरित दिखाई पड़ती है-

बिलपन्नितिकोशलाधिपः करुणार्थग्रथितं प्रियां प्रति।
अकरोत्पृथिवीरुहानपि स्रुतशाखारसबाष्पदूषितम्।।[4]

जड़ वस्तुओं वृक्षों-वनस्पतियों की ही यह अनुभूति है जो अकस्मात इंदुमती की मृत्यु पर रक्ताशोक भी कुसुमाश्रुओं को गिरा कर शोक प्रकट कर रहा है-

स्मरतेवसशब्दनूपुरं चरणानुग्रहमन्यदुर्लभम्।
अमुना कुसुमाश्रुवर्षिणा त्वमशोकेन सुगात्रि! शोच्यसे।।[5]

कुमारसंभव महाकाव्य में शिव की क्रोधाग्नि से भस्म कामदेव की भस्मावस्था देख जब रति अत्यंत विलाप करने लगती है तो उस समय आसपास की वनस्थली भी उस के माध्यम से शोकाकुल हो उती है-

अथ सा पुनरेवविह्वला वसुधालिंगनधूसरस्तनी।
विललाप विकीर्णमूर्धजा समदुःखानिवकुर्वतीस्थलीम्।।[6]

प्रियतम के न रहने से उत्पन्न दुख तो स्त्रियों के लिए असह्य होता ही है किंतु प्रियजनों की उपस्थिति उस दुख आवेग को और अधिक उद्दीप्त कर देती है। कामदेव के मित्र वसंत को आया देखकर रति का दुख अत्यधिक बढ़ जाता है। और वह अपने वक्षस्थल को पीट-पीटकर करुण क्रंदन करने लगती है-

तमेवक्ष्यरुरोदभृशं स्तनसंबाधमुरोजघान च।
स्वजनस्य हि दुःखमग्रतो निवृतद्वारमिवोपजायते।।[7]

महाकवि कालिदास प्रणीत मेघदूत में नदियों, पर्वतों, वनो तथा वृक्षों आदि से संवेदन प्रवणता का भाव अछूता नहीं है। कुबेर द्वारा शापित यक्ष के प्रति संवेदना की अनुभूति तो जैसे स्वयं कालिदास की अपनी व्यथा व्यक्त की हो। रामगिरि पर्वत पर जिस समय आषाढ़ के प्रथम दिवस पर मेघ को देखता है तो उसका बिरह उदीप्त होता है और वह का कामार्त होकर चेतन अचेतन का विवेक करना ही विस्मृत कर जाता है और मेघ को दूत बनाकर अपनी प्रियतमा के पास संदेश भेजने के लिए उससे अनेक विध याचना एवं सम्मान पूर्वक निवेदन करता है। स्वप्न में अपनी प्रियतमा को स्पर्श करने हेतु जब वह अपने दोनों हांथों को आगे बढ़ाता है तो उसकी वियोगावस्था देखकर वनदेवियों का ह्रदय दयार्द्र हो जाता है तब उनके मोतियों सदृश अश्रु वृक्षों के किसलयों पर गिरा देती है-

मामाकाशप्रणिहितभुजं निर्दयाश्लेषहेतो
र्लब्धायास्ते कथमपि मयास्वप्नसंन्दर्शनेषु।
पश्यन्तीनां न खलुबहुशो न स्थलीदेवतानां
मुक्तास्थूलास्तरुकिसलयेष्वश्रुलेशाः पतन्ति।।[8]

कालिदास की नायिकाएं व समस्त स्त्री पात्र नायक हो या अन्य पुरुष पात्रों की अपेक्षा अधिक संवेदनशील हैं। पुरुष पात्रों की संवेदना सतही है तथा स्त्रियों की संवेदना अंतरतम की प्रतीत होती है। मालविकाग्निमित्रम् में रानी को धारिणी कहा गया है क्योंकि वह सब कुछ सहन करती रहती है। विश्वव्यापी वेदना का जितना मार्मिक वर्णन कालिदास ने शाकुंतलम के चतुर्थ अंक में

किया है वह विश्व साहित्य में दुर्लभ है।शकुन्तला का लता वृक्षों के प्रति सहोदर भगिनी के समान स्नेह प्रदर्शित करता - **'तात लताभगिनीं वनज्योत्सनां तावदामन्त्रयिष्ये'**[9]

इतना ही नहीं पतिगृह जाती हुई शकुन्तला के परस्पर संवेदना भाव को प्रदर्शित करता हुआ हरिण शावक उसके गमन का प्रतिकार करता है। और उसके वस्त्र को पीछे से पकड़ कर के खींचता है क्योंकि शकुन्तला ने उसके मुख के घाव को इंगुदी का तेल लगा लगा कर के ठीक किया था-

यस्य त्वया व्रणविरोपणमिंगुदीनां,
तैलं न्यषिच्यत मुखकुशसूचिविद्धे।
श्यामाकमुष्टिपरिवर्धितको जहाति
सोऽयं न पुत्रकृतकः पदवीं मृगस्ते।।[10]

वनवासी तपस्वी ऋषि कण्व को शकुन्तला के अनिष्ट निवारण हेतु सोमतीर्थ जाना तथा विदाई के समय जो अनुभूति होती है उसका चित्रण विचित्र ही दिखाई देता है-

यास्यत्यद्यशकुन्तलेतिहृदयं संस्पृष्टमुत्कण्ठया,
कण्ठः स्तम्भितवाष्पवृत्तिकलुषश्चिन्ताजडं दर्शनम्।
वैक्लब्यं मम तावदीदृशमिदं स्नेहादरण्यौकसः
पीड्यन्ते गृहिणः कथं नु तनया विश्लेषदुःखैर्नवैः।।[11]

महर्षि कण्व की हृदय की व्यथा का जिस प्रकार सजीव वर्णन कालिदास ने उपरोक्त श्लोक में किया है वह स्वयं संवेदना का उत्कृष्ट उदाहरण है। सामाजिक वातावरण में जीवन यापन करने वाले गृहस्थी के लोगों का इतना सुंदर और सजीव वर्णन किया है। जिसका ज्ञान अनुभूति से दूर रहकर कल्पना मात्र के द्वारा होना असंभव है। कालिदास की समस्त अतिथियों में वर्णन क्षमताओं के अतिरिक्त किसी अन्य कवि में ऐसी क्षमता नहीं दिखाई देती है कालिदास एक ऐसे सूक्ष्म संवेदना वैज्ञानिक है जिन्होंने संवेदनाओं के उन गुह्यतम रहस्यों का भी सजीव चित्रण किया है जिन पर सर्वसाधारण की दृष्टि तक नहीं जा पाती। ससुराल जाते समय पुत्री को पिता का उपदेश उसकी संवेदना मात्र ही प्रकट करता है।इतना ही नहीं उसकी प्रिय सखियां शकुंतला के प्रति इतनी संवेदनशील हैं शकुंतला से ही दुर्वासा का शाप छुपा लेती हैं, आश्रम की लताएं, वहां के पशु-पक्षी सभी संवेदना का संदेश समाज के समक्ष स्वस्थ रूप में रखते हैं। शाकुन्तलम् का संपूर्ण चतुर्थ अंक विश्व की कोई ऐसी संवेदना नहीं है जो प्रकट करता हुआ दिखाई न देता हो।

विदाई के समय शकुन्तलाचकवी के माध्यम से स्वयं की संवेदना व्यक्त करती सी दिखाई देती है तथा अनसूया उसकी सम्वेदना की साक्षी बनाकर उसे साहस देती है –

नलिनी पत्रान्तरितमपि सहचरमपश्यन्त्यातुराचक्रवाक्यारटति – " दुष्करमहं करोमीति'।
अनसूया – सखि! मैवं मन्त्रयस्व।
एषापि प्रियेण विना गमयति रजनीं विषाददीर्घतराम।
गुर्वीपि विरहदुःखमाशाबन्धः साहयति।।[12]

पंचम अंक में वैतालिक एक राजा की परिस्थिति में समझकर उसके संवेदना व्यक्त करते हुए कहता है –

स्वसुखनिरभिलाषः खिद्यसे लोकहेतोः, प्रतिदिनमथवा ते सृष्टिरेवं विधैव।
अनुभवति हि मूर्ध्ना पादपस्तीव्रमुष्णं शममति परितापं छायया संश्रितानां।।[13]

तथा आगे कहता है कि राजा का राज - दण्ड धारण करके विमार्ग गामियों को नियंत्रित करना, विवादों को शांत करन, रक्षा के लिए तैयार रहना, संपत्ति होने पर भाई-बन्धुओं में अच्छी तरह से बंटवारा करकेबन्धु कार्य पूर्ण करना बिना संवेदना के संभव नहीं है। दुष्यंत की राजा के रूप में संवेदनशीलता तब अपना चरम रूप लेती है जब कञ्चुकी उसे कण्व के आश्रम से आए हुए तपस्वियों के आने की सूचना देता है। सूचना प्राप्त होते ही राजा एकदम से खड़ा हो जाता है और कहता है क्या तपस्या धारण किए हुए व्यक्तियों का तप विघ्नों से दूषित हुआ है? क्या तपोवन में रहने वाले प्राणियों के प्रति किसी ने अनुचित आचरण किया है? अथवा मेरे परिचितों ने लताओं का फूलना फलना रोक दिया है? मेरा मन बहुत व्याकुल हो रहा है।[14]

कालिदास प्रकृति को मूक चेतनाशून्य अथवा निष्प्राण नहीं मानते है। मानव की भाँति उनमें भी संवेदना का भाव दिखलाई देता है। मालविकाग्निमित्रम् नाटक में नायिका मालविका के न मिलने पर प्रकृति के द्वारा अग्निमित्र के दुख को बांटते हुए संवेदनशील देखा जा सकता है-

उन्मत्तानां श्रवणसुभगैः कूजितैः कोकिलानां
सानुक्रोशं मनसिजरुजः सह्यतां पृच्छतेव।
अङ्.गे चूतप्रसवसुरभिर्दक्षिणो मारुतो मे,
सान्द्रस्पर्शः करतल इवव्यापृतो माधवेन।।[15]

प्रकृति अग्निमित्र को के दुखों को देखकर किस किस प्रकार संतोष देती है राजा वायु के स्पर्श मात्र से सुख का अनुभव करते हुए कहता है कि आम्र मंजरी से सुवासित यह मलय वायु मेरे अंगों को ऐसे स्पर्श कर रहा है मानो स्वयं बसन्त अपने कोमल और प्रेमासिक्त हाथ से मुझे स्पर्श का आनंद प्रदान करता है। तथा कोयल की मधुर ध्वनि मुझे सहानुभूति में कह रही हो कि हो सके तो अपनी इस कामप्रदीप्तविरहव्यथा को सहन करो ।

अतः हम कह सकते हैं कि रामायण और महाभारत जैसे आर्ष महाकाव्यों की रचना के पश्चात संस्कृत साहित्याकाश में अनेक कवि-नक्षत्रों ने अपनी प्रभा प्रकीर्णित कर प्राणिमात्र की संवेदना समेटने का भगीरथ प्रयास किया, पर नक्षत्र-तारा-ग्रहसंकुला होते हुए भी कालिदास रूपी चन्द्रमा द्वारा ही भारतीय साहित्य की परम्परा सचमुच मनोवैज्ञानिक कही जा सकती है। माधुर्य और प्रसाद का परम परिपाक, भाव की गम्भीरता तथा रसनिर्झरिणी का अमन्द प्रवाह, प्रदों की स्निग्धता और वैदिक काव्यपरम्परा की महनीयता के साथ-साथ आर्ष काव्य की जीवनदृष्टि और गौरव इन सबका ललित सन्निवेश कालिदास की कविता में हुआ है। कालिदास विश्ववन्द्य कवि हैं। उनकी कविता के स्वर देशकाल की परिधि को लाँघ कर सार्वभौम बन कर गूंजते रहे हैं। इसके साथ ही वे

इस देश की धरती से गहरे अनुराग को पूरी संवेदना के साथ व्यक्त करने वाले कवियों में भी अग्रगण्य हैं, मनोचिकित्सक हैं।

सन्दर्भ -

[1]रघुवंशम्14/69

[2]अभिज्ञानशाकुन्तलम् 4/11

[3]वही 1/11

[4]रघुवंशम् 8/70

[5]वही8/63

[6]कुमारसम्भवम् 5/5

[7]वही 4/26

[8]मेघदूतमउत्तरमेघ 43

[9]अभिज्ञानशाकुन्तलम् 4/14 के पूर्व का गद्यभाग

[10]वही 4/14

[11]वही 4/1

[12]वही 4/17 का परभाग

[13]वही 5/6

[14]वही 5/10

[15]मालविकाग्निमित्रम् 3/5

ऋग्वेदीय रहस्यात्मक प्रहेलिकाएँ : एक दृष्टि

• डॉ. देवेन्द्र पाल*

शोधसार -ऋग्वेद में कुछ विशिष्टप्रकार के विशिष्ट शैली में रचित मन्त्र प्राप्त होते हैं जिन्हें विद्वानों ने 'प्रहेलिका' संज्ञा दी है। ये प्रहेलिकायें ऋग्वेद में कहीं तो पूरे सूक्त में और कहीं पर केवल कुछ मन्त्रों में ही प्राप्य हैं। यह विशिष्ट प्रकार के मन्त्र गूढ़ रहस्यों को उद्घाटितकरने वाले हैं लेकिन इन प्रहेलिकाओं का वास्तविक अर्थ समझ पाना इतना सरल भी नहीं है क्योंकि सायण जैसा दुर्धर्ष विद्वान् भी 'अस्यवामीय सूक्त' के एक ही प्रहेलिका का कभी अधिदैवत पक्ष से कभी अधियाज्ञिक पक्ष से समाधान करते हुए कहता है कि इसका समाधान अध्यात्मपक्ष में भी हो सकता है। ये प्रहेलिकायें ऋग्वेद की अनुपम भेंट हैं जो विशिष्ट वैज्ञानिक अर्थों की संवाहिका के रूप में हमारे सम्मुख प्रस्तुत होती हैं। इन प्रहेलिकाओं पर और शोध की आवश्यकता जान पड़ती है जिससे वेद के वास्तविक अर्थों की परतें खुल सकें।

बीजशब्द – प्रहेलिका, स्वधावान्संवत्सर, देवजिह्व, ब्राह्मण, वैद्युताग्नि, क्रान्तदर्शी।

ऋग्वैदिक ऋषि जब सारस्वत मण्डल के सूक्तों से आगे जाने लगा तो उसकी भाषा और उसके मन्त्रों में कुछ विविध प्रकार के परिवर्तन दृष्टिगोचर होने लगे, भाषा में जहाँ रेफ के स्थान पर लकार की सत्ता स्थापित होने लगी और 'हेऽरयः', 'हेऽलयः' बनने लगा, वहीं सूक्तों के मन्त्र प्रायः जटिल एवं केवल विदग्धजनों के बुद्धि द्वारा आत्मसात् करने योग्य रह गये। इस प्रकार के मन्त्र वाक्जाल के रूप में हमारे सम्मुख प्रस्तुत होते हैं और उन्हें आधुनिक विद्वानों द्वारा 'प्रहेलिका' संज्ञा दी गयी। वास्तव में इस तरह के मन्त्रों के सम्यक् निरीक्षण से ज्ञात होता है कि ये मन्त्र किसी गूढ़ रहस्य को उद्घाटित करने वाले हैं, और इन्हीं रहस्यों को उद्घाटित करने का प्रयास अनेक वैदिक विद्वानों ने किया भी है और वे अपने उद्देश्यों में बहुत सीमा तक सफल भी हुए हैं।

ऋग्वेदीय प्रहेलिकाओं के समाधान इतने सरल भी नहीं हैं इसीलिए सायण जैसा दुर्धर्ष विद्वान् भी 'अस्यवामीय' सूक्त के एक ही प्रहेलिका का कभी 'अधिदैवत' पक्ष से कभी 'अधियाज्ञिक' पक्ष से समाधान तो करता है लेकिन वह कहता है कि इसका समाधान 'अध्यात्म'

*सहायक आचार्य, संस्कृत एवं प्राकृत भाषा विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

पक्ष में भी हो सकता है - **एवमुत्तरत्रापि अध्यात्मपरतया योजयितुं शक्यम् तथापि स्वरसत्वाभावात् ग्रन्थविस्तरभयाच्च न लिख्यते।।** [1]

ऋग्वेदीय प्रहेलिकायें प्रायः असम्भववर्णात्मक अथवा श्लेषात्मक हैं। प्रमुख ऋग्वेदीय प्रहेलिकाओं को अधोलिखित रूप में देखा जा सकता है - प्रथम मण्डल में एक प्रहेलिका का स्वरूप इस प्रकार से है -

द्वे विरूपे चरतः स्वर्थे अन्यान्या वत्समुप धापयेते।
हरिरन्यस्यां भवति स्वधावाँ छुक्रो अन्यस्यां दद्दशे सुवर्चाः।।[2]

अर्थात् दो विभिन्न स्वरूपों वाली कृष्ण-गौर वर्णी माताएं हैं, वे शोभन उद्देश्य के साथ आवागमन करती हैं, एक दूसरे के शिशु को दूध पिलाती हैं, गौर वर्णी माता का पुत्र हरि है जो कृष्ण वर्णी माता में स्वधावान् होता है, कृष्णा माता का पुत्र सुवर्चा शुक्र है जो गौर-वर्णीं माता में स्वधावान् (अन्नवान्) होता है।

वास्तव में प्रहेलिका की दृष्टि से विचार किया जाये तो दिन तथा रात्रि, अग्नि तथा सूर्य की माता ही हैं उसमें रात्रि का पुत्र सूर्य ही है, रात्रि उसे जन्म देकर दिन या द्यौ को सौंप देती है, जो उसे स्वधावान् बनाती है। गौर वर्णी माता (दिन) का पुत्र अग्नि है जिसे वह रात्रि को सौंप देती है और रात्रि रूपी माता उसे स्वधावान् या अन्नवान् बनाती है।

दिन में सूर्य का प्रकाश होता है तथा रात्रि में अग्नि प्रज्ज्वलित होती ही है इसी बात को उपर्युक्त प्रहेलिका के माध्यम से काव्यात्मक ढंग से कहा गया है।

एक प्रकृतिवादी प्रहेलिका का सुन्दर उदाहरण द्रष्टव्य है -

दशेमं त्वष्टुर्जनयन्त गर्भमतन्द्रासो युवतयो विभृत्रम्।
तिग्मानीकं स्वयशसं जनेषु विरोचमानं परिषीं नयन्ति।।[3]

अर्थात् तन्द्रारहित दश युवतियाँ अपने पति त्वष्टा द्वारा गर्भस्थ एक पुत्र को जन्म देती हैं। तेजवान मुख वाले उस यशस्वी पुत्र को माताएं जन-जन के पास ले जाती हैं।

आचार्य सायण महोदयानुसार यहाँ पर दश युवतियाँ प्राच्यादि दश दिक् स्वरूप हैं, त्वष्टा अन्तरिक्ष स्थानीय दीप्तवायु है, जिसके द्वारा दिशाओं के मेघरूपी उदर में गर्भ स्थापित होता है, जिससे वे दिशायें वैद्युताग्नि-पुत्र को जन्म देती हैं।

इसी प्रहेलिका का यज्ञीय दृष्टि से भी सायण व्याख्या देते हुए विचार करते हैं कि यजमान की दश अंगुलियाँ ही दश युवतियां हैं, त्वष्टा वायु स्वरूप हैं, अंगुलियाँ ही अरणिमन्थन करके वायु की सहायता से यज्ञाग्नि रूप पुत्र को जन्म देती हैं।[4]

यदि ध्यान से देखा जाय तो ये प्रहेलिका गूढ़ रहस्यात्मक प्रतीत होती है एवं वैदिक ऋषियों की अप्रतिम मेधा का साक्षात्कार कराती है क्योंकि इस तरह का चिन्तन सामान्य जन के पहुँच से सर्वथा दूर जान पड़ता है।

इसके पश्चात् ऋषि इसी सूक्त में इसके विपरीत अपने भाव को प्रकट करते हुए कहता है -

क इमं वो निण्यमा चिकेत वत्सो मातृर्जनयत स्वधाभिः।
बह्वीनां गर्भो अपसामुपस्थान्महान्कविर्निश्चरति स्वधावान्।[5]

अर्थात वत्स अपनी शक्तियों से माताओं को उत्पन्न करता है, वह वत्स भी माता के गर्भ से बाहर आता है। वह वत्स बहुत ही महान् है, क्रान्तदर्शी अथवा त्रिकालज्ञ है, साथ में शक्तिशाली तथा आत्मनिर्भर भी है। तुम लोगों के बीच कौन इस गूढ़, रहस्य को जान सकता है?

आचार्य सायण के अनुसार वह वत्स मेघवर्ती वैद्युताग्नि स्वरूप है, उसकी माताएं मेघ में ही स्थिति आपः (जल) है क्योंकि अग्नि में डाली गयी आहुति वृष्टि में निमित्त होती है एवं वत्स माताओं का जनक भी कहलाता है। विशाल जलराशियों के गोद (समुद्र) से गर्भ रूप महान् कवि देवजिह्व अग्नि निकल कर विचरण करता है।[6]

अथवा वत्स अग्नि है, उसकी माताएं अरणियां हैं क्योंकि वह अरणि-मन्थन से ही प्रकट होता है, और बाद में अग्नि अरणियों को वृष्टि द्वारा उत्पन्न करता है। इस प्रकार ये दोनों एक दूसरे के उत्पादक के रूप में समझे जा सकते हैं अर्थात् इन दोनों का एक दूसरे से अन्योन्याश्रित सम्बन्ध है।

ऋषियों की अद्भुत रहस्यमयी दृष्टि ने देवों को भी रहस्ययुक्त कर दिया। इस तरह की एक प्रहेलिका जो अधिदेवपरक है, में देखा जा सकता है -

अमी ये पंचोक्षणो मध्ये तस्थुर्महो दिवः।
देवत्रा नु प्रवाच्यं सध्रीचीना नि वावृतुर्वित्तं मे अस्य रोदसी।।[7]

अर्थात् पाँच बैल (उक्षणः) महान् द्युलोक के मध्य में स्थित हैं। वे पाँच बैल देवों में जो प्रशंसनीय हैं उनके पास आते हैं और पुनः लौट जाते हैं।

इस मन्त्र की व्याख्या भी सायण ने इस प्रकार से की है - इन्द्र, वरूण, अग्नि, अर्यमा तथा सविता ये पाँच देव हैं अथवा अग्नि, वायु सूर्य, चन्द्रमा तथा विद्युत ये पाँच देव ही द्युलोक के बीच में स्थित हैं जिन्हें ऋषि ने पाँच बैल से सम्बोधित किया है। यहाँ पर 'उक्षा' शब्द। उक्ष सेचने धातु से निष्पन्न है जिसका अर्थ है - कामाभिवर्षक, समस्त कामनाओं या इच्छाओं को पूर्ण करने वाला, अतः उन्हें 'उक्षा' शब्द से सम्बोधित किया गया है।[8]

ग्रिफिथ के अनुसार - द्युलोक में बैल की आकृति निर्माण करने वाली वृषराशि के पाँच प्रमुख तारे भी पाँच बैल माने जाते हैं।[9]

ग्रिफिथ का यह विचार सम्भवतः ज्योतिष वेदाङ्ग के आधार पर है। इसके पश्चात् एक मन्त्र में द्युलोकवासी सुपर्ण की चर्चा की गयी है जो वृक (भेड़िया) को मार्ग से हटाता है -

सुपर्णा एत आसते मध्य आरोधने दिवः।
ते सेधन्ति पथो वृकं तरन्तं यह्वतीरपो वित्तं मे अस्य रोदसी।।[10]

अर्थात् द्युलोक में व्याप्त प्रदेश के मध्य में कुछ सुपर्ण हैं। वे विस्तीर्ण जलों को तैरते वृक को मार्ग से हटा देते हैं। हे द्यावापृथिवी! मेरी इस पहेली को बूझो।

सायण महोदय के अनुसार गरूड (सुपर्ण) का अर्थ सूर्यरश्मियों से है आपः (जल) अन्तरिक्ष को द्योतित करता है जबकि वृक् चन्द्रमा है जो बारह राशियों वाले आकाश मार्ग का सन्तरण कर रहा है। सुपर्ण अर्थात् सूर्यराशियाँ दिन में वृक को अर्थात् चन्द्रमा को रास्ते से हटा देती हैं, अपने प्रकाश से उसके प्रकाश को निष्प्रभ कर देती हैं। लेकिन ग्रिफिथ के अनुसार अन्धकार या चन्द्रग्रहण वृक है जबकि तारे सुपर्ण। कुछ विद्वानों ने इसकी नक्षत्रपरक व्याख्या भी की है।

एक प्रहेलिका में ऋषि ने जगत् पालक के स्वरूप को रहस्यात्मक बना दिया है, जिसमें सूर्य, वायु तथा अग्नि का स्वरूप इस प्रकार दर्शाया गया है -

अस्य वामस्य पलितस्य होतुस्तस्य भ्राता मध्यमो अस्त्यश्नः।
तृतीयो भ्राता घृतपृष्ठो अस्यात्रापश्यं विश्पतिं सप्तपुत्रम्।।[11]

एक वाम (अति सुन्दर), पलित (पक्वकेश वृद्ध) है, जो 'होता' के नाम से जाना जाता है। उस होता का मध्यम भ्राता 'अश्न' (बहुत खाने वाला) है। तृतीय भ्राता घृतपृष्ठ (जिसकी पीठ पर घृत लगाया गया है) है। इनमें से एक सात पुत्रों वाला है तथा उसे विश्पति कहते हैं।

सायण ने वाम, अश्न तथा घृतपृष्ठ का आधिभौतिक दृष्टि से सूर्य, वायु तथा अग्नि एवं आध्यात्मिक पक्ष से परमात्मा, विराट् तथा जीवात्मा अर्थ किया है, और इसमें जो परमात्मा है वही सबका स्वामी है।

एक रोचक प्रहेलिका में ऋषि सृष्ट्युत्पत्ति के विषय में समाधान करता हुआ कहता है -

द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्यो अभिचाकशीति।।[12]

अर्थात् एक साथ रहने वाले, परस्पर सखा बने हुए दो पक्षी (जीवात्मा और परमात्मा या ईश्वर) एक ही वृक्ष अर्थात् शरीर का आश्रय लेकर रहते हैं। उन दोनों में एक (जीवात्मा) पीपल के फल को अर्थात् कर्मों के फल को स्वाद लेकर भोगता है, दूसरा अर्थात् परमात्मा फलों के भोग से विरत रहता हुआ केवल देखता रहता है। इस प्रहेलिका का उद्देश्य यदि सृष्टि-प्रक्रिया के प्रति आभास प्रकट करना रहा हो तो सम्भव है इसका संकेत सांख्य की ओर हो।

अस्यवामीय सूक्त के एक दूसरे मन्त्र में संवत्सर और बारह महीने का वर्णन कितनी रोचकतापूर्ण प्रहेलिका में किया गया है -

द्वादश प्रधयश्चक्रमेकं त्रीणि नभ्यानि क उ तिच्चिकेत।
तस्मिन्त्साकं त्रिशता न शङ्कवोऽर्पिताः षष्ठिर्न चलाचलासः।।[13]

अर्थात् एक चक्र है जिसमें बारह प्रधियां एवं तीन नभ्य हैं। उसमें 360 कीलें लगी हुई हैं जो अत्यन्त चंचल हैं। कौन उसे निश्चित रूप से जान सकता है? यास्काचार्य के मतानुसार यह संवत्सर रूपी चक्र है, संवत्सर के बारह महीने ही बारह प्रधियों के रूप में हैं।[14] बसन्त-ग्रीष्म, वर्षा-शरद, हेमन्त-शिशिर ये तीन युगल ही तीन नभ्य हैं। 360 कील संवत्सर के ही 360 अहोरात्र हैं।[15]

निरन्तर चलायमान होने के कारण ही ये चंचल हैं।[16] यह प्रहेलिका निश्चित रूप से वैदिक कालीन उन्नत-विज्ञान की ही सूचक है।

संवत्सर के ही सन्दर्भ में एक अन्य प्रहेलिका में कहा गया है -

षड्गारां एको अचरन्बिभर्त्यृतं वर्सिष्ठमुप गाव आगुः।
तिस्रो महीरूपरास्तस्थुरत्या गुहा द्वे निहिते दर्श्येका।।[17]

अर्थात् एक अज्ञात तत्त्व है जो चलता नहीं है परन्तु छः प्रकार के भारों को धारण किये हुए है, उसके निकट में अनेक गायें आती हैं, तीन विशाल घोड़ियां उसके सन्निकट हैं, उनमें से दो गुहा में रखी गयी हैं और एक ही दिखाई देती हैं।

सायणाचार्य के अनुसार इस प्रहेलिका में वह एक अज्ञात तत्त्व संवत्सर ही है जो, स्वयं न चलकर भी छः प्रकार की ऋतुओं बसन्त, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमन्त और शिशिर के द्वारा चलता है, उसके निकट में आने वाली गायें सूर्य की रश्मियां ही हैं जो संवत्सर को व्याप्त करती है तथा तीन प्रकार की घोड़ियाँ-पृथिवी, अन्तरिक्ष और द्यौ हैं, इनमें से दो अर्थात् अन्तरिक्ष और द्यौ दृष्टिगोचर न होने के कारण गुफा में रखी हुई के समान हैं केवल एक मात्र पृथिवी ही दृश्यमान है।

वैसे यदि गम्भीरतापूर्वक विचार किया जाय तो तीन प्रकार की घोड़ियां तीन काल भी हो सकते हैं -भूत, वर्तमान और भविष्य। इनमें से केवल वर्तमान ही चलता जान पड़ता है भूत और भविष्य गुफा में छिपे हुए दिखाई पड़ते हैं।

एक अन्य प्रहेलिका ऋग्वेद में बहुत ही चर्चित है, जिसकी व्याख्या वैदिक अपने ढंग से करता है, दार्शनिक अपने ढंग से करता है, वैयाकरणी अपने ढंग से तथा साहित्यिक अपने ढंग से इस मन्त्र की व्याख्या करता है। मन्त्र इस प्रकार से है-

चत्वारि शृङ्गा त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य।
त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महो देवो मर्त्यां आ विवेश।।[18]

अर्थात् एक वृषभ (बैल) है जिसके चार सींग हैं, तीन पैर हैं, दो शिर हैं, सात हाथ हैं। तीन स्थानों से बँधा हुआ वह अत्यधिक शब्द कर रहा है। वह एक महान् देव है जो मनुष्यों में प्रविष्ट हुआ है।

वेदाङ्ग निरूक्तानुसार यह वृषभ यज्ञ है, चार वेद ही चार सींग हैं, प्रातः मध्याह्न एवं सायं सवन ही तीन पैर हैं। प्रायणीयेष्टि एवं उदयनीयेष्टि ही उसके दो सिर हैं। गायत्र्यादि सात छन्द ही उसके सात हाथ हैं। वह यज्ञ रूपी वृषभ (बैल) मन्त्र, ब्राह्मण एवं कल्प इन तीन खूंटों से बँधा हुआ है। यज्ञ में बोले जाने वाले मन्त्रों के पाठ ही उसके शब्द हैं।

पतंजलि ने महाभाष्य के प्रथम आह्निक में व्याकरण की दृष्टि से इसकी व्याख्या करते हुए कहा है कि वह वृषभ शब्द है, चार सींग से तात्पर्य चार प्रकार के पदसमूह से है - नाम, आख्यात उपसर्ग और निपात (प्रकारान्तर से परा, पश्यन्ती, मध्यमा और बैखरी)। तीन पैरों से तात्पर्य तीन कालों भूत, भविष्यत् और वर्तमान से है। दो सिर अर्थात् शब्द के दो स्वरूप सुबन्त और तिङन्त हैं।

सात हाथ अर्थात् सात विभक्तियाँ ही हैं। तीन स्थानों - उरस्, कण्ठ तथा शिर से बंधा हुआ वह शब्द करता है क्योंकि शब्द इन्हीं तीन स्थानों से मिलकर ही उच्चरित होता है।

राजशेखर ने काव्यमीमांसा में इस मन्त्र की व्याख्या साहित्यशास्त्र की दृष्टि से काव्य पुरुष की स्तुति के विषय में की है।

इस प्रहेलिकात्मक मन्त्र का सायण ने पंचधा व्याख्यान सम्भव माना है, यज्ञात्मक अग्नि और सूर्य के पक्ष में उनका व्याख्यान उपलब्ध भी है, यज्ञपरक व्याख्या यास्क के निरूक्तानुसार ही है केवल दो शिर निरूक्त के प्रायणीय तथा उदयनीय के स्थान पर ब्रह्मौदन तथा प्रवर्ग्य माने हैं।[19] इसके अतिरिक्त इस प्रहेलिका का यजुर्वेद में उवट और महीधर ने भी भाष्य किया है। जिसमें से उत्वट का एक भाष्य यज्ञपरक है और दूसरी शब्द ग्राम परक, जबकि महीधर ने तीन प्रकार से व्याख्या की है।

वास्तव में यदि गम्भीरता से विचार किया जाय तो यह प्रहेलिका वैदिक ऋषियों की उच्च स्तर की मानसिक विलक्षणता की द्योतक है।

एक विशिष्ट प्रहेलिका में 'संसार में आने जाने का क्रम अनवरत रहता है' इसी रहस्य को ऋषि ने मन्त्रों में इस प्रकार अभिव्यक्त किया -

विधुं दद्राणं समने बहूनां युवानं सन्तं पलितो जगार।
देवस्य पश्य काव्यं महित्वाद्या ममार स ह्यः समान।[20]

अर्थात् युद्ध में शौर्य प्रदर्शित करने वाले युवक को श्वेतकेश वृद्ध भी निगल जाता है, उस देव का महत्त्व और चमत्कार देखो जो आज मर मरा है वही पुनः कल भली प्रकार चेष्टा करने लगता है।

यह मनुष्य-शरीर ही युवक है जो बहुतों का दमन करने वाला होता है लेकिन परमात्मा के कालरूपी चक्र से उसे मुक्ति नहीं मिलती, यहाँ पर कालचक्र ही वह वृद्ध है जो युवक को अर्थात् मनुष्यों को अवसर आने पर निगल जाता है, लेकिन आत्मा कभी नष्ट नहीं होती इसलिए वह नये कलेवर में हमारे सामने युवक बनकर आ जाती है।

यदि देखा जाय तो इस ऋग्वेदीय प्रहेलिकात्मक ऋचा में बड़े ही दार्शनिक दृष्टि से आत्मा के स्वरूप का सूक्ष्म वर्णन किया गया है, बाद में यही सिद्धान्त गीता में विस्तार से देखने को मिलता है।[21]

एक प्रहेलिका में चार चोटियों वाली युवती का मनोरम वर्णन है -

चतुष्कपर्दा युवतिः सुपेशा घृतप्रतीका वयुनानि वस्ते।
तस्यां सुपर्णा वृषणा निषेदतुर्यत्र देवा दधिरे भागधेयम्।।[22]

अर्थात् एक चार चोटियों से युक्त युवती है, सुन्दर वेशभूषा वाली है, मुख पर घृत लगा हुआ है तथा वह वयुन में आच्छादित है, उस युवती के सिर पर वर्षा करने वाले दो पक्षी बैठे हैं, जिसके द्वारा देव अपने-अपने भाग प्राप्त करते हैं।

सायणाचार्य के अनुसार वह युवती यज्ञ-वेदि है। चूंकि वेदी चार कोनों से युक्त होती है इसलिए ये कोने ही चार चोटियाँ हैं। यज्ञ में घृत का प्रयोग होने से घृतप्रतीका है। वयुन अर्थात् मन्त्र ही उसकी साड़ी है। दो पक्षी याज्ञिक, पति-पत्नी अथवा यजमान और ब्रह्मा नामक ऋत्विज हैं यही दोनों हवि की वर्षा करते रहते हैं। उसी वेदि से ही सभी देव अपने-अपने हविर्भाग को प्राप्त करते हैं।

निश्चय ही इन प्रहेलिकाओं की शैली एक विशिष्ट प्रकार की है जिनसे दार्शनिक अभिव्यक्ति भी होती है। ये प्रहेलिकायें ऋग्वेदीय स्तुति परक मन्त्रों से भिन्न स्वरूप की प्रतीत होती हैं, जो वैज्ञानिक तथ्यों का भी अपने भीतर सन्निवेश किये हुए हैं। अतः इन मन्त्रों पर और अधिक मन्थन किये जाने की आवश्यकता है जिससे वास्तविक रहस्य हमारे सम्मुख उद्घाटित हो सकें।

सन्दर्भ -

1. सायण भाष्य, 1/164/1
2. ऋग्वेद, 1/95/1 तथा यजुर्वेद 33/5
3. ऋग्वेद 1/95/2
4. दशसंख्याका अंगगुलयस्त्वष्टुर्दीप्तस्य वायोः गर्भ स्वकारणभूते वायौ गर्भरूपेण वर्तमानम्। अग्नेर्हिवायुः कारणं 'वायोरग्निः' (तै0आ0 8/1) इति श्रुतेः। एवंभूतम् इमम् अग्निम् अरण्यो 'सकाशात् जनयन्त उत्पादयन्ति'। सायण भाष्य
5. ऋग्वेद, 1/95/4
6. सायण भाष्य 1/95/4
7. ऋग्वेद 1/105/10
8. सायण भाष्य, ऋग्वेद, 1/107/3
9. वेद विमर्श - डॉ0 मानसिंह, पृ0 86
10. ऋग्वेद, 1/105/11
11. 1/164/1, एवं अथर्ववेद, 9/9/1
12. ऋग्वेद, 1/164/20
13. ऋग्वेद, 1/164/48
14. निरूक्त, 4/27
15. शतपथ ब्राह्मण, 9/1/1/43
16. सायण भाष्य ऋ0 1/164/48
17. ऋग्वेद, 3/56/2
18. ऋग्वेद, 4/58/3 तथा यजुर्वेद 19/92
19. वेद विमर्श - डॉ0 मानसिंह, पृ0 91
20. ऋग्वेद, 10/55/05
21. तुलनीय गीता, 2/22
22. ऋग्वेद, 10/114/3

'इकोऽचि विभक्तौ': एक विश्लेषण

• डॉ. रवि प्रभात*

शोधसार - प्रस्तुत शोध पत्र में पाणिनि की अष्टाध्यायी में निर्दिष्ट एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण सूत्र 'इकोऽचि विभक्तौ' पर एक गहन अध्ययन एवं समीक्षण करने का प्रयास किया गया है। वैयाकरण निकाय में पाणिनि के सन्दर्भ में एक प्रसिद्ध उक्ति है कि "तत्राशक्यं वर्णेनाप्येकेनानर्थकं भवितुम्", अतः पाणिनि द्वारा प्रयुक्त सूत्रस्थ सभी पदों की प्रयोजनवत्ता पर बहुशः चर्चाएँ निरंतर की गयी हैं। प्रकृत सूत्र पर भी "अचि" इस पद की सार्थकता को लेकर कात्यायन, पतंजलि, वामन-जयादित्य, जिनेन्द्रबुद्धि, हरदत्त मिश्र, कैयट, भट्टोजि दीक्षित एवं नागेश भट्ट आदि प्रामाणिक आचार्यों ने गहन मंथन किया है। अनेक पक्षों पर विचार करने के बाद सामान्यत: दृष्टिगत न होने वाला प्रयोजन उक्त पद का निष्कर्ष रूप में प्राप्त होता है, जिसकी सैद्धांतिक स्थापना प्रस्तुत शोधपत्र में की गयी है। प्रस्तुत शोध पत्र में पाणिनि की अन्वाख्यान-प्रविधि एवं उसको हृदयंगम करने के उपायों को भी समझने में सहायता प्राप्त होती है।

बीजशब्द - इक:, अचि, विभक्तौ, पाणिनि, पतंजलि, अङ्ग, इगन्त, 'नुम्'आगम, साधु-अन्वाख्यान, अजादि विभक्ति, पदसंज्ञा, हलादि विभक्ति, सन्निपातलक्षण-परिभाषा, 'नुट्' आगम।

लक्षणप्रतिपदोक्त परिभाषापाणिनि की अष्टाध्यायी अपनी अन्वाख्यान पद्धति की अपूर्वता और विश्लेषण शैली के कारण अद्यावधि मानव मस्तिष्क की उपलब्धियों में सर्वोत्कृष्ट, सर्वातिशायी एवं सर्वप्रशंसित प्रमाणित हो चुकी है। आचार्य ने समकालीन भाषा का जितना क्रमबद्ध एवं व्यवस्थित अनुशासन अष्टाध्यायी में किया है उतना विश्व की किसी भाषा में दृष्टिगोचर नहीं होता। प्रस्तावित शोध-पत्र का आधार पणिनीय अष्टाध्यायी के एक सूत्र-विशेष को ही बनाया गया है।

इगन्त अङ्ग को 'नुम्' आगम

अजादि विभक्ति परे रहते इगन्त (इक्- इ, उ, ऋ, लृ अन्त में है जिसके) नपुंसक अङ्गसंज्ञक को 'नुम्' आगम का विधान किया गया है।[1]इस विधि की प्रवृत्ति को दर्शाने हेतु इगन्त 'त्रपु'शब्द को प्रस्तुत किया जा सकता है। द्वितीया विभक्ति एकवचन में 'त्रपु + औ' 'नपुंसकाच्च' (अष्टा. 7.1.19)

*सहायक-आचार्य, संस्कृत, पालि एवं प्राकृत-विभाग, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

सूत्र से 'औ'के स्थान पर 'शी'आदेश, 'त्रपु + शी (ई)'इस स्थिति में नपुंसकलिङ्गवाची इगन्त 'त्रपु'अङ्ग को अजादि 'ई'विभक्ति परे रहते 'इकोऽचि विभक्तौ' (अष्टा. 7.1.73) से 'नुम्'आगम होता है। 'मिदचोऽन्त्यात् परः' (अष्टा. 1.1.47) सूत्र से मित् आगम अन्तिम अच् से परे होता है. 'त्रपुन् ई' में णत्व होकर 'त्रपुणी' इष्ट रूप सिद्ध होता है।

1 सूत्र-स्वरूप-विमर्श

इगन्त नपुंसक अङ्ग को अजादि विभक्ति परे रहते 'नुम्'विधान के लिए आचार्य ने 'इकोऽचि विभक्तौ' सूत्र का प्रणयन किया है। प्रस्तुत सूत्र में स्थित पदों के विषय में अनेक प्रकार के प्रश्न उपस्थित होते हैं, आचार्य के अभिप्राय को स्पष्ट करने के लिए इन प्रश्नों की मीमांसा आवश्यक है।

1.1 'इक्'पद का प्रयोजन-विमर्श

'इक्'पद के प्रयोजन पर विचार करते हुए वृत्तिकार कहते हैं कि आचार्य को केवल 'इगन्त'नपुंसक अङ्ग को ही 'नुम्'आगम का विधान इष्ट है। अन्यथा अदन्त अङ्ग 'कुण्ड'और 'पीठ'आदि नपुंसकलिङ्गवाची शब्दों को अजादि विभक्ति परे रहते 'नुम्'की प्रवृत्ति सम्भव थी।[2]हरदत्त मिश्र 'इक्'पद के प्रयोजन के विषय में कहते हैं कि यदि पूर्वसूत्र 'नपुंसकस्य झलचः' (अष्टा. 7.1.72) में 'अच्'पद का ग्रहण न करके प्रकृत सूत्र में 'इकोऽचि'के स्थान पर 'अचोऽचि विभक्तौ'इस प्रकार 'अच्'पद का ग्रहण करते तो हलन्त शब्दों को 'नुम्'का निवारण सम्भव था और सन्ध्यक्षरान्त (ए, ओ, ऐ, औ) शब्दों में कोई नपुंसकलिङ्गी शब्द नहीं है। अतः 'इक्'पद के ग्रहण का प्रयोजन अदन्त कुण्ड आदि शब्दों के वारण के लिए है, हलन्त शब्दों के वारण के लिए नहीं।[3]

1.2 'अचि'पद का प्रयोजन-विमर्श

प्रकृत सूत्र में 'अचि'पद आचार्य के विशेषाभिप्राय का द्योतक है। 'अचि'पद 'विभक्तौ'पद का विशेषण है, अतः वर्णमात्र का ग्रहण होने से 'यस्मिन्विधिस्तदादावल्ग्रहणे'परिभाषा के आधार पर तदादि अर्थ को कहेगा, अतः 'अजादि विभक्ति परे रहते'यह अर्थ प्राप्त होता है।

यदि 'इकोऽचि विभक्तौ'सूत्र की अपेक्षा मात्र 'इको विभक्तौ'इतना ही सूत्र होता तब अजादि और हलादि उभयसाधारण विभक्ति को 'नुम्'की प्राप्ति होती। किन्तु हलादि विभक्ति में 'नुम्'होने पर भी कोई अनिष्टापत्ति नहीं होती। हलादि विभक्ति 'भ्याम्'आदि के परे रहते 'स्वादिष्वसर्वनामस्थाने' (अष्टा.1.4.17) सूत्र से सर्वनामस्थान- विभक्ति को छोड़कर अन्य विभक्तियों के परे रहते पदसंज्ञा होती है। अतः हलादि विभक्ति परे रहते 'नुम्' होने पर भी 'त्रपुन् भ्याम्'यहां पर 'नलोपः प्रातिपदिकान्तस्य' (अष्टा.8.2.7) सूत्र से 'न'का पदान्तनिमित्तक लोप हो जाएगा, अतः कोई समस्या नहीं होगी।[4]

नपुंसकलिङ्ग में केवल 'जस् और 'शस्'के स्थान पर आदेशभूत 'शि'की ही सर्वनामस्थान संज्ञा होती है, अतः सु परे रहते सर्वनामस्थान संज्ञा न होकर पदसंज्ञा होती है। जिससे 'सु' परे रहते भी नलोप सम्भव है। अजादि विभक्ति परे होने पर भसंज्ञा से पदसंज्ञा का बाध हो जाएगा।[5]इस तरह 'नुम्' का

श्रवण अजादि विभक्ति परे रहते ही होगा, हलादि विभक्ति परे रहते नहीं। इसलिए 'इको विभक्तौ' इतना ही सूत्रपाठ इष्टापत्ति के लिए पर्याप्त हैं[6], यहां पर 'अचि' पद का क्या प्रयोजन है?

1.3 हलादि विभक्तिपरक 'नुम्'के निवारणार्थ पक्ष की स्थापना

'अचि' पद का एक अन्य प्रयोजन दशार्ते हुए भाष्यकार कहते हैं कि यदि हलादि विभक्ति परे रहते 'नुम्'आगम करेंगे तो अङ्ग का अवयव होने से 'नुम्'सहित की अङ्गसंज्ञा होगी। 'पञ्चभिः त्रपुभिः क्रीताभ्यां क्रीतैः वा'यहां 'तद्धितार्थोत्तरपदसमाहारे च' (अष्टा. 2.1.51) सूत्र से तद्धितार्थ में समास, 'संख्यापूर्वो द्विगुः' (अष्टा. 2.1.52) से द्विगु संज्ञा, ठक् प्रत्यय, 'पञ्च त्रपु ठक्', 'अध्यर्धपूर्वद्विगोर्लुगसंज्ञायाम्' (अष्टा. 5.1.28) सूत्र से ठक् का लुक् होकर हलादि विभक्ति परे रहते 'पञ्चत्रपुभ्याम्'यहां पर 'नुम्'तथा 'नलोपः प्रातिपदिकान्तस्य' (अष्टा. 8.2.7) सूत्र से नलोप करते हैं।

इस स्थिति में 'इगन्तकालकपालभगालशरावेषु द्विगौ' (अष्टा. 6.2.29) इस सूत्र से इगन्त उत्तरपद परे रहते द्विगु समास में पूर्वपदप्रकृतिस्वर का विधान किया गया है। यही स्वर 'पञ्चत्रपुभ्याम्' में भी अभीष्ट है परन्तु 'नुम्' भी अङ्ग का अवयव है। अतः स्वरविधि में नलोप असिद्ध हो जाता है।[7]'न' के असिद्ध हो जाने से 'पञ्चत्रपुणि' यह इगन्त अङ्ग न होकर नकारान्त अङ्ग हो जाता है। जिससे कि कि उपर्युक्त सूत्र की प्रवृत्ति नहीं होती और 'पञ्चत्रपुभ्याम्' में पूर्वपदप्रकृतिस्वर की प्राप्ति नहीं हो पाती।[8]'नुम्' के कारण 'पञ्चत्रपु' के इगन्तत्व का विघात हो रहा है।[9]इसलिए हलादि विभक्ति के परे रहते 'नुम्' के निवारणार्थ 'अचि' पद की आवश्यकता प्रतीत होती है।

1.4 स्वरविषयक प्रयोजन का खण्डन

उपर्युक्त विवरण में हलादि विभक्तिपरक 'नुम्' के कारण इगन्त 'पञ्चत्रपुभ्याम्' में दोष की उद्भावना की गई है। परन्तु भाष्यकार इसे भी प्रयोजन के रूप में स्वीकार रहीं करते। 'पञ्चत्रपुणा' (पञ्च + त्रपु + टा) यहां अजादि विभक्ति परे रहते 'नुम्' का श्रवण हो रहा है। यहां भी इगन्तलक्षण स्वर इष्ट है। यहां भी 'नुम्' अङ्ग का ही अवयव है, किन्तु यहां भी उत्तरपद 'त्रपुन्' इगन्त न होकर नकारान्त है अतः इगन्तलक्षण स्वर की प्राप्ति नहीं होती। इसका समाधान यह दिया गया है कि 'नुम्' होने पर भी सन्निपातलक्षण परिभाषा[10]के द्वारा वह 'नुम्' 'त्रपु' के इगन्तत्व का विघात नहीं करेगा। इगान्त अङ्ग को ही 'नुम्' आगम हुआ है, अतः वह अपने निमित्त इगन्तत्व का विघात नहीं करेगा। इसी प्रकार 'पञ्चत्रपुभ्याम्' में सन्निपातलक्षण-परिभाषा के द्वारा 'नुम्' होने पर भी इगन्तता का विघात न होने से स्वर में कोई दोष नहीं होगा[11], इसके लिये 'अचि' पद की कोई आवश्यकता नहीं है।

कैयट के अनुसार इगन्त स्वर की प्रवृत्ति का एक अन्य उपाय यह भी है कि 'नुम्' प्रवृत्त होने के लिये विभक्ति की अपेक्षा रखता है, अतः अधिक निमित्त की अपेक्षा रखने से बहिरङ्ग है जबकि स्वर अन्तरङ्ग है।[12]अन्तरङ्ग कार्य की दृष्टि में बहिरङ्ग कार्य असिद्ध होता है।[13]अन्तरङ्ग स्वर की कर्तव्यता में बहिरङ्ग 'नुम्' असिद्ध हो जाएगा। स्वर होने के बाद यदि 'नुम्' करेंगे तो 'नुम्' भी इगन्तलक्षण का

विघात नहीं करेगा। इस प्रकार अजादि-विभक्तिपरक 'पञ्चत्रपुणा' की तरह 'पञ्चत्रपुभ्याम्' में भी इष्टस्वर हो जाएगा। इसलिए स्वरसिद्धि के लिए 'अचि' पद के निर्देश की आवश्यकता नहीं है।

1.5 'अतिराभ्याम्' शब्द के साधु-अन्वाख्यान के लिए 'अचि' पद का प्रयोजनत्व एवं खण्डन

'अचि' पद का प्रयोजन दर्शाने हेतु 'अतिराभ्याम्' शब्द उपस्थित किया जाता है। 'रायमतिक्रान्ताभ्याम् (ब्राह्मणकुलाभ्याम्) अतिराभ्यामिति' इस विग्रहपूर्वक से रचित 'अतिरि' प्रातिपदिक से 'भ्याम्' का योग कर 'अतिरि + भ्याम्' यह स्थिति होती है। यदि यहां पर हलादि विभक्ति परे रहते 'नुम्' आगम हो जाएगा तो 'नुम्' के व्यवधान के कारण 'रायो हलि' (अष्टा. 7.2.85) सूत्र से हलादि विभक्ति परे रहते 'रै' अङ्ग को आत्व नहीं हो पाएगा।[14] यदि यह कहा जाए कि हलादि विभक्ति तथा 'रे' (रि) के बीच में आए हुए 'नुम्' आ जाने से व्यवधान नहीं होगा, क्योंकि 'नुम्' का लोप हो चुका है। इस प्रकार जिससे कि आत्व आदेश की प्रवृत्ति निर्बाध हो जाएगी, तो यह भी उचित नहीं है क्योंकि सुब्विधि में नलोप असिद्ध होता है, नलोप के असिद्ध होने से व्यवधान यथावत् बना रहेगा।[15] इस प्रकार से 'अतिराभ्याम्' शब्द के साधु अन्वाख्यान के लिये 'अचि' पद की आवश्यकता दर्शायी गयी है।

इस सन्दर्भ में भाष्यकार का कथन है कि 'अति + राभ्याम्' इस स्थिति में 'नुम्' भी प्राप्त होगा तथा आत्व भी प्राप्त होगा। 'दधीनि' शब्द में 'नुम्' चरितार्थ है तथा 'राभ्याम्' शब्द में आत्व चरितार्थ है, अतः अन्य स्थलों पर लब्धावकाश 'नुम्' विधायक सूत्र तथा आत्वविधायक सूत्र 'अतिरि + भ्याम्' में एक साथ प्रवृत्त हो रहे हैं। तुल्यबलविरोध होने से परवर्ती शास्त्र 'आत्व' के द्वारा पूर्ववर्ती 'नुम्' का बाध हो जाएगा और आत्व होकर इष्टसिद्धि हो जाएगी।[16] कैयट इसे स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि 'नुम्' की प्रवृत्ति के बाद आत्व की प्रवृत्ति नहीं हो पाती तथा आत्व की प्रवृत्ति के बाद नुम् की प्रवृत्ति नहीं हो पाती, इसलिए दोनों अनित्य हैं, दोनो के अनित्य होने पर 'आत्व' के परवर्ती होने से आत्व की ही प्रवृत्ति होती है, इसके लिए 'अचि' पद की आवश्यकता नहीं है।[17]

1.6 उपर्युक्त सन्दर्भ में जिनेन्द्रबुद्धि एवं हरदत्तमिश्र द्वारा विशेष व्याख्यान

महाभाष्य में एक श्लोकवार्तिक द्वारा इस समस्त विवेचन का संग्रह किया गया है, जिसे काशिकाकार ने भी दुहराया है।[18]पतञ्जलि परत्व के आधार पर इस समस्या का समाधान करते हैं कि नुम् के व्यवधान के होते हुए भी 'व्यवधानाद्' 'रै' का 'रायो हलि' (अष्टा. 7.2.85) से आत्व आदेश हो जाता है। श्लोकवार्तिक के 'व्यवधानाद्' शब्द की एक नई व्याख्या प्रस्तुत करते हुए न्यासकार एवं पदमञ्जरीकार कहते हैं कि 'व्यवधानाद्' शब्द में कर्म अर्थ में ल्यप् प्रत्यय का लोप होने पर पञ्चम्यन्त पद है, जिस प्रकार 'प्रासादात् प्रेक्षते' का अर्थ है 'प्रासाद पर चढ़कर (प्रासादमारुह्य) देखता है' इसी प्रकार यहां भी 'व्यवधानाद्' शब्द का अर्थ होगा कि 'अतिरिभ्याम्' शब्द 'नुम्' का व्यवधान प्राप्त करके भी सिद्ध हो जाता है। कैसे? इसका समाधान करते हुए दोनों टीकाकार 'विहितविशेषण' पक्ष का आश्रय लेते हैं। 'रायो हलि' (अष्टा. 7.2.85) सूत्र में 'रै' शब्द से जो विभक्ति विहित है, उसका ग्रहण होगा, उसी के परे रहते आत्व भी होगा, भले ही 'नुम्' का व्यवधान क्यों न हो।[19]इससे 'नुम्'

का व्यवधान होने पर भी 'अतिरिभ्याम्' यह इष्टसिद्धि सम्भव है। भाष्यकार ने 'पर' होने से आत्व की प्रवृत्ति स्वीकार की है। जिनेन्द्रबुद्धि एवं मिश्र ने विहितविशेषण तथा 'पर' दोनों पक्षों को मानकर आत्व की प्रवृत्ति स्वीकार की है।

1.7 'नुम्' एवं'नुट्' की प्रवृत्ति-निर्णय के लिये 'अचि' पद का प्रयोजनत्व एवं खण्डन

'अचि' पद के एक अन्य प्रयोजन को दर्शाते हुए भाष्यकार कहते हैं कि 'त्रपूणाम्' 'जतूनाम्' शब्दों के साधु अन्वाख्यान के लिये 'अचि' पद का ग्रहण आवश्यक है। 'त्रपु-आम्' इस स्थिति में 'आम्' परे रहते ह्रस्वान्त अङ्ग को नुट् की प्राप्ति है तथा अजादि विभक्ति परे रहते इगन्त त्रपु अङ्ग को 'नुम्' आगम की प्राप्ति है। 'नुट्' विधायक शास्त्र 'अग्नीनाम्' आदि में चरितार्थ है तथा 'नुम्' विधायक शास्त्र 'त्रपुणे' आदि स्थलों में चरितार्थ है। ऐसी स्थिति में 'नुमचिरतृज्वद्भावेभ्यो नुट् पूर्वविप्रतिषेधेन'[20] इस वचन से पूर्वविप्रतिषेध के द्वारा 'नुट्' की प्रवृत्ति होती है तथा 'नामि' (अष्टा.6.4.3) सूत्र से दीर्घ होकर 'त्रपूणाम्' इष्ट शब्द सिद्ध होता है।

'नुम्' और 'नुट्' दोनों अनित्य हैं। यदि 'नुट्' प्रवृत्त होगा (त्रपुनाम्) तो अजादि विभक्ति परे न होने पर 'नुम्' की प्रवृत्ति नहीं होगी और यदि 'नुम्' होगा (त्रपुन्आम्) तो ह्रस्वान्त अङ्ग न मिलने से नुट् नहीं हो पाएगा। 'नुम्' और 'नुट्' दोनों अनित्य हैं और तुल्यवलविरोध वाले हैं। इसलिए 'अचि' पद के कारण 'नुम्चिरतृज्वद्भावेभ्यो नुट् पूर्वविप्रतिषेधेन' इस वचन से परविप्रतिषेध की अपेक्षा पूर्वविप्रतिषेध अर्थात् पूर्वशास्त्र की प्रवृत्ति होकर 'नुट्' आगम होता है। 'त्रपुनाम्' 'नामि' (अष्टा.6.4.3) सूत्र से दीर्घ होकर 'त्रपूणाम्' इष्ट रूप सिद्ध होता है।[21]

1.8 'नुट्' प्रवृत्ति के प्रयोजनत्व का खण्डन

'अचि' पद के उपर्युक्त पूर्वविप्रतिषेध रूपी प्रयोजन के विषय में मीमांसा करने पर यह स्पष्ट होता है कि यह भी प्रयोजन नहीं बन सकता। यदि सूत्र में 'अचि' पद का ग्रहण करते हैं तब भी 'त्रपूणाम्' शब्द में 'नुट्' की प्रवृत्ति के लिये अतिरिक्त प्रयास कर 'नुमचिरतृज्वद्भावेभ्यो नुट्' इस पूर्वविप्रतिषेध के द्वारा 'नुम्' को बाधकर 'नुट्' कहना होगा तभी इष्टसिद्धि होगी।[22]

कैयट एवं मिश्र कहते हैं कि 'नुट्' की प्रवृत्ति के लिये 'अचि' पद का ग्रहण और 'पूर्वविप्रतिषेधवचन'[23] ये दो प्रकार के यत्न करने होते हैं, इसलिए 'अचि' पद के बिना ही पूर्वविप्रतिषेध के द्वारा 'नुट्' के लिये प्रयास करना चाहिये। यदि यह कहा जाए कि 'नुट्' की प्रवृत्ति के पश्चात् 'त्रपु नाम्' यहां 'नुम्' प्रवृत्त न हो, इसके लिये 'अचि' पद की आवश्यकता है क्योंकि 'नुट्' के बाद 'नुम्' की प्रवृत्ति होने पर 'त्रपुन् नाम्' यहां अजन्त अङ्ग का विघात हो जाने से 'नामि' (अष्टा. 6.4.3) सूत्र से दीर्घ की प्राप्ति नहीं हो पाएगी।

'अचि' पद के इस प्रयोजन की भी स्वीकार्यता नहीं है क्योंकि 'त्रपुन नाम्' यहां पर 'नुम्' होने के बाद भी 'नाम्' परे रहते नान्त अङ्ग की उपधा को दीर्घ[24] होकर तथा 'न्' लोप होकर इष्टसिद्धि हो जाएगी।

5.7.1.9 'शुचीनाम्' आदि शब्दों के अन्वाख्यान हेतु 'अचि' पद का प्रयोजनत्व एवं खण्डन

उपर्युक्त विवरण में यह ज्ञापित किया गया है कि यदि 'अचि' पद का ग्रहण नहीं करेंगे तो 'नुट्' के साथ 'नुम्' भी प्रवृत्त होगा। 'नुम्' के प्रवृत्त होने से 'शुचि + नाम्' यहां पर 'नुट्' के पश्चात् यदि 'नुम्' भी प्रवृत्त होगा तो 'शुचिन् + नाम्' इस प्रकार शुचिन्' यह इन्नन्त होगा। 'इन्हन्पूषार्यम्णां शौ' (अष्टा.6.4.12) यह सूत्र नियम करता है कि 'इन्नन्त' अङ्ग की उपधा को दीर्घ हो तो 'शि' परे रहते ही हो अन्यत्र नहीं। 'शुचिन् नाम्' यहां इन्नन्त हो जाने से 'शि' के अभाव में दीर्घ की प्राप्ति नहीं हो सकेगी। 'अचि' पद के ग्रहण से 'नाम्' परे रहते 'नुम्' प्राप्त नहीं होगा तथा 'शुचि नाम्' यहां 'नामि' (अष्टा.6.4.3) से दीर्घ होकर 'शुचीनाम्' इष्ट रूप सिद्ध होगा। परन्तु व्याकरणिक कसौटी पर यह प्रयोजन भी खरा नहीं उतरता क्योंकि लक्षणप्रतिपदोक्त[25] परिभाषा के कारण लाक्षणिक और प्रतिपदोक्त में प्रतिपदोक्त का ग्रहण होता है। 'शुचिन्' यह पद नुम्' होने के बाद इन्नन्त होता है अतः लाक्षणिक हो गया जिससे यहां पर इन्नन्त के निय जो नियम सिद्ध है, वह लागू नहीं हो सकेगा।[26] इसलिए 'शुचिन् नाम्' यहां भी नान्त अङ्ग की उपधा को दीर्घ तथा नलोप होकर 'शुचीनाम्' यह रूप सिद्ध हो जाएगा। 'अचि' पद 'शुचीनाम्' आदि के अन्वाख्यान में प्रयोजक नहीं बन सकता।

1.10 उत्तरसूत्रार्थ एवं 'हे त्रपो' के अन्वाख्यान हेतु 'अचि' पद के प्रयोजनत्व की स्थापना

पतञ्जलि का मन्तव्य है कि प्रयोजन वही होता है, जिसके बिना साध्य सिद्ध न हो सके।[27] उपर्युक्त विवरण में 'अचि' पद के जितने भी प्रयोजन दर्शाए गए हैं, उनमें से कोई भी प्रयोजन बनने योग्य नहीं है। सूत्रकार द्वारा प्रयुक्त 'अचि' पद के ग्रहण का अवश्य कोई प्रयोजन होगा, इसकी मीमांसा में दो प्रयोजनों का उल्लेख एक श्लोकवार्तिक में किया गया है। प्रथम् उत्तरवर्ती 'अस्थिदधिसक्थ्यक्ष्णामनङ् उदात्तः' (अष्टा. 7.1.75) आदि सूत्रों में 'अचि' पद का अनुवर्तन हो सके, इसलिए 'इकोऽचि विभक्तौ' सूत्र में 'अचि' पद का ग्रहण किया गया है।[28] इससे 'अस्थि' आदि को अजादि विभक्ति परे रहते ही अनङादेश होता है, जिससे 'अस्थि + टा + अस्थ्ना', 'अस्थि + ङे + अस्थ्ने' आदि साधु शब्द सिद्ध होते हैं। हलादि विभक्ति परे रहते 'अस्थिभ्याम्' इत्यादि में अनङादेश नहीं होता।

परन्तु अब यह प्रश्न उपस्थित होता है कि यदि प्रकृत सूत्र में 'अचि' पद का प्रयोजन उत्तरसूत्रों के लिए है तो वहीं पर इसका उच्चारण होना चाहिए था, यहा इसका क्या प्रयोजन है।[29] प्रकृत सूत्र में 'अचि' पद का प्रयोजन यह है कि त्रपु, जतु, में जहां 'स्वमोर्नपुंसकात्' (अष्टा.7.1.23) सूत्र से 'सु' और 'अम्' विभक्ति का लोप है, वहां 'नुम्' न हो। परन्तु उक्त प्रयोजन में भी एक समस्या उत्पन्न होती है। यदि 'इको विभक्तौ' इतना ही सूत्र रखते तो 'विभक्तौ' ऐसा कहने से नुम्कार्य के प्रति विभक्ति निमित्त है। 'त्रपु' और 'जतु' में 'सु' विभक्ति का 'लुक्' हो चुका है तथा उसको निमित्त मानकर 'प्रत्ययलोपे प्रत्ययलक्षणम्' (अष्टा.1.1.62) सूत्र से प्रत्ययलक्षण कार्य भी नहीं हो सकता क्योंकि 'लुक्' संज्ञा के द्वारा लुप्त का प्रत्ययलक्षण-कार्य नहीं हो सकता।[30] 'त्रपु' में भी प्रत्ययलक्षण कार्य नहीं होगा तथा 'नुम्' का निवारण हो जाएगा। फिर 'अचि' पद की क्या आवश्यकता है।[31]

उपुर्यक्त विस्तृत विश्लेषण के उपरान्त भी प्रकृत सूत्र में 'अचि' पद का कोई सटीक उदाहरण दृष्टिगत नहीं होता।

अब भाष्यकार 'अचि' पद का वास्तविक प्रयोजन दर्शाते हुए कहते हैं कि 'अचि' पद के बिना भी सभी प्रयोगों की सिद्धि सम्भव हो रही है अतः सिद्ध होने पर भी आचार्य ने जो 'अचि' पद का ग्रहण किया है, वह व्यर्थ पड़कर ज्ञापन करेगा कि प्रत्ययलक्षण का कोई दूसरा प्रकार भी होता है। इसे स्पष्ट करने के लिये भाष्यकार 'त्रपु' के सम्बोधन एकवचन का रूप प्रस्तुत करते हैं। 'हे त्रपु सु' यहां सम्बुद्धि (सु) का लुक् होने पर सम्बुद्धि को निमित्त मानकर 'नुम्' न हो, इसलिए 'अचि' पद का ग्रहण किया है। सम्बुद्धि में 'न ङिसम्बुद्धयोः' (अष्टा. 8.2.8) से नलोप का भी निषेध है। अतः यह भी नहीं कहा जा सकता कि 'नुम्' होने पर 'न्' का लोप हो जाएगा।

यहां प्रश्न होता है कि सम्बुद्धि का लुक् होने में 'न लुमताङ्गस्य' (अष्टा. 1.1.63) सूत्र से प्रत्ययलक्षण कार्य का निषेध हो जाता है. अतः यहां पर 'नुम्' की प्राप्ति ही नहीं होती फिर 'अचि' पद की क्या आवश्यकता है?

इसका उत्तर देते हुए पतञ्जलि कहते हैं कि 'त्रपुभ्याम्', 'त्रपुभिः' 'हे त्रपु' आदि प्रयोगों के सिद्ध हो जाने पर आचार्य के पुनः 'अचि' पद के ग्रहण से 'न लुमताङ्गस्य' सूत्र की अनित्यता का ज्ञान होता है। यदि 'न लुमताङ्गस्य' यह प्रत्ययलक्षण-निषेध नित्य होता तो सम्बुद्धि में उसका आश्रय लेकर 'नुम्' प्राप्त नहीं हो सकता था, पुनः उसके निवारण के लिए 'अचि' पद नहीं पढ़ते परन्तु आचार्य का उसके निषेध के लिये यत्न करना सिद्ध करता है कि आचार्य 'न लुमताङ्गस्य' निषेध को नित्य नहीं मानते। 'हे त्रपु' यहां प्रत्ययलक्षण-निषेध के अनित्य होने से अनित्य पक्ष में 'ह्रस्वस्य गुणः' (अष्टा. 7.3.108) सूत्र से गुण होकर 'हे त्रपो' यह रूप सिद्ध होता है।[32] नित्य पक्ष में गुण न होने से 'हे त्रपु' यह रूप सिद्ध होता है।

1.11 उपर्युक्त सन्दर्भ में हरदत्तमिश्र द्वारा कैयट का सङ्केत

उपर्युक्त सन्दर्भ में प्रदीपकार का कथन है कि 'हे त्रपु' ऐसा रूप प्राप्त होने पर प्रत्ययलक्षण निषेध के अनित्य होने से गुण होकर 'हे त्रपो' यह रूप सिद्ध होता हैं।[33] प्रदीपकार 'केचित्' पद से सङ्केत करते हुए कहते हैं कि कुछ आचार्य 'हे त्रपु' तथा 'हे त्रपो' ये दो रूप उचित मानते हैं।[34] भाष्यकार का भी यही मन्तव्य प्रतीत होता है।[35]

प्रदीपकार का कथन है कि प्रत्ययलक्षण-निषेध की अनित्यता कहीं-कहीं होती है- सब जगह नहीं। पदमञ्जरीकार अपना कोई स्पष्ट मत व्यक्त नहीं करते तथा प्रदीपकार के कथन की ओर सङ्केत करते हुए कहते हैं कि भाष्य का व्याख्यान करने वाले लोग 'हे त्रपो' में गुण को वैकल्पिक नहीं, अपितु नित्य मानते हैं। मिश्र की यह पंक्ति कैयट को मिश्र से पूर्ववर्ती मानने वाले पक्ष को पुष्ट करती है।[36]

सन्दर्भ -

---

[1]इकोऽचि विभक्तौ। अष्टा. 7.1.73

[2]इक इति किम् ? कुण्डे पीठे। का.वृ. 7.1.73

[3]पूर्वत्र यदज्ग्रहणं तदिहैव कर्त्तव्यम्, 'नपुंसकस्य झलः' अचोऽचीति तेन हलन्तस्य न भविष्यति सन्ध्यक्षरान्तं तु नपुंसकं नास्त्येवेति प्रश्नः। अत एवादन्तं प्रत्युदाहरति न हलन्तम्। प.म. 7.1.73, 1. 482

[4]अस्तु लोपः। अस्त्वत्र नुम्, नलोपः प्रातिपदिकान्तस्येति नलोपः भविष्यति। म.भा.7.1.71.,265

[5]यचि भम्। अष्टा. 1.4.18

[6]हलादौ नुमो लोपविधानात्तत्रनिवृत्त्यर्थ नोपयुज्यते इति प्रश्नः। म.भा.प्र. 7.1.71,66

[7]नलोपः सुप्स्वरसंज्ञातुग्विधिषु कृति। अष्टा 8.2.2

[8]इगन्ते उत्तरपदे द्विगौ पूर्वपदं प्रकृत्या भवतीत्येष स्वरो न प्राप्नोति, नलोपेऽपि कृते स्वरविधौ तस्यासिद्धत्वादनिगन्तत्वादनिगन्तत्वमेव। प.म. 7.1.73,483

[9]स्वरो न प्राप्नोतीति। नुमेगन्तताया विघातात्। म.भा.प्र. 7.1.73,66

[10]सन्निपातलक्षणो विधिरनिमित्तं तद्विघातस्य। परि. 86

दो के जिस सम्बन्ध के कारण जो विधि उत्पन्न होगी, वह विधि उस सम्बन्ध के विधात का कारण नहीं बनेगी।

[11](क) संघातभक्तोऽसौ नोत्सहतेऽवयवस्येगन्ततां विहन्तुमिति कृत्वा ततः श्रूयमाणेऽपि नुमि स्वरो भवति। म.भा. 7.1.73,266

(ख) संघातभक्तोऽसौ नोत्सहते तदुत्तरपदस्येगन्ततां विहन्तुमिति। प.म. 7.1.73,483

[12]अङ्गस्य विधानाद् बहिरङ्गत्वाच्च नुमोऽन्तरङ्गः स्वरः पूर्वमेव प्रवर्तते। म.भा.प्र. 7.1.73,67

[13]असिद्धं बहिरङ्गमन्तरङ्गे। परि. 51

[14]इदं तर्हि अतिराभ्याम्, अतिराभिः। नुमि कृते रायो हलि (7.2.85) इत्यात्वं न प्राप्नोति। म.भा. 7.1.73, 266

[15]सुब्विधौ नलोपस्याऽसिद्धत्वाच्च। म.भा.प्र. वही. ,67

[16]इदमिह सम्प्रधार्यं-नुम्क्रियतामात्वमिति, किमत्र कर्तव्यम्। परत्वादात्वम्। म.भा. 7.1.73,266

[17]आत्वमनित्यं, नुमि कृते तेन व्यवधानादप्रसङ्गात्। अथवा शब्दान्तरप्राप्त्या नुमि कृते नकारस्य प्रसङ्गात् अकृते त्विकारस्य। नुम्प्यनित्यः कृते आत्वे प्राप्त्यभावात्। म.भा.प्र. 7.1.73, 67

[18](क) इकोऽचि व्यञ्जने मा भूदस्तु लोपः स्वरः कथम्। स्वरो वै श्रूयमाणेऽपि लुप्ते किं न भविष्यति ।।
रायात्वं तिसृभावश्च व्यवधानान्नुमा अपि।नुङ्वाच्य उत्तरार्थं तु इह किञ्चित् त्रपो इति।। म.भा. 7.1.73, 267

(ख) का.वृ. 7.1.73, 734

[19](क) व्यवधानादिति ल्यब्लोपे पञ्चमी, यथा प्रासादात् प्रेक्षत इति। प्रासादमारुह्य इत्यर्थः। तदयमर्थः नुमा व्यवधानमपि प्राप्य राय आत्वं तिसृभावश्च भवतीति। कस्मात् पुनर्व्यवधाने तौ भवतः? 'रायो हलि' इत्यत्र रायो या विहिता विभक्तिः। न्यास 7.3.72,518

(ख) व्यवधानादिति कर्मणि ल्यब्लोपे पञ्चमी, नुम् व्यवधानं प्राप्यापि भवत इत्यर्थः। विभक्तिविधानदशायां यदानन्तर्यं तत्तत्राश्रीयते न त्वादेशविधानदशायामिति भावः। प.म. वही. ,483

[20]म.भा.7.1.96. ,276

[21]स च विप्रतिषेधोऽज्ग्रहणे कृताकृतप्रसङ्गित्वानित्यं स्यात्। प.म.7.1.73. p. 483

[22]क्रियमाणेऽपि अज्ग्रहणेऽवश्यमत्र नुडर्थो यत्नः कत्र्तव्यः। पूर्वविप्रतिषेधो वक्तव्यः। म.भा.7.1.73,200

[23](क) अज्ग्रहणं च कत्र्तव्यं, पूर्वविप्रतिषेधेश्च वक्तव्य इति यत्नद्वयमाश्रयणीयं, तत्राज्ग्रहणम्कृत्वैव एक एव नुडर्थे यत्नः कर्तव्य इत्यर्थः। म.भा.प्र. 7.1.73,68

(ख) ततश्चाज्ग्रहणं कर्तव्यम्, पूर्वविप्रतिषेधश्च वक्तव्यः इति यत्नद्वयमाश्रयणीयम् तत्राज्ग्रहणम्कृत्वा एक एव नुडर्थो यत्नः कर्तव्य इत्यर्थः। प.म. 7.1.73. 483

[24]नोपधायाः। अष्टा 6.4.7

[25]लक्षणप्रतिपदोक्तयोः प्रतिपदोक्तस्यैव ग्रहणम्। लक्षण अर्थात् सूत्र से उपपन्न प्रतिपदोक्त अर्थात् सूत्र में जिस रूप में कहा गया है. इन दोनों के प्राप्त होने पर प्रतिपदोक्त का ग्रहण होता है, लाक्षणिक का नहीं। परि. 114

[26](क) एवं तर्हि लक्षणप्रतिपदोक्तयोः प्रतिपदोक्तस्यैवेति। म.भा. 7.1.73p200

(ख) प्रतिपदोक्तस्येनस्तत्रग्रहणम्, लाक्षणिकश्चायम्। प.म 7.1.71p. 484

[27]प्रयोजनं नाम् तद्वेदितव्यं यन्नियोगतः स्यात्। म.भा. 7.1.58. p. 261

[28]उत्तरार्थ च। उत्तरार्थ तह्यज्ग्रहणं कत्र्तव्यम्, अस्थिदधिसक्थ्यक्ष्णामनङ् उदात्तः अजादौ यथा स्यात्। म.भा.7.1.73. p. 266

[29]यद्युत्तरार्थं स्यातत्रैवायमज्ग्रहणं कुर्वीत। इह हि क्रियमाणे यदि किञ्चित् प्रयोजनमस्ति तदुच्यताम्। म.भा.7.1.7.3. p. 267

[30]न लुमताङ्गस्य। अष्टा. 1.1.63

[31]अजादौ यथा स्यादिह मा भूत् त्रपु जतु। एतदपि नास्ति प्रयोजनम्, विभक्ताविति्युच्यते। न चात्र विभक्तिं पश्याम्:। प्रत्ययलक्षणेन न लुमताङ्गस्य (1.1.63) इति प्रत्ययलक्षणप्रतिषेधः। म.भा. 7.1.73. p. 267

[32]एवं तर्हि सिद्धे सति यदज्ग्रहणं करोति तज्ज्ञापयत्याचार्यो भवतीह कश्चिदन्योऽपि प्रकारः प्रत्ययलक्षणं नामेति। किमेतस्य ज्ञापने प्रयोजनम्? हे त्रपु । हे त्रपो। अत्र गुणः सिद्धो भवति। म.भा. 7.1.73. ,267

[33]'हे त्रपु' इति प्राप्ते 'हे त्रपो' भवतीत्यर्थः। म.भा.प्र. 7.1.73. p.69

[34]केचितु रूपद्वयमिष्यते इत्याहुः। म.भा.प्र. 7.1.73. p. 69

[35]इहोभयं प्राप्नोति। हे त्रपु। हे जतु। म.भा. 6.1.69. p. 49

ज्योतिषशास्त्रोक्तत्रिप्रश्न में 'देश' की अवधारणा का सैद्धान्तिक विमर्श

• डॉ. अनिल कुमार पोरवाल*

शोधसार - षडवेदा में नेत्रस्थानीय ज्योतिषशास्त्र को तीन भागों में विभाजित किया गया है जिसके सिद्धान्त स्कन्ध में त्रिप्रश्न के अन्तर्गत दिक्-देश-काल का वर्णन मिलता है। जिसमें देश शब्द का क्या अभिप्राय है अर्थात् देश से किसका बोध होता है? आधुनिक विज्ञान और भूगोल के अन्तर्गत देश का क्या स्वरुप है? क्या ज्योतिषशास्त्र और आधुनिक भूगोल में उक्त देश सम्बन्धी विषय एक ही है या उनमें कोई अन्तर? क्या अक्षांश शब्द का सन्दर्भ आधुनिक भूगोल में प्राप्त होता है या उससे पहले ही इसके सन्दर्भ ज्योतिषशास्त्र में प्राप्त होते हैं? ज्योतिषशास्त्र में अक्षांश को किस रूप में परिभाषित किया गया है और कहाँ-कहाँ इसके सन्दर्भ प्राप्त होते हैं? अक्षांश का पलभा से क्या सम्बन्ध होता है? बिना आधुनिक यन्त्रों के किसी स्थान का अक्षांश यदि जानना हो तो किन विधियों द्वारा जाना जा सकता है? इन्हीं महत्त्वपूर्ण ज्योतिषीय तथ्यों का सैद्धान्तिक विमर्श ही इस शोधपत्र का केन्द्र है।

बीजशब्द- त्रिप्रश्न, देश, अक्षांश, खमध्य, क्षितिज, निरक्ष, पलांश, नतांश, उन्नतांश, उन्मण्डलवृत्त।

सामान्य व्यवहार में 'देश' शब्द से तात्पर्य स्थान, गाँव, क्षेत्र तथा प्रदेश (Area of land) से है। भौगालिक दृष्टिकोण में देश शब्द से अभिप्राय भू-तल पर ऐसे इकाई क्षेत्र से है जिसकी अपनी एक वैश्विक स्थिति और भौगालिक अवस्थिति (अक्षांश तथा देशान्तर) हो अर्थात् किसी भौतिक स्थान का उर्ध्वाधर और क्षैतिजीय विस्तार ही पृथ्वी पर उस स्थान की वास्तविक स्थिति को इंगित करता है, जो देश कहलाता है।

त्रिस्कन्धीय[1] ज्योतिषशास्त्र में त्रिप्रश्न (दिक्-देश-काल) को शास्त्र का मुख्य आधारभूत विषय माना गया है क्योंकि ज्योर्तिविज्ञान के समस्त प्रश्नों का रहस्योघाटन इन्हीं त्रिप्रश्न अर्थात् दिक्-देश और काल के द्वारा ही सम्यक् रूप से किया जा सकता है। जैसाकि भास्कराचार्य ने सिद्धान्त शिरोमणि में उद्धृत किया है-

*ज्योर्तिविज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ.प्र.)

जगुर्विदोऽदः किलकालतन्त्रं दिग्देशकालावगमोऽत्रयस्मिन्।
त्रिप्रश्ननाम्नि प्रचुरोक्तिधाम्नि ब्रुवेऽधिकारं तमशेषकारम्।।[2]

वस्तुतः ज्योतिषशास्त्र ने दिक्-देश और काल तीनों की पृथक-पृथक सत्ता स्वीकार की है लेकिन इनमें दिक्-देश के मध्य परस्पर घनिष्ठ सम्बन्ध है तथा एक के ज्ञान में दूसरा सहायक होता है परन्तु काल इनसे भिन्न है। कतिपय शास्त्रों में केवल देश और काल दो ही को स्वीकार किया गया है, परन्तु ज्योतिषशास्त्र के अनुसार देश के साथ दिक् का सम्बन्ध होते हुए भी देश और दिक् में भेद माना है तथा दोनों के साधन का मार्ग अलग-अलग बतलाया है। बिना दिक् ज्ञान के देश ज्ञान सम्भव नहीं और बिना देश के दिक् का कोई उपयोग नहीं।[3] जैसा कि ज्ञात है कि ज्योतिषशास्त्र में दश दिशायें कही गयी है- चार मुख्य दिशाएँ (पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण), चार कोण दिशाएँ (आग्नेय, नैऋत्य, वायव्य, ईशान) तथा दो खमध्य (उर्ध्वखमध्य तथा अधः खमध्य)। जिनमें से चार मुख्य दिशाएँ (पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण) तथा चार कोण दिशाएँ (आग्नेय, नैऋत्य, वायव्य, ईशान) हमारे क्षितिजवृत्त[4] (Horizon) पर ही स्थित रहती हैं और क्षितिजवृत्त (Horizon) की स्थिति ऊर्ध्व खमध्य (Zenith) तथा अधः खमध्य (Nadir) से 90° पर होती है।[5]चूकिंखमध्य[6] को परिभाषित करते हुए कहा गया है, कि पृथ्वी के पृष्ठ पर जो व्यक्ति जहाँ खड़ा है उसके सिर के ठीक ऊपर आकाश में जो स्थान होगा उसे उसका ऊर्ध्व खमध्य (Zenith) कहा जाता है तथा ऊर्ध्व खमध्य (Zenith) से 180° पर अधः खमध्य (Nadir) की स्थिति होती है। स्थान (देश) विशेष होने के कारण इसका सीधा सम्बन्ध अक्षांश से होता है।जैसा कि अक्षांश के परिचय के विषय में भास्कराचार्य द्वितीय ने सिद्धान्त शिरोमणि में कहा है-

पुरान्तरं चेदिदमुत्तरं स्यात्तदक्षविश्लेषलवैस्तदा.....।[7]

अर्थात्पृथ्वी पर निरक्षदेश[8] से स्वदेश स्थान (नगर अथवा स्थान) जितना उत्तर या दक्षिण होता है उसे अक्ष के अंश, अक्षांश अथवा देश कहते हैं। ज्योतिषीय दृष्टिकोण में, पृथ्वी पर देश को जानने के लिए आर्यभट्ट, वराहमिहिर, भास्कराचार्य, ब्रह्मगुप्तप्रभृति भारतीय खगोलज्ञ पृथ्वी पर किसी स्थान विशेष की स्थिति को प्रदर्शित करने के लिए अक्षांश (याम्योत्तरान्तर) का प्रयोग किया जाता रहाहै।[9] भू-पृष्ठ पर किसी स्थान के सन्दर्भ में सूर्योदय, सूर्यास्त, चन्द्रोदय, चन्द्रास्त, ऋतुपरिवर्तन आदि का समय जानने देश (अक्षांश) का ज्ञान होना अत्यन्त आवश्यक है।

अतएव अक्षांश, भूमध्यरेखा (Equator) से किसी भी स्थान की उत्तरी अथवा दक्षिणी ध्रुव की ओर की कोणीय दूरी का नाम है।[10] भूमध्यरेखा को 0° की अक्षांश रेखा माना गया है, जिसे ज्योतिषीय सन्दर्भ में निरक्षदेश[11] कहा जाता है क्योंकि यहाँ पर अक्षांश शून्य होता है। भूमध्यरेखा से समानान्तर ध्रुव तक दोनों गोलार्धों में अनेक वृत्तों का निर्माण होता है। यही अक्षांश रेखाएँ कहलाती हैं। भूमध्यरेखा से उत्तरी ध्रुव की ओर सभी दूरियाँ उत्तरी अक्षांश तथा दक्षिण ध्रुव की ओर सभी दूरियाँ दक्षिणी अक्षांश में मापी जाती है। ध्रुवों की ओर बढ़ने पर भूमध्यरेखा से अक्षांश की दूरी बढ़ने लगती है। इसके अतिरिक्त सभी अक्षांश रेखाएं परस्पर समानान्तर और पूर्णवृत्त के रूप में होती

है। ध्रुवों की ओर जाने पर वृत्त छोटे होने लगतें हैं, और 90° का अक्षांश ध्रुव पर एक बिन्दु के रूप में परिवर्तित हो जाता है।

आधुनिक भूगोलवेत्ता इसे अन्य प्रकार से कहते हैं कि भूपृष्ठ पर विषुवत रेखा के उत्तर या दक्षिण में एक याम्योत्तर (Meridian) पर किसी बिन्दु की पृथ्वी के केन्द्र से मापी गयी कोणीय दूरी अक्षांश कहलाती है।[12] जैसा कि स्पष्ट है-

अक्ष = धुरी, अक्ष +अंश = धुरी का कोणात्मक अंश।

अर्थात् किसी स्थान विशेष पर पृथ्वी की धुरी का कोणात्मक झुकाव कितने अंश होता है।[13]

खगोल परिभाषा में अक्षांश को स्पष्ट करते हुए कहा गया है -

स्वखमध्यान्निरक्षस्य अन्तरं दक्षिणोत्तरम्।
याम्योत्तरमण्डले चाऽत्र अक्षांशः प्रतिपद्यते।।[14]

याम्योत्तरवृत्त[15] में खमध्य स्थान से निरक्षखमध्य का उत्तर-दक्षिण के अन्तरांश मान को अक्षांश कहा जाता है। अक्षांश को सुस्पष्टकरते हुए भास्कराचार्य ने भुवनकोश के अन्तर्गत कहा है-

"निरक्षदेशे क्षितिमण्डलोपगौध्रुवो नरः पश्यतिदक्षिणोत्तरै।
तदाश्रितं खे जलयन्त्रवत् तथा भ्रमद्भचक्रं निजमस्तकोपरि।।
उदग्दिशं याति यथा यथानरस्तथा तथा खान्नतमृक्षमण्डलम्।
उदग्ध्रुवं पश्यति चोन्नतं क्षितेस्तदन्तरे योजनजाः पलांशकाः।।[16]

निरक्षदेशीय मानव, भ्रमणशील नक्षत्रचक्र को अपने मस्तक के ऊपर पश्चिमाऽभिमुखजलयन्त्र के समान भ्रमण करता हुआ देखता है। आर्यभट्ट(द्वि0) ने महासिद्धान्त[17], ब्रह्मगुप्त ने ब्रह्मस्फुट सिद्धान्त[18], लल्लाचार्य ने शिष्यधीवृद्धिद्[19] तथा सूर्य सिद्धान्त[20] इत्यादि ग्रन्थों में आचार्योक्त तथ्यों की पुष्टि की गयी है।

निरक्षदेश से उत्तर दिशा की ओर जैसे-जैसे जाते हैं, वैसे-वैसे ही अक्ष मण्डल में नक्षत्र-चक्र नत होता हुआ दिखाई देता है और उत्तर ध्रुव उन्नत दिखाई देता है। निरक्ष देश से अपने स्थान (स्वस्थान) की स्थिति जितने लम्बवत अंतर पर होती हैं उतने योजन पलांश(अक्षांश) होते हैं। अर्थात् खमध्य से निरक्षखमध्य के याम्योत्तर वृत्तीय चाप में नतांश तुल्य अक्षांश होता है।

सूर्य सिद्धान्त में नतांश-उन्नतांश[21] के सैद्धान्तिक पक्ष का वर्णन किया गया है-

"ध्रुवोन्नतिर्भचक्रस्य नतिर्मेरुं प्रयास्यतः।
निरक्षाभिमुखं यातुर्विपरीते नतोन्नते।।[22]

ध्रुव स्थान से 90° पर नाड़ीवृत्त है अतः ध्रुव प्रदेश में स्थित होने पर ध्रुव तारा खमध्य में तथा नक्षत्र-चक्र क्षितिज पर होगा। ध्रुवाभिमुख गमन करने से क्रमशः ध्रुव की स्थिति से उन्नति बढ़ती जाती है तथा नक्षत्र चक्र खमध्य से नीचे की ओर क्रमशः जाता है अर्थात् नक्षत्र चक्र नत हो जाता है। इसी प्रकार निरक्ष देश (भूमध्य वृत्त) की ओर बढ़ने से क्रमशः नक्षत्र चक्र की उन्नति बढ़ती जाती है तथा ध्रुवतारा की उन्नति घटती जाती है अर्थात् नतांश बढ़ता जाता है।[23]

इसलिए निरक्षदेश (अक्षांश रहित स्थान) में रहने वाले प्राणी उत्तर और दक्षिण ध्रुव को अपने क्षितिज में देखते हैं।[24] क्योंकि निरक्षदेशीयभूपृष्ठखमध्य से 90° की दूरी पर जो वृत्त बनेगा, वह निरक्षदेशीय क्षितिज वृत्त होगा अथवा उसे उन्मण्डलवृत्त (Six O' Circle) भी कहा जा सकता है, यथा- **'तद्योगचिह्नान्नवतिप्रमांशैर्वृत्तं कृतं स्वक्षितिजं च तत्स्यात्।'[25]**

गोल परिभाषा में अक्षांश की गोल में अवस्थिति तथा उनकी परिभाषाएँ भी कही गयी हैं[26]-

(1) स्वखस्वस्तिक (स्वखमध्य) निरक्षखस्वस्तिकयोः (निरक्षखमध्य) मध्येऽक्षांशाः।

(2) याम्योत्तरवृत्ते उन्मण्डल क्षितिज वृत्तयोर्मध्येऽक्षांशाः।

(3) स्वसमस्थानध्रुवस्थानयोर्मध्येऽक्षांशाः।

(4) याम्योत्तरवृत्ते पूर्वापरवृत्तनाड़ीवृत्तयोर्मध्येऽक्षांशाः।

(5) याम्योत्तरवृत्ते समवृत्तनाड़ीवृत्तयोर्मध्येऽक्षांशाः।

जिसको गोल परिभाषा में सूत्रबद्ध करते हुए कहा गया है-

समाख्यनाडीवलयान्तराले यथाक्षसंज्ञाश्चतथैववेद्याः।
उन्मण्डलक्षमावलयान्तरे स्यादेवं द्वयोस्तद्बहुधाऽत्र गोले।।[27]

आधुनिक भूगोलवेत्ताओं के अनुसार[28] पृथ्वी के चतुर्दिक अक्षांश रेखाएँ वृत्तों के रूप में खींची जाती हैं जिनकी लम्बाई भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर उत्तरोत्तर कम होती जाती है। भूमध्य रेखा बृहत्तम वृत्त होता है जबकि दोनों ध्रुव केवल बिन्दुमात्र रह जाते हैं। चूकिंपृथ्वी की सम्पूर्ण परिधि की लम्बाई 360° है तथा भूमध्य रेखा से उत्तर तथा दक्षिण धुरव की दूरी परिधि की एक चैथाई होती है अतएव 1° के अन्तर पर भूमध्य रेखा के उत्तर या दक्षिण 90° अक्षांश रेखाएँ खीची जा सकती हैं। उत्तरी तथा दक्षिणी ध्रुवों का अक्षांशीय मान 90°-90° होता है।

पृथ्वी पर अक्षांश रेखाओं का तापमान तथा जलवायु के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध है। क्योंकि स्थानीय उच्चावच के प्रभावों को नजर अंदाज करने पर एक अक्षांश के सहारे स्थित स्थानों को समान सौर ऊर्जा की प्राप्ति होती है। अक्षांशों के आधार पर हम भूमण्डल को विभिन्न तापीय/जलवायु कटिबन्धों में विभाजित करते हैं। पृथ्वी के अक्ष का झुकाव तथा सूर्य के बदलते दिक्पात के कारण ग्लोब पर कर्क (23°N), मकर (23°S), उत्तरी ध्रुव वृत्त (66°N) तथा दक्षिणी ध्रुव वृत्त (66°S) आदि अक्षांशों का विशेष महत्त्व है। जहाँ अयन रेखाएँ ऐसी सुदूर ध्रुवीय सीमाएँ हैं जिन पर वर्ष में एक बार सूर्य की किरणें लम्बवत् चमकती हैं वही आर्कटिक तथा अण्टार्कटिक वृत्तों सें परे ध्रुवीय क्षेत्र 6 माह के अन्तराल पर रात और दिन का अनुभव करते हैं।

वर्तमान समय में, हम सुदूर संवेदन (Remote-Sensing) के सहयोग से ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (GPS) जैसे आधुनिक यन्त्रों द्वारा पृथ्वी के त्रिआयामों (Three-Dimension) अर्थात् अक्षांश-देखान्तर-उन्नतांश (ऊंचाई) का ज्ञान आसानी से किया जा सकता है। किन्तु ज्योतिषशास्त्र में बिना किसी आधुनिक यन्त्रों के उपयोग के, केवल भारतीय वेधशाला के

शंकु यन्त्रादिअथवा गणित के साधारण सूत्रों के माध्यम से ही इनका ज्ञान पृथ्वी के किसी भी स्थान पर किया जा सकता है।

भास्कराचार्य ने सिद्धान्त शिरोमणि में ही अक्षांश ज्ञान के लिए यन्त्र वेध विधि बताते हुए कहा है कि-

यन्त्रवेधविधिना ध्रुवोन्नतिर्या नतिश्चभवतोऽक्षलम्बकौ।
तौ क्रमाद्विषुवदह्न्यहर्दले येऽथवानतमुन्नतालवाः।।[29]

यन्त्र वेध (चक्रयन्त्र) के द्वारा ध्रुव का वेध करने से प्राप्त उन्नतांश उस स्थान का अक्षांश तथा नतांशलम्बांश होता है अथवा विषुवद्दिनार्द्ध पर यन्त्रवेध से सूर्य का वेध करने से सूर्य का नतांश वहाँ का अक्षांश तथा उन्नतांशलम्बांश होता है। लल्लाचार्य[30] और वटेश्वराचार्य[31] ने गोलबन्ध के अन्तर्गत आचार्य की बातें स्वीकार की हैं और कहा है कि अक्षांश की सूक्ष्मता हेतु उक्त कथन तभी सत्य होंगे जब सूर्य मेष संक्रमण काल या तुला संक्रमण काल अर्थात् विषुव दिन में होगा।

त्रिस्कन्ध ज्योतिषशास्त्र के सिद्धान्त स्कन्ध के अन्तर्गत अक्षांश ज्ञात करने हेतु प्रकारान्तर से निम्न विधियाँ कही गयी है-

1. **स्वक्षितिज से सूर्य की स्थिति -द्वारा अक्षांश आनयन (ऊँचाई)** विषुव दिवस -जब दिन) पर अथवा (रात बराबर रहता है21 मार्च या 23 सितम्बर को किसी स्थान विशेष पर मध्याह्नकालीन सूर्य की जो ऊँचाई है वह ऊँचाई (दोपहर के)90° में से घटा दे, तो घटाने से जो भी शेष रहे, वह उस स्थान का अक्षांश प्राप्त होगा। जैसेइलाहाबाद में - विषुवदिवस में सूर्य की जो ऊँचाई हो, अर्थात् 21 मार्च या 23 सितम्बर को मध्याह्न समय में सूर्य की ऊँचाई 64°30' है तो 90°00'-64°30'=25°30' अक्षांश हुआ। इसी प्रकार लखनऊ में विषुव दिनों में सूर्य की ऊँचाई 53°30' अक्षांश है तो 90°-53°30'=26°30' वहाँ का अक्षांश हुआ।
2. **स्वक्षितिज से ध्रुव तारे की स्थिति (ऊँचाई) द्वारा अक्षांश आनयन-** एक पतली सुतली लेकर या धागा लेकर उसका एक छोर सम धरातल (भूमि) में लगाकर रखें और दूसरा छोर ध्रुवतारा की सीध मिलाकर किसी ऊँचे स्थान पर बाँध दे कि सुतली का छोर ठीक ध्रुव तारा की सीध में रहे, तो उस सुतली से जमीन के धरातल पर एक कोण बनेगा। उस कोण को नाप लें, उस अंशादि पर उस कोण की नाप ही वहाँ का अक्षांश होगा। यहाँ पर 23°30' का कोण बना है इससे अक्षांश 23°30' हुआ। इसका सारांश यह है कि उस स्थान पर ध्रुव तारा की जो ऊँचाई है उसी ऊँचाई का कोणात्मक अंश वहाँ का अक्षांश होता है। उत्तरी गोलार्द्ध के किसी भी स्थान का अक्षांश ध्रुव तारा की ऊँचाई से ज्ञात हो सकता है। जैसे लाहौर में ध्रुवतारा की ऊँचाई 31°30' है तो वहाँ अक्षांश भी 31°30' होगा।

3. **तुरीययन्त्र वेध से अक्षांश ज्ञान**- कमलाकरभट्ट ने भी तुरीय यन्त्र के वेध द्वारा ध्रुव के वेध से अक्षांश ज्ञात करने की विधि बतलाई है। यथा-

यदासदोदितर्क्षं च परमं सन्नतोन्नतम्।
त्रिधाविद्धोन्नतांशैक्यदलंयत्ते पलाशंका।। एवं
मध्यनतांशानां क्रान्त्यक्षाभ्यां भवन्ति हि।
व्यस्त संस्कारतोऽक्षांशाः क्रान्त्यांशाश्चक्रमाद्ध्रुवम्।।[32]

4. **पलभा के द्वारा अक्षांश साधन-** अभीष्ट समय (सायन सूर्य मेषादि-तुलादि के स्थानीय मध्याह्न काल) में प्राप्त शङ्कु की छाया (पलभा) से भी अक्षांश साधन ज्योतिषग्रन्थों में वर्णित है पलभा के स्वरूप का वर्णन करते हुए सूर्य सिद्धान्त का मत है-

एवं विषुवती छाया स्वदेशे या दिनार्धजा।
दक्षिणोत्तररेखायां सा तत्र विषुवत्प्रभा।।[33]

सिद्धान्त शिरोमणि में भी कहा गया है-

क्रियतुलाधरसंक्रमपूर्वतोऽयनलवोत्भदिनैर्विषुवद्दिनम्।
मकरकर्कटसंक्रमतोऽयनंद्युदलभाविषुवद्दिवसेक्षभा।।[34]

अर्थात् अपने-अपने देश (स्थान) के मध्याह्न कालिक दक्षिणोत्तर रेखा में पड़ने वाली विषुवच्छाया (12 प्रमाण शङ्कु की छाया) उस स्थान की पलभा होती है। पलभा शब्द का आशय ही स्थान विशेष पर अभीष्ट समय की छाया से है। अब प्रश्न यह होता है कि यदि पलभा का अर्थ छाया ही है तो विषुव दिनों में ही क्यों? किसी भी दिन क्यों नहीं? इसका कारण यह है कि विषुव दिनों में सूर्य की स्थिति विषुवत् रेखा के ठीक ऊपर होने के कारण-

क) सूर्य की किरणें पृथ्वी पर सीधी गिरती हैं।

ख) उत्तरी ध्रुव तथा दक्षिणी ध्रुव सूर्य से समान दूरी पर रहते हैं।

ग) इस दिन पृथ्वी की अक्ष रेखा सूर्य के किरणों के लम्बवत् पड़ती हैं।

जिससे सभी अक्षवृत्तों पर सूर्य की किरणें लम्बवत् पड़ती हैं। अतः इन दिनों में पड़ने वाली छाया अक्षांश के अनुरूप होती है।

किसी स्थान विशेष पर पलभा का मापन करने हेतुसमतल भूमि में (जल द्वारा शुद्ध कर वज्रलेप से बराबर करने पर) में द्वादश (12) अङ्गुल या 12 प्रमाण की अन्य इकाई का शङ्कु पृथ्वी पर लम्बवत् स्थिर करते हैं। विषुव दिनों (सायनमेषादि अथवा सायनतुलादि) को स्थानीय मध्याह्नकाल के समय जब सूर्य याम्योत्तर लंघन कर रहा होता है तो द्वादश प्रमाण शङ्कु की छाया शङ्कु के माप की इकाई में नाप लेते हैं। यही पलभा कहलाती है।[35]

पृथ्वी के जिन स्थानों का अक्षांश शून्य होता है जिसे निरक्ष देश (अक्षांश रहित) भी कहते हैं और वहाँ स्थित सूर्य की किरणें उन्मण्डलवृत्त (निरक्ष स्थान का क्षितिज) पर विषुव दिनों में पूर्णतया सीधी पड़ती है अतः वहाँ शंकु की कोई छाया नहीं बनती इसलिए निरक्ष देश पर पलभा शून्य होती

है। परन्तु साक्ष (अक्षांश सहित) देशों में ही पलभा की प्राप्ति होती है जैसे-जैसे हम विषुवत रेखा से उत्तर या दक्षिण की ओर बढ़ते जाते हैं वैसे-वैसे अक्षांश के मान बढ़ते जाते है और उसी अनुपात में पलभा के मान में भी वृद्धि होती जाती है।

इसी पलभा (अक्षभा/विषुवत्प्रभा) के माध्यम से सूर्यसिद्धान्त[36] में त्रिकोणमिति तथा ग्रहलाघव[37] में सामान्य अंक गणित के माध्यम से अक्षांश ज्ञात करने की विधियां सुस्पष्ट हैं। सैद्धान्तिक दृष्टिकोण से देश शब्द को प्रदर्शित करने वाले पलभा और अक्षांश अन्योन्याश्रित होते हैं। अतः अक्षांश-पलभा का ज्ञान परस्पर सापेक्ष है। आनुपातिक गणित के माध्यम से किसी भी स्थान विशेष पर पलभा द्वारा अक्षांश तथा अक्षांश द्वारा पलभा का ज्ञान अत्यन्त सहजता से किया जा सकता है। इस प्रकार कालविधानक[38] भारतीय ज्योतिष में प्राचीनकाल से ही देश की गणना के सन्दर्भ में अक्षांश की गणना की जाती रही है, और वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आधुनिक शास्त्र तथा विज्ञान उन्हीं गणितीय सूत्रों का अनुगमन करते प्रतीत होते हैं।

सन्दर्भ -

---

[1]सिद्धान्तः संहिता होरा रूपं स्कन्धत्रयात्मकम्। (नारद सहिंता, 1/4)

[2]सिद्धान्त शिरोमणि-गणिताध्याय, त्रिप्रश्नाधिकार, श्लोक 1

[3]सूर्य सिद्धान्त, व्याख्या डा. रामचन्द्र पाण्डेय, पृष्ठ-106

[4]गोल परिभाषा, श्लोक-23

[5]याम्योत्तरं प्रागपरं च कोणाभिधं च तद्वृत्त चतुष्कयोगौ।
तयोश्च योऽत्यूर्ध्वगत संतदूर्ध्व खस्वस्तिकं चान्यदधः स्थितं च।। (गोल परिभाषा, श्लोक 22)

[6]यः कोऽपिजनः यत्र स्थितःतस्य शिरस्युपरि आकाशे स्थित भागः तस्य खमध्यः।(गोल परिभाषा, प. गणपति लाल शर्मा, पृष्ठ 55)

[7] सिद्धान्त शिरोमणि-गोलाध्याय,भुवनकोश, श्लोक 14

[8]याम्योत्तरं स्वदेशस्यं निरक्षाभिधमण्डले, वृत्तं यत्र विलग्नं स्यान्निरक्षं स्वस्थ तत्स्थलम्। (गोल परिभाषा, श्लोक 15)

[9] भौगोलिक विचारधाराएं एवं विधितंत्र, पृष्ठ-108

[10]अभिनव प्रायोगिक भूगोल, पृष्ठ-19

[11]याम्योत्तरं स्वदेशस्यं निरक्षाभिधमण्डले। वृत्तं यत्र विलग्नं स्यान्निरक्षं स्वस्य तत्स्थलम्।।(गोल परिभाषा, श्लोक 15)

[12]भूगोल एक समग्र अध्ययन-पृष्ठ-19

[13]सचित्र ज्योतिष शिक्षा, प्रारम्भिक ज्ञान खण्ड, पृष्ठ 38-39

[14]खगोल परिभाषा, गणपति लाल शर्मा, श्लोक-48

[15]स्वदेशगं यद् ध्रुवयोः विलग्नं तत् स्वीय याम्योत्तरं वृत्त संज्ञम्।(गोल परिभाषा, श्लोक 30)

[16]सिद्धान्त शिरोमणि, गोलाध्याय, भुवनकोश, श्लोक-48-49

[17]क्षितिलग्ने ध्रुवतारे पश्यति पुरुषो निरक्षदेशस्थः। (महासिद्धान्त-16/30)

[18] अन्यत्र सर्वत्रो दिशमुन्नमति भपञ्जरो ध्रुवो नमति।
लंकायामुडुचक्रंपूर्वापरगंध्रुवौक्षितिजे।।(ब्राह्मस्फुट सिद्धान्त, गोलाध्याय, श्लोक 5)

[19]निरक्षदेशोपरिगौ ध्रुववुभौस्वदक्षिणोदक् क्षितिजप्रसक्तौ।

सदात्र पश्यन्ति तदुत्तरं सुराः स्वमूर्ध्वमगं दक्षिणमिन्द्रशत्रवः।। (शिष्यधीवृद्धिद्-18/4-7)

[20]निरक्षदेशसंस्थानामुभयेक्षितिजाश्रये।।
अतो नाक्षोच्छ्रयस्तासु ध्रुवयोः क्षितिजस्थयोः।
नवतिर्लम्बकान्शास्तु मेरावक्षांशकास्तथा।। (सूर्य सिद्धान्त-12/43-44)

[21]खमध्यात् ग्रहपर्यन्तं दृग्वृते यावन्मितांशाः तावन्तः नतांशाः।(गोल परिभाषा, प. गणपति लाल शर्मा, पृष्ठ 55)

[22]सूर्य सिद्धान्त-12.72

[23]अक्षांशका ध्रुवोन्नतिभाग भूमेर्निरीक्षकस्थाने। (महासिद्धान्त-16/30)

[24]याम्योत्तरस्थौ क्षितिजाश्रितौ ध्रुवो सदैव पश्यन्ति निरक्षदेशजाः। (सिद्धान्त शेखर, 15/54)

[25]गोल परिभाषा, श्लोक-23

[26]गोल पभिाषा, पं. गणपति लाल शर्मा, पृष्ठ 57

[27]गोल पभिाषा, श्लोक-35

[28]अभिनव प्रयोगिक भूगोल, पृष्ठ 20-21

[29] सिद्धान्त शिरोमणि, गोलाध्याय, त्रिप्रश्नवासना, श्लोक-33

[30] विषुवद्दिवसे द्युदले पलो नतांशाः समुन्नता लम्बः।
उन्नतनतभागज्ये तदावलम्बाक्षजीवे स्तः।। (शिष्यधीवृद्धिद् गोलाध्याय, श्लोक-24)

[31] विषुवद्दिवसे द्युमध्यजे नरदृग्ज्ये अवलम्बकाक्षजे।
अवनौ विवरं नराग्रकं नृतलास्तोदयसूत्रयोर्भवेत्।। (वटेश्वरसिद्धान्त, गोलाध्याय, श्लोक-18)

[32]सिद्धान्ततत्त्वविवेक, त्रिप्रश्नाधिकार, श्लोक 434-435

[33] सूर्य सिद्धान्त, त्रिप्रश्नाधिकार, श्लोक 12-13

[34] सिद्धान्त शिरोमणि, गणिताध्याय, स्पष्टाधिकार, श्लोक46

[35] शिलातलेऽम्बु संशुद्धे वज्रलेपेऽपि वा समे।तत्र शङ्कुङ्गुलैरिष्टैः समं मण्डलमालिखेत।। (सूर्य सिद्धान्त, त्रिप्रश्नाधिकार, श्लोक 1)

[36]शङ्कुच्छायाहते त्रिज्ये विषुवत्कर्णभाजिते। लम्बाक्षज्ये तयोश्चापे लम्बाक्षौ दक्षिणौ सदा।। सूर्य सिद्धान्त, त्रिप्रश्नाधिकार, श्लोक 13-14

[37]अथऽक्षच्छायेषुघन्यक्षभायाः कृतिदशमलवोना यमाशाः पलांशाः।। (ग्रहलाघव, त्रिप्रश्नाधिकार, श्लोक 6)

[38]वेदा हि यज्ञार्थमभिप्रवृत्ताः कालानुपूर्वा विहिताश्च यज्ञाः।
तस्मादिदं कालविधानशास्त्रं यो ज्योतिषं वेद स वेद यज्ञम्।। (याजुष ज्योतिष, श्लोक 3)

आयुर्वेदीय आर्षग्रन्थों में जलचिकित्सा विज्ञान

• डॉ. रोशन सिंह*

शोधसार - पञ्चमहाभूतान्तर्गत जल इस जगत् में विचरित समग्र जीवसृष्टि का आधार है, समस्त ओषधियाँ, वनस्पतियाँ तथा मानव सहित समस्त प्राणियों का जीवन जल के ही आश्रित है, जीवन देने के कारण जल को जीवन भी कहा जाता है **'जीवयति इति जीवनम्'**। आयुर्वेद में जल का महत्त्व, लाभ, हानि, गुण, दोष, जल शुद्धि के उपाय, उष्णजल के लाभ, शीतजल के लाभ, अशुद्धजल के दुष्परिणाम, जलग्रहण का समय तथा जलीयचिकित्सा सम्बन्धी विषयों का विस्तृत वर्णन प्राप्त होता है। शोधार्थी द्वारा आर्षग्रन्थीय तथ्यों सहित इन समस्त विषयों का संक्षेपतः मौलिक वर्णन प्रस्तुत किया जा रहा है।

बीजशब्द - पञ्चमहाभूतान्तर्गत, दुष्परिणाम, जलीयचिकित्सा, आर्ष, वैद्यक, आयुर्वेदीय, पथ्यापथ्य, शुद्धीकरण, आरोग्यता, जठराग्नि, वातविकार, कफविकार, वमन, पित्तविकार, अन्तर्बाह्य, रोगहरण, झागयुक्त, प्रदेशजन्य, मन्दाग्नि, ,रक्तविकार, विषविकार।

सम्पूर्ण जगत् में मानव जीवन व उसकी आयु से सम्बन्धित एक मात्र परम्परा आयुर्वेदीय चिकित्सा ही है। हमारे ऋषियों ने प्रकृति के अनुकूल मानव संरक्षण व आरोग्यता हेतु आयुर्वेदीय ग्रन्थों का प्रणयन किया है। आयुर्वेद शब्द की व्युत्पत्ति 'आयु' और 'वेद' दो शब्दों से मिलकर हुई है। आयुर्वेद के अर्थ को हम विविध परिभाषाओं से समझ सकते हैं- **'आयुरस्मिन् विद्यते इत्यायुर्वेदः'**[1] अर्थात् इसमें प्रतिपाद्य विषय के रूप में आयु वर्णित है। आयु का ज्ञान होने के कारण इसे आयुर्वेद कहते हैं।[2] इससे ही मनुष्य दीर्घ तथा स्वस्थ जीवन प्राप्त करता है।[3] इससे आयुर्वेद का विचार होता है, इसलिए यह आयुर्वेद है।[4]चरकसंहिता में आयुर्वेद को परिभाषित करते हुए महर्षि ने कहा है –

हिताहितं सुखं दुःखमायुस्तस्य हिताहितं।
मानं च तच्च यत्रोक्तमायुर्वेदः स उच्यते।।[5]

अर्थात् हित, अहित, सुख, दुःख यह चार प्रकार की आयु है, इस आयु का हित-अहित, पथ्यापथ्य तथा आयु का लक्षण जिसमें बताया गया हो उसे आयुर्वेद कहते हैं।

*सहायक अध्यापक संस्कृत, जनता औद्योगिक इंटर कॉलेज शेरपुर-गुढ़ा, कानपुर देहात

इसी आयुर्वेदीय परम्परा में प्राकृतिक चिकित्सा के अन्तर्गत जलीयचिकित्सा का विधिवत वर्णन इन वैद्यक (आयुर्वेदीय) शास्त्रोमें प्राप्त होता है। इस शोध-पत्र में जलचिकित्सा सम्बन्धी विशिष्टताओं का वर्णन किया जा रहा है। जल शब्द की उत्पत्ति **'जल जीवने'** धातु[6] से**'अथ'** प्रत्यय[7] लगने से होती है। इस जल के द्वारा ही तीनो लोक जीवित रहते हैं और जो सम्पूर्ण भूमि को आच्छादित करता है, उसे जल कहते हैं। यह शीतल तथा स्पर्शवान् होता है, जिसे **'आप'**[8] भी कहा जाता है। पञ्चतत्त्वों में से 'जल' सदैव शरीर में विद्यमान रहता है। जल ही प्रणिभूत है, जल ही सृष्टिकर्ता की आदि सृष्टि है।[9] आज के विज्ञानविद् जल को तत्त्व न मानकर ऑक्सीजन और हाइड्रोजन के मिश्रण से बना पानी मात्र मानते हैं। इसके विपरीत प्राचीन भारतीय विद्वान् जल तत्त्व को पञ्चमहाभूतों में परिगणित करते हैं, क्योंकि शरीर के घटक अवयवों में, रक्त, मांसपेशी तथा मष्तिष्क आदि में लगभग 80 प्रतिशत जल होता है। जलीयाश के माध्यम से ही पोषक तत्त्व रक्त में सञ्चरण करते हैं।[10] अतः हम सभी को भी शुद्ध जल ही ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि अशुद्धजल में कार्बोलिक एसिड, सल्फ्युरेटेड हाइड्रोजन या क्लोराइड लवण, कैल्शियम, मैग्नेशियम, बालू, मिट्टी, जीवाणु तथा कृमि आदि विद्यमान रहते हैं,[11] जो अनेक प्रकार के रोगों के कारक होते हैं। इसलिए अशुद्धजल त्याज्य है।

इसप्रकार अशुद्ध जल को शुद्ध करने के उपाय आर्ष ग्रन्थों में प्राप्त होते हैं| आचार्य सुश्रुत ने जल शुद्धीकरण के सात उपाय[12] बताए हैं-

1.कतक (निर्मली) 2.गोमेदक 3.विसग्रन्थि (कमल की जड़) 4.शैवाल 5.वस्त्र 6.मोती 7.मणि (फिटकरी)आदि। चरकसंहिता में भी जल शोधन के दो उपाय[13] बताए गए हैं-

1. मार्जन- जल को आग में गर्म कर, धूप में तपाकर, ईट या बालू आदि डालकर पुनः अच्छे से छानकर शुद्ध करना मार्जन कहलाता है।

2. प्रसादन- निर्मली, शैवाल, फिटकरी, तूतिया, ब्लीचिंग पाउडर या पोटेशियम परमैगनेट डालकर जल का शोधन करना प्रसादन है, जिससे जल निर्मल हो जाता है।

इस भूमण्डल पर जल अनेक रूपों में प्राप्त होता है, जिसमें वाग्भट जी ने जल के आठ रूपों का वर्णन किया हैं -

कौपसारसताडागचौण्ड्यप्रस्रवणौद्भिदम्।
वापीनदीतोयमिति तत् पुनः स्मृतम्।।[14]

अर्थात् कौप (कुएँ का जल),सारस (बड़े तालाब या झील का जल),ताडाग (तालाब का जल), चौण्ड्य (पर्वतीय जल),प्रस्रवण (झरना), औद्भिद (स्रोत का जल), वापी का जल, तथा नदी का जल। इस प्रकार इन जल के आठ रूपों के माध्यम से ही इस जगत् के जल से सम्बन्धित समस्त कार्य सम्पन्न होते हैं।

सामान्य रूप से भी यह कहा जाता है कि जल का स्वरूप एक ही होता है, परन्तु उसका संयोग जिसके साथ होता है, उसका स्वरुप वैसा ही हो जाता है।

वाग्भट जी ने कहा है-

हिताहितत्त्वे तद्भूयो देशकालावपेक्षते।[15]

अर्थात् आकाश से गिरने के बाद सूर्य,चन्द्र तथा वायु आदि के स्पर्श से जल का प्रभाव हितकर व अहितकर हो सकता है, जैसे देश-काल का उसमें संयोग होगा, तदनुरूप उसका प्रभाव भी सुखद या दुःखद हो जाता है।

सुभाषितकार का कथन है कि प्रत्येक कुण्ड या जलाशय का जल भिन्न-भिन्न होता है।[16] यह भी कहा गया है की जैसी भूमि होती है, वैसा ही जल होता है।[17] इसप्रकार उपर्युक्त उद्धरणों से यह बोध होता है कि जल हमें विविध रूपों में प्राप्त होता है। महर्षि अग्निवेश ने भी जल के विविध संयोगों के कारण शीतल, पवित्र, कल्याणकारक, स्वच्छ, विमल तथा लघु (शीघ्र पाचक) इन छः गुणों वाला तथा प्राकृतिक रूप से जल को दिव्य कहा है।[18]

जल के विशिष्ट तथ्यों को प्रस्तुत करने के उपरान्त जल की श्रेष्ठता,महत्त्व तथा प्रयोग की स्थिति के विषय को भी जानना अत्यावश्यक है। जल के श्रेष्ठत्त्व को व्यक्त करते हुए वैद्यक आचार्य कहते हैं कि मेघ के सामान श्रेष्ठ अन्य कोई जल नहीं होता है।[19] चरक शूत्र में भी मेघ जल को ही प्रधान जल कहा गया है और इस आकाशीय जल को स्वच्छ पात्र में एकत्र कर सभी सामान्य जन तथा राजा आदि के द्वारा ग्रहण किया जाना चाहिए।[20] इसके अतिरिक्त भूमि के जल को भी शुद्ध माना गया है।[21] जल के महत्त्व को प्रतिपादित करते हुए ऋषि कहते हैं-

पानीयं प्राणीनां प्राणा विश्वमेव च तन्मयम्।
न हि तोयाद्विना वृत्तिः व्याधितस्य च।।[22]

अर्थात् पानी सब प्राणियों का प्राण है, सम्पूर्ण संसार जलमय है, इसलिए पूर्ण निषेध करने पर भी पानी पूर्णरूप से छोड़ा नहीं जा सकता, पानी न मिलने से मुख की शुष्कता, अंगों में पीड़ा अथवा मृत्यु भी हो सकती है। पानी के बिना न तो स्वस्थ व्यक्ति का और न रुग्ण व्यक्ति का जीवन चल सकता है, अतः जल ही जीवन का आधार है।

भोजन के समय किस प्रकार हमें जल ग्रहण करना चाहिए, इस स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि- भोजन करते समय बीच-बीच में घूँट-घूँट पानी पीने वाले का शरीर 'सम' तथा भोजन के अन्त में पानी पीने वालों का शरीर 'स्थूल' और जो लोग भोजन के आरम्भ में ही पानी पी लेते हैं, उनका शरीर कृश (दुर्बल) हो जाता है।[23] इसीप्रकार वृद्धचाणक्य का एक उदाहरण देते हुए सुभाषितकार कहते हैं-

अजीर्णे भेषजं वारि जीर्णे वारिबलप्रदम्।
भोजने चामृतं वारि भोजनान्ते विषप्रदम।।[24]

अर्थात् बिल्कुल खाली पेट जल औषधि के सामान, भोजन पच जाने के दो-तीन घण्टे बाद जल बलदायक, भोजन के बीच में घूँट-घूँट पिया हुआ जल अमृत के सामान तथा भोजन करके तुरन्त बाद पिया हुआ जल विष के सामान अहितकर होता है।

इसी क्रम में आगे कहते हैं कि अधिक पानी पीने से अन्न का पाचन ठीक से नहीं होता और पानी न पीने से भी वही दोष होता है, इसलिए जठराग्नि वर्धनार्थ मनुष्य को चाहिए की वह बार-बार अल्प मात्रा में जल पीता रहे।[25] जो जल हम सभी ग्रहण करते हैं वह सामान्यतः तीन प्रकार का होता है शीत (ठंढा), उष्ण(उबला हुआ), अनुष्ण(सामान्य या कच्चा)जल। शीत जलपान से होने वाले लाभों का वर्णन करते हुए ऋषि कहते हैं-

शीतं मदात्ययग्लानिमूर्च्छाच्छर्दिश्रमभ्रमान्।
तृष्णोष्णदाहपित्तास्रविषाण्यम्बु नियच्छति।।[26]

अर्थात् शीतल जल का सेवन करने से मदात्ययरोग, ग्लानि, मूर्छा, वमन, श्रम(थकान), भ्रम, तृष्णा, उष्णता(गर्मी), दाह (जलन), पित्तविकार, रक्तविकार तथा विषविकार नष्ट हो जाते हैं।

जल को किस प्रकार शीतल रखा जा सकता है, इस निमित्त सुश्रुताचार्य ने सात उपायों का वर्णन किया है- हवा में पानी को रखना,जल सहित पात्र को गीले वस्त्र से लपेटना, यन्त्र, लकड़ी आदि को घुमाते रहना,पंखा चलाना,वस्त्र द्वारा छानना, पानी के पात्र को बालू पर रखना, जलपात्र को छीके पर लटकाना। इन सात उपायों द्वारा जल को शीतल रखा जा सकता है।[27]

अब अगले क्रम में उष्ण जलपान से स्वास्थ्यलाभ का का वर्णन करते हुए ऋषि कहते हैं कि उष्णजल जठराग्नि को प्रदीप्त करता है,आमरस को पचाता है, कण्ठ के लिए हितकर है, शीघ्र पच जाता है, बस्ति का शोधक है, हिक्का, वातविकार, कफविकार, वमन, विरेचन आदि में इसका प्रभाव लाभप्रद होता है।[28] उष्णजल को गुनगुना करके उच्चताप या ज्वर से पीड़ित व्यक्ति को देना चाहिए। इस दोषरहित जल का पान सामान्य व्यक्ति के लिए भी लाभकारी होता है। इस जल की गुणवत्ता 12 से 24घण्टो तक ही रहती है। अच्छे से पका हुआ जल शीतल कर पान करने से वातपित्त, कफपित्त, सन्निपात तथा पित्त की अधिकता होने पर हितकर होता है।[29]पुनः कहते हैं- **'व्युशितं तत्त्रिदोषकृत'**।[30]वही जल यदि बासी हो जाये तो वात ,कफ, सन्निपात इन तीन दोषों का कारक भी हो जाता है। महर्षि सुश्रुत कहते हैं –

यत् क्वाथ्यमानं निर्वेगं निष्फेनं निर्मलं लघु ।
चतुर्भागावशेषस्तु तत्तोयं गुणवत् स्मृतम्।।[31]

अर्थात् जो पानी पकाने पर वेगरहित, झागरहित,तथा निर्मल हो जाये और चतुर्थांश शेष रह जाय वह लघु (शीघ्र पचने वाल) तथा गुणकारी होता है।

साथ ही यदि नारियल का जल मिल जाये तो वह अत्यधिक स्वास्थ्यप्रद होता है। यह जल स्निग्ध, स्वादु, वृष्य (वीर्यवर्धक), शीतल, पित्तविकार तथा वातविकार को नष्ट करता है।[32]

इसके पश्चात् हमें यह भी समझ लेना चाहिए कि किस परिस्थिति में तथा कैसा जल ग्रहण करना चाहिए। इस विषय में बताया गया है कि शक्ति से अधिक जल किसी को भी नहीं पीना चाहिए।[33] निम्न रोगों से युक्त रोगी को अल्प जल का ही सेवन करना चाहिए-

पाण्डूदरातिसारार्शोग्रहणीशोषशोथिभिः।

ऋते शरन्निदाघाभ्यां पिबेत्स्वस्थोऽपि चाल्पशः।।[34]

अर्थात् मन्दाग्नि, गुल्म, पांडुरोग, उदररोग, अतिशार, अर्शोरोग, ग्रहणी, शोष, राजयक्ष्मा तथा शोथरोग से पीड़ित पुरुषों को कम जल पीना चाहिए। साथ ही यह भी बताया गया है कि अनेक विकारों से युक्त समुद्र के जल को भी नहीं पीना चाहिए।[35] किसी अन्य प्रदेशजन्य जल का निषेध करते हुए कहा गया है- **'पानीयं न तु पानीयं पानीयेऽन्य प्रदेशजे'**[36]अर्थात् अन्य प्रदेशजन्य (कुएँ,सरोवर अदि) जल के पीने पर जब तक वह पच न जाय तब तक दूसरा पानी नहीं पीना चाहिए। यदि उबला हुआ उष्णजल का पान किया गया हो तो ठंढा पानी तब तक नहीं पीना चाहिए, जब तक उष्णजल जीर्ण न हो जाय, कहने का तात्पर्य यह है कि कभी भी ठंढा और गर्म जल एक साथ नहीं पीना चाहिए[38]और जो जल कीचड़, सीवार से मलिन हो, जिसमे सूर्य, चन्द्रमा की किरने न पड़ें, वायु का स्पर्श न हो, जो अभी-अभी बरस रहा हो या पहली वर्षा का जल हो, झागयुक्त, क्रिमियुक्त, जो अत्यन्त शीतल हो जिसके पीते समय दन्त वेदना हो ऐसे जल का पान पूर्णतया वर्जित है।

महर्षि काश्यप ने भी कहा है –

बालाहकाद्याः समदाः कीटाः लूताश्च खेचराः।[39]

अर्थात् अन्तरिक्ष में भ्रमण करने वाले अनेक प्रकार के कीट-पतंगे, लूतायें(मकड़ी), वर्षा के जल के साथ भूमि पर गिरते हैं, उसके पीने से अनेक उदररोग तथा स्नान करने से खुजली अदि चर्मरोग हो जाते हैं।

यह जल ही है जो हमें अन्तर्बाह्य रूप से शुद्ध रखता है-

अपां संस्पर्शनात् स्नानात् पानाद् दर्शनोऽपि वा।
मनुष्ये सिद्धिमायान्ति बाह्याभ्यन्तरक्षालिता।।[40]

अर्थात् जल संस्पर्शन से, स्नान से, पीने से तथा उसके दर्शन से भी अन्तर्बाह्य शुद्ध हुए मनुष्य अपने स्वास्थ्यरक्षण और रोगहरण कार्यों में सिद्धि को प्राप्त करते हैं।

अतः उपर्युक्त जल सम्बन्धी विशिष्ट तथ्यों को ध्यान में रखते हुए ही जल का सेवन करें तथा अनेक रोगों से अपने स्वास्थ्यकी रक्षा करें।

सन्दर्भ -

1. वैद्यकीयसुभाषितसाहित्यम्,श्री भाष्करशर्मा, पृष्ठ–3
2. आयुर्विद्यते ज्ञायतेऽनेनेति आयुर्वेदः,तदेव,पृष्ठ–3
3. अनेनवाऽऽयुर्विन्दति इत्यायुर्वेदः,तदेव,पृष्ठ–3
4. आयुर्विद्यते विचार्यतेऽनेन वा इत्यायुर्वेदः,तदेव,पृष्ठ–3
5. चरकसंहिता सूत्रस्थान, महर्षि अग्निवेश, 1/41
6. धातुपाठ,महर्षि पाणिनि,पृष्ठ–47
7. हलायुधकोष,पृष्ठ–313
8. तर्कसंग्रह टीका, श्री राजेश्वर शास्त्री,पृष्ठ–16
9. अभिज्ञानशाकुन्तलम् ,महाकवि कालिदास–1/1

10. चरकसंहिता,हिन्दी टीका, डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी,पृष्ठ–81
11. तदेव,पृष्ठ–81,82
12. अष्टांगहृदयम्, हिन्दी टीका,डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी, अध्याय–6,पृष्ठ–67
13. चरकसंहिता,हिन्दी टीका, डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी,पृष्ठ–82
14. अष्टांगसंग्रह, महर्षिवाग्भट–6/12
15. तदेव, 5/2
16. कुण्डे कुण्डे नवं पयः,वैद्यकीयसुभाषितसाहित्यम्,श्री भाष्करशर्मा –10/8
17. यथा भूमिस्तथा तोयम्, तदेव–10/7
18. शीतं शुचि शिवं मृष्टं विमलं लघु षड्गुणम्। प्रकृत्या दिव्यमुदकम्। चरकसूत्र, महर्षि अग्निवेश–27/198
19. नास्ति मेघसमं तोयम्।वैद्यकीयसुभाषितसाहित्यम्,श्री भाष्करशर्मा –10/5
20. चरकसूत्र,महर्षि अग्निवेश–27/202
21. शुद्धं भूमिगतं तोयम्। वैद्यकीयसुभाषितसाहित्यम्,श्री भाष्करशर्मा –10/6
22. अष्टांगसंग्रह, महर्षिवाग्भट–6/30–31
23. समस्थूलकृशा भुक्तमध्यान्तप्रथमाम्बुपाह।अष्टांगहृदयम्हिन्दी टीका, डॉ.ब्रह्मानंद त्रिपाठी, अध्याय–5,पृष्ठ–67
24. वैद्यकीयसुभाषितसाहित्यम्,श्री भाष्करशर्मा –10/19
25. अत्याम्बुपानान्न विपच्यतेऽन्नं निरम्बुपानाच्च स एव दोषः। तस्मान्नरो वह्निविवर्धनाय मेहुर्मुहुर्वारिपिबेदभूरि।।
वैद्यकीयसुभाषितसाहित्यम्,श्री भाष्करशर्मा –10/20
26. अष्टांगहृदयम्, हिन्दी टीका, डॉ.ब्रह्मानंद त्रिपाठी, अध्याय–5/15
27. सुश्रुतसंहिता, महर्षि सुश्रुत –45/19
28. दीपनं पाचनं कण्ठ्यं लघूष्णंबस्तिसोधनं।अष्टांगहृदयम् हिन्दीटीका, डॉ.ब्रह्मानंद त्रिपाठी, अध्याय–5/16–17
29. पित्तयुक्ते हितं दोषे। तदेव, अध्याय–5/18
30. तदेव, अध्याय–5/18
31. सुश्रुतसंहिता, महर्षिसुश्रुत –45/40
32. नारिकेलोदकं स्निग्धं स्वादु वृष्यं हिमं लघु। तृष्णापित्तानिलहरं दीपनं बस्तिशोधनं।।
अष्टांगहृदयम् , हिन्दी टीका, डॉ.ब्रह्मानंद त्रिपाठी, अध्याय–5/19
33. नवाम्बु पेयमशक्त्या वा। तदेव, अध्याय–5/13
34. तदेव, अध्याय–5/14
35. समुद्रं तन्न पातव्यम्।अष्टांगहृदयम् ,हिन्दी टीका, डॉ.ब्रह्मानंद त्रिपाठी,अध्याय–5,पृष्ठ–64
36. अष्टांगसंग्रह, महर्षिवाग्भट–6/28
37. अजीर्णे कथितं चामे पक्के जीर्णेऽपि नेतरत्।तदेव– 6/29
38. न पिबेतंकशैवालतृणपर्णाविलास्तृतम्।
फेनिलं जन्तुमत्तप्तं दन्तग्राह्यतिशैत्यतः।।अष्टांगहृदयम् , हिन्दी टीका, डॉ.ब्रह्मानंद त्रिपाठी,अध्याय–5/6–7
39. अष्टांगहृदयम् ,हिन्दी टीका, डॉ.ब्रह्मानंद त्रिपाठी, पृष्ठ–65
40. वैद्यकीयसुभाषितसाहित्यम्,श्री भाष्करशर्मा –10/21

संस्कृत साहित्य में स्त्री-स्वातन्त्र्य के उल्लेखनीय सन्दर्भ

• डॉ. अरविन्द कुमार*

शोधसार- भारतीय समाज मातृसत्तात्मक था; जो संभवतः मध्ययुग में पितृसत्तात्मकता की ओर शनै-शनै परिवर्तित हो गया। जब स्त्रियों की स्थिति दयनीय होने लगी तो साहित्य में भी उनका आर्त्तनाद और अधिकार का स्वर भी ध्वनित होने लगा। इसप्रकार स्त्री-विमर्श हमारी बौद्धिक चिन्तना के केन्द्र में स्थापित हुआ। संस्कृत वाङ्मय को देखे तो वैदिक साहित्य में भी स्त्री-स्वातन्त्र्य और समानता के अनेक सन्दर्भ प्राप्त होते हैं, वहीं कतिपय परवर्ती व्याख्याकारों पर पितृसत्तात्मकता का प्रभाव भी नकारा नहीं जा सकता। संस्कृत साहित्य में मातृशक्ति की समानता के उल्लेखनीय निदर्शन देखे जा सकते हैं। संस्कृत के अर्वाचीन काव्यकार भी आधी आबादी को समानता और गरिमापूर्ण स्थान दिलाने हेतु उनकी साम्प्रतिक समस्याओं को अपनी रचनाओं में प्रमुखता से स्थान दे रहे हैं। समग्र रूप से देखें तो संस्कृत साहित्य में मातृशक्ति के सम्मान, समानता और स्वातन्त्र्य के अनेक उदाहरण और सन्दर्भ सुलभ हैं, जिन्हें प्रस्तुत शोधालेख में यथामति दर्शाया गया है।

बीजशब्द- स्त्री-स्वातन्त्र्य, पितृसत्तात्मक, मातृसत्तात्मक, मातृशक्ति, स्त्रीविमर्श।

समाज का दर्पण होने के कारण साहित्य वही प्रदर्शित करता है, जो समाज में दिखाई देता है, और समाज का भी दायित्व है कि वह दर्पण को देखकर मुखमण्डल के समस्त कलंकों का प्रक्षालन कर ले। न केवल भारतीय ही अपितु वैश्विक समाज पर लैंगिक असमानता का धब्बा लगा हुआ है, जिसे साहित्य ने स्त्री-विमर्श और किन्नर-विमर्श आदि में वर्गीकृत कर चर्चा के केन्द्र में स्थापित किया है। हाशिये पर पडे वर्गों को मुख्यधारा के केन्द्र में स्थापित करने का प्रयत्न साहित्यकारों व समाज का समान रूप से होना चाहिये। पुरातन, व्यापक एवं समृद्ध संस्कृत वाङ्मय में भी इन विषयों पर लेखन होता रहा है। विशेषतः स्त्रीविमर्श पर दृष्टिपात करें तो परस्पर विरोधाभासी सन्दर्भ भी प्राप्त होते हैं। जिनके पीछे साहित्य की अनपेक्षित व्याख्यायें और प्रक्षिप्तांशों का जुडना भी कम उत्तरदायी नहीं है।

यद्यपि संस्कृत साहित्य में पुरुषों पर अपेक्षाकृत अधिक लिखा गया, पुनरपि स्वाधीनता के

*सहायक आचार्य, संस्कृत, जे0एस0 हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमरोहा

लिये संघर्ष करती हुयी या स्वाधीन मन वाली नारीशक्ति की छवि भी देखी जा सकती है। संस्कृत व्याकरण से सन्दर्भ लें तो द्वन्द्व समास प्रकरण में जहाँ 'पुमान् स्त्रिया'[1] सूत्र जो द्वन्द्व को एकशेष में बदलता है, यहाँ पुरुष ही शेष बचता है-माता च पिता च -पितरौ, जिससे पुरुष की प्रमुखता का भाव द्योतित होता है। किन्तु स्मरण रखना चाहिये कि समास में ही जब दोनों पद साथ रखने हों तो वहां पूर्वनिपात का प्रकरण आता है, तब 'अभ्यर्हितं च'[2] वार्तिक द्वारा मातापितरौ बनता है, और माता को अधिक पूजित माना जाने के कारण ही पूर्वनिपात होता है। अतः वार्तिककार के निर्देश तथा इस प्रयोग से मातृशक्ति को अधिक पूज्य दर्शाया गया है। इसीप्रकार 'सीताराम, राधाकृष्ण, माता-पिता, उमा-महेश्वर' आदि प्रयोग भाषा में दृष्टिगत होते हैं; जो मातृशक्ति को अधिक पूजित दर्शाते हैं।

वैदिक समाज में मातृसत्तात्मक आदिम कबीलों का सातत्य बना हुआ था। ऋग्वैदिक काल में जहाँ सरमा-पणि (ऋग्वेद 10.108), पुरुरवा-उर्वशी (ऋग्वेद 10.95), अगस्त्य-लोपामुद्रा (ऋग्वेद 1.179) यम-यमी (ऋग्वेद 10.10) - जैसे संवादों में महिला-स्वर को अभिव्यक्ति दी गयी है। वहीं अदिति, अपाला, घोषा, श्रद्धा, वागम्भृणी, सूर्या, आत्रेयी, विश्ववारा जैसी ऋषिकायें भी हैं, जो मंत्रों की साक्षात्कारकृतधर्मा हैं। ऋग्वेद में 24 और अथर्ववेद में 5 ऋषिकाओं का उल्लेख मिलता है। यमस्मृति के अनुसार पुराकल्प में नारियों का यज्ञोपवीत और मौंजीबंधन भी होता था।[3] नारी के लिये शिक्षा, कला, धर्म, राजनीति, विवाह सम्बन्धी स्वतन्त्रता के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में प्रतिभागिता के सन्दर्भ की द्रष्टव्य हैं-

क. भीमा जाया ब्राह्मणस्योपनीता। ख. स्त्री हि ब्रह्मा बभूविथ। ग. अहं केतुरहं मूर्धाहमुग्रां विवाचनी।[4]

सामाजिक कार्यों में स्त्रियों की सहभागिता पुरुषों की भांति ही थी, वे स्वयं रथ चलाकर संस्थाओं में वक्ता एवं श्रोता के रूप में स्वतन्त्रतया आने-जाने की अधिकारिणी थीं।[5] यज्ञ आदि कार्यों की सम्पूर्ति हेतु अर्धांगिनी की सहभागिता तो सर्वविदित है। यज्ञानुष्ठान हेतु स्वर्णमयी सीता का निर्माण रामकथा का प्रसिद्ध प्रसंग है। आश्वलायन श्रौतसूत्र आदि में यज्ञविधान के अन्तर्गत केवल पत्नी द्वारा पढे जाने वाले मंत्रों उल्लेख सस्वर पाठ करने के निर्देश के साथ प्राप्य है। सस्वर पाठ करने हेतु शिक्षित होने के साथ ही वेदपाठ के अभ्यास की अपेक्षा रखता है।

वेदं पत्न्यै प्रदाय वाचयेद्धोताऽध्वर्युर्वा वेदोऽसि वित्तिरसि विदेयकर्मासि...।[6]

उपर्युक्त सन्दर्भों का व्यवहारिक धरातल पर प्रभाव गार्गी, मैत्रेयी और भारतीदेवी सदृश स्त्रियों के जीवन में स्पष्ट परिलक्षित होता है। उक्त सभी ब्रह्मवादिनी अर्थात् बुद्धिजीवी महिलायें थीं, जिन्होंने बहुधा शास्त्रार्थ आदि में भी भाग लिया। गार्गी याज्ञवल्क्य को निरुत्तर कर देती है। मैत्रेयी सम्पूर्ण भौतिक वैभव-विलास छोडकर अध्यात्म में निरत हो जाती है। भारतीदेवी मण्डनमिश्र और

आदिगुरुशंकराचार्य के शास्त्रार्थ में निर्णायक की भूमिका का निवर्हन करती है। शंकरदिग्विजयम् में उसके वैदुष्य पर कहा गया है-

सर्वाणि शास्त्राणि षडंग वेदान्, काव्यादिकान् वेत्ति यदत्र सर्वान्।
तन्नास्ति नो वेत्ति यदत्र बाला, तस्मादभूच्चित्रपदं जनानाम्।।[7]

विवाह की स्वतन्त्रता के सम्बन्ध में ऋग्वेद में उल्लेख है कि जैसे नदियां समुद्र को प्राप्त करती हैं, वैसे ही युवती कन्यायें युवक को स्वेच्छा से वरण करती हैं। इसे स्वयंवर प्रथा के सूत्र के रूप में भी देखा जा सकता है। जिसमें युवतियों को स्वेच्छानुसार परीक्षापूर्वक वर चुनने की छूट होती है।

क. युवतयो युवानं परिसन्त्यापः। ख. ब्रह्मचर्येण कन्या युवानं विन्दते पतिम्।[8]

स्वयंवर प्रथा तो अत्यन्त प्रसिद्ध थी। कन्या पतिंवरा और स्वयंवरा होती थी। सुवर्चला उसके पिता से अनुमति के पश्चात् अपने समान विद्यादि गुणों से सम्पन्न श्वेतकेतु को वरण करती है। इसीप्रकार सावित्री स्वयंवर और परवर्ती साहित्य में दमयन्ती-स्वयंवर, इन्दुमतीं स्वयंवर तथा सीता स्वयंवर आदि प्रसिद्ध हैं। महाकवि कालिदास के अभिज्ञानशाकुन्तलम् में शकुन्तला अपनी सखियों के साथ ऋषि कण्व के आश्रम में रहती है, जहाँ गौतमी शिक्षिका एवं अधिष्ठात्री हैं। पिता कण्व की पूर्वानुमति के विना ही वह नायक हस्तिनापुर नरेश दुष्यन्त से गन्धर्व-विवाह करती है, पिता जिसका सहर्ष अनुमोदन करते हैं।[9] मालविकाग्निमित्रम् में परिव्राजिका नाट्याचार्य या शिक्षक हरदत्त और गणदास की परीक्षा या शास्त्रार्थ में निर्णायक नियुक्त की गयी है।[10] रघुवंशमहाकाव्य के 19वें सर्ग में राजा अग्निवर्ण की विधवा को ससम्मान राज्याभिषिक्त किया जाता है। प्रसिद्ध गद्यकार बाणभट्ट की कादम्बरी नामक काल्पनिक कथाकाव्य में महाश्वेता और कादम्बरी स्त्री समाज के दृढ संकल्प तथा स्वातन्त्र्य के प्रतीक व उत्कृष्ट उदाहरण हैं। भवभूति के उत्तररामचरितम् नाटक की पात्र आत्रेयी एक तपोवन (बाल्मीकि आश्रम) से किंचित् व्यवधान के कारण अन्य तपोवन में अगस्त्य आदि उद्गीथविदों से वेदान्तविद्या सीखने हेतु प्रव्रजन करती है।[11] इसी नाटक में वासन्ती अपनी सखी सीता के लिये प्रजा के सर्वाधिक लोकप्रिय राजा राम से बहस करती है।[12] भवभूति के ही मालतीमाधवप्रकरण में मालती स्वेच्छानुसार पिता का घर त्यागकर माधव से परिणीत होती है। संस्कृत साहित्य में स्त्रियों के अनेक संवाद भी उनकी मुखरता एवं स्वतन्त्रता के निदर्शन हैं। महाकवि भारवि के किरातार्जुनीयमहाकाव्य के प्रथम सर्ग में द्रौपदी युधिष्ठिर की अतिशय शान्तिप्रियता को उपालम्भ देती है। अभिज्ञानशाकुन्तल में अनभिज्ञान की स्थिति में स्वयं शकुन्तला और गौमती की राजा से आत्मविश्वासपूर्ण निर्भीक वार्ता दर्शनीय है।[13] भारतीय जनमानस में सीता का चित्रण स्त्री-स्वातन्त्र्य के प्रमुख उदाहरण के रूप में लिया जा सकता है। सर्वप्रथम उसका स्वयंवर तत्पश्चात् पति राम का अनुगमन करते हुये, मना करने पर भी, उनके मार्ग के कुशकण्टकों को साफ करती हुई (अग्रतस्ते गमिष्यामि मृद्नन्ती कुषकण्टकान्) आगे-आगे चलने का सङ्कल्प लेकर वन जाना तथा अपहरण के

बाद रावण की कैद में नितांत एकाकी एवं असहाय स्थिति में होने पर भी लङ्केश को निर्भीकतापूर्वक धिक्कारना अनुपमेय है- **त्वं पुनर्जम्बूकः सिंहीं मामिहेच्छसि दुर्मते ।**[14]

उपर्युक्त सन्दर्भों से समन्वित गौरवपूर्ण साहित्य भारतीय समाज की पृष्ठभूमि में विद्यमान रहते हुये भी (विशेषतः मध्यकाल से) स्त्रियों की दशा शोचनीय कैसे हो गयी ? उन्हें वेद अर्थात् शिक्षा से वंचित कैसे किया जाने लगा ?[15] कन्याओं को जन्म से पहले ही कैसे मारा जाने लगा ? आधी आबादी को उसके अधिकारों हेतु संघर्ष की आवश्यकता क्यों होने लगी ? यह विचारणीय है। इसप्रकार के रुढिवादी और दुराग्रहपूर्ण विचारों ने साहित्य और समाज की बडी क्षति की है। नारी स्वातन्त्र्य में मीरा और आधुनिक मीरा हिन्दी कवयित्री महादेवी वर्मा का नाम विशेष उल्लेखनीय है। आधुनिक संस्कृत साहित्य के प्रसिद्ध कवि एवं समीक्षक प्रोफेसर राधावल्लभ त्रिपाठी लिखते हैं कि '1975 के आसपास महादेवी वर्मा उज्जैन के कालिदास समारोह में बडे बेवाकी से कहतीं हैं कि उनका संस्कृत और वेद पढने का सपना था, किन्तु इलाहाबाद विश्वविद्यालय के तत्कालीन वेद के गुरुजी को यह स्वीकार्य नहीं था कि कोई स्त्री वेद पढे और वह सपना अधूरा रह गया।'[16] इसप्रकार की स्थिति यदि नारी स्वातन्त्र्य को मुखर अभिव्यक्ति प्रदान करने वाली सशक्त हस्ताक्षर की है; तो सामान्य प्रतिभाओं का क्या हुआ होगा ? विचारणीय है।

ऐसे समय में राजा राममोहनराय, ईश्वरचन्दविद्यासागर, स्वामी दयानन्द सरस्वती, सावित्रीबाई फुले तथा स्वामी विवेकानन्द सदृश समाजसुधारकों ने स्त्री-पुरुष समानता की वकालत की। स्वामी दयानन्द ने बालक और बालिकाओं को गुरुकुल शिक्षा का मार्ग पुनरुद्घाटित किया। उन्होंने वेदादिशास्त्रों के आधार पर कहा - '.....जो स्त्रियों को पढने का निषेध करते हो, वह तुम्हारी मूर्खता, स्वार्थता और निर्बुद्धिता का प्रभाव है।[17] सब स्त्री और पुरुष अर्थात् मनुष्यमात्र का पढने का अधिकार है।[18] वे कहते हैं कि माता-पिता व अध्यापक अपने लडके -लडकियों को अर्थसहित गायत्रीमन्त्र का उपदेश दें।[19] सभी जाति के बालक-बालिकाओं हेतु वे कहते हैं कि पांचवे अथवा आठवें वर्ष से आगे अपने लडके-लडकियों को घर में न रखके, पाठशाला भेज देवें। जो न भेजे, वह दण्डनीय हो।'[20] भारत सरकार द्वारा 2001 में सर्वशिक्षा अभियान चलाया गया और 2009 में 6-14 वर्ष के बच्चों को अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार दिया गया। ये विचार स्वामी जी के चिन्तर भी स्पष्ट परिलक्षित होते हैं। स्वामी जी ऋग्वेदभाष्यभूमिका (6.4.18) में लिखते हैं- राजा ऐसा यत्न करे जिससे सब बालक और कन्यायें ब्रह्मचर्य से युक्त होकर समृद्धि को प्राप्त हों, सत्य, न्याय और धर्म का निरन्तर सेवन करें।[21] वे अपने सत्यार्थप्रकाश और संस्कारविधि नामक ग्रन्थों में पाठ्यक्रम का भी सविस्तर निर्देश करते हैं।[22] जिसका प्रभाव भारत में संचालित अनेक कन्या-गुरुकुलों के रूप में स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। महात्मा गांधी जी कहते हैं कि स्त्री पुरुष की गुलाम नहीं, सहधर्मिणी, अर्धांगिनी और मित्र है। स्वामी विवेकानन्द कहते हैं, 'जब तक महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं होगा, तब तक विश्व का कल्याण नहीं हो सकता। किसी भी पक्षी के लिये एक पंख से उडना असंभव है।[23]

आधुनिक संस्कृत कविता में भी स्त्री-विमर्श पर प्रचुर लेखन हो रहा है। आधुनिक संस्कृत साहित्यकार सामाजिक भेदभाव, यौन उत्पीडन, गृहहिंसा, भ्रूणहत्या, दहेज हत्या तथा लैंगिक असमानता प्रभृति विषयों को व्यंग्यादि के माध्यम से भावानुरूप एवं युगानुरूप अभिव्यक्ति प्रदान कर रहे हैं। इन वरेण्य साहित्यकारों में पं0 जगन्नाथ पाठक, प्रो0 राधावल्लभ त्रिपाठी, अभिराजराजेन्द्र मिश्र, रमाकान्तशुक्ल, हर्षदेव माधव, हरिदत्तशर्मा, श्रीहरेकृष्णमेहेर तथा डॉ0 बनमाली विश्वाल आदि अनेक कवियों की रचनायें उद्धृत की जा सकती हैं।

जानकीजीवनम् महाकाव्य सदृश अनेक कृतियां से निर्दोष नारी समाज पर होने वाले अत्याचारों के विरुद्ध प्रखर आवाज उठाने वाले युगधर्मा कवि अभिराजराजेन्द्र मिश्र ने 'शतपर्विका कथा' में स्त्री को दूर्वा घास के समान बताया है। बार-बार पैरों से रौदी जाती हुई भी अनेक कष्टों को सहती हुई तथा अरक्षित रहती हुई भी जैसे दूर्वा घास सदा हरीभरी रहती है, गृहद्वार की शोभा बढाती है और शतपर्वा होकर बढती है। वैसे ही स्त्री भी सदा प्रसन्न रहते हुये गृहशोभा बढाती है, पुत्रादि द्वारा बढती है।[24]

हर्षदेव माधव का कल्पना वैचित्र्य देखिये, जहाँ उन्होंने चित्रांकन किया है कि गृह-क्लेश से क्लान्त वधू स्नानगृह में रोती है, तो ऐसा लगता है जैसे वह स्नानगृह ही उसका पितृगृह हो गया हो।

स्नानगृहं गत्वा गृहक्लेशक्लान्ता वधूः।
निःशब्दं रोदिति तदा स्नानगृहं तस्याः पितृगृहं भवति।।[25]

प्रो0 रमाकान्त शुक्ल अपनी 'रौति ते भारतम्' कविता मे दहेज हत्या पर लिखते हुये दहेज-लोलुपों की भर्त्सना करते हैं और इसी कविता में वेश्यावृत्ति आदि सामाजिक बुराईयों पर भी लिखते हैं। अनेकों सामाजिक समस्याओं से आक्रान्त स्त्रीसमाज की मुक्ति की आशा भी कविवर शुक्ल अपनी अन्य रचना 'जय भारतभूमे' में इसप्रकार व्यक्त करते हैं।

बलात्कार-हत्यापहार-प्रहाराः, अशिक्षा बधूदाह भिक्षाप्रचाराः,
कदाचित् लुप्तो भविष्यन्ति यस्मात्, (अवश्यं विलुप्ता भविष्यन्ति यस्मात्)[26]

जनार्दन पाण्डेय 'मणि' वर्तमान समाज में स्त्रियों की व्यथा कथा पर कहते हैं; कि आज दुर्योधन, दुःशासन और कंस जैसे दुर्जन स्वेच्छया विचरण कर रहे हैं। कलियुग में भी द्रौपदियों की लाज बचाने हेतु माधव की आवश्यकता है।

त्वद्रूपे विचरन्ति सहर्षाः, दुर्योधन-दुःशासन-कंसाः।
द्रौपद्यो लज्जन्ते नैकाः अच्युत साम्प्रतमपि सद्वंशाः।।
दुर्जन-दुष्ट-कदम्ब-कमयिते, कलावपि श्रीमन् सत्रासय।
माधव दुःखततिं मम नाशय, माधव दुःखततिं मम नाशय।।[27]

इसीप्रकार जगन्नाथ पाठक वर्तमान में चारों ओर रावण अपने-अपने अवसर की प्रतीक्षा करते देखते हैं, और उनसे रक्षणार्थ एक लक्ष्मणरेखा को अपर्याप्त मानते हैं।[28] वे कहते हैं कि आज भी

लोगों के हृदय में दशवदन रावण जीवित है, क्योंकि प्रतिदिन सीताओं के अपहरण की बात सुनाई देती है।

साम्प्रतमपि दशवदना दधति नृणां हृत्सु सम्यगस्तित्वम्।
नित्यमपह्रियमाणाः श्रुतिपथमायान्ति वैदेह्यः।।[29]

आधुनिक संस्कृत कवियों ने भारतीय स्त्री-समाज के सर्वोत्कृष्ट आदर्श वैदेही सीता के चरित को आधार बनाकर पर्याप्त लेखन किया है। प्रो0 रेवाप्रसाद द्विवेदी का सीताचरितम्, पं0 रामचन्द्र मिश्र का वैदेहीचरितम् तथा अभिराजराजेन्द्र मिश्र का जानकीजीवनम् महाकाव्य इनमें महत्वपूर्ण हैं। इन महाकाव्यों में सीता को नायकत्वेन स्थापित करके अप्रतिम सहनशक्ति, मानसिक दृढता, आदर्श पातिव्रतधर्म की पालिका, साहसी वीर कन्या तथा सबला नारी की प्रतिमूर्ति के रूप में चित्रित किया है। जो स्वयंवर की कठोर शर्त से तत्कालीन भूपतियों को चुनौती बनी हुई है। सभी आरण्यक कष्टों को जानती हुई भी पति का अनुगमन करती है। रावण की कैद में भी साहस से स्वाभिमान की रक्षा करती है, और अग्निपरीक्षा हेतु स्वयं सन्नद्ध रहती है। वास्तव में इन महाकाव्यों की नायक सीता सम्पूर्ण स्त्री समाज की प्रेरणापुंज हैं। इसीप्रकार झांसीश्वरी लक्ष्मीबाई के भारतीय स्वातन्त्र्य-समर में विशिष्ट योगदान के आधार पर प्रो0 रेवाप्रसाद द्विवेदी के स्वातन्त्र्यसंभवम्, सुबोधचन्द्रपंत के झांसीश्वरीचरित महाकाव्य तथा प्रो0 ब्रजेशकुमार शुक्ल की कविता 'जयतु मम स्वातन्त्र्यसरणिः' में सौन्दर्य की अधिष्ठात्री नारी को साहस, पराक्रम और मातृभूमिरक्षिका के रूप में चित्रित किया गया है।

उपर्युक्त विवेचन के आलोक में कहना उचित होगा कि संस्कृत साहित्य में स्त्री समाज को मातृशक्ति के पूज्यास्पद पर विराजित किया गया है। सर्जक शक्ति एवं जीवन निर्माण की सामर्थ्य और दायित्व के कारण भी उसका महत्त्व स्मरणीय है। संस्कृत साहित्य में स्त्रियों के अध्ययन-अध्यापन, सभाओं और संगोष्ठियों में प्रतिभाग, शास्त्रार्थों में निर्णायक की भूमिका आदि के सन्दर्भ तो सुलभ हैं ही, वैदिक साहित्य में वे मन्त्रों की साक्षात्कृतधर्मा ऋषिकायें भी हैं। स्वकीय जीवन के वैयक्तिक निर्णय-विवाह आदि की स्वतन्त्रता तो सर्वविदित है; वे सामाजिक कार्यों में भी भाग लेती थीं। अर्धांगिनी के रूप में स्त्रियों की धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भूमिका रही है। स्त्रियों पर हो रहे अत्याचारों पर आधुनिक संस्कृत काव्यों में मुखरता से आवाज उठायी गयी है। इसमें स्त्रीशिक्षा को बढावा देने तथा भ्रूणहत्या, दहेजहत्या, अपहरण, बलात्कार आदि अपराधों के शमन हेतु जनचेतना जागरण किया गया है। इसप्रकार संस्कृत साहित्य ने भी स्त्रियों के कष्टों को बौद्धिक विमर्श के केन्द्र में स्थापित करने में योगदान किया है।

सन्दर्भ -

[1] अष्टाध्यायी 1.2.67

[2] डॉ0 सत्यपाल सिंह, लघुसिद्धान्तकौमुदी, द्वन्द्व समासप्रकरण, पृष्ठ 865 पर उद्धृत।

[3] पुराकल्पे तु नारीणां मौञ्जीबन्धनमिष्यते।

अध्ययनं च वेदानां भिक्षाचर्यं तथैव च।।- निर्णयसिन्धु, तृतीयपरिच्छेदपूर्वार्द्धम्, पुनरुपनयनप्रकरणम्, पृष्ठ 200 पर यमोक्ति के रूप में उद्धृत।

[4] क. ऋग्वेद 10.109.04, ख. ऋग्वेद 08.33.19, ग. ऋग्वेद 10.156.02,

[5] गुहा चरन्ती मनुषो न योषा समावती विद्ययेव संवाक्। -ऋग्वेद 01.167.03 तथा आ विदथमावदासि। -अथर्ववेद 14.01.21

[6] आश्वलायन श्रौतसूत्र 01.11.1

[7] शंकरदिग्विजय 3.16

[8] क. ऋग्वेद 02.35.04 ख. अथर्ववेद 11.07.18

[9] प्रियंवदा-.....दिष्ट्या धूमाकुलित दृष्टेरपि पावकः एवाहुतिः पतिता। वत्से, सुशिष्य परिदत्ता विद्येवाशोचनीयासि संवृत्ता। -अभिज्ञानशाकुन्तलम्, चतुर्थ अंक, पृष्ठ 197

[10] राजा-भगवति, अत्रभवतोर्हरदत्तगणदासयोः परस्परविज्ञानसंघर्षो जातः। तदत्र भगवत्या प्राश्निकपदमध्यासितव्यम्। -मालविकाग्निमित्रम्, अंक 1, पृष्ठ 61

[11] उत्तररामचरितम्, अंक 2, पृष्ठ 106

[12] उत्तररामचरितम्, देखें- अंक 3

[13] अभिज्ञानशाकुन्तल, देखें- अंक 5

[14] राधावल्लभ त्रिपाठी, रविवार डाइजेस्ट, इन्दौर से प्रकाशित वैचारिक मासिक, ravivardigest.blogspot.com पर उद्धृत।

[15] क. स्त्रीशूद्रौनाधीयतामिति श्रुतेः। -सत्यार्थप्रकाश, समुल्लास -3 पृष्ठ 81 पर उद्धृत् तथा '...अथास्य वेदमुपशृण्वतस्त्रपुजतुभ्यां श्रोत्रपरिपूरणम्।.....वेदोच्चारणे जिह्वाच्छेदः धारणे शरीरभेदः इति।' -ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्यम्, 1.3.38 (अपशूद्राधिकरणम्) भाष्य । ख. स्त्रीशूद्रद्विजबन्धूनां त्रयी न श्रुतिगोचरा।-श्रीमद्भागवतमहापुराण 1.4.25

[16] राधावल्लभ त्रिपाठी, रविवार डाइजेस्ट, इन्दौर से प्रकाशित वैचारिक मासिक, ravivardigest.blogspot.com

[17] स्वामी दयानन्द सरस्वती सत्यार्थप्रकाश,समुल्लास-3 पृष्ठ 82

[18] वही, पृ0 81

[19] वही, पृष्ठ 39

[20] वही, पृष्ठ 39

[21] स्वामी दयानन्द सरस्वती, ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका 6/44/18

[22] देखें-सत्यार्थप्रकाश समुल्लास 3 और संस्कारविधि उपनयनसंस्कार प्रकरण।

[23] स्वामी विवेकानन्द, विवेकवाणी, 8 अक्टूबर 2019 http://surl.li/llrab से उद्धृत।

[24] 'सौभाग्यवतिः शतपर्विका इ मे तनूजाः। यथा हरितवर्णा शतपर्वित गृहद्वार सुषमा वर्धयति, शयने तूलास्तरणसाम्य दधती सौख्यं जनयति स्वनवनवांकुरैः पशुपक्षिणः प्रीणयति आत्माराम, तयाऽपोषिताऽपि अनतिषिक्ताऽपि अरक्षिताऽपि.....पुनर्नवतामुपैति नित्यहरिता च संलक्ष्यते तथैव पुत्रयोऽपि मे वर्तन्ते।' -इक्षुगन्धाकथासंग्रह, पृष्ठ 72

[25] आधुनिक संस्कृत काव्य की परिक्रमा, डॉ0 मंजुलता शर्मा, पृष्ठ 76

[26] जय भारतभूमे, रमाकान्त शुक्ल

[27] जनार्दन पाण्डेय 'मणि', दीपमाणिक्यम् (संस्कत काव्यसंकलनम्), पृष्ठ 106

[28] परितो दशाननेषु स्वस्वावसरं प्रतीक्षमाणेषु। सीतां रक्षितुमेका लक्ष्मणरेखा कियत्प्रभवेत्।। -जगन्नाथ सुभाषितम्, भाग 3, पद्य 631, पृष्ठ 537

[29] जगन्नाथसुभाषितम्, भाग-2, जानकीहरणम्, पद्य 281, पृष्ठ 135

अग्निमहापुराण में ब्रह्मज्ञान : एक विमर्श

• डिम्पल जैसवाल*

शोधसार - पुण्याभारतभूमि अपनी अक्षुण्ण संस्कृति एवं ज्ञानपरम्परा के कारण वैश्विक पटलपर अपना अन्यतम स्थान रखती है। वेदों से लेकर पुराण पर्यंत अनन्त ज्ञानराशि भारतवर्ष में प्रवाहित रही है I गणित का अनुपम सिद्धांत, आयुर्वेद के सिद्धांत की स्थापना, ज्योतिषशास्त्र की उद्भावना, परमाणुसिद्धांत, प्रकाश व उसका विश्लेषण, रसायनशास्त्र के क्षेत्र में सुश्रुत की चरक संहिता, पतंजलि का लौहशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, प्राणिशास्त्र, भूगर्भ विद्या, आयुर्वेद, धनुर्वेद,गर्भविज्ञान, प्रतिमा निर्माण, काव्यशास्त्र, नाट्यशास्त्र आदि के साथ-साथ दार्शनिक क्षेत्र में भी भारतीय साहित्य एवं संस्कृति का अमूल्य योगदान रहा है। दर्शन की उपजीव्यता प्राचीनतम वाङ्मय वेद में निहित है। भारतीय दर्शन की समग्र विचार-सरणियां वहीं से निःसृत हैं। वैदिक ऋषियों के गूढ़ तात्विक विचार ही भारतीय दर्शन का आधार रहे हैं। उन्हीं विचारों का विस्तृत रूप दार्शनिक ग्रन्थों एवं उपनिषदों में उपलब्ध होता है। इनके अलावा पुराणसाहित्य में भी उपर्युक्त समस्त विषयों का विस्तृत विवेचन उपलब्ध होता है। **आग्नेयेहिपुराणेऽस्मिन्सर्वविद्याःप्रदर्शिताः**[1] उक्ति के अनुसार अग्निमहापुराण में प्रायः समस्तलौकिक एवं आध्यात्मिक विषयों का सम्यक्विवेचन प्राप्त होता है। प्रस्तुतशोध पत्र का मुख्य प्रतिपाद्य अग्नि महापुराण में प्रतिपादित ब्रह्म के स्वरूप का वेदान्त सम्मत विवेचन एवं अनुशीलन करना है।

बीजशब्द - अष्टादशमहापुराण, अग्निमहापुराण, अर्थ, विषयवस्तु, पराएवंअपराविद्या, वेदान्तदर्शन में ब्रह्मका स्वरूप, अग्नि महापुराण में ब्रह्मज्ञान, महत्त्व एवं जीवनोपयोगिता।

पुरानवंभवतिइतिपुराणम्।[2] अर्थात् जो परम्पराएँ प्राचीन होते हुए भी प्रत्येक युग में सार्थक बनी रहें, उनका संग्रहण पुराण है। वायु पुराण में भी पुराण शब्द की व्युत्पत्ति बतलाते हुए लिखा है, जो प्राचीन होकर भी नित्य नूतन रहने वाले वृत्तान्तों, उपाख्यानों और इतिहास से परिपूरित है, और जिसको भलीभाँति जानकर मानव सम्पूर्ण पापों से मुक्त हो परमात्मतत्त्व को प्राप्त करता है, वह पुराण कहलाता है।

*सहायक आचार्य, संस्कृत विभाग, महारानी श्री जया राजकीय महाविद्यालय, भरतपुर, राजस्थान

यस्मात्पुराह्यनतीदंपुराणंतेन तत् स्मृतम्।
निरुक्तमस्ययो वेद सर्वपापैःप्रमुच्यते।।[3]

अष्टादशपुराणपुञ्ज में अग्नि महापुराण का अन्यतम स्थान है। अग्निपुराण में प्रतिपादित विषयों की विविधता एवं बहुलता को देखकर यदि इसे ज्ञान का विश्वकोश कहा जाए तो अतिशयोक्ति पूर्ण नहीं होगा। इसमें परा एवं अपरा दोनों प्रकार की विद्याओं का सम्यक्निरूपण मिलता है। प्रस्तुत पुराण के प्रथम अध्याय में अग्निदेव स्वयं कहते हैं -

द्वेब्रह्मणीवेदितव्येशब्दब्रह्मपरंचयत्।
द्वेविद्येवेदितव्येइतिचाथर्वणीश्रुति।।[4]

अर्थात् शब्द ब्रह्म तथा परं ब्रह्म इनदोनों ब्रह्म कोजनाना चाहिए। अथर्ववेद के अनुसार दो विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करना चाहिए परा विद्या तथा अपरा विद्या। परं ब्रह्म विषयक विद्या को परा विद्या कहते हैं तथा शास्त्रीय ज्ञान विषयिणी विद्या को अपरा विद्या कहते हैं। इसी अपरा विद्या के प्रसंग में अग्नि महापुराण में प्रतिपादित ब्रह्म ज्ञान का निरूपण इस प्रकार कर सकते हैं।

ब्रह्म शब्द का अर्थ एवं स्वरूप

'ब्रह्म' शब्द 'बृह्' धातु से निष्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ होता है- बढ़ना या आगे की ओर प्रस्फुटित होना, आगे निकल जाना, अतिशयन करना, सत्य, नित्य, ऋचा इत्यादि। ब्रह्म सूत्र शाङ्कर भाष्य में इसे **नित्यशुद्ध**[5] कहा गया है। आचार्य शंकर ने 'ब्रह्म' शब्द की व्याख्या करते हुए लिखा है कि बृहत्तम होने के कारण ही इसे 'ब्रह्म' कहा जाता है। तैत्तिरीयोपनिषद् के अनुसार 'ब्रह्म' शब्द के विविध अर्थों का ग्रहण करके, इसे सत्य, ज्ञान तथा अनन्त कहा गयाहै। **सत्यंज्ञानमनन्तंब्रह्म।**[6] छान्दोग्योपनिषद्में ब्रह्मको **तज्जलान**[7] कहा गया है- तत्-वह, जगत् को जन्म देता है, ला-अपने में लीन अन-धारण करता है। अर्थात्वहपरंतत्व जिससे इससंपूर्णचराचर जगत की उत्पत्ति जिससे सम्पूर्ण चरा चर जगत जीवित रहता है तथा अन्तमें जिसमें जाकर विलीन हो जाता है वही ब्रह्म है। इसी लिए सम्पूर्ण चराचर जगत्को ब्रह्मस्वरुप ही कहा गया है **सर्व खल्विदंब्रह्म**[8] अर्थात् यह सब कुछ ब्रह्म ही है। स्पष्ट है कि निरतिशय अर्थ में 'बृह्' धातु से 'ब्रह्म' शब्द निष्पन्न हुआ है। वृद्धि का कारण तथा बृहत् होने से आत्मा भी 'ब्रह्म' कहलाती है। यही भाव बृहदारण्यकोपनिषद् में भीमिलताहै- **अयमात्माब्रह्म**[9]।

ब्रह्म की अवधारणा आचार्य शंकर के अद्वैतवादी दर्शन का केन्द्रबिन्दुरही है, जहाँ वे ब्रह्म को परमतत्त्व के रूप में स्वीकार करते हैं। उनके अनुसार ब्रह्महीसमस्त ज्ञान तथा अनुभव का अधिष्ठान, स्वतः सिद्ध तथा स्वप्रकाश स्वरूप है। ब्रह्मसच्चिदानन्दस्वरूप है। उनके अनुसार ब्रह्म को छोड़कर शेष सभी वस्तुएँ असत्हैं तथा जीवब्रह्म का ही स्वरूप है। **ब्रह्म सत्यंजगन्मिथ्या..**[10] जीवत था ब्रह्म की एकता का प्रतिपादन करने के कारण ही आचार्य शंकर के मत को अद्वैतवेदान्त कहा जाता है। अद्वैतवाद के अलावा एक अन्य मत भी प्रचलित है जिसे द्वैत वाद कहा जाता है। इस मत के प्रवर्तक मध्वाचार्य माने गए हैं। इनके मत में उपनिषद् आदि वेदान्तशास्त्रद्वैत अर्थातजीव और ईश्वर के भेद

का ही प्रतिपादन करते हैं, अद्वैत का नहीं। इस सम्बन्ध में प्रमाणस्वरूप ऋग्वेद की सुप्रसिद्ध श्रुति को प्रस्तुत करते हैं-

द्वासुपर्णासयुजासखाया, समानंवृक्षंपरिषष्वजाते।
तयोरन्यःपिप्पलंस्वाद्वत्त्यनश्नन्न्योऽभिचाकशीति।।[11]

अर्थात्संसाररूपी एक ही वृक्ष पर जीव और ईश्वर परस्पर हितकर सखा के रूप में मिले हुए दो हंस पक्षी रहते हैं। इन दोनों में जीवरूपी पक्षी, संसारवृक्ष के स्वादभोग रूपी फलों को भोगता है और दूसरा ईश्वररूपी पक्षी भोगों को भोगता नहीं है; अपितु केवल देखता रहता है। तात्पर्य है कि जीव भोक्ता है और ईश्वर द्रष्टा है। इस प्रकार वैदिक साहित्य में ब्रह्म विषयक अनेक विचार उपलब्ध होते हैं, जिनका सार यही है कि यह दृश्य जगत् ब्रह्म का ही स्वरूप है। वही इस संपूर्ण सृष्टि को उत्पन्न करने वाला, पालन करने वाला तथा संहार करने वाला है। ईश्वर, आत्मा, परमात्मा इत्यादि सभी उसी परं ब्रह्म के विविध नाम हैं।

अग्निमहापुराण में ब्रह्म की सगुण एवं निर्गुण दोनों रूपों में उपासना की गयी है। सगुण ब्रह्म के रूप में भगवान् विष्णु को सम्पूर्ण चराचर जगत् का सारतत्व माना गया है।

सारात्सारोहि भगवान् विष्णुःसर्गादिकृद्विभुः।
ब्रह्माहमस्मितंज्ञात्वासर्वज्ञत्वंप्रजायते ॥[12]

अर्थात्भगवान विष्णु ही सम्पूर्ण सृष्टकेकर्ता तथा सार भूततत्त्व हैं। वेहीपरंब्रह्म स्वरूप हैं। जब जीव स्वयं को ब्रह्मस्वरुप जान लेता है तो उसे और कुछ जानना शेष नहीं रह जाता है।

अग्निपुराण के 374वे अध्याय में साधक को स्थिर चित्त से निरन्तर भगवान विष्णु के चिन्तन करने की प्रेरणा प्रदान की गई है। श्रीहरि के ध्यान के महत्त्व को प्रतिपादित करते हुए अग्निदेवकहतेहैं-

एवं मुहूर्त्तमर्धवाध्यायेद्यःश्रद्धयाहरिम् ।
सोऽपितांगतिमाप्नोति न तांसर्वैर्मंहामखैः ॥[13]

अर्थात् जो पुरुष प्रतिदिन एक अथवा आधे मुहूर्त तक भी श्रीहरि का श्रद्धा पूर्वक ध्यान करता है, वह व्यकि जिस गति को प्राप्त करता है; उसे सम्पूर्ण महायज्ञों के द्वारा भी नहीं प्राप्त किया जा सकता है। मूर्तात्मक एवं अमूर्तात्मक सम्पूर्ण जगत् को परमात्मा का स्वरूप जानकर उसमें श्रीहरि का चिन्तन करना ही ध्यान है। सर्वज्ञ परमात्मा श्रीहरि को सम्पूर्ण कलाओं से युक्त एवं निष्कल जानना चाहिए। अणिमा आदि ऐश्वर्यों की प्राप्ति तथा मुक्ति की प्राप्ति ध्यान के प्रयोजन हैं। साकार ब्रह्म के रूप में भगवान विष्णु के स्वरूप का वर्णन करते हुए अग्निदेव कहते हैं-

अग्निमण्डलमध्यस्थःशङ्खचक्रगदाधरः।
पद्मीचतुर्भुजोविष्णुरथवाष्टभुजोहरिः।।
शार्ङ्गाक्षवलयधरःपाशाङ्काशधरःपरः।
स्वर्णवर्णःश्वेतवर्णःसश्रीवत्सःसकौस्तुभः।।

वनमाली स्वर्णहारीस्फुरन्मकरकुण्डलः।
रत्नोज्ज्वलकिरीटश्चपीताम्बरधरोमहान्।।[14]

अर्थात् अग्निमण्डल के बीच में शंख, चक्र गदा तथा पद्म धारण किए हुए चतुर्भुज अथवा आठ भुजाओं वाले भगवान श्रीहरि विराजमान है। अष्टभुजा वाले भगवान श्रीहरि के हाथों में शंख आदि के अतिरिक्त शार्ङ्ग धनुष, अक्षमाला पाश तथा अंकुश विद्यमान हैं। उनका शरीर स्वर्ण के समान देदीप्यमान तथा श्वेत वर्ण का है। उनके वक्षस्थल में श्रीवत्स चिह्न तथा कौस्तुभ मणि सुशोभित हो रही है। वनमाला तथा स्वर्ण का हार पहने हुए श्री भगवान के कानों में मकराकृतिकुण्डल सुशोभित हो रहे हैं। रत्नों से चमकते हुए किरीट वाले भगवान पीतांबर धारण किए हुए हैं वे सभी प्रकार के आभूषणों से भी विभूषित हैं।

उपनिषदों में भी अनेकत्र ब्रह्म का सगुण रूप में वर्णन प्राप्त होता है। उदाहरणार्थ- श्वेताश्वतरोपनिषद् में ब्रह्म के सगुणस्वरूप का वर्णन करते हुए कहते हैं-

विश्वतश्चक्षुरुतविश्वतोमुखोविश्वतोबाहुरुतविश्वतस्पात् ।
संबाहुभ्यांधमतिसंपतत्रैःद्यावाभूमीजनयन्देवएकः ।।[15]

आशय है कि ब्रह्म ही सबका ईश्वर, प्राणियों का अधिपति, भूतो का रक्षक तथा लोकों का धारक सेतु है। उसकी सब तरफ आंखें है, सब तरफ मुख है, सब तरफ बाहु है, और सब तरफ उसकी गति है। उसने मनुष्यों का भुजाओं से युक्त और पक्षियों को पक्ष से युक्त किया। उसने आकाश और पृथ्वी को बनाया है। वह द्युतिमान है तथा अद्वितीय है।इसी प्रकार उस सगुण ब्रह्म की विशिष्ट क्रियाओ का वर्णन यह उपनिषद् करता है और उसकी विशिष्टताओं की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करता है-

अपाणिपादोजबनागृहीतापश्यत्यचक्षुः स श्रृणोत्यकर्णः।
स वेत्तिवेद्यं न च तस्यास्तिबेत्तातमाहुरग्रन्वंपुरुषंमहान्तम्।।[16]

अर्थात् उसके हाथ नहीं है, किन्तु ग्रहण करता है। उसके पैर नहीं है किन्तु वह चलता है। उसके नेत्र नहीं है, किन्तु वह देखता है और कान न होने पर भी वह सुनता है। वह समग्र वेद्य पदार्थों को जानता है, किन्तु उसे कोई नहीं जानता। उसी को सबसे श्रेष्ठ महान् पुरुष कहते हैं।

अग्निमहापुराण के अनुसार यह ब्रह्म ही संपूर्ण जगत् की उत्पत्ति का मूल कारण है I समस्त ज्ञानेन्द्रियाँ, कर्मेन्द्रियाँ, मन, बुद्धि, अहंकार तथा पृथिवी इत्यादि पंचभूत तथा प्रकृति इन सभी का निर्माण करने वाला ब्रह्म ही है I जगत् और जगत् के समस्त पदार्थ क्षेत्र कहलाते हैं और आत्मा इन सब को जानने वाला होने के कारण क्षेत्रज्ञ कहलाता है I वही समस्त भूतों का ईश्वर है। सत्, असत् तथा सदसत् सभी उसके रूप हैं।

बुद्धीन्द्रियाणिसर्वाणिमनःकर्मेन्द्रियाणि च। अहङ्कारश्चबुद्धिश्चपृथिव्यादीनिचैवहि॥
अव्यक्त आत्मा क्षेत्रज्ञःक्षेत्रस्यास्यनिगद्यते। ईश्वरःसर्वभूतस्थःसन्नसन्सदसच्चसः॥[17]

ईश्वर जगत की उत्पत्ति का उपादान वनिमित्त दोनों प्रकार का कारण कैसे हो सकता है? इसका समाधान आचार्य शंकर के अनुसार, वेदान्तशास्त्रजगत् की सृष्टि ईश्वर से मानता है। उसकी दृष्टि से ईश्वर ही जगत् का उपादान कारण तथा निमित्त कारण दोनों है। अपनी उपाधि 'अज्ञान की प्रधानता से उपादान कारण तथा अपनी अर्थात् चैतन्य की प्रधानता से निमित्त कारण है। अपने इस मत के लिए वह मकड़ी का दृष्टान्त देते हैं। मकड़ी जिस ताने-बाने से अपना जाला बुनती है, वह कहीं बाहर से नहीं अपितु अपने शरीर में ही प्रकट करतीग है। भीतर से निकली लार ही बाहर आकर सूखकर ताने-बाने के सूत की आकृति धारण करके जाल बन जाती है। लार वह स्वयं ही निकालती है, अतः जाल के प्रति वह स्वयं निमित्त कारण है। मुण्डकोपनिषद में मकडी के इस दृष्टान्त से ईश्वर को जगत् का निमित्तोपादानोभय कारण मानने का सिद्धान्त इस प्रकार कथित है-

यथोर्णनाभिःसुजतेगृहणुते च, यथा पृथिव्यामोषधयःसम्भवन्ति।
यथा सतःपुरुषात्केशालोमानि, तथाऽक्षरात्सम्भवतीहविश्वम्।।[18]

ईश्वर भी मकड़ी की तरह अपने द्वारा की गई सृष्टि का निमित्त और उपादान दोनों ही प्रकार का कारण है। स्वेच्छापूर्वक सृष्टि- रचना करके फिर अपने में विलीन कर लेता है। इस प्रकार अद्वैत वेदान्त के अनुसार ईश्वर,जीव एवं जगत् भिन्न-भिन्न न होकर एक ही ब्रह्मके विविध रूप हैं।

अग्निमहापुराण में प्रतिपादित ईश्वर, जीव एवं ब्रह्म के विवेचन में अद्वैतवेदान्त का स्पष्ट प्रभाव परिलक्षित होता है। प्रस्तुत ग्रंथ में यद्यपि अनेक स्थलों पर ईश्वर के रूप में विष्णु भगवान का उल्लेख प्राप्त होता है तथापि यहां विष्णु भगवान एक देवता के रूप में नहीं अपितु परंब्रह्म परमात्मा के रूप में निरूपित हुए हैं। ईश्वर, जीव एवं ब्रह्म पृथक- पृथक ना होकर एक ही चेतना के विविध रूप हैं। जैसा कि श्वेताश्वेतर उपनिषद में भी उल्लिखित है-

एकोदेवःसर्वभूतेषुगूढः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा ।
कर्माध्यक्षःसर्वभूताधिवासः साक्षी चेत्ताकेवलोनिर्गुणश्च ॥[19]

अर्थात् एक देव ही सब प्राणियों मे छिपा हुआ, वह सर्वव्यापी और अन्तर्यामी परमात्मा है; वही सबके कर्मों का अधिष्ठाता, सम्पूर्ण भूतों का साक्षी, चेतनस्वरूप, सर्वथा विशुद्ध और गुणातीत है। अग्निपुराण के 'समाधि' नामक 376वे अध्याय में अग्निदेव संपूर्ण संसार में व्याप्त तथा अनेक रूपों में भासित एक ही परं तत्व की सत्ता को प्रतिपादित करते हुए कहते हैं-

आकाशमेकंहि यथा घटादिषुपृथग्भवेत्। तथात्मानोह्यनिकेताजलाधारेष्विवांशुमान्।।
ब्रह्मधानात्मजाजलभूक्षितिधातवः। इमेलोकाएषचात्मातस्माच्चसचराचरम्।।[20]

अर्थात् जिस प्रकार एक ही आकाश घट आदि भिन्न-भिन्न उपाधियों के कारण भिन्न-भिन्न प्रतीत होता है तथा एक ही सूर्य भिन्न-भिन्न जलधाराओं के कारण अनेक प्रतीत होता है। उसी तरह एक ही आत्मा शरीर भेद के कारण भिन्न-भिन्न प्रतीत होता है। वायु, तेज, जल, पृथ्वी एवं आकाश ये पांचों भूत ब्रह्मात्मक हैं। यह समस्त लोक ब्रह्म का ही स्वरूप है उसी ब्रह्म से चराचर जगत्प्रतिभासित होता है। जिस तरह कुंभकार मिट्टी, दण्ड तथा चक्र समूह को एकत्रित करके उनके

संयोग से घडे का निर्माण करता है अथवा घर बनाने वाला जिस प्रकार मिट्टी, तिनके, एवं काष्ठ के प्रयोग से गृह निर्माण करता है, उसी उसी प्रकार परं ब्रह्म भी इन्द्रियों आदि कार्य- कारण समूह के द्वारा आत्मा से ही आत्मा का सृजन करता है। **'ब्रह्मज्ञानम्'** नामक ३७७वे अध्याय में सृष्टि प्रक्रिया को समझाते हुए अग्निदेव कहते हैं-

ब्रह्मणःआकाशंखाद्वायुर्वायुतोऽनलः। अग्नेरापोजलात् पृथ्वी ततःसूक्ष्मंशरीरकम्।।
अपञ्चीकृतभूतेभ्यःआसन्पञ्चीकृतान्यतः। स्थूलंशरीरंध्यात्वाऽस्माल्लयंब्रह्मणिचिन्तयेत्।।[21]

अर्थात् ब्रह्म से आकाश, आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथ्वी तथा उससे सूक्ष्म शरीर उत्पन्न होता है। अपञ्चीकृतभूतों से पञ्चीकृत भूतों की उत्पत्ति हुई है। स्थूल शरीर का ध्यान करके उसका ब्रह्म में लय होने का ध्यान करना चाहिए।पञ्चीकृत् भूत तथा उनके कार्यों को विराट् कहते हैं। जगत् की चार अवस्थाओं का वर्णन हमें अग्निपुराण में प्राप्त होता है। जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति एवं तुरीय। इस प्रकार संसार की चार अवस्थाएं, वेदान्त दर्शन के अनुकरण को दर्शाती हैं। इन चारों अवस्थाओं तथा उनके अभिमानी आत्माओं का वर्णन करते हुए अग्निदेव कहते हैंकि आत्मा का यह स्थूल शरीर अज्ञान से कल्पित है। इन्द्रियों के द्वारा होने वाले ज्ञान को धीरपुरुषों ने जागृत अवस्था कहा है।जाग्रत के अभिमानी आत्मा को विश्व कहते हैं। ये तीनों प्रणव के प्रथम वर्ण के आकार स्वरूप हैं। अपञ्चीकृत् भूत तथा उनके कार्य को लिङ्ग शरीर कहते हैं। दस इन्द्रियाँ, पञ्चतन्मात्राएँ और मन एवं बुद्धि इस प्रकार सत्रह अवयवों से युक्त आत्मा के सूक्ष्म शरीर को हिरण्यगर्भ कहा जाता है। जाग्रत अवस्था के संस्कार से उत्पन्न होने वाले विषयों के ज्ञान को स्वप्न कहते हैं तथा इस अवस्था के अभिमानी आत्मा को तैजस कहते हैं। वह जाग्रत के प्रपंच से रहित होता है। जब बाह्य ज्ञान के साधन भूत इन्द्रियों का पूर्ण रूप से लय हो जता है और केवल बुद्धि की स्थिति रहती है, उस अवस्था को सुषुप्ति कहते हैं। इस अवस्था के अभिमानी आत्मा को प्राज्ञ कहते हैं[22]।

उपर्युक्ततीनों अव्यवस्थाओं से परे नित्य शुद्ध, बुद्ध, मुक्त, सत्य, एवं चैतन्य स्वरूप अवस्था तुरीय अवस्था कहलाती है। इस अवस्था का साक्षी ज्योतिर्मयपरंब्रह्ममै स्वयं हूँ। मैं ही ज्ञान समाधि रूप परं ब्रह्म हूँ। संसार बंधन को विनष्ट करने वाला हूँ। चिरन्तनआनन्दमय, सत्य स्वरूप, ज्ञान स्वरूप, अनन्त स्वरूप ब्रह्म मै ही हूँ। यह आत्मा परंब्रह्म है। वह परंब्रह्म में तुम स्वयं हो। इस तरह से गुरु के द्वारा बोध कराए जाने पर जीव यह अनुभव करता है कि देहादि से विलक्षण मैं ही परंब्रह्म हूँ। अग्निमहापुराण में अज्ञानजन्य संसार के बंधन से मुक्ति प्राप्ति के लिए ब्रह्मज्ञान का निरूपण किया गया है।जो पुरुष य़ह जान लेता है कि य़ह आत्मा परंब्रह्म है और वह परंब्रह्म मैं ही हूँ, ऐसा चिन्तन करने वाला पुरुष मुक्ति को प्राप्त हो जाता है।आत्मस्वरूप का निरूपण करते हुए कहते है-

देहेन्द्रियमनोबुद्धिप्राणाहङ्कारवर्जितम् ।
जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यादिमुक्तं ब्रह्म तुरीयकम्।।
नित्यशुद्धबुद्धमुक्तंसत्यमानन्दमद्वयम्।

ब्रह्माऽहमस्म्यहं ब्रह्म सविज्ञानं विमुक्त ओम् ।
अहं ब्रह्म परंज्योत्तिःसमाधिर्मोक्षदःपरः ।।[23]

समस्त विवेचनोपरान्त हम कह सकते हैं कि अग्निमहापुराण न केवल लौकिक विषयों की दृष्टि से अपितु आध्यात्मिक एवं दार्शनिक विषयों के सूक्ष्म एवं गंभीर विवेचन की दृष्टि से भी संस्कृत साहित्य में अपना महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रस्तुत ग्रंथ में प्रायः सभी दार्शनिक विषयों यथा सांख्य-योग, न्याय-वैशेषिक, मीमांसा-वेदान्त, श्रीमद्भगवद्गीता, उपनिषद्, एवं यमगीता के विषयों का सूक्ष्म विवेचन हमें प्राप्त होता है। अग्निमहापुराण के अध्ययन से अध्येता लौकिक अभ्युदय करते हुए निःश्रेयस के मार्ग पर अग्रसर हो सकता है।यहीकारणहैकिप्रस्तुत ग्रन्थ के माहात्म्य का वर्णन करते हुए अग्निदेव ने इसे ब्रह्म स्वरूप बताया है-

आग्नेयंब्रह्मरूपंतेपुराणंकथितंमया ।[24]

सन्दर्भ -

---

[1]अग्निपुराणम्, आचार्य शिवप्रसाद द्विवेदी, ३८३/५२ (पूर्वार्द्ध)

[2]निरुक्त, महर्षि यास्क ,३ /१९

[3]वायुपुराण ,१/२०३

[4]अग्निपुराणम्, आचार्य शिवप्रसाद द्विवेदी,१ /५

[5]नित्यशुद्धत्वाद् येऽर्थाः प्रतीयन्ते बृहतेर्धातोरर्थानुगमात् । ब्रह्मसूत्र / शांकरभाष्य-१।१।१।१

[6]तैत्तिरीयोपनिषद्,भृगुवल्ली

[7]छान्दोग्योपनिषद्,३।१४।१

[8]तत्रैव, सर्वं खल्विदं ब्रह्म तज्जलानिति शान्त उपासीत।

[9]अयमात्माब्रह्म।बृहदारण्यकोपनिषद्- २।५।१९

[10]विवेकचूडामणि – २०(पूर्वार्द्ध)

[11]ऋग्वेदसंहिता – १।१६४।२०

[12]अग्निपुराणम् – १।४

[13]अग्निपराणम्,३७४।६

[14]तत्रैव, ३७४।२९-३१

[15]श्वेताश्वतरोपनिषद् – ३।३

[16]तत्रैव- ३।१९

[17]अग्निपुराणम्,३७६।२४-२५

[18]मुण्डकोपनिषद – १।१।६

[19]श्वेताश्वतरोपनिषद् - ६।११

[20]अग्निपुराणम्,३७६-१४-१५

[21]तत्रैव, ३७७-८-९

[22]तत्रैव, ३८८-११-१९

[23]तत्रैव – ३७८।२२

[24]तत्रैव३८३-१(पूर्वार्द्ध)

संस्कृत वाङ्मय में उपलब्ध कविशिक्षा ग्रन्थ

• सोनाली बाजपेई*

शोधसार - किसी काव्य या कला के प्रारम्भिक विवरणों से ज्ञात होता है कि अपने आदि स्वरूप में अगाध तथा अपरिमित सौन्दर्य से ओतप्रोत इन विद्याओं का समय की गति मे इतना ह्रास हो गया कि वर्तमान में कवि प्रारम्भिक रूपों को अपनी कल्पनामात्र तथा पूर्वग्रन्थों के अभ्यास तथा उनमें उल्लेखित शब्दपरम्परा के द्वारा ही साकार कर पाने में समर्थ होता है। कविशिक्षा ग्रन्थ कवियों को इन्ही काव्यसृजन की विधियों, काव्यगत रूढियों, कविसमय तथा काव्यगत गुण-दोषों का परिचय कराते हुए सैद्धान्तिक-हेतुओं को समझाते है तथा प्रायोगिक सलाह भी देते है। प्रस्तुत शोधपत्र में इन्ही कविशिक्षा ग्रन्थों का विवेचन किया गया है।

बीजशब्द - कविशिक्षा, कवि, काव्यमीमांसा, कविकण्ठाभरण, काव्यशिक्षा, काव्यकल्पलतावृत्ति, कविकल्पलता, अलङ्कारशेखर, कविसमय, रीति, परम्परा।

ज्ञान की अनवरत परम्परा सदैव ही स्थूल से सूक्ष्मता की ओर अग्रसर होने की रही है, ज्ञान का जो स्रोत स्थूल तत्वों से प्रारम्भ होता है वह शनैः शनैः सूक्ष्मता के समूद्र में अगाध विद्वता को आत्मसात नही करता परन्तु उस परम्परा की नींव का निर्माण अवश्य करता है, जिसपर ही विद्वान बौद्धिकता के शिखरों का निर्माण करते है, आचार्य राजशेखर शास्त्रों की इसी परम्परा का उल्लेख करते हुए कहते है कि जिसप्रकार नदियों का प्रवाह आरम्भ में लघु तथा बाद में विस्तृत होता जाता है, उसीप्रकार शास्त्रपद्धति भी कार्य करती है-

सरितमिव प्रवाहास्तुच्छाः प्रथमं यथोत्तरं विपुलाः।
ये शास्त्रसमारम्भा भवन्ति लोकस्य ते वन्द्याः।।[1]

संस्कृत वाङ्मय में वैदिक साहित्य से ही कविशिक्षा के रूप में ही ऋग्वैदिक सिद्धान्तों की स्थिरता तथा नैमित्तकता प्राप्त होती है, छन्दों का स्थिर रूप तथा अलङ्कारों की अलौकिकता काव्य के प्रथम बिन्दुओं का सूत्रपात करती है, काव्यतत्त्वों के अतिरिक्त ऋग्वेद में काव्यसिद्धान्त भी प्राप्त होता है-

*शोधच्छात्रा, संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

सक्तुमिव तितउना पुनन्तों यत्र धीरा मनसा वाचमक्रत।
अत्रा सखाय: सख्यानि जानते भद्रैषां लक्ष्मीर्निहिताधिवाचि।।[2]

संस्कृत साहित्य के विकास क्रम में कविशिक्षा की पद्धति भी विस्तार को प्राप्त हुई है, कविशिक्षा ग्रन्थों में कवि को केन्द्र में रखकर ही विषयों का समावेश किया गया है। काव्यशास्त्रीय ग्रन्थों में वर्णित कविशिक्षा से सम्बन्धित तथ्यों का विवेचन किया गया है, परन्तु कविशिक्षा को व्याख्यापित करने के उपरान्त भी इन समस्त ग्रन्थों को कविशिक्षा की श्रेणी में नही रखा जा सकता है, क्योंकि इन ग्रन्थों का मुख्य विषय कविशिक्षा ना होकर काव्यतत्वों की व्याख्या करना रहा है। कविशिक्षा की श्रेणी में उन्हीं ग्रन्थों को रखा जायेगा जिनका मुख्य विषय ही कविशिक्षा तत्वों का समुचित विवेचन करना है, यह कविशिक्षा ग्रन्थ है-

1. **काव्यमीमांसा – आचार्य राजशेखर (9वीं शती का अन्त, 10वीं का प्रारम्भ)**
2. **कविकण्ठाभरण – आचार्य क्षेमेन्द्र (1028 ई० - 1063 ई० तक)**
3. **काव्यशिक्षा – आचार्य विनयचन्द्रसूरी (13वीं शती का उत्तरार्ध)**
4. **काव्यकल्पलतावृत्ति – आचार्य अमरचन्द्र, आचार्यअरिसिंह (13 वीं शती का उत्तरार्ध, 14वीं शती का पूर्वार्ध)**
5. **कविकल्पलता – आचार्य देवेश्वर (14वीं शती)**
6. **अलङ्कारशेखर – आचार्य केशवमिश्र (16वीं शती)**

काव्यमीमांसा –"काव्यशास्त्र की इसी परम्परा में आचार्यों ने काव्य के विभिन्न तत्वों का विवेचन किया है जिसमें केन्द्रता काव्य की रही है, कवि की नही परन्तु आचार्य राजशेखर ने चिन्तन की नवीन परम्परा का आरम्भ किया तथा अपने शास्त्रीय विवेचन का आधार प्रथमत: कवि को बनाया, इसलिये आचार्य राजशेखर को कविशिक्षा का आदि आचार्य भी कहा जाता है।"

ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर आचार्य राजशेखर का समय विक्रमाब्द ९३७-९७७ (ई० सन् ८८०-९२०) निर्विवाद रूप से माना जाता है।[3] आचार्य राजशेश्वर के समय तक काव्यशास्त्र में रस, अलंकार, रीति तथा ध्वनि सम्प्रदाय प्रचलित हो चुके थे, भरत के रससूत्र की विभिन्न व्याख्यायें हो चुकी थी और रस का क्षेत्र नाटक तक ही सीमित नही था, अपितु उसका विस्तार काव्य तक मान्य हो चुका था। अलङ्कारशास्त्र को भी उत्तरवर्ती आचार्यों ने पर्याप्त प्रश्रय दिया था, अलङ्कार की सीमा का भी पर्याप्त वर्धन हो चुका था। भामह का अनुकरण कर उद्भट, रुद्रट आदि आचार्यों ने इसका यथेष्ट पोषण किया था। रीति भी वैज्ञानिक आधार पर काव्य में मान्यता ही नही प्राप्त कर सकी थी अपितु गुण के मूल आधार पर वामन ने उसे काव्यात्मा के उत्कृष्ट पद पर अभिषिक्त कर दिया था, ध्वनि-सम्प्रदाय की अभी शैशवावस्था थी, आनन्दवर्धनाचार्य ध्वनि को ही काव्य की आत्मा घोषित कर चुके थे लेकिन अभी उनका मत साहित्य-आलोचना क्षेत्र में विशेष समादृत नही हो सका था। इस प्रकार राजशेखर के काल तक काव्यशास्त्र का विस्तार बहुत अधिक हो चुका था तथा आलोचना के विभिन्न सम्प्रदाय प्रचलित थे तथा विभिन्न आचार्यों ने उन्हें यथेष्टप्रश्रय प्रदान किया था। राजशेखर

की काव्यमीमांसा सुदूरपूर्व से आती हुई एक परम्परा की कड़ी है, राजशेखर ने काव्यमीमांसा अट्ठारह अधिकरणों में विभक्त है,परन्तु इस अट्ठारह अधिकरणात्मक काव्यमीमांसा का केवल प्रथम अधिकरण ही उपलब्ध है जो अष्टादश अध्यायों में विभक्त है-

1. शास्त्रसंग्रहः
2. शास्त्रनिर्देशः
3. काव्यपुरुषोत्पत्तिः
4. शिष्यप्रतिभे
5. व्युत्पत्तिविपाकाः
6. पदवाक्यविवेकः
7. वाक्यविधयः
8. वाक्यार्थयोनयः
9. अर्थानुशासनम्
10. कविचर्या राजचर्या च
11. शब्दार्थहरणोपायाः
12. अर्थहरणोपायाः
13. अर्थहरणेष्वालेख्यप्रख्यादिभेदाः
14. कविसमयः
15. गुणसमयस्थापना
16. स्वर्ग्यपातालीयकविरहस्य
17. देशकालविभागः
18. कालविभागः

प्रस्तुत ग्रन्थ के चतुर्दश अध्याय में कवि-समय (कविशिक्षा) का विवेचन प्राप्त होता है, पञ्चदश अध्याय में गुणगत कविसमय की व्याख्या की गई, षोडश अध्याय में स्वर्ग्य तथा पातालीय कवि-समय का विवेचन है तथा सप्तदश अध्याय में देश-विभाग का वर्णन है तथा अष्टादश अध्याय में काल का स्वरूप दर्शाया गया है। काव्यमीमांसा सैद्धान्तिक विषयों के साथ व्यवहारिक विषयों का भी विवेचन करती है, इसमेंकाव्यनिर्माण से सम्बद्धित जितने भी व्यवहारिक प्रश्न है उस समस्त प्रश्नों का यथोचित विवेचन किया गया है तथा उपयोगी निर्देश भी किया गया है।

कविकण्ठाभरण-आचार्य राजशेखर के पश्चात् आचार्य क्षेमेन्द्र का स्थान प्राप्त होता है, क्षेमेन्द्र का कविकण्ठाभरण शुद्ध कविशिक्षा ग्रन्थ है। क्षेमेन्द्र ने औचित्य विचार चर्चा- 'राज्ये श्रीमदनन्तराजनृपतेः काव्योदयोऽयंकृतः' तथा 'कविकण्ठाभरण'में 'तस्य श्रीमदनन्तराजनृपतेः'काले किलायं कृतः लिखकर अनन्तराज के नाम का उल्लेख किया है, अनन्तराज ने कश्मीर में १०२८ ई० से लेकर १०६३ तक राज्य किया है, वस्तुतः यही आचार्य क्षेमेन्द्र का समय माना जा सकता है। क्षेमेन्द्र की वाणी ने संस्कृत सारस्वत की अनेक शाखाओं में अनन्यपरतंत्रतया विहार किया है। kshemendra holds a unique Position in the history of Sanskrit Literature. He appears as poet, dramatist, rhetorician, Lexicographer and historian. He has written numerous works which form important landmarks in several fields of Sanskrit Literature. Almost every important branch of Sanskrit Literature has been enriched by the facile pen of this versatile genius.[4]

आचार्य क्षेमेन्द्र का यह लघुकाय ग्रन्थ कविशिक्षापरक ग्रन्थों में वैशिष्ट्यपूर्ण है, क्षेमेन्द्र की महत्ता मात्र नियमों के निर्देशन में ही नहीं है, नियमों के प्रयोग को प्रत्यक्ष करके उन्होंने विषय को

महत्व प्रदान कर दिया है। इस ग्रन्थ का प्रमुख उद्देश्य शिष्यों को उपदेश देना है तथा विज्ञों के विशेष ज्ञान हेतु अ-कवि को कवित्वप्राप्ति के पांच विषयों का पांच सन्धियों में निरूपण किया है-

शिष्याणामुपदेशाय विशेषाय विपश्चिताम्। अयं सरस्वतीसारः क्षेमेन्द्रेण प्रदर्श्यते।।
तत्राकवेः कवित्वप्राप्तिः शिक्षां प्राप्तगिरः कवेः। चमत्कृतिश्च शिक्षाप्तो गुणदोषोद्गतिस्ततः।।
पश्चात्परिचयप्राप्तिः इत्येते पञ्च संधयः। समुदिष्टा क्रमेणैषां लक्ष्यलक्षणमुच्यते।।[5]

कविकण्ठाभरण में स्वाभिमत विषय का प्रतिपादन आचार्य क्षेमेन्द्र ने 'सन्धि' नामक पांच अध्यायों में विभक्त किया है, प्रथम सन्धि में कवित्वशक्ति प्राप्त करने के उपायों का विवेचन तथा दिग्दर्शन किया है, इसी दिव्य प्रयत्न के स्वरूप के विशदीकरण के पश्चात् क्षेमेन्द्र ने शिष्यों का अल्पप्रयत्नसाध्य, कृच्छ्रसाध्य एवं असाध्य नामक त्रिविध वर्ग किया है, इनमें से प्रत्येक वर्ग के कवि को काव्य-निर्मिति के लिये कैसे प्रयास करना इष्ट है, इसका पथप्रदर्शन किया है, द्वितीय सन्धि के प्रारम्भ में छायोपजीवी, पदकोपजीवी, पादोपजीवी, सकलोपजीवी और भुवनोपजीव्य नामक कवियों के पञ्चप्रकारों का सोदाहरण निरूपण किया गया है, तत्पश्चात् भाषाप्रभु कवि को 'शतोपदेश'किया गया है तथा कविचर्या का विस्तृत वर्णन प्राप्त होता है, तृतीय सन्धि का प्रधान विषय है चमत्कार निरूपण। आचार्य क्षेमेन्द्र ने उद्घोष किया है कि जो ग्रन्थकार काव्य में चमत्कार उत्पन्न नहीं कर सकता है वह कवि नही है-

'नहि चमत्कारविरहितस्यकवेः कवित्वं, काव्यस्य वा काव्यत्वम्।[6]

तत्पश्चात् चमस्कार के पुरोलिखित दस प्रकारों का उद्देश करके उनका उदाहरण सहित निरूपण किया गया है। इस प्रकार चमत्कृति के निरुपण के पश्चात् चतुर्थ सन्धि में क्षेमेन्द्र काव्य के गुणदोषों के विवेचन का प्रारम्भ करते हैं, इनकी दृष्टि में शब्दनिर्दोषता, अर्थनिर्दोषता, रसनिर्दोषता ये तीन काव्यगुण है; तथा यही तीन काव्य के गुण भी है। काव्य के संभाव्य पांच भेद प्राप्त होते है। क्षेमेन्द्र ने पञ्चम सन्धि के प्रारम्भ में शास्त्रीयज्ञान की महिमा गायी है तथा इसके पश्चात् तर्क, व्याकरण, राजनीति, धर्मशास्त्र इत्यादि अट्ठाईस शास्त्रों के ज्ञान की सोदाहरण चर्चा की है।

ग्रन्थ के अन्त में क्षेमेन्द्र ने,परिश्रमशील कवि विद्वत्समाज में आत्मविश्वास के साथ विहार करें और उन्हे पुण्य की प्राप्ति हो जाए ऐसी शुभकामनाएं प्रकट की हैं।

काव्यशिक्षा-काव्यशिक्षा के अध्ययन से परिज्ञात होता है कि विनयचन्द्रसूरि न केवल अलङ्कारशास्त्र के ज्ञाता थे, अपितु व्याकरण, कोषादि पर भी उनका समान अधिकार था।बाह्य तथा अन्तःसाक्ष्यों के आधार पर उनका समय १३वीं शताब्दी का उत्तरार्ध माना जा सकता है।[7]

काव्यशिक्षा छः परिच्छेदों में विभक्त है प्रथम परिच्छेद का नाम 'शिक्षा परिच्छेद' है, इसमें काव्य-स्वरूप, काव्य-शिक्षा, कविसमय प्रसिद्धि एवं काव्य लक्षणादि का उल्लेख है। द्वितीय परिच्छेद का नाम 'क्रियानिर्णय परिच्छेद' है, इसमें विभिन्न क्रियाओं के विषय में निर्णय किया गया हैं, तृतीय परिच्छेद का नाम 'लोक कौशल्यपरिच्छेद' है। इसमें लोक व्यवहार के लिये एक से अट्ठारह, २८, ३२, ३४, ४२ एवं ८४ लाख संख्या वाली वस्तुओं की गणना की गई है, अन्त में खड्गादि शास्त्रों का

नाम संग्रह है। चतुर्थ परिच्छेद का नाम वीजव्यावर्णन है, जिनेन्द्र भगवान उनके माता-पिता नगरी चिह्न प्रतिहार्य, देशना आदि का वर्णन है, ब्रह्मा, हरि विनायक, बुद्ध, बलभीनाथ, श्वेताम्बराचार्य, ब्राह्मण, योगी, आश्रम बीज, राजद्वार वर्णन-बीज तथा योगादि के लक्षणों का वर्णन है। पञ्चम परिच्छेद का नाम 'अनेकार्थी शब्द संग्रह'है इसमें पञ्चाक्षर काण्ड अव्ययार्थ काण्ड, मूलाक्षरार्थ काण्ड, अन्त्याक्षर वर्णकाण्ड आदि अनेकार्थ शब्दों का वर्णन है। षष्ठ परिच्छेद का नाम 'रसभावनिरूपण'है, इसमें रसलक्षण, उसके भेर स्थायीभाव, व्यभिचारिभाव, सात्विकभाव, रसाभास तथा भावाभास पर विचार किया गया है। ग्रन्थारम्भ में ही आचार्य ने काव्यशिक्षा का हेतु कहा है -

नत्वा श्रीभारतीं देवी वप्पभट्टिगुरोर्गिरा। काव्यशिक्षां प्रवक्ष्यामि नानाशास्त्रनिरीक्षणात्।।
विद्वन्मानितया नैव नैव कीर्तिप्रलोभनात्। किन्तु बालावबोधाय शास्त्रादेनां लिखाम्यहम्।।[8]

काव्यकल्पलतावृत्ति-आचार्य अरिसिंह एवं अमरचन्द्र नाम जैन विद्वद्वय ने कवितारहस्य अथवा काव्यकल्पलता नामक ग्रन्थ का प्रणयन किया है। साक्ष्यों के आधार पर आचार्य का समय १३वीं शती का उत्तरार्द्ध तथा १४वीं शती का पूर्वार्द्ध स्वीकार किया जा सकता है।[9] काव्यकल्पलता की सूत्र रचना आचार्य अरिसिंह ने तथा आचार्य अमरचन्द्र ने वृत्तिभाग की रचना की है। सूत्ररचना में आचार्य ने लिखा है -

वाचं नत्वा महानन्दकरसत्काव्यसम्पदे।
कविशिक्षामिमां वच्मि काव्यकल्पलताह्वयाम्।।[10]

तथा वृत्तिभाग में आचार्य अरिसिंह का वर्णन प्राप्त होता है-

विमृश्य वाङ्मयं ज्योतिरमरेण यतीन्दुना।
काव्यकल्पलताख्येयं कविशिक्षा प्रतन्यते।।
सारस्वतामृतमहार्णवपूर्णिमेन्दोर्मत्वाऽरिसिंह सुकवेः कवितारहस्यम्।
किंचिच्च तद्रचितमात्मकृतं च किंचिद्वयाख्यास्यते त्वरितकाव्यकृतेऽत्र सूत्रम्।

काव्यकल्पलतावृत्ति चार प्रतानों में विभक्त है तथा प्रत्येक प्रतान स्तबकों में विभक्त है-

चत्वारो ऽत्र च्छन्दःशब्दश्लेषार्थसिद्धिनामानः।
क्रमशस्तताः प्रताना: पञ्चचतुष्पञ्चसप्तभिः स्तबकैः।।[11]

अत्र काव्यकल्पलतायां छन्दः सिद्धिप्रतानः पञ्चभिः स्तबकैः शब्दसिद्धि - प्रतानश्चतुर्भिः स्तबकैः, श्लेषसिद्धि- प्रतानः पञ्चभिः स्तबकैः, अर्थसिद्धिप्रतानः सप्तभिः स्तबकैः इत्येते तता विस्तीर्णाः। लताधर्मत्वात् प्रतानस्तबकारोप।[12]

प्रस्तुत ग्रन्थ छन्दसिद्धि, शब् सिद्धि, श्लेषसिद्धि तथा अर्थसिद्धि नामक चार प्रतानों में विभक्त है, प्रत्येक प्रतान में क्रमशः ५ , ६ , ५ तथा ७ स्तबक है, जिनकी कुल संख्या २१ है। छन्दःसिद्धि नामक प्रथम स्तबक का नाम 'अनुष्टुप शासन' है, द्वितीय स्तबक का नाम 'छन्दोभ्यास' है, तृतीय स्तबक छन्दपूर्ति से सम्बन्धित है, चतुर्थ स्तबक का नाम 'वाद-शिक्षा' है, पांचवे स्तबक का नाम 'वर्ण्यस्थिति' है इसमें महाकाव्यादि प्रबन्धों में वर्णनीय राजा, मन्त्री, पुरोहित, कुमार, सेनापति, देश,

ग्राम, सरोवर, समुद्र कामक्रीडा का विशद वर्णन प्राप्त होता है। शब्दसिद्धि नामक द्वितीय प्रतान के प्रथम स्तबक का नाम रूढयौगिक मिश्र है, द्वितीय स्तबक में वास्तविक अथवा काल्पनिक पदार्थों, व्यक्तियों अर्थ देवताओं के यौगिक पर्यायवाची शब्दों का सङ्कलन किया गया है, तृतीय स्तबक में अनुप्रास-सिद्धि साधारण शब्दों का संग्रह है, चतुर्थ स्तबक में अभिधा, लक्षणा और व्यञ्जना का विस्तृत विवेचन है।

श्लेषसिद्धि नामक तृतीय प्रतान के प्रथम स्तबक में पदच्छेद द्वारा भिन्न-भिन्न अर्थो के साथ श्लेष का विशद वर्णन है, दूसरे स्तबक का नाम सर्ववर्णन है। तृतीय स्तबक का नाम उद्दिष्ट वर्णन है, चतुर्थ स्तबक का नाम अद्भुत-विधि है इसमें वर्ण, भाषा, लिङ्ग, पद-प्रकृति, प्रत्यय वचन और विभक्ति आदि का उल्लेख है। पञ्चम स्तबक का नाम 'चित्रप्रपञ्च' है।

अर्थसिद्धि नामक चतुर्थ प्रतान के प्रथम स्तबक में 'उपमा'पर विस्तृत विचार प्रस्तुत है, द्वितीय स्तबक में वर्णों का सङ्कलन है, तृतीय स्तबक में भिन्न कार्य के वर्णन की विधि है, पंचम स्तबक में कवि को किस प्रकार भिन्न-भिन्न नवीन कल्पनाओं का आश्रय लेकर रचना करनी चाहिए का वर्णन है। षष्ठ स्तबक में एक से बीस, सौ से सहस्र वाचक शब्दों का संकलन है, सप्तम स्तबक में समस्यापूर्ति हेतु कवियों के लिए आवश्यक व्यवहारिक ज्ञान पर प्रकाश डाला गया है।

काव्यकल्पलता-अमरचन्द्र के उपरान्तआचार्य देवेश्वर का उल्लेखनीय स्थान है, कविकल्पलता का आधार 'काव्यकल्पलता' है, आचार्य देवेश्वर का समय चौदहवीं शताब्दी माना जाता है। कविकल्पलता चार स्तबकों शब्द, श्लेष, कथा, अर्थ में विभक्त है तथा यह स्तबक चार, पाँच ,छः तथा सात कुसुमों में क्रमशः विभाजित है-

मालवेन्द्रमहामात्यश्रीमद्वाग्भटनन्दनः। देवेश्वरः प्रतनुते कविकल्पलतामिमाम्।।
शब्दश्लेषकथार्थाख्याश्चत्वारस्तवका इह। ते चतुः पञ्चषट्सप्तकुसुमैरन्विताः क्रमात्।।
तत्राद्यस्तबकेच्छन्दोभ्यासः सामान्यशब्दकः। वर्णस्थितिरनुप्रासः कुसुमानि यथाक्रमम्।।[13]

शब्द नामक प्रथम स्तबक छन्दस्मास, सामान्यशब्दनाम, वर्णस्थिति तथा अनुप्रास नामक चार कुसुमों में विभाजित है। प्रस्तुत स्तबक में छन्दसिद्धि हेतु सुयोग्य पद हेतु उचित स्थानादि का चयन, नाम-धातु आदि का विभाग, एकाक्षर, द्वयाक्षरादि का निर्देश, पुल्लिङ्ग- स्त्रीलिङ्ग आदि का निर्देश, वर्ण्यस्थिति आदि का विवेचन प्राप्त होता है।

श्लेष नामक द्वितीय स्तबक उद्दिष्टवर्णन, वर्ण्यवर्णन, सङ्कीर्ण (प्रकीर्ण) संख्या तथा रूढियौगिकमिश्राः नामः पञ्च कुसुम प्राप्त होते है।

कथास्तबक नामक तृतीय अध्याय में राजदर्शनम्, गङ्गास्तुतिः, भगवत्पादानुभाषणम्, विप्रसम्भाषणम्, तडागादिवर्णनम्, वादितर्जनम् नामक षट्कुसुम प्राप्त होते है।

इसी प्रकार अर्थस्तबक नामक अध्याय में अर्थोत्पादनम्, अद्भुतम्, चित्रम्, सादृश्यम्, रूपकादिकम, समस्यापूरणोपायः, समस्याः नामक सप्तकुसुम प्राप्त होते है। कविकल्पलता कवि शिक्षा का समग्र रूप से सूक्ष्म विवेचन करती है।

अलङ्कारशेखर-'अलङ्कारशेखर'में, पूर्ववर्ती प्रायः सभी विचारधाराओं का सम्मिलित रूप प्राप्त होता है। रचयिता आचार्य केशव मिश्र १६वीं शती के काव्यशास्त्रियों में विशेषतया उल्लेखनीय है, इन्होने अलङ्कार सूत्रकार भगवान शौद्धोदनि द्वारा रचित अलङ्कार सूत्रों को अपने ग्रन्थ में मूल रूप से संग्रहीत कर उन पर वृत्ति लिखी है जिसकी घोषणा आचार्य स्वयं करते हैं –

अलङ्कारविद्यासूत्रकारो भगवान शौद्धोदनिः परमकारुणिकः स्वशास्त्रे प्रवर्तयिष्यन् प्रथमं काव्यस्वरूपमाह।[14]

श्रुतमेवाऽन्यथाकारमक्षराणि कियन्त्यपि।
काव्यालङ्कारविद्यायां शौद्धोदनिरसूत्रयत्।।[15]

आचार्य केशवमिश्र ने 'अलङ्कारशेखर' की रचना शौद्धोदनि की कारीकाओं के आधार पर की थी। यह अलङ्कारशेखर अष्ट रत्न तथा द्वाविंशति मरीचियों में विभक्त है।

प्रथम 'उपक्रम रत्न' में फलस्वरूपफलकारण,रीत्यादि मरीचि तथा वृत्ति मरीचि नामक तीन मरीचियां प्राप्त होती है जिनमें क्रमशः काव्य की परिभाषा, काव्य हेतु, वैदर्भी आदि रीतियों, शब्द वृत्तियों का विवेचन प्राप्त होता है। दोष नामक द्वितीय रत्न में पददोष, वाक्यदोष तथा अर्थदोष नामक तीन मरीचियां प्राप्त होती है जिसमें पदगत अष्टदोष, वाक्यगत द्वादशदोष तथा अर्थगत अष्टदोषों की व्याख्या प्राप्त होती है। तृतीय गुणरत्नमें शब्दगुण, अर्थगुण, वैशेषिकगुण नामक तीन मरीधियां प्राप्त होती है जिसमें शब्दगत पञ्चगुणों, अर्थगत- भाविकत्व, सुशब्दत्व, पर्यायोक्त तथा सुधर्मिता आदि का विवेचन प्राप्त होता है। चतुर्थ अलङ्गर रत्नमें शब्दालङ्कार, अर्थालङ्कार तथा रूपक मरीचि प्राप्त होती है जिसमें अष्टशब्दालङ्कार, चतुर्दश अर्थालङ्कार तथा रूपक के भेद प्रभेदों का वर्णन प्राप्त होता है। पञ्चम वर्णकरत्नमें योषित वर्णन मरीचि तथा पुरुष वर्णन मरीचि नामक दो मरीचियां समाहित है जिसमें उत्प्रेक्षा समासोक्ति की परिभाषाओं तथा उदाहरणों का तथा नायक की शारीरिक विशेषताओं का वर्णन प्राप्त होता है। षष्ठकविसम्प्रदायरत्नचार मरीचियों से समन्वित है ये है नियम मरीचि, वर्णनीय मरीचि, शुक्लादि नियम मरीचि, संख्या नियम मरीचि, जिसमें सादृश्य वाचक शब्दों तथा कवि समयों का वर्णन, विभिन्न वर्ष -विषयों- राजा, रानी, प्रदेश, नगर, नही आदि की वर्णन विधि तथा उनके गुणों का वर्णन, प्रकृति की विभिन्न वस्तुओं के स्वरूप तथा रंग, एक से लेकर एक हजार तक की संख्या को व्यक्त करने वाली वस्तुओं के नाम, विविध प्रकार के चमत्कारों की रूपरेखा आदि का विस्तृत वर्णन प्राप्त होता है। सप्तम कविसामर्थ्य रत्नमें दो मरीचियां है- चित्राद्युपकार मरीचि, समस्यापूरण मरीचि में समस्यापूर्ति तथा रसों का वर्णन प्राप्त होता है।

अष्टम विश्राम रत्नमें दो मरीचियों में समन्वित है- रसमरीचि, रसदोष मरीचि, जिसमें रसदोष तथा रसों के अनुकूल वर्णों का विवेचन प्राप्त होता है।

उपरोक्त कविशिक्षा ग्रन्थों के अतिरिक्त काव्यशास्त्रियों ग्रन्थों में भी कवि सम्बन्धी आचार संहिता का विस्तृत विवेचन प्राप्त होता है -

1. **काव्यलङ्कारसूत्र - आचार्य वामन**

2. **काव्यानुशासन - आचार्य हेमचन्द्र**
3. **वाग्भटालङ्कार - आचार्य वाग्भट**
4. **अलङ्कारचिन्तामणि – आचार्य अजितसेन**

परन्तु प्रस्तुत ग्रन्थों का प्रमुख प्रयोजन काव्यशास्त्रीय तत्त्वों का विवेचन करना रहा है अतः इनकी गणना स्वतन्त्र कविशिक्षा ग्रन्थों में नहीं की जाती है। इनके अतिरिक्त आधुनिक काल में प्रो. डॉ. जनार्दन प्रसाद पाण्डेय 'मणि' ने समीक्षा ग्रन्थ 'संस्कृतवाङ्मये कविशिक्षा' का प्रणयन किया है जिसमे कविशिक्षा को विस्तृत रूप में व्याख्यायित किया है।

सन्दर्भ -

---

[1]काव्यमीमांसा, द्वितीय अध्याय, पृष्ठ 9

[2]ऋग्वेद 10/71/2

[3]संस्कृत वाङ्मय का वृहद् इतिहास (अष्टम खण्ड - काव्यशास्त्र) पृष्ठ 153

[4] Kshemendra Studies (page no. 33)

[5]कविकण्ठाभरण 1/2, 3, 4

[6]कविकण्ठाभरण पृष्ठ संख्या 76

[7]संस्कृत वाङ्मय का वृहद् इतिहास (अष्टम खण्ड - काव्यशास्त्र) पृष्ठ 230

[8]काव्यकल्पलता 1/1

[9]संस्कृत वाङ्मय का वृहद् इतिहास (अष्टम खण्ड-काव्यशास्त्र) पृष्ठ 228

[10]काव्यकल्पलतावृत्ति 1/1

[11].काव्यकल्पलतावृत्ति

[12]काव्यकल्पलतावृत्ति 1/2

[13]कविकल्पलता 1/1/2,6,7,8

[14]अलङ्कारशेखर पृष्ठ संख्या 2

[15]तत्रैव पृष्ठ संख्या 92

संस्कृत रूपकों में वाचिक अभिनय की भाषाएं

• आशमा*

शोधसार –प्रस्तुत शोधपत्र में भाषा की परिभाषा का विवेचन करते हुए वाचिक अभिनय में उसके महत्त्व का प्रतिपादन किया गया है। यहाँ नाट्यशास्त्र के अनुसार भाषा को वर्गीकृत करते हुए परवर्ती नाटकों में भाषा के अनुप्रयोग को परिलक्षित किया गया है। इसके साथ कौन सा पात्र किस भाषा में विचार-विनिमय करेगा इसका भी विवेचन किया गया है।

बीजशब्द – भाषा, डॉ. सत्यकाम वर्मा, अमर सिंह, सुमित्रानन्दन पंत, डॉ. महावीर सरल जैन, डॉ. कपिल देव द्विवेदी, डॉ. भोलानाथ तिवारी, भरतमुनि, संस्कृत पाठ्य, प्राकृत पाठ्य, मागधी, अवन्ती, प्राच्या, सौरसेनी, अर्धमागधी, बाल्हीका, दाक्षिणात्या, नीतिशतक, श्यामसुन्दर दास।

हमारे भावों एवं विचारों की अभिव्यक्ति जिस माध्यम के द्वारा सम्पन्न होती है उसे हम भाषा के नाम से सम्बोधित करते हैं। भाषा के अभाव में कोई भी व्यक्ति अपनी वैचारिक अभिव्यक्ति का आदान-प्रदान करने में समर्थ नहीं होता है। अतः कोई भी सार्थक सम्प्रेषण भाषा के बिना सम्भव नहीं है। भाषा शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत भाषा के भाष् धातु से हुई है जिसका व्युत्पत्ति परक अर्थ व्यक्त या प्रकट की गई वाणी होता है। **'भाष्यते व्यक्तवाग्रूपेण अभिव्यज्यते इतिभाषा'**[1] अर्थात् प्रकट वाणी के रूप में जिसकी अभिव्यक्ति की जाती है उसे भाषा कहते हैं।

डॉ० सत्यकाम वर्मा लिखते है "संस्कृत वाङ्मय में भाषा का पर्यायवाची शब्द सरस्वती है। भाषा का जन्म कल्याणविधायिनी शक्ति और सामाजिक क्रिया के रूप में हुआ है। भाषा सामाजिक सहयोग का सबसे व्यापक साधन है। वह किसी व्यक्ति की कृति नहीं है। मनुष्य और मनुष्य के बीच सामाजिक क्रिया के अन्तर्गत अपने भावों तथा विचारों को एक दूसरे तक सम्प्रेषित करने की तीव्र उत्कण्ठा ने ही वस्तुतः भाषा की उत्पत्ति को सम्पन्न किया। भाषा की प्रकृति निरन्तर प्रवाहमयी और परिवर्तनीय है। उसका विकास मुख-सुख और प्रयत्नलाघव के सिद्धान्त के अनुसार होता रहता है। भाषा में नये शब्द आते रहते हैं और पुराने शब्द छूटते जाते हैं।"[2]

भाषा का मूल रूप ध्वनियों पर आधारित होता है। भाषा को एक परिभाषा के रुप में पिरोना

*शोधच्छात्रा, संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

अत्यन्त दुरूह कार्य है। परन्तु कतिपय भाषाविदों और विद्वानों ने भाषा को परिभाषित करने का सराहनीय प्रयास किया है। अमर सिंह ने अमरकोश में लिखा है- **"ब्राम्ही तु भारती भाषा गीर्वाग्वाणी सरस्वती"** ।[3]

हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध कवि सुमित्रानन्दन पन्त ने भाषा के विषय में कहा है- भाषा संसार का नादमय चित्र है, ध्वनिमय स्वरूप है, यह विश्व की हृत्तन्त्री की झंकार है, जिसके स्वर में वह अभिव्यक्ति पाता है और उसमें रागतत्त्व को प्राणतत्त्व मानते हैं।[4]

डॉ० महावीर सरल जैन के मतानुसार - परम्परित होते हुए भी परिवर्तनशील तथा यादृच्छिक वाक् प्रतीकों की विशिष्ट-जटिल तथा क्रमबद्ध व्यवस्थाओं की व्यवस्था का नाम भाषा है।[5]

डॉ० कपिल देव द्विवेद्वी भाषा की परिभाषा लिखते है–

स्फुटवाक्करणोपात्तो भावाभिव्यक्तिसाधकः।
संकेतितो ध्वनिव्रातः सा भाषेत्युच्यते बुधैः।।[6]

डॉ० भोलानाथ तिवारी के मतानुसार - भाषा मानव उच्चारण अवयवों से उच्चरित यादृच्छिक ध्वनि प्रतीकों की वह संरचनात्मक व्यवस्था है जिसके द्वारा समाज विशेष के लोग आपस में विचार विनिमय करते हैं, लेखक कवि या वक्ता के रूप में अपने अनुभवों एवं भावों आदि को व्यक्त करते हैं तथा अपने वैयक्तिक और सामाजिक व्यक्तित्व, विशिष्टता तथा अस्मिता के सम्बन्ध में जाने अनजाने जानकारी देते हैं।[7]

नाटक आदि में प्रयोग की जाने वाली भाषा को भरतमुनि ने चार भेदो में विभाजित किया है–

(क) अतिभाषा (ख) आर्यभाषा
(ग) जातिभाषा (घ) जात्यन्तरी (योन्यन्तरी) भाषा

भाषा चतुर्विधा ज्ञेया दशरूपे प्रयोगतः। संस्कृतं प्राकृतश्चैव यत्र पाठ्यं प्रयुज्यते।।
अतिभाषार्यभाषा च जातिभाषा तथैव च। तथा योन्यन्तरी चैव भाषा नाट्ये प्रकीर्तिता।।[8]

समस्त देवगण अतिभाषा का प्रयोग करते थे एवं आर्य भाषा को बोलचाल के रूप में भूपाल प्रयोग करते थे। अनार्य एवं म्लेच्छों के द्वारा जातिभाषा का प्रयोग किया जाता था। यह भाषा अर्थात् जातिभाषा भारत वर्ष में बोली जाती थी। जात्यन्तरी या योन्यन्तरी भाषा गांव में एवं जंगल में रहने वाले पशुओं तथा पक्षियों द्वारा प्रयोग में लाई जाती थी। इसी क्रम में भरतमुनि ने जातिभाषा के पाठ्य को दो भागों में विभाजित किया -

(क) संस्कृत पाठ्य (ख) प्राकृत पाठ्य

संस्कृत पाठ्य का सृजन व्यञ्जन, स्वर-सन्धि, विभक्ति, नाम, आख्यात, उपसर्ग, निपात, तद्धित, समास तथा नामधातु के द्वारा होताहै –

व्यञ्जनानि स्वराश्चैव सन्धयोऽथ विभक्तयः। नामाख्यातोपसर्गाश्च निपातास्तद्धितास्तथा।।
एतैरङ्गैः समासैश्च नानाधातुसमाश्रयम्। विज्ञेयं संस्कृतं पाठ्यं प्रयोगश्चनिबोधत।।[9]

संस्कृत पाठ्य का प्रयोग चारों कोटि के नायक अर्थात् धीरोदात्त, धीरललित, धीरोद्धत्त तथा धीरप्रशान्त नायक करते थे। धीरोदात्त कोटि के नायक राम 'उत्तररामचरितम्' नाटक के प्रथम अंक में संस्कृत भाषा का प्रयोग करते हुए कहते है-

स्नेहं दयां च सौख्यं च यदि वा जानकीमपि।
आराधनाय लोकस्य मुञ्चतो नास्ति मे व्यथा।।[10]

'स्वप्नवासवदत्तम्' नाटक का नायक उदयन धीरललित नायक है जो संस्कृतपाठ्य का प्रयोग करते हुए दिखाई पड़ता है –

कामेनोज्जयिनीं गते मयि तदा कामप्यवस्थां गते। दृष्ट्वा स्वैरमवन्तिराजतनयां पञ्चेषवः पातिताः।।
तैरद्यापि सशल्यमेवहृदयं भूयश्च विद्धा वयम्। पञ्चेषुर्मदनो यदा कथमयं षष्ठःशरः पातितः ॥[11]

भट्ट नारायण कृत वेणीसंहार नाटक का नायक भीमसेन धीरोद्धत्त कोटि का नायक है। यह संस्कृत पाठ्य का प्रयोग करता है–

चञ्चद्भुजभ्रमितचण्डगदाऽभिघातः, सञ्चूर्णितोरुयुगलस्य सुयोधनस्य।
स्त्यानाऽवनद्धघनशोणितशोणपाणि-रुत्तंसयिष्यति कचांस्तवदेवि! भीमः।।[12]

मृच्छकटिकम् नामक प्रकरण का नायक चारुदत्त धीरप्रशान्त कोटि का नायक है जो संस्कृत पाठ्य का प्रयोग करता है –

सुखं हि दुःखान्यनुभूय शोभते घनान्धकारेष्विव दीपदर्शनम्।
सुखात्तु यो याति नरो दरिद्रतां धृतः शरीरेण मृतः स जीवति।।[13]

संस्कृत पाठ्य संस्कार के गुणों से हीन होकर परिवर्तित स्वरूप वाला हो जाता है तथा वह प्राकृत पाठ्य के रूप मे जाना जाता है –

एतदेवं विपर्यस्तं संस्कारगुणवर्जितम्।
विज्ञेयं प्राकृतं पाठ्यं नानावस्थान्तरात्मकम्।।[14]

प्राकृत पाठ्य के मुख्यत: तीन भेद होते है-(क) समान शब्द या तत्सम से होने वाला प्राकृत पाठ्य, (ख) विभ्रष्ट या तद्भव शब्दों से होने वाला प्राकृत पाठ्य (ग) देशी शब्दोंसे होने वाला प्राकृत पाठ्य।

त्रिविधं तच्च विज्ञेयं नाट्ययोगेसमासतः।
समानशब्दं विभ्रष्टं देशीगतमथापि च॥[15]

संस्कृत के समान प्राकृत में भी कमल, अमल, रेणु, तरंग, लोल, सलिल आदि समान शब्दों से निर्मित वाक्यों का प्रयोग किया जाता है –

कमलामलरेणुतरङ्गलोलसलिलादिवाक्यसम्पन्नम्।
प्राकृतबन्धेष्वेवं संस्कृतमपि योगमुपयाति ॥[16]

भरतमुनि ने प्राकृत पाठ्य का उपविभाजन करके उसके अन्तर्गत सात भाषाओंको सम्मिलित किया। ये सात भाषाएहैं–

(क) मागधी, (ख) अवन्ती, (ग) प्राच्या, (घ) सौरसेनी या शूरसेनी, (ङ) अर्धमागधी
(च) बाल्हीका तथा(छ) दाक्षिणात्या

मागध्यवन्तिजा प्राच्या शौरसेन्यर्धमागधी।
बाल्हीकादाक्षिणात्या च सप्त भाषा प्रकीर्तिताः।।[17]

नाट्यशास्त्र में इन सात प्राकृत भाषाओं के उपयोग एवं व्यवहार की भी विस्तार से चर्चा की गई है। राजाओं के अन्तःपुर के सेवक तथा रक्षक मागधी भाषा का प्रयोग साधारण बोलचाल की भाषा के रूप में करते थे।चेट, राजपुत्र,श्रेष्ठीजन आदि अर्धमागधी भाषा का प्रयोग करते थे।मृच्छकटिक में चेटअर्धमागधी भाषा का प्रयोग करता है –

चेटः - (जनान्तिकम्) अले। तेल्लेण विणापदी विआ ओपज्जाली अन्ति।[18]

विदूषक प्राच्या नामक प्राकृत भाषा का प्रयोग करता है यथा –

विदूषक –भो,किंएदं। अणुववण्णं क्खुईदि संतुइ। कदा विसप्पुरिसासो अवत्तव्वा ण होन्ति। णं पवादेविणिक्कम्पागिरीओ।[19]

धूर्त वृत्ति वाले पात्र अवन्ति भाषा का प्रयोग करते थे। नायिका तथा नायिका की सखियां सौरसेनी (शूरसेनी) भाषा को बोलचाल के रुप में प्रयोग करती है। इस सन्दर्भ में अभिज्ञानशाकुन्तलम् में शकुन्तला एवं उसकी दोनों सखियों का संवाद द्रष्टव्य है –

शकुन्तला- सहिअणसूए, अदिपिणद्धेण वक्कलेन पिअंवदएणि अत्ति दह्मि। सिढिलेहि दाव णं।[20]
अनुसूया- तह।
प्रियंवदा – एत्थपओहरवित्थारइत्तअं अत्तणोजोव्वणं उवालह्। मं किं उवालहसि।

युद्ध करने वाले सैनिक दीव्य पुरुष (जुआरी) एवं नगर का मुख्य आरक्षक अर्थात् नागरकदक्षिणात्या भाषा का प्रयोग करते थे।मृच्छकटिकम् का द्यूतकर(दर्दुरक) दीव्य पुरुष अर्थात् जुआरी है जो दाक्षिणात्या भाषा का प्रयोग करता है। यथा–

द्यूतकरः - (पदंवीक्ष्य) एसोवज्जदिइअंपणट्टा पदवी।[21]

उदीच्य (उत्तर) भारत के निवासी तथा खसों की अपनी बाह्लीक भाषा प्रयोग में लाई जाती थी। इन सात मुख्य भाषाओं के अतिरिक्त विभाषाए भी हैं जो नाटक में अपनी गौण या अप्रधान स्थिति रखती हैं। विभाषा से तात्पर्य है वह भाषा जो एक प्रान्त या उपप्रान्त में प्रचलित होती है। प्राकृत भाषा में शाकारी, आभीरी, चाण्डाली,शाबरी, द्रामिड़ी, आन्ध्री तथा वनेचरों की अपनी जंगली भाषाएँ प्रमुख विभाषाएं हैं–

शकाराभीर – चाण्डालशबरद्रमिलान्ध्रजाः।
हीनावनेचराणाञ्च विभाषा नाटकेस्मृता।।[22]

शकार, शक तथा इनके समान स्वभाव वाले वर्ग शाकारी भाषा का प्रयोग करते है–

शकार - शूलेविक्किन्तेपण्डवे? शेदकेदूपुत्तेलाधाए ? लावणेइन्द्रपुत्ते ?।

आहोकुन्तीएतेणलामेणजादेअश्शत्थामे? धम्मपुत्तेजडाउ ॥[23]

इसके अतिरिक्त अङ्गारकारक, व्याध (बहेलिया), काष्ठ से जीविकोपार्जन करने वाले तथा वन में निवास करने वाले अर्थात् वनौकस वर्ग भी शाकारी भाषा का प्रयोग करते थे। हाथी, घोड़ा, अज, ऊंट, भेड़ तथा घोष स्थान (बैल तथा गायों के रखने का स्थान अर्थात् गोशाला) के निवासी आभीरी अथवा शाबरी विभाषा का प्रयोग करते थे। वनचर द्रामिड़ी विभाषा का प्रयोग करते थे।

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि भाषा ही वह इकाई है जिसके माध्यम से मनुष्य तथा सभी प्राणी विचार-विनिमय करते हैं, एक दूसरे के भावों को समझतेहैं तथा वैचारिक साझेदारी होती है। भाषा की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए नाट्यशास्त्रकार भरत मुनि स्वयं कहते है –

वाङ्मयानीहशास्त्राणिवाङ्निष्ठानितथैव च।
तस्माद्वाचःपरंनास्तिवाग्घिसर्वस्यकारणम् ॥[24]

भाषा के महत्त्व को बताते हुए भर्तृहरिनीतिशतक में स्वयं लिखते हैं –

केयूराणि न भूषयन्तिपुरुषं हारा न चन्द्रोज्ज्वला। न स्नानं न विलेपनं न कुसुमंनालंकृतामूर्धजा।।
वाण्येकासमलंकरोतिपुरुषं या संस्कृताधार्यते। क्षीयन्तेऽखिलभूषणानिसततंवाग्भूषणंभूषणम् ॥[25]

अंततः श्यामसुन्दर दास ने भाषा के विषय में कहा है कि मनुष्य और मनुष्य के बीच वस्तुओं के विषय में अपनी इच्छा और मति का आदान- प्रदान करने के लिए व्यक्त ध्वनि संकेतों का जो व्यवहार होता है उसे भाषा कहते हैं।[26]

सन्दर्भ -

---

[1]भाषा विज्ञान एवं भाषा शास्त्र : डॉ०कपिलदेव द्विवेदी, पृष्ठ 30

[2]भाषा तत्त्व और वाक्यपदीय : डॉ० सत्यकाम वर्मा. पृष्ठ 22

[3]अमरकोश : अमरसिंह, सं. श्री मन्नाला 'अभिमन्यु', पृष्ठ 80

[4]पल्लव : सुमित्रानन्दन पन्त, पृष्ठ 28

[5]भाषा एवं भाषा विज्ञान : डॉ० महावीर सरल जैन, पृष्ठ 50

[6]भाषा विज्ञान एवं भाषा शास्त्र : डॉ० कपिलदेव द्विवेदी, पृष्ठ 30

[7]भाषा विज्ञान : डॉ०भोलानाथ तिवारी, पृष्ठ 5

[8]नाट्यशास्त्र : 18.25-26

[9]नाट्यशास्त्र : 15.6-7

[10]उत्तररामचरितम् : डॉ०कपिलदेव द्विवेदी, 1.12

[11]स्वप्नवासवदत्तम् : डॉ०राकेश शास्त्री, डॉ० प्रतिमा शास्त्री, 4.1

[12]वेणीसंहारनाटकम् : पं०परमेश्वरदीन पाण्डेय, श्री अवनि कुमार पाण्डेय, 1.21

[13]मृच्छकटिकम् : व्याख्याकार आचार्य जगदीश चन्द्र मिश्र, 1.10

[14]नाट्यशास्त्र – 18.2

[15]नाट्यशास्त्र – 18.3

[16]नाट्यशास्त्र – 18.4

[17]नाट्यशास्त्र – 18.47

[18]मृच्छकटिकम् : व्याख्याकार आचार्य जगदीश चन्द्र मिश्र, पृष्ठ 87

[19]अभिज्ञानशाकुन्तलम् : डॉ० कपिलदेव द्विवेदी, पृष्ठ 340

[20]अभिज्ञानशाकुन्तलम् : डॉ० कपिलदेव द्विवेदी, पृष्ठ 45

[21]मृच्छकटिकम् : पूर्ववत्, पृष्ठ 100

[22]नाट्यशास्त्र – 18.48

[23]मृच्छकटिकम् : पूर्ववत्, 1.47

[24]नाट्यशास्त्र – 15.3

[25]नीतिशतकम् : श्री तारिणीश झा, पृष्ठ 27, श्लोक - 16

[26]भाषाविज्ञान : डॉ० श्याम सन्दर दास, पृष्ठ 20

पाञ्चरात्रसम्प्रदाय के क्रमविकास में आलवार सन्तों का स्थान

• अजय सिंह*

शोधसार- भारतीय संस्कृति निगमागमी मूलक संस्कृति है। यह दोनों ही धारायें समानान्तर रूप से भारतवर्ष में अतिप्राचीन-काल से निरन्तर प्रभायमान रही हैं। निगम जहाँ बाध्य साधना से सम्बन्धित है, वहीं आगम आन्तरिक साधना से। आगमीक परम्परा अपने उपास्य देवों के आधार पर तीन भागों में विभाजित हो गयी- (1) शैवागम, (2) वैष्णवागम तथा (3) शाक्तागम।

वैष्णवागम परम्परा में मुख्य उपास्य देव भगवान् विष्णु हैं, इस पाञ्चरात्र सम्प्रदाय के विकास में आळवार सन्तों ने अपनी अनन्य भक्ति से इस सम्प्रदाय की चतुर्धिक कीर्ति फैलायी। प्रस्तुत शोध-पत्र में इन्हीं आळवार सन्तों द्वारा किए गए पाञ्चरात्र सम्प्रदाय सम्बन्धी विकास को दर्शाया गया है।

बीजशब्द - पाञ्चरात्रशास्त्र, वैशिष्ट्य, संहिताएँ, परम्परा, व्यूह रूप, आळवार, तमिल, पाणन् जाति, आनन्दमग्न, तिरूमालै, व्याध, जीवनाधार, वैष्णव तीर्थ, दिव्यप्रबन्ध, मार्मिक।

पाञ्चरात्र सम्प्रदाय का परिचय-

पाञ्चरात्र सम्प्रदाय का सर्वांगीण तथा प्रामाणिक विवेचन यद्यपि विभिन्न पाञ्चरात्र संहिताओं में प्राप्त होता है, तथापि महाभारत के शान्तिपर्व के मोक्षधर्म पर्व का कुछ ही वैशिष्ट्य है। इसे पाञ्चरात्र सम्प्रदाय का प्राचीनतम प्रतिपादक स्थल माना जाता है। सर्वप्रथम यहीं पर इस सम्प्रदाय का व्यापक तथा विशद् प्रतिपादन उपलब्ध होता है। शान्तिपर्व अन्य शास्त्रों की अपेक्षा पाञ्चरात्रशास्त्र के वैशिष्ट्य का स्पष्ट प्रतिपादन किया गया है-

सांख्यं योगः पाञ्चरात्रं वेदाः पाशुपतं तथा। ज्ञानान्येतानि राजर्षे विद्धि नानामतानिवै।।
सांख्यस्य वक्ता कपिलः परमर्षिः स उच्यते। हिरण्यगर्भो योगस्य वेत्ता नाऽन्यः पुरातनः।।
अपान्तरतमाश्चैव वेदाचार्यः स उच्यते। प्राचीनगर्भ तमृषिं प्रवदन्तीह केचन।।
उमापतिर्भूतपतिः श्रीकण्ठो ब्रह्मणः सुतः। उक्तवानिदमव्यग्रो ज्ञानं पाशुपतं शिवम्।।

*शोधच्छात्र, संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

पाञ्चरात्रस्य कृत्स्नस्य वेत्ता तु भगवान् स्वयम्। सर्वेषु च नृप श्रेष्ठ ज्ञानेष्वेतेषु दृश्यते।।[1]

श्री रामानुजाचार्य के अनुसार-

पाञ्चरात्रस्य कृत्स्नस्य वक्ता नारायण स्वयम्।[2]

आचार्य वेदान्तदेशिक ने स्पष्ट किया है-

कमप्याद्यं गुरुं बन्दे कमलागृहमेधिनम्।
प्रवक्ता छन्दसां वक्ता पाञ्चरात्रस्य या स्वयम्।।[3]

पाञ्चरात्र परम्परा में विष्णु-

पाञ्चरात्र सम्प्रदाय की प्राचीनता भगवान् विष्णु से स्पष्ट होती है। विष्णु एक वैदिक देवता हैं। अतः विष्णु-महिमा की स्तुति परम्परा की प्राची`नता के विषय में विवाद नहीं है। यह निश्चित रूप से बिना किसी संकोच के कहा जा सकता है कि जितना प्राचीन वैदिक साहित्य है उतना ही प्राचीन विष्णु स्तवन की परम्परा है। वेदों में ऋषि के रूप में नारायण का नाम अनेकत्र प्राप्त होता है।

सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्।
स भूमिं विश्वतो वृत्वात्यतिष्ठद्दश्मङ्गुलम्।।[4]

इस मन्त्र में विष्णु को ऋषि नारायण के रूप में जाना जाता है।

त्र्यायुषं जमदग्रेः कश्यपस्य त्र्यायुषम्।
यद्देवेषु त्र्यायुषं तन्नोऽअस्तु त्र्यायुषम्।।[5]

पाञ्चरात्र परम्परा में आकर विष्णु, नारायण, वासुदेव, कृष्ण तथा जनार्दन आदि शब्द एकार्थक हो गये तथा पर्याय के रूप में प्रयुक्त होने लगे। इसी पाञ्चरात्र परम्परा की प्राचीनता का निर्धारण यहाँ इष्ट है। इस परम्परा के अन्तर्गत ईश्वर के चार रूप माने गये हैं- 1. पर, 2. व्यूह, 3. विभव, 4. अर्चा।[6]

कुछ संहिताओं में ईश्वर के अन्तर्यामी रूप को स्वीकार करते हुए पाँच रूपों की कल्पना की गयी है।[7] ईश्वर के रूप को वासुदेव कहा जाता है। सृष्टि आदि व्यापार के लिए यहाँ पर वासुदेव चार रूपों को धारण करता है। इस प्रकार इन चार रूपों को व्यूह रूप कहा गया है। इन चार व्यूह रूपों के नाम इस प्रकार हैं- 1. वासुदेव, 2. संकर्षण, 3. प्रद्युम्न, 4. अनिरुद्ध।[8]

ईश्वर के इन रूपों का प्रतिपादन करने वाली प्रायः सभी पाञ्चरात्र संहिताएँ ईसा की उत्तरवर्ती है, किन्तु ईसा के पूर्व प्रचुर मात्रा में ऐसी साहित्यिक तथा पुरातात्विक यत्र-तत्र उपलब्ध होती है, जिसमें ईश्वर के उपर्युल्लिखित कुछ रूपों के अथवा उनकी संज्ञाओं के उल्लेख स्पष्ट रूप में दृष्टिगोचर होते हैं। इन्हीं उल्लेखों को आधार बनाकर इस सम्प्रदाय की प्राचीनता के निर्धारण का प्रयास किया जा सकता है। महाभाष्य में पाञ्चरात्र का परिचय-पतंजलि के महाभाष्य में कुछ ऐसे स्थल हैं, जिनसे पाञ्चरात्र परम्परा के संकेतों को स्पष्ट रूप से ग्रहण किया जा सकता है-

सङ्कर्षणद्वितीयस्य बलं कृष्णस्य वर्धताम्।[9]

यहाँ कृष्ण के सहयोगी के रूप में बलराम का उल्लेख किया गया है। इसी प्रकार अन्य स्थल भी द्रष्टव्य हैं-

प्रासादे धनपतिरामकेशवादीनाम्।[10]

यहाँ पर धनपति, राम अर्थात् बलराम और केशव के प्रासाद अथवा मन्दिर का उल्लेख किया गया है। पाञ्चरात्र परम्परा के प्रति आलवार सन्तों का अवदान-इस परम्परा को जनमानस तक सरल पद्यों के माध्यम से सभी जातियों के भक्तों तक पहुँचाने का काम बारह आलवार सन्तों ने किया। 'आलवार' शब्द तमिल भाषा का है। इसका अर्थ है, अध्यात्म ज्ञानरूपी सागर में गोता लगाने वाला। सभी आलवार उच्चकोटि के भक्त थे, उन्हें दिव्यसूरि कहा जाता है। उनकी वाणियों के संग्रह को नालायिर प्रबन्धम् (दिव्य प्रबन्ध) कहा जाता है। ये तमिल भाषा में है। इन्हें तमिल वेद या वैष्णव वेद कहा जाता है। उनमें शरणागति रूपभक्ति का पूर्ण विकास हुआ है। आलवारों के आराध्य देव कृष्ण थे। कृष्णलीला के विविध पक्षों का वर्णन उनकी गाथाओं में मिलता है।[11]

क्रमशः आलवार सन्तों के नाम तथा पाञ्चरात्र सम्प्रदाय में योगदान।

पोय्गै आळ्वार (सरोयागिन)- पोय्गै आळ्वार, भूतत्तु आळ्वार एवं पेयालवार तीनों का जन्म द्वापर युग के अन्त तथा लगभग 6150 वर्ष पूर्व माना जाता है। इन तीनों को भगवान् के शंख-पाञ्चजन्य, गदा-कौमोदकी तथा खड्ग-नन्दक के अवतार मानते हैं।[12] पोय्गै ने ईश्वरीय सत्ता का आभास पर-ज्ञान द्वारा, भूततु ने परा-भक्ति द्वारा तथा पेय् ने अन्तर्दृष्टि-समन्वित ज्ञान एवं परमज्ञान रूपी भक्ति द्वारा प्राप्त किया। अन्तर्दृष्टि-युक्त ज्ञान भक्ति एवं अनुभवातीत प्रेम तीन विभिन्न तत्त्व अथवा मार्ग नहीं अपितु तीनों का लक्ष्य एक ही है। पोय्गै के काव्य में यह भाव निरन्तर बना रहा है कि में पेरुमाल् के अतिरिक्त किसी अन्य की शरण का विचार भी नहीं कर सकता।[13]

भूततु आळ्वार (भूतयोगिन)- यह बाल्यावस्था से ही सन्त, पवित्र, निष्कलंक, ज्ञान के अपूर्व भण्डार तथा श्रेष्ठ भगवत् अनुरागी थे। इनकी रचनाओं का अध्ययन करने से पता चलता है कि इन्होंने वेद, उपनिषदों को अवश्य पढ़ा था। ये भी पोय्गै आळ्वार की तरह घूम-घूम कर भगवद्भक्ति का प्रचार करते थे और लोगों को उपदेश देते थे। एक पर स्थायी रूप से न रहे। कहा जाता है कि यह सिऋ महात्मा थे। इन्होंने एक पद में अपने आराध्य देव कमलनयन वासुदेव के समक्ष रजोगुणमय संसार के समस्त तत्त्वों को वृथा मानते हुए वैकुण्ठ के आनन्द को भी अस्वीकार किया है।[14]

पेय् आळ्वार (महायोगिन)- नालायिर दिव्य-प्रबन्ध में संगृहीत कृति के रचयिता भक्त पेय् आळ्वार का जन्म स्थान परम्परा से मथिलापुर, मद्रास माना जाता है। श्री-सम्प्रदाय के मतानुयायी इन्हें भगवद्भक्ति के प्रचार-प्रसार के लिए भेजे गए अंशावतार मानते हैं।[15]

तिरुमकिशै आळ्वार (भक्तिसार)- एक अलौकिक प्रतिभा सम्पन्न सन्त थे। आप भक्तिसार नाम से भी विख्यात हैं। इन्होंने विभिन्न शास्त्रों का अध्ययन अल्पायु में ही प्राप्त किया। इनका जन्म ऋषि भृगु एवं पत्नी कनकांगी से माना जाता है। इनके काव्य में जैन, बौद्ध तथा कुछ प्रसङ्गों में शैव

मत का भी कटु विरोध है। इनकी गणना परम्परागत साहित्य में एक प्रबल योगी एवं अटूट भक्ति-भावना से युक्त वैष्णव के रूप में होती है। इनकी नालायिर दिव्य प्रबन्धम् की दो कृतियाँ संकलित हैं- (1) नान् मुखन् तिरुवंतादि- विष्णु के नारायण रूप की महिमा का गायन है। इस कृति में तमिल के प्रसिद्ध छन्द अन्तादि में रचित 100 पद हैं। (2) तिरुचनन्द विरुतम्- नायक-नायिका के विरह-मिलन को भगवान् और भक्त के बीच मिलन-उत्कण्ठा के रूप में प्रस्तुत किया गया है।[16]

नम्माळवार (शठकोप)- इन्होंने दास्य-भाव भक्ति को माना है। लौकिक लाभ को वे प्रभु-प्रपति के समक्ष कुछ समझते हैं तथा आत्म निवेदन द्वारा अपने पापों को प्रभु के आगे खोलकर रख देते हैं।[17]

शठकोप का ग्रन्थ 'तिरुवाय्मोकि' पवित्र मुख से निःसृत वाणी अथवा वेदवाक्य सत्य का पर्याय है। 4000 पदों के दिव्य-प्रबन्धम् में लगभग चतुर्थ अंश तिरुवाय्मोकि है। नाथमुनि ने इसे तमिल-वेद-सागर से अभिहित किया था। आचार्य रामानुज ने भाष्यों की रचना करते समय तिरुवाय्मोकि से प्राप्त सहायता के विस्तृत उल्लेख किए हैं। श्रीवेदान्त देशिकन् ने इसे तमिल उपनिषद् मानकर दो संस्कृत ग्रन्थों की रचना की- (1) द्रमिडोपनिषद्सारम्, (2) द्रमिडोपनिषद्तात्पर्यरत्नावली।[18]

अज्ञान के तमस् से निकलकर ज्योति के आनन्द में विलीन होना, सांसारिक प्रपंच से हटकर चरम सत्य की ओर उन्मुख होना, प्रभु के प्रेम को प्राप्त करने के लिए लालायित होना तिरुवाय्मोकि का मल चिन्तन है।

मधुरकवि आळ्वार- आप ब्राह्मण परिवार में जन्मे थे। भक्ति-भावना से प्रेरित होकर तथा प्रभु के विभिन्न विग्रहों के दर्शन की कामना हृदय में संजोये मधुरकवि ने मथुरा, काशी, कांची, अवन्ती, द्वारिका, बदरी तथा अन्य तीर्थों के दर्शन किए। इन्होंने शठकोप को अपना गुरु माना तथा 19 वर्ष तक उनकी सेवा में संलग्न रहे, उनके काव्यों को लिपिबद्ध करते रहे तथा उनके गीतों को राग-रागनियों से आबद्ध कर जनमानस के समक्ष प्रस्तुत करते रहे।

श्री नाथमुनि रचित मधुरकवि की प्रशस्ति से इनके गुणों का आंकलन सहज ही हो जाता है-

अविदितविषयान्तरः शठारेः उपनिषदाम् उपगानमात्रभोगः।
अपि च गुणवशात् तदेकशेषी मधुरकविः हृदयः मम आविरस्तु।।

सन्त शठकोप के अतिरिक्त किसी अन्य विषय को न जानने वाले उपनिशदों के (द्रमिडोपनिषदों के) गान ही को मात्र आनन्दानुभव समझने वाले और उनके गुणों के वश में आकर उन्हीं को एकमात्र शेषी स्वामी सन्त मधुरकवि मेरे हृदय में आविर्भूत हों।[19]

कुलशेखर आलवार- कुलशेखर चेर सम्राट् दृढव्रत के सुपुत्र थे। परिवार के रत्न कुलशेखर का तमिल तथा संस्कृत के प्रति सहज, स्वाभाविक आकर्षण था और 'राम' के पेरुमा (पेरुमाल्) रूप के प्रति इनके प्रेम के कारण इन्हें कुलशेखर पेरुमाल् भी कहा जाता है। इनके दो प्रतिष्ठित ग्रन्थ- (1) मुकुन्दमाला, (2) पेरुमाल।

मुकुन्दमाला भगवान् श्रीकृष्ण भक्ति युक्त है-

कृष्णो रक्षतु नो जगत्त्रयगुरुः कृष्णं नमध्वं सदा,
कृष्णे नाखिलशत्रवो विनिहताः कृष्णाय तस्मै नमः।
कृष्णादेव समुत्थितं जगदिदं कृष्णस्य दासोऽरम्यहम्,
कृष्णे तिष्ठति विश्वमेतदखिलं, हे कृष्ण रक्षस्व माम्।।[20]

पेरुमाल (पेरुमाळ) 'तिरुमोकि' 105 पदों की श्रेष्ठ कृति है। पाँच दशक आत्मनिवेदनपरक हैं, शेष में जीवन की असारता, प्रभु के प्रति भक्त का दैव्य एवं बाल-गोपाल की लीलाओं का वर्णन हुआ है।[21]

दक्षिण भारत के श्री विष्णु मन्दिरों में गर्भ-गृह के समक्ष सोपान को कुलशेखन् पीड़ अर्थात् कुलशेखर-सोपान कहा जाता है और भक्तजन उस पर चरण रखे बिना आदर भाव से उसे लांघ कर भीतर प्रवेश करते हैं। पूर्णतया परिचित कुलशेखर आळ्वार भक्ति मार्ग के सच्चे पथिक हैं।[22]

पेरियाळ्वार (विष्णुचित्त)- बाल्यावस्था से ही भक्ति मार्ग की ओर उन्मुख हो गए। गम्भीर वेदाध्ययन करने के उपरान्त उन्होंने यह निश्चय किया कि भगवत्कैकर्य ही सबसे उत्तम पुरुषार्थ है। पेरियाळ्वार ने श्रीमन्नारायण को विभिन्न युक्तियों और प्रभावों द्वारा परतत्त्व प्रमाणित किया। उनके चरण-कमल साधना और उनकी सेवा को परम पुरुषार्थ सिद्ध किया-

श्रीमान् नारायणो नः पतिः अखिलतनुः मुक्तिदः मुक्तभोग्यः।।[23]

पेरियाळवार तमिल पिळळै- तमिल शैली के प्रथम कवि कहे जाते हैं। पिळअर्थात् शिशु विषयक रचनाएँ, जिनमें बाल-सुलभ क्रीड़ाएँ एवं संस्कार वर्णन का विषय बनते हैं। बाल-सुलभ शिशु क्रीडाओं की मार्मिक अभिव्यंजना करने में पेरियाळवार अद्वितीय माने जाते हैं। इन्होंने कृष्ण के जन्म-उत्सव, बाल-लीला, यशोदा द्वारा गाए गए लोरी गीत, चन्द्र को खिलौन के रूप में मांगना, माता के साथ विभिन्न क्रीड़ाओं का वर्णन किया है।

आण्डाळ (गोदा)- पुष्प सदृश कोमल नाम मिला, पिता की सात्विक भक्ति और भगवद्प्रेम के वातावरण से प्रभावित होकर आण्डाळ भगवान् के प्रेम में गहरे उतरती चली गईं। उन्होंने बाल्यावस्था में ही श्रीरंगम् के रंगनाथ प्रभु को पति रूप में मन में धारण कर लिया। वे श्री रंगनाथ को अर्पित करने से गुथीं हुई माला को अपने गले में पहनकर प्रभु के लिए भेजती थीं। आण्डाळ की दो कृतियाँ 'तिरुप्पावै' (30 पद) तथा 'नाच्चियार तिरुमोकि' (143 पद) दिव्य प्रबन्ध में संगृहीत हैं। "आण्डाळ का अर्थ है जिसने भगवान् को प्राप्त किया अथवा भगवान् के प्रति प्रबल प्रेम करने वाली।"[24]

तोंडर अडिप्पोडि आळ्वार (भक्तान्घ्रिरेणु, विप्रनारायण)- विप्रनारायण भक्तों की चरण-रज आळवारों में से कई रूपों में विशिष्ट हैं। यह तमिल एवं संस्कृत के विद्वान् बचपन से ही श्री रंगनाथ की सेवा में संलग्न हो गए। इन्होंने रामायण, महाभारत, विष्णु पुराण तथा अन्य अनेक ग्रन्थों का सूक्ष्म अध्ययन किया। तिरुमलै के अन्तर्गत तोंडर अडिप्पोडि आळ्वार का गहन अध्ययन प्रत्येक पद

की प्रत्येक पंक्ति में झलकता है-" श्रीरंगम् के निवासी प्रभो! तुम आदि हो, तीनों लोक तुम में व्याप्त हैं (प्रलय के समय) और उन्हें स्वयं से ही उद्भूत करते हो (सृष्टि के समय)। तुम्हारे नाम का स्मरण करने से इन्द्रियाँ और इन्द्रियों के पदार्थ नियंत्रित होते हैं। हम तो इससे भी आगे बढ़ गए हैं, हमने तो अपने चरण यम और उसके अनुचरों के शीष पर रख दिए हैं।[25]

तिरुप्पाण आळ्वार (मुनिवाहन)- एक ब्राह्मण के खेत में पड़े शिशु का गायक जाति पाणन् के एक व्यक्ति द्वारा पालन-पोषण किए जाने के कारण इनका सम्बन्ध पाणन् जाति से जुड़ गया। एक बार लोकसारंग नामक मुनि ने इनका अपमान किया। श्री रंगनाथ की भक्ति में लीन, आनन्दमग्न तिरुप्पाण् मार्ग में बैठे थे। लोकसारंग श्री रंगनाथ के अभिषेक के लिए कावेरी से पवित्र जल ले जा रहे थे, मार्ग में आकर बाधा उपस्थित करने वाले अछूत को हट जाने को कहा, पर भक्ति-रस में लीन तिरुप्पाण् को कुछ सुनाई नहीं दिया। आक्रोश में आकर कंकड़ मारा, माथे से रक्त बह निकला, लोक की स्मृति हुई, लोकसारंग से क्षमायाचना करते हुए वहाँ से चल दिए। इधर लोकसारंग भगवान् के गर्भ-गृह में पहुँचे तो देखा, भगवान् के ललाट से उसी स्थान से रक्त बह रहा है। जहाँ से 'शूद्र' तिरुप्पाण् को कंकड़ लगने से बहा था। प्रभु का आदेश हुआ कि लोकसारंग उनके भक्त को अपने कन्धे पर बैठाकर मन्दिर में लेकर आएँ। भक्त प्रभु से भिन्न नहीं है।[26]

तोंडर अडिप्पोडि आळ्वार- तोंडर अडिप्पोडि आळ्वार ने अपनी कृति तिरुमालै में एक पद में कहा है- "हे भगवान्! नीच जाति में जन्म लेने पर भी अपने भक्त होने के कारण, तुमने भक्त को अपने पास बुला लिया और यह सिद्ध किया कि नीच वह है जो तुम्हारा भक्त नहीं। चाहे वह उच्च कुल में ही जन्म क्यों न ले।"[27]

तिरुमंगै आळ्वार (परकाल, नीलन)- आचार्य श्री रामानुज ने तिरुमंगै आळ्वार को अत्यन्त आदर से स्मरण किया है-

कलयामि कलिध्वंसं कविं लोकादिवाकरम्।
यस्य गोभिः प्रकाशाभि, अविधं सिहतं तमः।।[28]

यह व्याध व्यवसाय से सम्बद्ध कल्लर जाति में उत्पन्न हुए। ऐसे संकेत मिलते हैं कि प्रेम-भक्ति को जीवनाधार बनाकर उन्होंने श्री बदरीनाथ, नैमिषारण्य, अयोध्या, मथुरा, श्री बालाजी, श्रीरंग इत्यादि उत्तर-दक्षिण के प्रसिद्ध वैष्णव तीर्थों की यात्रा की तथा भक्ति के प्रचार-प्रसार का कार्य किया।

श्रीमद्भागवत महापुराण में द्रविड़ प्रदेश के आलवारों का वर्णन प्राप्त हुआ है-

कृतादिषु प्रजा राजन् कलाविच्छन्ति सम्भवम्। कलौ खलु भविष्यन्ति नारायणपरायणाः।।
क्वचित् क्वचिन्महाराज द्रविडेषु च भूरिशः। ताम्रपर्णी नदी यत्र कृतमाला पयस्विनी
कावेरी च महापुण्या प्रतीची च महानदी। ये पिबन्ति जलं तासां मनुसा मनुजेश्वर।
प्रायो भक्ता भगवति वासुदेवेऽमलाशयाः।।[29]

सम्पूर्ण भारतवर्ष में वैष्णव धर्म के प्रचार-प्रसार में इन बारह सन्तों का विशेष योगदान रहा। यह सन्त विभिन्न समुदायों से सम्बधित थे, फिर भी वैष्णव भक्तों ने इन सभी सन्तों के प्रति भक्तिभाव रखा था। आलवार भक्तों के काव्य में अनुभूतिमूलक चिन्तन, पारमार्थिक व्याकुलता तथा दर्शानुभाव के अनेक पद हैं।

सन्दर्भ -

[1]महाभारत, शान्तिपर्व, 349/64-67

[2]श्रीभाष्य, 2.2.42

[3]यतिराजसप्तति, 1

[4]ऋग्वेद, 10.90-1

[5]यजुर्वेद, 3.62

[6]लक्ष्मीतन्त्र, अध्याय 2, श्लोक 60

[7]अहिर्बुध्न्यसंहिता, 1.63-65

[8]लक्ष्मीतन्त्र, 11.41-47

[9]महाभाष्य, 2.2.92, पृ0 277

[10]तथैव, 2.2.34, पृ0 278

[11]संस्कृत वाङ्मय का बृहद् इतिहास, दशम खण्ड, पृ0 190

[12]तमिल वैष्णव कवि आळ्वार, पृ0 39

[13]सुदल तिरुवन्तिादि, पद 31

[14]वैष्णव भक्ति आन्दोलन का अध्ययन, पृ0 114

[15]तमिल वैष्णव कवि आल्वार, पृ0 55

[16]तथैव, पृ0 63-64

[17]भक्ति का विकास, पृ0 358-359

[18]तमिल वैष्णव कवि, पृ0 76-77

[19]तमिल दिव्यप्रबन्ध, पृ0 300

[20]मुकुन्दमाला, पद 7

[21]तमिल वैष्णव कवि, पृ0 99

[22]तथैव, पृ0 110

[23]तथैव, पृ0 117

[24]तमिल वैष्णव कवि, पृ0 131

[25]तिरुमाले, पद 1

[26]तमिल वैष्णव कवि, पृ0 159

[27]अमलानादिपिरान्, पद 4

[28]दिव्य प्रबन्ध, भाग 3, 5

[29]श्रीमद्भागवत महापुराण, 11/5/38-40

पं. सांवरमलशास्त्रीविरचित 'यौतुकम्' नाटक का महिला सशक्तिकरण में योगदान

• राकेश कुमार गोरा*

शोधसार - पुरुष एवं महिला रथ के दो पहियों के समान है। जिस प्रकार से एक पहिया रथ को गति नहीं दे सकता उसी प्रकार से महिला के बिना मानव समाज प्रगति के पथ पर आगे नहीं बढ़ सकता। बच्चों के पालन पोषण से लेकर शिक्षा-दीक्षा एवं संस्कारों की जिम्मेदारी नारी बखूबी निभा सकती है उसका यह स्थान अन्य कोई नहीं ले सकता। आज नारी अपने आप को हर जगह है असहज एवं असुरक्षित महसूस कर रही है। न केवल समाज में अपितु अपने घर में भी नारी के साथ अत्याचार की घटनाएं दिनों दिन बढ़ती जा रही है। अत: नारी का सशक्त होना परम आवश्यक है। प्रस्तुत लेख में संस्कृत साहित्य के आधुनिक कवि पण्डित सांवरमल शास्त्री द्वारा रचित 'यौतुकम्' नामक नाटक में निहित महिला सशक्तिकरण के सामाजिक एवं पारिवारिक पक्षों को दृढ़तापूर्वक रखा गया है।

बीजशब्द- नारी, सृष्टि, अशिक्षा, आत्मसात, स्त्रीधन, समाज, राष्ट्र, वेदना, दहेज़, मातृ दिवस, महिला, समानता, संज्ञानात्मक, शारीरिक, मनोवृत्ति।

ईश्वर निर्मित मानव सृष्टि का पल्लवन, उन्नयन एवं परिवर्धन नारी के बिना असंभव है। नारी की कोख में मानव सृष्टि का सृजन होता है। नारी का शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं संज्ञानात्मक दृष्टिकोण से सशक्त हो नामानवसभ्यता एवं संस्कृति के लिए पर महितकारी है। तभी तो कहा गया है- **"यत्रनार्यस्तुपूज्यन्तेरमन्तेतत्र देवता: ।"**[1] अर्थात जहाँ नारी को आदर दिया जाता है वहाँ देवता निवास करते हैं।

वैदिक साहित्य के अनुशीलन से ज्ञात होता है कि तत्समय भी अनेक मंत्रद्दष्टा नारियों ने वैदिक साहित्य के सर्जन में अपना अमूल्य योगदान दिया था जिनमें घोषा, गार्गी, लोपामुद्रा, अपाला आदिनारियों का नाम बड़े आदर के साथ आज भी लिया जाता है।

भारत में विदेशी आक्रांताओं के आगमन के साथ ही महिलाओं की स्थिति में बदलाव का दौर शुरू हुआ जो आज भी बदस्तूर जारी है। देश को आजाद हुए आज 76 वर्ष से अधिक का समय

*शोधच्छात्र, संस्कृत विभाग, राजकीय महाविद्यालय, बूंदी(राज.), कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

व्यतीत हो गया है। आजादी के बाद निर्मित संविधान में महिलाओं की स्थिति में बदला व हेतु अनेक प्रावधान एवं संशोधन करने के उपरांत भी देश के कई हिस्सों में महिलाओं की स्थिति चिंतनीय है। अभी हाल ही में मणिपुर राज्य में महिला को निर्वस्त्र कर खुले में घुमाने की घटना मानवता को शर्मसार एवं झकझोर कर देने वाली है। राजस्थान के भीलवाड़ा में तो एक नाबालिक बालिका को भट्टी में डालकर ही मौत के मूँह में धकेल दिया गया। अख़बार प्रतिदिन ऐसी घटनाओं से अछूता नहीं रहता है। महिलाओं की इसी दयनीय स्थिति को आत्मसात करते हुए समकालीन कवियों ने इस वेदना को प्रकट करते हुए महिला सशक्तिकरण हेतु अपनी लेखनी चलाकर लोगों की मनोवृत्ति में मोड देने का कार्य किया है। वर्तमान काल में महिला सशक्ति करण एक चर्चित विषय है। राष्ट्र के विकास में नारी की भूमिका को स्वीकारते हुए समाज में बदलाव के लिए मातृदिवस, अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस, अंतर्राष्ट्रीयम हिला दिवस आदि जैसे कई कार्य क्रम सरकार द्वारा चलाये जा रहे हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उनके अधिकारों एवं मूल्यों का हनन करने वाली प्रवृत्तियों का अंत आवश्यक है- जैसे दहेज प्रथा, अशिक्षा, यौन हिंसा, घरेलू हिंसा, असमानता और ऐसे ही दूसरे विषय।

वर्तमान समय में महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अत्याचारों के मूल में है- दहेजप्रथा, जिसे संस्कृत में यौतुक बोला जाता है। समाज में नारी के साथ नित्यप्रति घटित होने वाली घटनाओं से उद्वेलित तथा यौतुक प्रथा की सामाजिक वेदना का अनुभव करते हुए पंडित शास्त्री ने इसके निराकरणार्थ अपनी लेखनी चलाकर 'यौतुकम्' नामक नाटक का प्रणयन किया। स्वयं कवि ने इस नाटक को अपने पिता को समर्पित करते हुए कहा है-

"हे तात ! यौतुकमिदंरमणीयनाट्यम्।
शिक्षाप्रदंसुतवधूधनलुब्केभ्यः ।।"[2]

इस नाटक के एक दृश्य में कवि ने ब्रह्मदत्त के मुख से अपनी बीमार पत्नी के लिए कहल वाया है– **"अनुराधे ! इत्थंमाब्रूहि । नास्तित्वत्समंद्रव्यादिकम्। विशाखा त्वमहञ्चचिकित्सालयंयास्यामः।"**[3] ब्रह्मदत्त के निर्धन होने पर भी तथा पत्नी द्वारा बीमारी के इलाज के लिए मना करने पर भी उसका इलाज कराने हेतु चिकित्सालय चलने की जिद करता है जोकि ब्रह्मदत्त का नारी के प्रति उदारता एवं आर्थिक स्वतंत्रता देकर उसके सम्मान में लेश मात्र भी कमी नहीं आने देने की प्रतिबद्धता का द्योतक है जिसकी आज के घरेलू परिवेश में महत्ती आवश्यकता है।

अनुराधा की चिकित्सा/परिचर्या में व्यय संबंधी दुश्चिंता को दरकिनार करते हुए ब्रह्मदत्त अनुराधा को ही सर्वश्रेष्ठ धन मानता है – **"नास्तित्वत्समंद्रव्यादिकम्।"**[4]यह उक्ति निस्सन्देह ब्रह्मदत्त का नारी के प्रति अपार सम्मान एवं स्नेह का द्योतक है। आज हमारे समाज में धन के आगे सब बौने दिखाई पड़ते हैं। नारी भी सजीव है। उसे भी स्वस्थ रहने का उतना ही अधिकार है जितना एक पुरुष को है। पंडित शास्त्री ने यहाँ समानता का आदर्श स्थापित कर संतुलित समाज के निर्माण का संदेश दिया है। चिकित्सक द्वारा दिए गए परामर्श के विपरीत ब्रह्मदत्त अनुराधा के इलाज में धन

व्यय की चिंता छोड़ कर नारी सेवा को सर्वोपरि मानते हुए उस का इलाज कैंसर चिकित्सालय में जारी रखता है। वह नहीं चाहता कि अनुराधा का मनोबल कमजोर हो, अतः वह अनुराधा को उसकी बीमारी (कैंसर) के बारे में नहीं बता कर शीघ्र ही स्वस्थ हो जाने के लिए आस्वस्थ करता है। इस तरह से वह अपनी पत्नी अनुराधा को न केवल आर्थिक अपितु मानसिक संबल भी प्रदान कर नर-नारी की समानता के आदर्श की स्थापना करता है जोकि सामाजिक दृष्टिकोण से सामाजिकों के लिए अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय कार्य है।

अनुराधा के दिवंगत हो जाने पर उसकी अंतिम इच्छा की पूर्ति के लिए वह अपनी पुत्री विशाखा का विवाह किसी समृद्ध परिवार में जन्मे लड़के से करने का प्रयास करता है। स्त्रीशिक्षा सामाजिक बदलाव का सशक्त माध्यम है एवं महिला सशक्तिकरण के लिए अनिवार्य पहलू भी। शिक्षा मानव व्यवहार परिमार्जन में अपमार्जक के समान है। ब्रह्मदत्त अपनी विपरीत परिस्थिति में भी अपनी पुत्री की शिक्षा जारी रखता है। इसी का परिणाम हुआ कि विशाखा ने इंटर परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास की – **"अस्मिन्नेववर्षेविशाखयाइण्टरपरीक्षाप्रथमश्रेण्यामुत्तीर्णा।"**[5]

नारी अत्याचार विविध रूपों में दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। अत्याचार रूपी राक्षस के दलन के लिए शिक्षा रूपी शस्त्र की आवश्यकता दिन प्रति दिन बढ़ती ही जा रही है। शिक्षा व्यक्ति के अज्ञान का परिमार्जन करने में अजल स्नान है। यह मानव को अंधविश्वास कुप्रथा, अत्याचार आदि से निवारित कर जीवन के लक्ष्य की ओर अग्रेषित करती है। कहा भी गया है– **"साविद्यायाविमुक्तये।"**[6] परंतु यह बड़ी विडंबना का विषय है कि वर्तमान समय में दहेज रूपी राक्षस अपना विकराल रूप धारण करता जा रहा है। ब्रह्मदत्त अपनी पत्नी की अंतिम इच्छा के अनुरूप अपनी पुत्रीका विवाह किसी समृद्ध परिवार में करना चाहता है परंतु उन्हें यह भी पता है कि इसके लिए उन्हें अधिक दहेज की आवश्यकता पड़ेगी तथा ऐसा नहीं करने पर विवाह उपरांत उसकी पुत्री के साथ गलत व्यवहार किया जा सकता है। उसकी इस दुश्चिंता को प्रकट करते हुए कवि ने कहा है-

"ऊढा कन्या वधूः प्रोक्ता, श्वश्रूश्वशुरसद्मनि। यौतुकवस्तुन्यूनोक्तिर्वध्वा न परिषह्यते।।
विवाहान्तरंकश्चित् , कुर्यात्पितुरनादरम्। तत्क्लेशभीतिसंतप्ताकथं बाला सहिष्यते ।।"[7]

वरुण को पता है कि ब्रह्मदत्त की पुत्री विशाखा रूप, लावण्य, योग्यता, व्यवहार, पाकचातुर्य, वाणी आदि में परिपूर्ण है फिर भी वह सामाजिक व्यवस्था का हवाला देकर ब्रह्मदत्त को दहेज के लिए प्रेरित करते हुए कहता है– **"भौतिकेऽस्मिन्युगेप्रतिष्ठायाः धरातलंधनाधिकंवर्तते।"**[8] आज समाज में व्याप्त इस दहेज की मानसिकता को दूर करने कीमहती आवश्यकताहै। वरुण दहेज के रूप में एक लाख रुपए की माँग करता है – **"भवतातुएकलक्षात्मकानिरुप्यकाणिमह्यंप्रदेयानि।"**[9] वरुण की इस माँग की पूर्ति के लिए ब्रह्मदत्त को अपना घर तक बेचना पड़ा। विशाखा एवं उसके मामा ने जब ब्रह्मदत्त को ऐसा करने से मना किया तो उसने अपनी विवशता को छुपाते हुए घर की अनर्थकता सिद्ध करते हुए कहा -

"विनाविशाखांममस्नेहपालिताम्, विनाऽनुराधांममधर्मसङ्गिनीम्।

इदंगृहंधावतिभक्षितुं सदा, अहर्निशंचिन्तयतेमनोभयम् ।।"[10]

दहेज कई समस्याओं की जड़ है। इसकी पूर्ति के लिए व्यक्ति अपना सब कुछ दाव पर लगा देता है और जब मनोवांछित दहेज में कमी रह जाती है तो शुरू होती है नारी प्रताड़ना। यौतुकम् नामक नाटक की नायिका विशाखा के साथ भी ऐसा ही हुआ।

ब्रह्मदत्त ने वरुण को दहेज के रूप में एक लाख रुपए देना स्वीकार किया था परंतु अपने मकान को बेचकरभी वह मात्र अस्सी हजार रुपए ही दे पाया तथा शेष दहेज राशि को शीघ्र ही लौटने की बात रखी। विवाह उपरांत जब ब्रह्मदत्त शेष राशि नहीं लौट पायातोवरुणने अपने पुत्र तरुण से कहा- **"अयि तरुण! विशाखाया पिता विंशतिसहस्ररुप्यकाणांप्रदानस्यसङ्गरः विस्मर्यतेकिम्?"**[11] तरुण ने इस संबंध में विशाखा पर दबाव बनाया तो विशाखा के मुख से अनायास ही निकल पड़ा -

"मुद्राधनंसकलसौख्यकरं यदि स्यात्, प्रीणीष्वतत्रसहवाससुखेनभूयः।
पत्नी मृताऽद्यमहिलाकुलमन्दभाग्या, जानाहिस्वर्णरजतंविभवंकलत्रम्।।"[12]

विशाखा के विनय पूर्व कमना करने तथा अपने पिता की असमर्थता को व्यक्त करने पर रात को दस बजे वरुण व तरुण ने उसको लात घुसों से मार कर लहूलुहान कर घर से बाहर निकाल दिया। अपमानित विशाखा आत्महत्या के लिए विवश होकर राज मार्ग पर आ जाती है, जहाँ से रोहिणी नामक एक चिकित्सक उसे अपने साथ ले जाती है -

"चिन्तांत्यज बाले ! जामिः मम लम्बी, बाला सबलात्वंसंघर्षवतीस्याः।
दानी मम भर्ता शिक्षा व्ययवोढा, नारी समुदायेधन्याहि विशाखा।।"[13]

रोहिणी ने ऐसा करके समाज को संदेश देने का प्रयास किया है कि न केवल पुरुष अपितु एक नारी भी दुसरी नारी को संबल प्रदान कर सकती है। वस्तुतः आज एक नारी दूसरे नारी के विरुद्ध हो रहेअत्याचार,अन्याय एवं अमानवीय कृत्यों का मूकदर्शिका बन अपनी मौन स्वीकृति प्रदान कर देती है। रोहिणी एवं दिलीप के कोई संतान नहीं थी। दिलीप विशाखा को पढ़ा लिखा कर डॉक्टर बनना चाहता है तथा वह दहेज लोभी समाज को आईना दिखाना चाहता है –

"विश्वप्रसिद्धांचिकित्सिकांद्रष्टुमीहेत्वाम्।
यौतुकलुब्धंसमाजंदर्शयिष्यामियन्नार्योयत्रपूज्यन्तेरमन्तेतत्रदेवताः।"[14]

विशाखा को पुत्री के रूप में प्राप्त कर रोहिणी एवं दिलीप बेहद खुश हो जाते हैं वस्तुत संतानहीन दंपती को ही संतति का मूल्य पता लगता है। रोहिणी के भावों को कवि ने क्या खूब पिरोया है -

"नार्योयत्रपूज्यन्तेरमन्तेतत्रदेवताः।
नार्योयत्रावधूयन्तेरमन्तेतत्रराक्षसाः।।"[15]

रोहिणी एवं दिलीप ने विशाखा को अमेरिका में पढ़ा लिखा कर विश्वप्रसिद्धहृदयरोग चिकित्सक बना दिया , जिसने रूढ़िवादी समाज की आँखों से अज्ञानता का पर्दा गिरा दिया। महिला

सशक्तिकरण का यह जीता जागता उदाहरण है। वस्तुतः महिला अबला नहीं सबला है, बसर्ते उसे समानता का अधिकार एवं आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया जावे। विशाखा मुंबई स्थित चिकित्सालय में हृदय रोग विभाग में चिकित्सक के रूप में नियुक्त होती है। एक दिन तरुण के पिता वरुण को हृदयाघात से पीड़ित होने के कारण चिकित्सालय में भर्ती होना पड़ा। विशाखा शल्य चिकित्सा के लिए जैसे ही उपकरण निकलती है उसका मन क्रोध से भर जाता है। वह सोचती है कि ऐसे दुष्ट के जीवित रहते किसी अन्य नारी का जीवन सुरक्षित नहीं है। अतः अपने हाथ की छुरि का से उसका हृदय भेदने की इच्छा होती है, परंतु उसके सुसंस्कार उसे ऐसा करने से रोक देते हैं। वह उसकी सफल शल्य चिकित्सा कर उसे स्वस्थ कर देती है एवं अंत में वरुण के समक्ष सत्य का उद्घाटन कर उसका हृदय परिवर्तन करने में सफल हो जाती है। वह पश्चाताप की अग्नि में जलने के लिए मजबूर हो जाता है।

इस तरह से इस सामाजिक नाटक के द्वारा पं. शास्त्री ने नारी के साथ होने वाले अत्याचार,अन्याय, शोषण, घरेलू हिंसा एवं भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाकर नारी की महत्ता को उजागर कर दहेज जैसी सामाजिक बुराई को दूर करने की दिशा में सार्थक प्रयास किया है तथा स्त्री शिक्षा की अनिवार्यता पर भी जोर देते हुए शिक्षा द्वारा महिला सशक्तिकरण की राह प्रशस्त की है। वस्तुत: काव्योपदेश की तुलना प्रेयसी द्वारा प्रदत्त उपदेश से की जाती है जिसे सामाजिक सहज ही स्वीकार कर लेता है। कहा भी गया है-

"काव्यंयशसेऽर्थकृतेव्यवहारविदेशिवेतरक्षतये।
सद्यःपरिनिर्वृत्तयेकांतासम्मिततयोपदेशयुजे॥"[16]

सन्दर्भ -

1. मनुस्मृति (तृत्तीय अध्याय)
2. यौतुकम् (समर्पणम्)
3. यौतुकम् (पृष्ठ संख्या-4)
4. यौतुकम् (पृष्ठ संख्या-4)
5. यौतुकम् (पृष्ठ संख्या-15)
6. श्रीविष्णुपुराण (प्रथम स्कंध का उन्नीसवाँ अध्याय)
7. यौतुकम् (पृष्ठ संख्या-34)
8. यौतुकम् (पृष्ठ संख्या-34)
9. यौतुकम् (पृष्ठ संख्या-35)
10. यौतुकम् (पृष्ठ संख्या-38)
11. यौतुकम् (पृष्ठ संख्या-43)
12. यौतुकम् (पृष्ठ संख्या-48)
13. यौतुकम् (पृष्ठ संख्या-55)
14. यौतुकम् (पृष्ठ संख्या-61)
15. यौतुकम् (पृष्ठ संख्या-72)
16. काव्यप्रकाश, १/२

सत्रहवीं शताब्दी के साहित्यिक परिदृश्य में मुक्तक काव्य

• सौरभ मिश्र*

शोधसार- संस्कृत-साहित्य में रचना- शिल्प की विविधता तथा विषय- चयन में परम्परागत विषयों के साथ नवीनता की स्वीकृति के आधार पर सत्रहवीं शती की सर्जना अपना पृथक् एवं महत्त्वपूर्ण स्थान रखती है, विशेष रूप में स्फुट मुक्तक काव्यों एवं सुभाषितों में तो ग्राम्य-जीवन से लेकर नगरीय रहन- सहन में व्याप्त सामान्य जन का संघर्ष, अभावों की पीड़ा, और विपन्नता में भी स्वाभिमानी जीवन का यथार्थ निरुपण करते हुए तत्कालीन साहित्य-साधकों ने अपने समय को सहज ही साकार कर दिया है। प्रस्तुत शोधपत्र में **सत्रहवीं शताब्दी के साहित्यिक परिदृश्य में मुक्तक काव्य**विवेचन किया गया है।

बीजशब्द- मुक्तक काव्य, **सत्रहवीं शताब्दी,** समकालीन, सामाजिक, कवि, भामिनीविलास, करुणालहरी, पद्यवेणी, सभारञ्जनशतकम् आदि।

वैदिक काल से लेकर अद्य पर्यन्त संस्कृत-कविता में लोक की गहरी और व्यापक उपस्थिति साहित्य की सभी विधाओं में रही है और संस्कृति-कवियों ने अपने समय के राजनीतिक- सांस्कृतिक- सामाजिक- प्राकृतिक परिदृश्य को बड़ी तन्मयता के साथ अपनी रचनाओं में निरूपित किया है; तथापि समकालीन सन्दर्भों के आलोक में मिथकों पुराकथाओं अथवा पौराणिक आख्यानों की पुनः समीक्षा और अभिनवसज्जा के साथ प्रस्तुति करते हुए अतीत से वर्तमान का जो रोचक सम्वाद **सत्रहवीं शताब्दी** के कालावधि के कवियों ने स्थापित किया है, वह प्रशंसनीय है। विषय एवं शिल्पगत साहित्यिक परिवर्तनों ने समय के साथ नयी करवट ली,कवियों और साहित्यिक चितेरों ने समाज के आचार- विचार एवं नवीनता के प्रति उसके आकर्षण को साहित्य में यथावत् उतारने में कोई कृपणता नहीं दिखायी। इसीलिए भी संस्कृत साहित्य के इतिहास का यह कालखण्ड अति महत्वपूर्ण है; क्योंकि परम्पराओं की पुष्ट एवं समाहत पृष्ठभूमि से नवाचार का सामञ्जस्य स्थापित करते हुए संस्कृत साहित्य के लोक सरोकार को और अधिक परिष्कृत और प्रगाढ़, प्रखर बनाने का उपक्रम इसी समय प्रारंभ हुआ।

* शोधच्छात्र, संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

वस्तुतः १२वीं शताब्दी के बार भारत में मुगलों के आगमन के बाद देश की राजनीतिक एवं सांस्कृतिक स्थिति में होने वाली उथल-पुथल का स्पष्ट एवं गहरा प्रभाव तत्कालीन साहित्य पर भी पड़ा। इस्लाम एवं सनातन भारतीय संस्कृति का अंतर्द्वंद्व संस्कृत में एक नयी और सकारात्मक अभिव्यक्ति के साथ प्रतिफलित हुआ और संस्कृत कवियों का लोकभाषाओं, प्रादेशिक भाषाओं, तमिल, कन्नड़, मलयालम, प्राचीन मराठी, गुजराती आदि के साथ-साथ उर्दू-फारसी आदि में रचित सहित्य से भी परिचय हुआ, फलतः संस्कृत-साहित्य में नये विषयों और नयी विधाओं का सूत्रपात हुआ।आधुनिक काल (१९वीं शती के बाद) से पूर्व एकादश शताब्दी से लेकर १८वीं शताब्दी तक के समग्र साहित्य की भावभूमि एवं शिल्पगत वैशिष्ट्य की समीक्षा करते हुए प्रो० राधावल्लभ त्रिपाठी कहते हैं - "लोक भाषाओं में रचना करने वाले सन्तों की वाणी संस्कृत में भी उतरी। लल्ल दे की पदावली का कश्मीरी से संस्कृत में अनुवाद भास्कर ने १६वीं शताब्दी में किया। कबीर के बीजक का संस्कृत में अनुवाद कवि बोधा ने १८वीं शताब्दी में किया। तुलसी साहित्य के अनुवादों की प्रक्रिया भी प्रारम्भ हुई। दूसरी ओर अरबी और फारसी के कथा साहित्य के अनुवाद संस्कृत में किये गये, जिससे नये ढंग की मांगलिक कथाकृतियाँ रची गयीं, इस अंतः क्रिया व पारस्परिकता के परिणाम स्वरूप संस्कृत की छन्द संपदा में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। नए भवबोध के साथ नए छन्दों की अवतारणा कवियों ने की।"[1]

छन्दोबद्ध रचनाओं में मुक्तक विधा तथा गद्य रचनाओं की अनेक नई विधाओं में सृजन की ओर साहित्यकारों की रुचि बढ़ी। भक्तिकाल के कवियों के काव्य ने तो मुगलशासन की कट्टरता से अवसाद ग्रस्त समाज में नवस्फूर्ति लाने का प्रयास किया ही, साथ ही "रहीम और बिहारी जैसे कवियों की कविता का संस्कृत की मुक्तक रचनाओं पर प्रभाव पड़ा।"[2] १७वीं शती संस्कृत-साहित्य- साधना का अत्यंत उर्वर काल है, जिसमें लक्ष्य एवं लक्षण ग्रन्थों का प्रणयन आचार्यों एवं कवियों ने बड़ी कुशलता और गंभीरता से किया। इस काल में नाटकों, शास्त्रीय ग्रंथों, महाकाव्यों, चरित काव्यों, मुक्तक एवं लघु काव्यों, गद्य एवं चंपू काव्यों तथा कथा साहित्य सहित साहित्य की प्रत्येक प्रचलित विधा में साहित्य प्रणयन हुआ।

सत्रहवीं शताब्दी संस्कृत मुक्तक काव्य परंपरा की दृष्टि से क्षेमेंद्र के बाद सबसे समृद्ध और उर्वर कालखण्ड है; इसमें अनेक शास्त्रीय ग्रन्थों के साथ भक्तिपरक स्तोत्र तथा ललित रचनाओं का विपुल साहित्य संस्कृत जगत् को मिला। सत्रहवीं शती की ऐतिह्य समय-सीमा के आभोग में सर्वप्रथम अकबर और तुलसीदास के वरिष्ठ समकालीन श्रीमधुसूदन सरस्वती का नाम ग्रहण किया जा सकता है; जिनका समय सोलहवीं शती का अवसान तथा सत्रहवीं शती का प्रारम्भ निर्धारित होता है।[3] 'अद्वैतसिद्धि' तथा 'भक्तिरसायन' जैसे गंभीर शास्त्रीय विवेचनपरक ग्रन्थों के साथ उनकी अन्य रचनाएं हैं 'आनन्दमन्दाकिनी काव्य', 'कर्णकुतूहल नाटक' इत्यादि। 'भक्तिरसायन' जैसे अद्भुत भक्तिरस-प्रतिष्ठापक ग्रन्थ के रचयिता होने के साथ मधुसूदनसरस्वती कृष्ण विषयक सरस-भक्ति-स्तोत्रों के अमर गायक भी हैं। आनन्दमन्दाकिनी काव्य तो कवि की कृष्णविषयक माधुर्यभाव की

अभिव्यक्ति का अनुपमेय ग्रन्थ है। इनके अनेक पद्य आज भी रसिक कृष्णभक्तों के कण्ठहार बने हुए हैं –

वंशीविभूषितकरान्नवनीरदाभात्, पीताम्बरादरुणबिम्बफलाधरोष्ठात्।
पूर्णेन्दुसुन्दरमुखादरविन्दनेत्रात्, कृष्णात् परं किमपि तत्त्वमहं न जाने।।[4]

दक्षिण भारत में श्रीमद्भागवत के समान आदरास्पद तथा आचार्य शंकर के स्तोत्रों के बाद बहुसमादृत 'नारायणीयम्' स्त्रोतकाव्य के प्रणेता भट्टनारायण ने चंपू, मीमांसा दर्शन तथा व्याकरण से भी सम्बद्ध अनेक रचनाएं की हैं। 'नारायणीयम्' सदृश कृष्णभक्ति की प्रौढ़ रचना के साथ कवि की श्रृङ्गारपरक काव्य रचनाएं उनकी बहुमुखी प्रतिभा का प्रत्यय करती हैं। 'कोटिविरहः' नामक १०७ श्लोकों के श्रृङ्गारपरक खण्डकाव्य में पूर्वराग विरहव्याकुलता तथा अनन्यप्रेम की गहन भावानुभूति के दर्शन होते हैं। इसकी नायिका श्रृङ्गारलीला की लीला देखें -

सङ्केतभूमिः सुकुमारताया सङ्गीतसाहित्यसरोमराली
श्रृङ्गारलक्ष्मीरिव सम्भृताङ्गी श्रृङ्गारलीलेति बभूव बाला।।[5]

'ताराशशाङ्कम्' नामक काव्य के प्रणेता श्रीकृष्णकवि भट्टपादनारायण के पुत्र थे। यह रचना इनके पिता के चंपूकाव्य से प्रभावित है; किन्तु कल्पनाएं नवीन और मनोहर हैं। वैष्णवभक्ति परक 'चित्तामोदकाव्य' एक शतककाव्य है; जो षष्ठिकादास द्वारा प्रणीत है। यह १०८ पदों की रचना है; इसमें ग्रथित श्लोकों की लयात्मकता ने कृष्णभक्ति की सरसता को और सान्द्र बना दिया है-

उत्पलनेत्रं पङ्कजवक्त्रं नीरदकान्तिं कोमलगात्रम्।
चम्पकमालारञ्जितकेशं मानस कृष्णं चिन्तय नित्यम्।।[6]

राजाभाव सिंह की राजसभा के समादृत कवि रूद्र १३६ श्लोकों में निबद्ध 'भावविलास' काव्य के प्रणेता हैं; जो अन्योक्तिपरक काव्य है। परवर्ती इतिहासकारों ने इनके 'भ्रमरदूतकाव्य', 'वृन्दावनविनोदकाव्य, तथा 'पिकदूत' आदि अन्य ग्रन्थों का भी उल्लेख किया है। संस्कृत जगत् के चर्चित 'हास्यसागर' प्रहसन के प्रणेता रामानन्द त्रिपाठी एक सफल मुक्तककार के रूप में भी अपनी पहचान रखते हैं। 'पद्यपीयूषम्', 'रसिकजीवनम्', 'रामचरितम्', 'कटाक्षशतकम्', 'धन्यशतकम्', 'शशांकशतकम्' आदि शतक काव्य इनकी सरस मौलिक काव्य कृतियां हैं। कवि नीलकण्ठ शुक्ल ने 'श्रृङ्गारशतक', 'जारजातशतक' तथा 'अधरशतक' नामक श्रृङ्गारपरक रचनाएं की तथा इसके अतिरिक्त १६५६ ईस्वी में ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में रचित इनका सरस खंडकाव्य 'चिमनीचरितम्' एक संपन्न मुगल कन्या चिमनी और एक युवा पण्डित दयादेव के प्रेम की कथा से संगुफित है। 'रामचंद्रयशः' प्रबन्धकाव्य के प्रणेता गोविन्दभट्ट पद्यवेणी, पद्यामृततरंगिणी तथा सुभाषितरत्नभंडागार में उद्धृत अपने सूक्तियों, सुभाषितों तथा स्तुतिपरक रचनाओं, उर्वर कल्पनाओं के लिए भी कवि जगत् में ससम्मान चर्चित हैं। 'पद्यवेणी' के एक श्लोक में पार्वती की शंकाओं का समाधान करते शिव की उक्तियों में अपह्नुति की छटा देखते ही बनती है-

मौलो किं नु महेश मानिनि जलं किं वक्त्रमम्भोरुहं,

किं नीलालकवेणिका मधुकरी किं भूलता वीचिका।
किं नेत्रे शफरी स्तनयुगं प्रेङ्खद् रथाङ्गद्वयं,
साशङ्कामिति बोधयन् गिरिसुतां गंगाधरः पातु नः।।[7]

